अपादानत्वम् १।१।११ युक्तम् १।१।११	=(हिंसा-अनृत–स्तेय–अब्रह्म–परिग्रहकें) अपादानपना ठीक है अर्थात् हिंसा अनृत–स्तेय–अब्रह्म–परिग्रह ये पदार्थ तो ध्रुवही हैं इनका ज्ञान (बुद्धि में) रहता ही है त्याग–ग्रहण बुद्धि में होता है तिसकी अपेक्षा से (हिंसादिक के) अपादानपना वा ध्रुवपना युक्त अथवा उचित है
विरतिशब्दः १।१ प्रत्येकम् २।१।११ परिसमाप्यते T	=[सूत्रमें]विरति शब्द [हिंसा-अनृत-स्तेय अब्रह्म परिग्रह] पृथक् को जोड़ा जाता है

दुस्साध्य है और पद्मचन्द्र कोश पृष्ठ १२१ में दुःखेन क्रीर्य्यते = (दुष्कर) दुःखसे कियाजाता है ऐसा अर्थ है ॥ (३) सम्प्राप्य (जहां जहां) है सम्बन्धसूचक भूतकृदन्त हैं ॥ (४) प्रेक्षापूर्वकारिन् शब्दका पृथमा विभक्ति एक वचन पुल्लिंगमें प्रेक्षापूर्वकारी (शशिन् शब्दसे शशीके तुल्य) है ॥

हिंसाया विरतिः, अनृताद्विरतिरित्येवमादि॥ तत्र-अहिंसाव्रतमादौ क्रियते प्रधानत्वात्। सत्यादीनि हि तत्परिपालनार्थानि सस्यस्य वृतिपरिक्षेपवत्॥ सर्वसावद्यनिवृत्तिलक्षणसामायिकापेक्षया एकं व्रतं, तदेव छेदोपस्थापनापेक्षया पञ्चविधमिहोच्यते॥ ननु च-अस्य व्रतस्यास्रवहेतुत्वमनुपपन्नं संवरहेतुष्वन्तर्भावात्। संवरहेतवो वक्ष्यन्ते गुप्तिसमित्यादयः। तत्र दशविधे धर्मे संयमे वा व्रतानामन्तर्भाव इति।

हिंसायाः $\frac{५}{१}$ विरतिः $\frac{१}{१}$ अनृतात् $\frac{५}{१}$ विरतिः $\frac{१}{१}$ इत्येवम् आदि $\frac{१}{१}$ ॥ = (तब) हिंसासे विरक्तता असत्य (भाषण) से निवृत्ति ऐसेही = चोरीसे उपरम(= स्तेयात् $\frac{५}{१}$ विरतिः $\frac{१}{१}$), स्त्री प्रसंगसे हटना(अब्रह्मणः $\frac{५}{१}$ विरतिः $\frac{१}{१}$), पदार्थ संचय अथवा ममतासे उपरम वा त्याग [परिग्रहात् $\frac{५}{१}$ विरतिः $\frac{१}{१}$] होता है

तत्र-अहिंसा व्रतम् $\frac{१}{१}$ आदौ $\frac{१}{१}$ क्रियते I प्रधानत्वात् $\frac{५}{१}$; = तहां—अहिंसा व्रत (इस सूत्रके) आरम्भमें मुख्य होनेसे रचागया है

सत्य-आदीनि $\frac{१}{३}$ हि ❀ तत्परिपालन—अर्थानि $\frac{१}{३}$ = सत्यादिक ही उस (अहिंसा व्रत) के रचाके लिये

सस्यस्य $\frac{६}{१}$ वृति—परिक्षेपवत् ❀ ॥ = खेतके धान्य (=सस्य) का [=स्य] वाड़ि वा वेड़ा[=वृत्ति] के समान है

सर्व-सावद्य-निवृत्ति-लक्षण-सामायिक-अपेक्षया $\frac{३}{१}$ = समस्त सावद्य योगसे विरक्तताहै लक्षण जिसकाऐसा सामायिक[चारित्र]की अपेक्षासे

एकम् $\frac{१}{१}$ व्रतम् $\frac{१}{३}$,तद्-एव ❀ छेदोपस्थापन-अपेक्षया $\frac{३}{१}$ = एक व्रत है, वह [सामायिक]ही छेदोपस्थापनकी अपेक्षासे

पञ्चविधम् $\frac{१}{१}$ इह ❀ उच्यते T ॥ = पांच प्रकार यहां [=इस मोक्ष शास्त्रमें]कहा गया है[अध्याय ९ सूत्र १८ देखो)।

ननु ❀ च ❀ अस्य $\frac{६}{१}$ व्रतस्य $\frac{६}{१}$ आस्रव-हेतुत्वम् $\frac{१}{१}$ = पुन प्रश्न वा तर्क—इस [पूर्वोक्त हिंसादिकसे विरक्ततारूप] व्रतके आस्रवका कारणपना

अनुपपन्नम् $\frac{१}{१}$ संवर हेतुषु $\frac{७}{३}$ अन्तर्भावात् $\frac{५}{१}$ = (संवरके कारणोंमें व्रतके गर्भित होनेसे अयुक्त है अर्थात् व्रतोंको जब संवरका कारण नवमें अध्याय के सूत्र २ में गर्भित करदिया तब उन व्रतोंको यहां (इस सूत्र में) आस्रवका कारण कहना ठीक वा उचित नहीं है

संवर—हेतवः $\frac{१}{३}$ गुप्ति-समिति-आद्यः $\frac{१}{३}$ = संवरके कारण गुप्ति (अध्याय ९ सूत्र ४) समिति (अध्याय ९ सूत्र ५) आदिक

वक्ष्यन्ते ॥ = (अध्याय ९ सूत्र ६, ९,१८ में) कहे जावेंगे

तत्र दशविधे $\frac{२}{१}$ धर्मे $\frac{२}{१}$ संयमे $\frac{२}{१}$ वा व्रतानाम् $\frac{६}{३}$ अन्तर्भावः $\frac{१}{१}$ इति=तहां (संवरके प्रकरणमें दश प्रकारके धर्ममें अथवा संयममें व्रतोंका गर्भितपनाहै

नैष दोषः—तत्र संवरो निवृत्तिलक्षणो वक्ष्यते । प्रवृत्तिश्चात्र दृश्यते हिंसानृतादत्ता-दानादि परित्यागे अहिंसा सत्यवचन दत्तादानादिक्रियाप्रतीतेः, गुप्त्यादिसंवरपरिकर्मत्वाच्च ॥ व्रतेषु हि कृतपरिकर्मा साधुः सुखेन संवरं करोतीति ततः पृथक्त्वेनोपदेशः क्रियते ।

नञ् एषः दोषः—तत्र संवरः निवृत्ति-लक्षणः वक्ष्यते ; अतः च प्रवृत्तिः दृश्यते ; हिंसा-अनृत-अदत्तादान-आदि-परित्यागे अहिंसा-सत्यवचन-दत्तादान-आदि क्रिया प्रतीतेः

गुप्ति-आदि-संवर-परिकर्मत्वात् च ; व्रतेषु हि कृतपरिकर्मा साधुः सुखेन संवरं करोति इति

ततः पृथक्त्वेन उपदेशः क्रियते ।

अर्थात् उत्तमक्षमामें अहिंसा, उत्तम सत्यमें सत्य वचन, उत्तम शौच [= निर्लोभ] में अचौर्य, उत्तम ब्रह्मचर्यमें ब्रह्मचर्य और उत्तम आकिंचन्य में [निर्ममत्व में] परिग्रह त्याग गर्भित होता है।

= यह दूषण नहीं है वहां [संवरके अधिकारमें] संवर [कर्मोंका] निवृत्ति स्वरूप
= कहा जायगा वा निरूपण किया जायगा और यहां [आस्रव प्रकरण में] प्रवृत्ति
= दिखाई गई है क्योंकि हिंसा-मिथ्या भाषण-चौर्य वा चोरी आदिक के छोडने पर
= अहिंसा-सत्य बोलना-दीहुई वस्तु को ग्रहण आदिक क्रिया की प्रतीति अथवा प्रसिद्धि
होती है अर्थात् पांच पापों के दूर होने पर पांच व्रतों का आविर्भाव वा व्यक्तता वा
प्रगट पना होता है सो व्रत शुभ कर्मोंके आगमनका कारण है इन व्रतोंसे भी अव्रतोंके सदृश
कर्मोंकी प्रवृत्ति वा प्रवाह होता है कर्मों की निवृत्ति नहीं होती है इसीलिये उत्तर में कहते
हैंकि आस्रव प्रकरणमें व्रतों का निर्देश कर्मोंकी प्रवृत्ति दिखाने के लिये किया है ;

= और [= च] क्योंकि गुप्त्यादिक स्वरूप संवरके परिवार हैं
= व्रतों में ही पूर्ण [= कृत] लगा हुआ [= परिकर्म] वा प्रवृत्ति होने वाला साधु सुखसे
= संवरको करता है अर्थात् गुप्ति-समिति-धर्म- अनुप्रेक्षा-परीषहजय और
चारित्र ये छह संवर के कारण हैं इन में जहां जहां व्रत हैं वे कर्मों के आगमनके
रोकनेके लिये अथवा कर्मों की निवृत्ति के लिये हैं ।
= तिसगे (व्रतों को) न्यारापनाकरि (आस्रवके प्रकरणमें कर्मोंकी प्रवृत्तिमें
और संवरके प्रकरणमें कर्मोंकी निवृत्तिमें) कथन किया गया है इस प्रश्न

और उत्तरका संक्षेपतः तात्पर्य यह है कि जब संवरके प्रकरण धर्म वा संयममें व्रत गर्भित कर

ननु च-षष्ठमणुव्रतमस्ति रात्रिभोजनविरमणं तदिहोपसंख्यातव्यम्। न। भावनान्तर्भावात्। अहिंसाव्रतभावना हि वक्ष्यन्ते। तत्र आलोकितपानभोजनभावना कार्येति॥

तस्य पञ्चतयस्य व्रतस्य भेदप्रतिपत्त्यर्थमाह—

॥ देशसर्वतोऽणुमहती ॥ २ ॥

दिये तो व्रत आस्रवके अधिकारमें क्यों कहे (उत्तर) आस्रवमें व्रत कर्मोंकी प्रवृत्तिके लिये हैं, आस्रवमें अव्रतोंसे अशुभ कर्मका आगमन होता है और व्रतों से शुभ कर्मोंकी प्रवृत्ति वा आगमन होता है परन्तु संवर प्रकरण में जहां गणना की गई है वहां कर्मकी निवृत्ति (कर्मके आस्रवके रोकने) के लिये है।

ननु च* षष्ठम्[1111] अणुव्रतम्[1111] अस्ति[1] रात्रि-भोजन-विरमणम्[111] तद्[111] इह* उपसंख्यातव्यम्[11] न।

=पुनि प्रश्न छठवां अणुव्रत है रात्रिमें अहारका =त्याग (=विरमणम्) वह यहां गिनाजाना चाहिये। =(रात्रि भोजन यहां गणनामें) नहीं (गिना जाना चाहिये)।

भावनासु[3111] अन्तर्-भावात्[41]

=क्यों कि (रात्रि भोजन त्याग) भावना विषैं गर्भित है।

अहिंसा व्रत भावना[111] हि* वक्ष्यन्ते[1]

=अहिंसा व्रतकी भावना(=बार बार चिंतवन)ही कही जायेगी(देखो अध्याय ७सूत्र ४)

तत्र*आलोकितपान-भोजन-भावना[111] कार्या[111] इति*

= तहां (इस अध्याय के सूत्र ४ में) देख सोध आहार भावना करना चाहिये

तस्य[111] पंचतयस्य[111] व्रतस्य[111] भेद-प्रतिपत्ति-अर्थम्[111] आह=तिस पांच की संख्या वाले व्रतके भेद जनावनेके लिये कहते हैं कि—

देशसर्वतोऽणुमहती ॥ २ ॥

= देशसर्वतः *अणुमहती[3111] ॥२॥

देशतः *अणु[111]

=देशतः * (हिंसा-अनृत-स्तेय-अब्रह्म-परिग्रहेभ्यः) अणु-व्रतम्[1111]

सर्वतः*महत्[111]

=सर्वतः* (हिंसा-अनृत-स्तेय-अब्रह्म-परिग्रहेभ्यः विरतिः) महत्-व्रतम्[1111]

(१) इस सूत्रका श्वेताम्बर तथा दिगम्बर संप्रदायोंमें एकसा पाठ और एकसा अर्थ है (२) अणु, और महत् व्रत शब्दसे संम्बन्ध रखनेके हेतुसे यहां नपुंसक लिंग एक वचन है और प्रथमा विभक्ति है (३) इस सूत्रमें दो स्थानों पर प्रथम सूत्र संपूर्णकी अनुवृत्ति है जैसा कि इस पृष्ठकी पंक्ति १६ और १७ से प्रगट है कि (क) देशतः हिंसायाः विरतिः अणुव्रतम्=एक देश हिंसासे विरक्त होना सो अहिंसा अणुव्रत है ॥ख॥ देशतः अनृतात् विरतिः अणुव्रतम्=अंशरूपमें मिथ्या भाषण से विरक्त होना सो सत्य अणुव्रत है ॥ग॥ देशतः स्तेयात् विरतिः अणुव्रतम्

देशः एकदेशः । सर्वः सकलः । देशश्च सर्वश्च देशसर्वौ ताभ्यां देशसर्वतः । विरतिरित्यनुवर्तते । अणु च महच्चाणुमहती । व्रताभिसम्बन्धान्नपुंसकलिङ्गनिर्देशः

सूत्रार्थः—देशतः * हिंसा–अनृत–स्तेय–अब्रह्म–परिग्रहेभ्यः $\frac{५}{३}$ विरतिः $\frac{१}{१}$ अणुव्रतम् $\frac{१}{१}$
=अंश रूप से वा अल्प रूप से हिंसासे, असत्य भाषणसे, चोरीसे, मैथुनसे, =पदार्थ संचय अथवा ममतासे विरक्त होना अणुव्रत है

सर्वतः * हिंसा–अनृत–स्तेय–अब्रह्म–परिग्रहेभ्यः विरतिः $\frac{१}{१}$ महत्–व्रतम् $\frac{१}{१}$
=सर्वथा वा सर्व प्रकार वा सब विधि हिंसासे, मिथ्या भाषणसे, चोरीसे, स्त्री प्रसंगसे, =वस्तु संचय अथवा ममत्वसे त्याग होना महाव्रत है

पदच्छेद और विभक्त्यर्थ सहित द्वितीय सूत्र पर सर्वार्थसिद्धिवृत्तिकाशब्दशः हिन्दीअनुवाद

देशः $\frac{१}{१}$ एकदेशः $\frac{१}{१}$ । सर्वः $\frac{१}{१}$ सकलः $\frac{१}{१}$; =अंश (देश) एक अंश (से तात्पर्य) है सर्व समस्त है

देशः $\frac{१}{१}$ च* सर्वः $\frac{१}{१}$ च* देशसर्वौ $\frac{१}{२}$ =बहुरि देश और सर्व सो देशसर्वौ (ऐसा द्वन्द्व समास) हुआ

ताभ्याम् $\frac{५}{२}$ देशसर्वतः* =तिन (देश तथा सर्व दो मिल्ने) से देश सर्वतः (वाक्य) हुआ
अर्थात् थोड़े रूप से और सर्वथा सब प्रकार से अथवा अंश-विभाग-अल्परूप से और समस्त विधि से

विरतिः $\frac{१}{१}$ इति* अनुवर्तते[1] अणु $\frac{१}{१}$ =विरति (=विरक्तता शब्द प्रथम सूत्रसे) अनुवर्तता है वा आता है

च* महत् $\frac{१}{१}$ च =बहुरि अणु तथा महत्

अणुमहती $\frac{१}{२}$ =अणुमहती (नपुंसकलिंगी दो वचनान्त वाक्य) हुआ

व्रत–अभिसम्बन्धात् $\frac{५}{१}$ =(प्रथम सूत्रसे) व्रत [शब्द] का सम्बन्ध [इस अणु–महत् के साथ] होनेसे

नपुंसकलिंग-निर्देशः $\frac{१}{१}$ =नपुंसकलिंगमें [अणु–महत्का] कथन वा उपदेश है

---

* अब्रह्मरूपमें चोरीसे उपरम सो अचौर्यअणुव्रत है (घ) देशतः अब्रह्मणः विरतिः अणुव्रतम् =पर स्त्री प्रसंगसे सर्वथा विरक्त होना ब्रह्मचर्य अणुव्रत है (ङ) देशतः परिग्रहात् विरतिः अणुव्रतम् =एक देश वस्तु संचय और ममतासे दूर होना सो परिग्रह त्याग अणुव्रत है (च) सर्वतः हिंसायाः विरतिः महाव्रतम् =सर्वथा हिंसा से विरक्त होना सो अहिंसा महाव्रत है (छ) सर्वतः अनृतात् विरतिः महाव्रतम् = सर्व प्रकारसे झूठसे उपरम सो सत्य महाव्रत है (ज) सर्वतः स्तेयात् विरतिः महाव्रतम् = सर्वप्रकारसे चोरीसे उपरम सो अचौर्य महाव्रत है (झ) सर्वतः अब्रह्मणः विरतिः महाव्रतम् = सर्वप्रकारसे मैथुनसे विरक्त होना सो ब्रह्मचर्य महाव्रत है (ञ) सर्वतः परिग्रहात् विरतिः महाव्रतम् = सर्वप्रकारकी परिग्रहको छोड़ना सो परिग्रहत्याग महाव्रत है।

यथासंख्यमभिसम्बध्यते । देशतो विरतिरणुव्रतं सर्वतोविरतिर्महाव्रतमिति द्विधा भिद्यते प्रत्येकं व्रतम् ॥ एतानि व्रतानि भावितानि वरौषधवद्यत्नवते दुःखनिवृत्तिनिमित्तानि भवन्ति॥ किमर्थं कथं वा भावनं तेषामित्यत्रोच्यते—

यथासंख्यम् $\frac{१}{६}^{१।।।}$ अभिसम्बध्यते T =[देशतः, सर्वतः के साथ अणु और महत् का] क्रमसे संबन्ध कियागया है अर्थात् देशतः के साथ 'अणु' शब्द को लगाना चाहिये और 'सर्वतः' के साथ 'महत्' शब्द का सम्बन्ध करना चाहिये

देशतः * विरतिः $\frac{१।।}{६}^{।।।}$ अणुव्रतम् $\frac{१।।।}{६}^{।।।}$ =(हिंसादिक पापोंसे) एक देश अथवा अल्परूप विरक्तता अणुव्रत है

सर्वतः * विरतिः $\frac{१।।}{६}^{।।।}$ महाव्रतम् $\frac{१।।।}{६}^{।।।}$ =(और इन्हीं हिंसादिकसे) सर्वथा, सर्वविधिसे विरक्तता महाव्रत है

इति * द्विधा * भिद्यते T प्रत्येकम् $\frac{१।।।}{६}^{।।।}$ व्रतम् $\frac{१।।।}{७}^{।।।}$, =ऐसे दो प्रकार पृथक् पृथक् [=प्रत्येकं] व्रत भेदरूप कियेगये हैं [=भिद्यते] अर्थात् हिंसासे एक देश विरति, हिंसासे सर्वतः विरति, अनृतसे एकदेश विरति, अनृतसे सर्वतः विरति, स्तेयसे अंश रूपसे विरति, स्तेयसे सर्वथा विरति, अब्रह्मसे, अल्परूपसे विरति, अब्रह्मसे सर्व प्रकारसे विरति, परिग्रहसे थोड़े रूपसे विरति, परिग्रहसे सब विधिसे विरति, ऐसे अहिंसाव्रतके, अहिंसाअणुव्रत, और अहिंसा महाव्रत दो भेद हुए, सत्यव्रत के सत्य भाषण अणुव्रत तथा सत्य महाव्रत दोभेद हुए, अचौर्यव्रतके अचौर्य अणुव्रत, बहुरि अचौर्यमहाव्रत दोभेद हुए, ब्रह्मचर्यव्रतके ब्रह्मचर्य अणुव्रतऔर ब्रह्मचर्यमहाव्रत दोभेद हुए, परिग्रहत्यागव्रत के परिग्रह प्रमाण अणुव्रत और परिग्रहत्याग महाव्रत दो भेद हुये।

एतानि $\frac{१।।।}{३}^{।।।}$ व्रतानि $\frac{१।।।}{३}^{।।।}$ भावितानि $\frac{१।।।}{३}^{।।।}$ =ये [पांच] व्रत भावना रूप किये गये अर्थात् बारम्बार चिन्तवन और अभ्यास कियेगये

वर-औषधवत् * यत्नवते $\frac{४।}{६}^{।।}$ दुःख-निवृत्ति- =श्रेष्ठ, औषधके समान, जतन वाले के लिये दुःख को दूर करनेके

निमित्तानि $\frac{१।।।}{३}^{।।।}$ भवन्ति। किम $\frac{१।।।}{६}^{।।।}$ अर्थम् $\frac{१।।।}{६}^{।।।}$ कथं * वा =कारण होते हैं, किसलिये अथवा [= वा] कैसे [कौनप्रकार]

भावनम् $\frac{१।।।}{६}^{।।।}$ तेषाम् $\frac{६।।।}{३}^{।।।}$ इति * अत्र * उच्यते T =तिन (पांच पूर्वोक्तव्रतों)की भावना है ऐसे (प्रश्न होने पर)यहां (अग्रिम सूत्र) कहाजाता है कि

तत्स्थैर्यार्थं भावनाः पंचपंच ॥३॥

तेषां व्रतानां स्थिरीकरणायैकैकस्य व्रतस्य पंचपंच भावना वेदितव्याः ॥

यद्येवमाद्यस्याहिंसाव्रतस्य भावनाः का इत्यत्रोच्यते—

वाङ्मनोगुप्तीर्यादाननिक्षेपणसमित्यालोकितपानभोजनानि पंच ॥४॥

---

(१)तत्स्थैर्यार्थं भावना पंचपंच ॥ ३ ॥

सूत्रार्थः—तत्-स्थैर्य-अर्थम्[1/1] =उन अथवा पूर्वोक्त (व्रतों) की स्थिरता वा दृढ़ताके लिये(निमित्त)

भावनाः[1/3] पंच पंच[1/3] ॥३॥ =[एक एकव्रतकी]पांचपांच भावनायें हैं अर्थात् [बारम्बार चिंतवन और कर्तव्य करना]हे

पदच्छेद और विभक्त्यर्थसहित इसतृतीय सूत्रपर सर्वार्थसिद्धिवृत्तिका शब्दशः हिंदीअनुवाद

तेषाम्[6/3] व्रतानाम्[6/3] स्थिरीकरणाय[4/1] एक-एकस्य[6/1] =तिन व्रतोंके स्थिरकरनेके लिये प्रत्येक वा पृथक् पृथक्

व्रतस्य[6/1] पंचपंच भावनाः[1/3] वेदितव्याः[1/3] -व्रतकी पांच पांच भावना जानना चाहिये

यदि❀एवम्❀ =जो इस प्रकार है अर्थात् एक एक व्रत के स्थिर करने के लिये पांच पांच भावना हैं तो

आद्यस्य[6/1] अहिंसाव्रतस्य[6/1] भावनाः[1/3] काः[1/3] =प्रथम के अहिंसा व्रत की भावनायें क्याहैं

इति❀अत्र❀उच्यते T =इस प्रकार (प्रश्न होने पर) यहां (अगला सूत्र) कहाजाताहै कि

(३)वाङ्मनोगुप्तीर्यादाननिक्षेपणसमित्यालोकितपानभोजनानि पंच(२) ॥४॥

=वाङ्मनः गुप्ति-ईर्या-आदाननिक्षेपणसमिति-आलोकितपानभोजनानि[1/3] अहिंसा व्रतस्य[6/1] पंचभावनाः[1/3] (भवन्ति) ॥

---

(१) श्वेताम्बर तथा दिगम्बर सम्प्रदायों में इस सूत्रका एकसा पाठ और एकसा अर्थ है. तत्त्वार्थ राजवार्तिक मुद्रित पृष्ठ २७१ में इस सूत्रका संस्कृतमें इस प्रकार अर्थ किया है "तस्य पंच विधस्य व्रतस्यस्थैर्यार्थं एकैकस्य पंच पंच भावना वेदितव्याः॥ तस्य पंचविधस्य व्रतस्य स्थैर्यार्थं एक-एकस्य पंच पंच भावनाः वेदितव्याः = तिस पांच प्रकार के व्रतके स्थिर रखनेके लिये एक एक व्रतकी पांच पांच भावना जानना चाहिये॥

(२) स्थिरताके लिये-स्थिरभावके निमित्त स्थिर करने के हेतु-स्थिर रखनेके कारण-दृढ़ताके अर्थ ये सब एकार्थवाची वाक्य हैं।

(३) श्वेताम्बर सम्प्रदायमें यह सूत्ररूपमें नहीं है अर्थात् इसको सूत्र नहीं माना है इसके स्थानमें समाप्यतत्त्वार्थाधिगमसूत्र - मुद्रित पृष्ठ १५४

(अर्थकी सुगमताके निमित्त इस सूत्र को इस प्रकार लिखते हैं कि—)
वाग्गुप्तिर्मनोगुप्तिरीर्यासमितिरादाननिक्षेपणसमितिरालोकितपानभोजनम्
(अहिंसा व्रतस्य) पंच (भावनाः) भवन्ति ॥

सूत्रार्थः—वाग्गुप्तिः $\frac{१}{१}$ = वचनगुप्ति अर्थात् वचनकी प्रवृत्तिको भले प्रकार रोकना
मनोगुप्तिः $\frac{१}{१}$ = मनो गुप्ति अर्थात् मनकी प्रवृत्तिको भले प्रकार रोकना
ईर्यासमितिः $\frac{१}{१}$ = ईर्यासमिति अर्थात् चार हाथ पर्यन्त पृथिवीको देखकर यत्नाचार पूर्वक चलना
आदाननिक्षेपणसमितिः $\frac{१}{१}$ = आदाननिक्षेपणसमिति अर्थात् भूमिको जीव रहित देखकर यत्नाचार पूर्वक वस्तुको उठाना वा रखना वा डालना
आलोकितपानभोजनम् $\frac{१}{१}$ = आलोकित पान भोजन अर्थात् आहार पानादिक में अन्तरंगकी ज्ञानदृष्टिसे वा नेत्रदृष्टिसे देख शोध कर भोजन पान करना
अहिंसाव्रतस्य $\frac{६}{१}$ पञ्च $\frac{१}{३}$ भावनाः (१) $\frac{१}{३}$ भवन्ति । - अहिंसा व्रतकी (ये) पांच भावना होती हैं

पदच्छेद और विभक्त्यर्थसहित इस चतुर्थ सूत्र पर सर्वार्थसिद्धिवृत्तिका शब्दशः हिंदी अनुवाद

वाग्गुप्तिः $\frac{१}{१}$ = वचनगुप्ति अर्थात् वचनकी प्रवृत्तिको भले प्रकार रोकना
मनोगुप्तिः $\frac{१}{१}$ = मनोगुप्ति अर्थात् मनकी प्रवृत्तिको भले प्रकार रोकना

में निम्नलिखित भाष्य है "अहिंसायास्तावदीर्यासमिति मनोगुप्तिरेषणासमितिरादाननिक्षेपणसमितिरालोकितपानभोजनमिति ॥" अहिंसायाः तावत् ईर्यासमितिः मनोगुप्तिः एषणासमिति आदाननिक्षेपणसमितिः आलोकितपानभोजनम् - प्रथम = तावत्) अहिंसा (व्रत) की ईर्या समिति, मनोगुप्ति, एषणासमिति आदाननिक्षेपण समिति, आलोकितपानभोजन (ये पांच भावना) होती हैं । इन पर विचार करनेसे जान पड़ता है कि वचन गुप्तिके स्थानमें एषणा समिति है शेष चारों मिलती हैं ।

(१) भावना (स्त्री०) 'भाव + युट' होना-युच् । चिंता, सोचना वासना, विमर्श अर्थ में इस शब्द को सूत्र में लाये हैं ॥ वैद्यकमें औषध के संस्कार विशेष को भी 'भावना' (स्त्री०) कहते हैं वह अर्थ यहां नहीं लिया गया है, और पद्मचन्द्र कोश पृष्ठ २७३ में इसको नपुंसकलिंगी मानकर (भू + णिच् + ल्युट् 'केलेका नामी एक फल' यह अर्थ लिखा है इस अर्थ से भी यहां संबंध नहीं है । परन्तु भावन (त्रि० (भवानी स्त्री०) के वैद्य कोश पृष्ठ ४२५ में अठारह अर्थ दिये हैं उन में से बारह अर्थ ऐसे हैं जिन में भावन और भावना के वे ही अर्थ हैं जैसे सोचना इत्यादि ॥

ईर्यासमितिः । आदाननिक्षेपणसमितिः । आलोकितपानभोजनमित्येताः पञ्चाहिंसाव्रतस्य भावनाः ॥ अथ द्वितीयस्य व्रतस्य का इत्यत्रोच्यते—

क्रोधलोभभीरुत्वहास्यप्रत्याख्यानान्यनुवीचिभाषणं च पंच ॥ ५ ॥

ईर्यासमितिः १।१
=ईर्या समिति अर्थात् चार हाथ पर्यन्त पृथ्वीको देखकर यत्नपूर्वक चलना

आदाननिक्षेपणसमितिः १।१
=आदाननिक्षेपण समिति अर्थात् भूमिको जीव रहित देखकर यत्नाचार पूर्वक वस्तु को उठाना वा रखना वा डालना

आलोकितपानभोजनम् १।१।१ इति *
=आलोकितपानभोजन ऐसे अर्थात् आहारपानादिक में अन्तरंगकी ज्ञानदृष्टिसे वा नेत्र दृष्टिसे देख शोधकर भोजनपान करना ऐसे

एता १।३ पंच–अहिंसाव्रतस्य ६।१ भावनाः १।३
=ये पांच अहिंसाव्रतकी भावना हैं

अथ* द्वितीयस्य ६।१ (२)व्रतस्य ६।१ का १।१ इति–अत्र–उच्यते
=अब दूसरे(सत्य)व्रतकी कौनसी भावना हैं ऐसे (प्रश्न पर) यहांकहाजाताहै कि

क्रोधलोभभीरुत्वहास्यप्रत्याख्यानान्यनुवीचिभाषणं च पञ्च ॥ ५ ॥

=क्रोध–लोभ–भीरुत्व–हास्यप्रत्याख्यानानि १।३।१ अनुवीचिभाषणम् १।१।१ च पंचभावनाः १।३ सत्यव्रतस्य ६।१।१ भवन्ति ।

क्रोध–लोभ–भीरुत्व–हास्यप्रत्याख्यानानि १।३।१
=क्रोधका, लालचका, भयका, हंसीका त्याग वा तिरस्कार

अनुवीचिभाषणम् १।१।१ च पंच १।३ भावनाः १।३ सत्यव्रतस्य ६।१।१ ज्ञेयाः १।३
=और (च) आगम वा शास्त्रके अनुकूल बोलना ये पांच भावना सत्यव्रत की
=जानना चाहिये अर्थात् क्रोधका त्याग, लालचका अभाव, भयका अभाव, हंसी का तिरस्कार और पाप रहित सूत्रके अनुसार वचन बोलना सो सत्यव्रत की पांच भावनायें जानना

(१) श्वेताम्बर सम्प्रदायके सभाष्यतत्त्वार्थाधिगमसूत्रमें यह सूत्ररूपमें नहीं है वरन् (तीसरे सूत्रके) भाष्यरूपमें ऐसे है कि– "सत्य वचनस्यानुवीचिभाषणं क्रोधप्रत्याख्यानं लोभप्रत्याख्यानमभीरुत्वं हास्यप्रत्याख्यानमिति" – सत्य वचनकी (पांचभावनायें) अनुवीचिभाषणम् (अनिन्द्य भाषणम्), क्रोधका त्याग, लालचका अभाव, अभयपना, हंसी का छूटाव है "न्यनुवीचि", ऐसा पाठ राजवार्तिकमें अर्थप्रकाशिकामें, सदासुखजीकी तत्त्वार्थ सूत्रभाषामें, पं० पन्नालाल कृत भाषा इत्यादिकों में है।"न्यनुवीची" ऐसा पाठ तत्त्वार्थश्लोकवार्तिकमें जयचंदजी कृतवचनिकामें, नित्यपाठसंग्रह इत्यादिकमें है ॥ अनुवीचि और अनुवीची दोनों शब्द ठीक हैं क्योंकि पद्मचन्द्र कोश पृष्ठ ३६२ में वीची और वीचि विचिर्तानों शब्द एक ही अर्थ में हैं ॥.३ वृतशब्द 'नियमे व्रतमस्त्रियां' पुल्लिंग. नपुंसकलिंग दोनोंहैं (अमरकोशब्रह्मवर्गश्लोक ३८)॥

क्रोधप्रत्याख्यानम् । लोभप्रत्याख्यानम् । भीरुत्वप्रत्याख्यानम् । हास्यप्रत्याख्यानम् । अनुवीचिभाषणं चेत्येताः पञ्चभावनाः सत्यव्रतस्य ज्ञेयाः ॥ अनुवीचिभाषणं निरवद्यानुभाषणमित्यर्थः ॥ इदानीं तृतीयस्य व्रतस्य का भावना इत्यत्राह—

शून्यागारविमोचितावासपरोपरोधाकरणभैक्षशुद्धिसद्धर्माविसंवादाः पंच॥

पदच्छेद और विभक्त्यर्थसहित इस पंचम सूत्र पर सर्वार्थसिद्धि वृत्तिका शब्दशः हिंदी अनुवाद

क्रोध—प्रत्याख्यानम् $^{१।१}_{५}$ लोभप्रत्याख्यानम् $^{१।१}_{५}$ = क्रोधका त्याग, लालचका छोड़ना

भीरुत्वप्रत्याख्यानम् $^{१।१}_{५}$ हास्यप्रत्याख्यानम् $^{१।१}_{५}$ = भयका अभाव, हंसीका त्याग वा तिरस्कार

अनुवीचिभाषणम् $^{१।१}_{५}$ च* = और (=च) तत्त्वानुकूल आभाषण (श्लोकवार्तिकसे यहअर्थ लियागयाहै)

इति*एताः$^{१।३}$ पञ्चभावनाः$^{१।३}$ सत्यव्रतस्य$^{६।१}$ ज्ञेयाः $^{१।३}$ ॥ = ऐसे ये पांच भावना सत्य व्रतकी जानना चाहिये

(१)अनुवीचिभाषणं $^{१।१}_{५}$ निरवद्य—अनुभाषणम्$^{१।१}_{५}$ इति*अर्थः$^{१।१}_{५}$ = अनुवीचिभाषणसो पापरहित(आगमके)अनुकूल(=अनु)बोलनाऐसे अर्थमें है

इदानीं* तृतीयस्य $^{६।१}_{५}$ व्रतस्य $^{६।१}_{५}$ काः$^{१।३}$ भावनाः $^{१।३}$ = अब तीसरे (अचौर्य) व्रतकी क्या भावना है

इति*अत्र*आह T = इस प्रकार (प्रश्न होने पर) यहां (अगला सूत्र) कहा जाता है कि—

शून्यागारविमोचितावासपरोपरोधाकरणभैक्ष्य(२)शुद्धिसधर्माविसवादाः पञ्च(३) ॥ ६ ॥ अर्थात्

(१)अनु=अनुसार-अनुकूल अनुसरण-वीची-वीचि वा विचि (पद्मचन्द्र कोश पृष्ठ ३५०,३६२) = तरंग,लहर वा किरणकेहैं यहाँपर अनिंद्य (समाध्य-तत्त्वार्थाधिगमसूत्र पृष्ठ१५४ देखो) निरवद्य-निष्पाप पापरहित [संस्कृत सर्वार्थसिद्धि वृत्ति पृष्ठ ३४४]और तत्त्व(तत्त्वार्थ श्लोकवार्तिक पृष्ठ २७१ देखो) के हैं इस लिये अनुवीचि भाषणका अर्थ अनिन्द्य भाषण (समाध्य तत्त्वार्थाधिगमसूत्र पृष्ठ १५४ में) निरवद्य वा निष्पाप अथवा पापरहित अनुभाषण (संस्कृत सर्वार्थसिद्धि वृत्ति पृष्ठ ३४४ में) तत्त्व के अनुसार आभाषण वा तत्त्वानुकूलआभाषण (तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक पृष्ठ४५८देखो में किया है॥ अनुवीचिभाषण = अनुलोमभाषण विचार्यभाषण (राजवार्तिक पृष्ठ २७१में ऐसा अर्थ है) अनुवीचिभाषण = निष्पाप सूत्र, आगम वा शास्त्र के अनुकूल वचन बोलना भावार्थ जिनागम के अनुकूल वचन बोलना; अनुवीचि—इस समस्त को एक शब्द मान कर समाध्यतत्त्वार्थाधिगम सूत्रमें कई स्थानोंमें इसका अर्थ अनिन्द्य लिखा है (२) पुस्तकोंमें 'भैक्ष' भैक्ष्य दोनों शब्द आयेहैं दोनों ठीकहैं यहाँ दोनों एकही अर्थमें हैं॥ (३) श्वेताम्बर सम्प्रदायमें यहसूत्र नहींहै येपांच भावना इस अध्यायके तीसरे सूत्रके अचौर्य व्रतकी हैं ॥ श्वेताम्बर सम्प्रदायमें पांच

=शून्यागार–आवास + विमोचितागार–आवास + पर–उपरोध–अकरण + भैक्ष्य-शुद्धि + सधर्म–अविसंवादाः $\frac{१}{३}$ पंच $\frac{१}{३}$

(भावनाः $\frac{१}{३}$ अस्तेय–व्रतस्य $\frac{६}{६}$ भवन्ति)

सूत्रार्थः—(१ शून्य–आगार–आवास =सूने [रीते–खाली] घर (स्थान) में रहना, वसना

विमोचित–आगार–आवास– =[किसी के] छोड़े हुए घर वा स्थानमें रहना [=आवास]

पर–उपरोध–अकरण– =अन्य का वर्जन वा रुकावट नहीं करना अर्थात् कोई किसी स्थानमें आवे तो उसको नहीं रोकना और यदि आप किसी स्थानमें जाय और अन्य वहांपर होतो उसको हटानानहीं और वास करनेके लिये उसका निषेध नहीं करना और आप वास करनेको किसी स्थानमें जाय और अन्यकोई निषेधकरे तो उसके निषेधको वर्जन नहींकरे (तात्पर्य वहां न ठहरे)

भैक्ष–शुद्धि + =भिक्षाकी पवित्रता(=शुद्धि) निर्दोषता (=शुद्धि) अर्थात् शास्त्रविहित भिक्षाविधिमें न्यूनाधिक नहींकरना वा आचारांगशास्त्रके अनुकूल पवित्र,निर्दोषभिक्षाका ग्रहणकरना

सधर्म–अविसंवादाः $\frac{१}{३}$ पञ्च $\frac{१}{३}$ भावनाः $\frac{१}{३}$ =साधर्मी भाइयोंमें उलटी बातचीत और झगड़ा नहींकरना ये पांच भावना

अस्तेय—व्रतस्य $\frac{६}{६}$ भवन्ति T =अचौर्य्यव्रत की होती हैं

भावना इस अस्तेय व्रतकी कही हैं वे इनभावनाओं से नहीं मिलतीहैं वे इसप्रकारहैं कि—"अस्तेयस्यानुवीच्यवग्रहयाचनमभीक्ष्णावग्रहयाचनमे-तावदित्यवग्रहावधारणसमानधार्मिकेभ्योऽवग्रहयाचनमनुज्ञापितपानभोजनमिति"

अस्तेयस्य—अनुवीच्यवग्रहयाचनम् =अचौर्य्यव्रतकी(भावना)(क) अनिंद्य (पदार्थ) का ग्रहण (=अवग्रह) तथा याचन,

अभीक्ष्ण—अवग्रह–याचनम्, एतावदित्यवग्रह– =(ख) निरन्तर ग्रहण तथा याचन (ग) इतनाही ऐसे (पदार्थ के) ग्रहणका

अवधारणं =निश्चय करना अर्थात् इतनाही हमारेलिये प्राप्त होगा ऐसे विचारपूर्वक पदार्थका ग्रहण

समानधार्मिकेभ्योऽवग्रहयाचनम् =(घ) समान धर्मियों से ग्रहण तथा याचन

अनुज्ञापितपानभोजनम् इति =अनुज्ञापित (आज्ञादिये हुए पदार्थों का) पान तथा भोजन ऐसे हैं

(१) अगार और आगार दोनों शब्द ठीक हैं (प्रथमके लिये देखोअमरकोश वर्ग १८ श्लोक ५ दूसरे के लिये देखो पद्मचंदकोश पृष्ठ ५३) ॥

शून्यागारेषु गिरिगुहातरुकोटरादिष्वावासः । परकीयेषु च विमोचितेष्वावासः । परोपरोधाकरणम् । आचारशास्त्रमार्गेण भैक्षशुद्धिः । ममेदं तवेदमिति सधर्मभिरविसंवादः

पदच्छेद और विभक्त्यर्थ सहित इस छटवें सूत्र पर सर्वार्थसिद्धिवृत्तिका शब्दशः हिंदी अनुवाद

शून्य–आगारेषु[७।३] तरुगिरिगुहा–कोटरादिषु[७।३] आवासः[१], – रीते वा खाली घरोंमें पहाड़की गुफा वृक्षकी कुटियामें बसना

परकीयेषु[७।३] च*विमोचितेषु[७।३] आवासः[१] =और (च) पर सम्बन्धी छोड़े हुए (स्थानों) में बसना

परेषाम्[६।३] उपरोध–अकरणम्[१।१] –दूसरोंकी रुकावट वा वर्जन नहींकरना अर्थात् कोई किसी स्थानमें आवे तो उसको नहीं रोकना और यदि आप किसी स्थानमें जाय और अन्य कोई जन वहांपर होतो उसको हटाना नहीं । वास करनेके लिये उसको निषेध नहींकरना और आप वास करनेको किसी स्थानमें जाय और अन्य निषेधकरे तो उसके निषेधका वर्जन नहींकरना (तात्पर्य वहां न ठहरे)

आचार-शास्त्र–मार्गेण[३।१] भैक्ष्य-शुद्धिः[१।१] =आचारांग शास्त्रके द्वारा भिक्षाकी शुद्धता (शुद्धि) और पवित्रतारखना अर्थात् शास्त्रविहित भिक्षाकी विधिमें न्युनाधिक नहींकरना वा आचारांग शास्त्रके अकूनुल पवित्र भिक्षा ग्रहण करना

मम[६।१] इदम्[१।१] तव[६।१] इदम्[१।१] इति*सधर्मभिः[३।३] =मेरा यह तेरा यह इसप्रकार साधर्मी भाइयोंसे (शिष्य–पुस्तक–उपकरण–स्थान और अन्य वस्तुओं के सम्बध में

अविसंवादः[१।१] =झगड़ा नहींकरना, वादविवाद नहींकरना, उलटी बातचीत नहीं करना

(१) विमोचितेषु–विमोचितेषु आगारेषु,क्योंकि आगारेषु नपुंसक लिंग में है इसलिये परकीयेषु और विमोचितेषु को नपुंसक लिंग में रक्खा है

(१)अविसंवाद = विप्रलम्भ-झगड़ा (देखो विप्रलम्भ शब्दको पद्मचन्द्रकोश के पृष्ठ ३५५ में, वहां विसंवाद का अर्थ झगड़ा लिखाहै इस लिये अविसंवाद का अनुवाद झगड़ा नहीं करना लिखा है ॥ विसंवाद = किसी पदार्थ के विषयमें उलटा कहना पद्मचन्द्रकोश पृष्ठ ३५१) इसलिये उलटी बातचीत नहींकरना ऐसा अनुवाद अविसंवाद का किया है ॥

इत्येताः पञ्चादत्तादानविरमणव्रतस्य भावनाः ॥ अथेदानीं ब्रह्मचर्यव्रतस्य भवाना वक्तव्या इत्यत्राह

स्त्रीरागकथाश्रवणतन्मनोहराङ्गनिरीक्षणपूर्वरता-नुस्मरणवृष्येष्टरसस्वशरीरसंस्कारत्यागाः पंच ॥७॥

इति*एताः$^{२|}_{३}$ पञ्च–अदत्ता–आदान–विरमण–व्रतस्य$^{६|}_{१}$ भावनाः$^{१|}_{३}$; अथ–इदानीं ब्रह्मचर्य्य–व्रतस्य$^{६|}_{१}$ भावनाः$^{१|}_{३}$ वक्तव्याः $^{१|}_{३}$ इति*अत्र*आह ।

=ऐसेइतनी पांच विनादियेहुए(पदार्थ)के ग्रहण न करनेरूप[= विरमण]व्रतकी =भावना हैं अर्थात् ये पांच भावनायें अचौर्य्यव्रतकी हैं । निरन्तर अब =ब्रह्मचर्य्यव्रत की भावना कहने योग्यहैं ऐसे यहां (अग्रिमसूत्र) कहाजाताहै कि

(१)स्त्रीरागकथाश्रवणतन्मनोहराङ्गनिरीक्षणपूर्वरतानुस्मरणवृष्येष्टरसस्वशरीरसंस्कारत्यागाः(२) पंच

=स्त्रीराग—कथाश्रवणत्यागः–तन्मनोहरांग निरीक्षणत्यागः–पूर्वरतानुस्मरणत्यागः–वृष्येष्टरसत्यागः–स्वशरीर संस्कारत्यागः पंच (भावनाः) ब्रह्मचर्य्यव्रतस्य भवन्ति ।

सूत्रार्थः—स्त्रीराग–कथा–श्रवण–त्यागः$^{१|}_{१}$ तद्मनोहर–अंग–निरीक्षण–त्यागः$^{१|}_{१}$

=(१)स्त्रियों में रागउत्पन्न करने वाली कथाको सुननेका त्याग– (२ उन (स्त्रियों) के मनोहर अंगों को [रागसहित] देखनेका त्याग

(१) श्वेताम्बर सम्प्रदायके सभाष्य तत्त्वार्थाधिगम सूत्रमें यहसूत्र नहींहै उनके यहाँ पांचभावना जो इस अध्यायके तीसरे सूत्रकी हैं, ऐसे हैं कि "ब्रह्मचर्यस्य स्त्रीपशुषण्डकसंसक्तशयनासनवर्जनं रागसंयुक्तस्त्रीकथावर्जनं स्त्रीणां मनोहरेन्द्रियालोकनवर्जनं पूर्वरतानुस्मरणवर्जनं प्रणीतरसभोजनवर्जनमिति"

ब्रह्मचर्य्यस्य—स्त्री पशु–षण्डक–संसक्त– =ब्रह्मचर्य्यकी(स्थिरताके लिये भावना)(क)स्त्री पशु नपुंसक (षण्डक)के सम्बन्ध वाले,(=संसक्त)
शयनआसन वर्जनं; राग–संयुक्त–स्त्रीकथा–वर्जनं=शय्या [=शयन] आसन–वर्जनं [ख] रागयुक्त स्त्रियोंकी कथा का वर्जन वा निषेध,
स्त्रीणाम् मनोहर–इन्द्रिय—आलोकन वर्जनम् =(ग) स्त्रियोंकी सुन्दर इन्द्रियोंके दर्शनका निषेध–
पूर्व–रत–अनुस्मरण–वर्जनम् =(घ)पूर्वकालकी मैथुन(=रत)वा रमण(=रत)वा स्त्रीप्रसंग(=रत)की स्मृतिका त्याग वाछोड़ना,
प्रणीत रस—भोजन—वर्जनम् इति =(ङ)अतिपुष्टकारक वा कामोत्पादक रसवाले[=प्रणीतरस]भोजनका निषेध वा अभाव ऐसे हैं॥

इन पांच भावनाओं का ऊपरके सातवां सूत्र की भावनाओं से मिलान करने से प्रगट है कि स्वशरीर संस्कार त्यागके स्थानमें "स्त्रीपशुषण्डकसंसक्त शयनासन वर्जन" है शेषचार भावनायें तात्पर्यमें मिलती हैं ॥२॥ त्यागाः अधिकतम पुस्तकोंमें जैसे राजवार्तिक और तत्त्वार्थ श्लोकवार्तिक इत्यादिकमें यही शब्द आयाहै परन्तु किसी किसी (जैसे ज्ञानचन्द्रजी मुद्रित तत्त्वार्थ सूत्रमें) परित्यागाः आया है ॥ अशुद्ध तो नहीं है परंतु अधिकहै क्योंकि राज वार्तिक पृष्ठ ५७२ में पूर्वरता-नुस्मरण परित्यागः लायेहैं: सूत्र का है कि अक्षर अल्पसे अल्पहो अर्थ बहुत और सारभूतहो ।

त्यागशब्दः प्रत्येकं परिसमाप्यते । स्त्रीरागकथाश्रवणत्यागः । तन्मनोहराङ्गनिरीक्षणत्यागः । पूर्वरतानुस्मरणत्यागः । वृष्येष्टरसत्यागः । स्वशरीरसंस्कारत्यागश्चेति चतुर्थव्रतस्य भावनाः पञ्चविज्ञेयाः ॥ अथ पञ्चमव्रतस्य भावनाः का इत्यत्रोच्यते—

॥ मनोज्ञामनोज्ञेन्द्रियविषयरागद्वेषवर्जनानि पञ्च ॥ ८ ॥

पूर्व–रत–अनुस्मरण–त्यागः $^{1}_{a}$ =[ग] पूर्वकालमें (किया हुआ) मैथुन वा स्त्री प्रसंग [=रत] का स्मरण करनेका निषेध,
वृष्य–इष्ट–रस–त्यागः $^{1}_{a}$ =[घ] पुष्टकारक वा कामोद्दीप करने वाले[=वृष्य]इन्द्रियोंको लालसाउत्पन्नकरनेवाले रसोंकावर्जन
स्व–शरीर–संस्कार–त्यागः $^{1}_{a}$ =[ङ] अपने शरीर को शृंगार युक्त करने का परित्याग
पंच$^{1}_{a}$ भावनाः$^{1}_{a}$ ब्रह्मचर्य व्रतस्य $^{6}_{a}$ भवन्ति । =ये पांच भावना ब्रह्मचर्य व्रत की हैं

पदच्छेद और विभक्त्यर्थसहित इस आठवां सूत्र पर सर्वार्थसिद्धिवृत्तिका शब्दशः हिंदी अनुवाद

त्याग शब्दः $^{1}_{a}$ प्रत्येकं $^{2}_{a}$ परिसमाप्यते । =त्याग शब्द पृथक् पृथक् [भावना] को लगाया जाता है [ऊपर देखो]
स्त्री–राग-कथा-श्रवण–त्यागः $^{1}_{a}$; तद्–मनोहर-अंग- =स्त्रियोंमें राग उत्पन्न करने वाली कथा को सुनने का त्याग। उन [स्त्रियों] के मनोहर अंगों को
निरीक्षण–त्यागः $^{1}_{a}$; पूर्व-रत-अनुस्मरण-त्यागः $^{1}_{a}$, =[राग सहित] देखने का त्याग, पूर्व समय में [किया हुआ] मैथुन वा स्त्री प्रसंगकेस्मृधिका त्याग,
वृष्य-इष्ट–रस–त्यागः $^{1}_{a}$, =पुष्ट कारक और इन्द्रियों को लालसा उत्पन्न करने वाले रसोंका त्याग,
च स्व शरीरसंस्कार-त्यागः $^{1}_{a}$ इति चतुर्थ-व्रतस्य $^{6}_{a}$ =और अपने शरीरको शृंगार युक्त करनेका त्याग, इस प्रकार चौथे [ब्रह्मचर्य] व्रतकी
भावनाः $^{1}_{a}$ पञ्च $^{1}_{a}$ विज्ञेयाः $^{1}_{a}$ अथ * =भावनायें पांच विशेष रूप से जानने योग्य हैं [=विज्ञेयाः] । अब
पञ्चम–व्रतस्य $^{6}_{a}$ भावनाः $^{1}_{a}$ काः $^{1}_{a}$ इति उच्यते । =पांचवां [परिग्रह त्याग] व्रतकी भावनायें क्याहैं ऐसे [प्रश्न होनेपर]यहां कहाजाता है कि

॥ (१) मनोज्ञामनोज्ञेन्द्रियविषयरागद्वेषवर्जनानि पंच ॥ ८ ॥

मनोज्ञ–अमनोज्ञ–इन्द्रिय–विषय– =इष्ट अनिष्ट [पांच] इन्द्रियों के [पांच प्रकारके] विषयोंमें
राग-द्वेष-वर्जनानि $^{1}_{a}$ पञ्च $^{1}_{a}$ [भावनाः $^{1}_{a}$] =[यथा संख्य वा अनुक्रम से] लोलुपता वा प्रीति और द्वेषका त्यागसो पांच भावनायें

(१)श्वेताम्बर सम्प्रदाय के सभाष्य तत्त्वार्थाधिगम पृष्ठ १५४ मेंयहसूत्र नहींहै वरन् तीसरे सूत्र पर परिग्रह त्याग व्रतकी पांच भावनायें ऐसे है कि—

पंचानामिन्द्रियाणां स्पर्शनादीनामिष्टानिष्टेषु विषयेषूपनिपतितेषु स्पर्शादिषु रागद्वेषवर्जनानि पंच आकिंचन्यस्य व्रतस्य भावनाः प्रत्येतव्याः ॥

अपरिग्रह—व्रतस्य[६।१।] भवन्ति [।]

=आकिञ्चन अथवा परिग्रहत्याग व्रतकी हैं अर्थात् आकिञ्चन्य व्रतकी स्थिरताके लिये स्पर्शन–रसन–घ्राण–चक्षु–श्रोत्र इन पांच इन्द्रियोंके इष्ट वा अभिलाषित स्पर्श–रस–गन्ध–वर्ण–शब्द–रूप विषयोंके प्राप्त होनेपर लोलुप्ता का परित्याग और इन्हीं इन्द्रियोंके अनिष्ट स्पर्श–रस–गन्ध–वर्ण–शब्द–रूप विषयोंके प्राप्तहोने पर द्वेष वा विरोधका निषेध वा त्यागकरना सो पांचभावनायें हैं

पदच्छेद और विभक्त्यर्थसहित इसआठवां सूत्रपर सर्वार्थसिद्धिवृत्तिका शब्दशः हिंदीअनुवाद

पञ्चानाम्[६।३।] इन्द्रियाणाम्[६।३।] स्पर्शन-आदीनाम्[६।३।] इष्ट-अनिष्टेषु[७।३।] स्पर्शआदिषु[७।३।] विषयेषु[७।३।] उपनिपतितेषु[७।३।] राग-द्वेष-वर्जनानि[१।३।] पञ्च[१।३।] आकिञ्चन्यस्य[६।१।] व्रतस्य[६।१।] भावनाः[१।३।] वेदितव्याः[१।३।]

=पांचइन्द्रियस्पर्शन-रसन(जीभ),घ्राण(=नाक),चक्षु (आंख)श्रोत्र(कान)के =मनोज्ञ और अमनोज्ञ–स्पर्श–रस–गंध–वर्ण–शब्द–रूप विषयोंके =सम्बन्धहोनेपर वा प्राप्तहोनेपर(=उपनिपतितेषु)(क्रमसे) प्रीतिऔर विरोधका =परित्याग वा अभावहोना (वे) परिग्रहत्याग व्रतकी पांच भावनायें जाननाचाहिये अर्थात् स्पर्शनइन्द्रियके अभिलाषित विषयोंके प्राप्तहोनेपरउनमें राग न करना और इन्द्रियके अनिष्ट विषयोंके आनेपर उनमेंविरोधनकरना

आकिञ्चनस्य पञ्चानामिन्द्रियार्थानां स्पर्शरसगन्धवर्णशब्दानां मनोज्ञानां प्राप्तौ गार्द्ध्यवर्जनममनोज्ञानां प्राप्तौ द्वेषवर्जनमिति ॥

आकिञ्चनस्य पञ्चानाम् इन्द्रियअर्थानाम्	=आकिंचन (व्रत) की पांच भावनायें अर्थात् इन्द्रियों के विषय (=अर्थ)
स्पर्श-रस-गन्ध-वर्ण-शब्दानां मनोज्ञानां प्राप्तौ	=स्पर्श–रस–गन्ध–वर्ण–शब्दों के इष्ट प्राप्त होने पर
गार्द्ध्य-वर्जनम् अमनोज्ञानाम्	=लोलुता वा लुब्धता का त्याग वा अभावऔर अनिष्ट वा अनभिलषित(स्पर्श-रस-गन्ध-वर्ण शब्दोंके)
प्राप्तौ द्वेषवर्जनम् इति	=आनेपर विरोध का न होना इसप्रकार है

किंचान्यद्यथाऽमीषां व्रतानां दृढिमार्थं भावनाः प्रतीयन्ते तद्विपश्चिद्भिरिति भावनोपदेशः, तथा तदर्थं तद्विरोधिष्वपीत्याह—

हिंसादिष्वहामुत्रापायावद्यदर्शनम्॥ ९॥

(ख) रसना इन्द्रियके इष्टविषयोंके सम्बन्ध होनेपर उनमें प्रीति न करना और इसी इन्द्रियके अमनाज्ञेविषयों के मिलनेपर उनमें द्वेष न करना (ग) (घ्राण) नाक इन्द्रियोंके मनोज्ञविषयोंके प्राप्तहोनेपर उनमें स्नेह न करना और इसी इन्द्रिय के अनभिलषित विषयोंके आनेपर उनमें विरोध न करना [घ] नेत्र इन्द्रियके अभिलषित विषयोंके मिलनेपर उनमें प्रेम न करना वा इसी इन्द्रियके अनिष्ट विषयोंमें अप्रीति वा द्वेष न करना [ङ] ऐसेही कान इन्द्रियके मनोज्ञविषयोंके मिलनेपर उनमें राग न करना और इसी इन्द्रिय के अनभिलषित विषयोंके आनेपर वा मेटा होनेपर उनमें अप्रेम न करना सो पृथक् पृथक् पांच भावना परिग्रहत्याग व्रतकी हैं यहां भावार्थ ऐसाजानना कि संसारमें परिग्रहहैं ते इन्द्रियोंके विषयों के सेवने वा भोगनेके और कषायोंके पुष्टकरनेके निमित्तहैं जिससे विषय कषायके गुणतथा दोष वारम्वार विचारनेसे परिग्रहत्याग व्रतकी स्थिरता रहती है

किंच*(१)अन्यत्[1]''' यथा*अमीषाम्[6]''' (२) = कुछ (=किंच) और(=अन्यत्) है जैसे इन (=अमीषाम्)
व्रतानाम्[6]''' दृढ़िम्-अर्थम्[1]''' = (अहिंसा-सत्य-अचौर्य-अस्तेय-ब्रह्मचर्य-अपरिग्रह) व्रतोंके स्थैर्य वा स्थिरता के लिये
भावनाः[1]'' = (प्रत्येक व्रतकी पूर्वोक्त पांच पांच) भावनायें
प्रतीयन्ते । तद्—विपश्चिद्भिः[3] (३) इति* = उन(व्रतोंके) ज्ञानवानोंद्वारा अथवा जाननेवालों द्वारा निश्चयकीगई है (= प्रतीयंते)
तथा-तद्विरोधिषु[7]' अपि*तद्अर्थं[1]''' = तैसे तिन (व्रतों) के विरोधी [पांच पापोंविषैभी उन [व्रतोंके] [स्थैर्य के] लिये
भावना-उपदेशः[1]' इति*आह[1]' = भावनाका उपदेश इसप्रकार [अग्रिम सूत्रमें] कहते हैं कि

हिंसा दिष्विहामुत्रा पायावद्यदर्शनम् ॥९॥

[१] किञ्चअव्ययहै अर्थसमुच्चय कुछ और है परन्तु किञ्चित् अव्यय का अर्थ अधूरा या छोटे काहै (देखोपद्मचन्द्र कोश पृष्ठ १०८)(२) अमीषाम् षष्ठी बहुवच नन्यु ४ क लिंग अदस् [=यह] शब्द का है [३] विपश्चित् [पुल्लिंग] विपश्चए चेतति = बहुत समझता है पण्डित ज्ञानवान्-ऋषि ऊपर के

(१) हिंसा-आदिषु-इह-अमुत्र-अपाय-अवद्य-दर्शनम् ॥ ९ ॥

= हिंसा-आदिषु[३]-इह-अपाय दर्शनम् $\frac{१}{१}^{१११}$ अमुत्र-अवद्य दर्शनम् $\frac{१}{१}^{१११}$ इति*भावयितव्यम् $\frac{१}{१}^{१११}$

(क) हिंसा-अनृत-स्तेय-अब्रह्म-परिग्रहेषु-इह-अपायदर्शनम् इति भावयितव्यम्

(ख) हिंसा-अनृत-स्तेय-अब्रह्म-परिग्रहेषु-अमुत्र-अवद्य दर्शनम् इति भावयितव्यम्

सूत्रार्थः-हिंसा-आदिषु[३]
इह*अपाय-दर्शनम् $\frac{१}{१}^{१११}$
अमुत्र*
अवद्य-दर्शनम् $\frac{१}{१}^{१११}$
इति*भावयितव्यम् $\frac{१}{१}^{१११}$

=हिंसा-मिथ्याभाषण-चोरी-मैथुन-पदार्थसंचय और ममता (करने) में
=इसलोकमें वियोग-नाश दुःख-आपत्ति-भयकी (=अपाय) उपलब्धि (=दर्शन) होती है
=[तथा इन्हीं हिंसादिकके करनेमें] परलोकमें-दूसरेजन्म में-मृत्यु के पश्चात् वा अनन्तर
=निन्दा.पापकी प्राप्ति [=दर्शन] [पापसे निंद्यगति वा दुर्गति की प्राप्ति] होती है
=[उन पांचव्रतोंकी स्थिरताके लिये] इसप्रकार बारम्बार विचार वा चिंतवन किये जानेयोग्य है

पदच्छेद और विभक्त्यर्थ सहित इस नवमासूत्र पर सर्वार्थसिद्धि वृत्तिका शब्दशः हिंदी अनुवाद

अनुवाद में कृपियों द्वारा ज्ञानधानोंद्वारा के स्थान में लासकते हैं [देखो पद्मचन्द्र कोश पृष्ठ ३५४]

(१) श्वेताम्बर सम्प्रदायके "सभाष्यतत्त्वार्थाधिगमसूत्रमें" इस सूत्रके दो पद हैं और अमुत्र शब्द तथा अपाय शब्द के मध्यमें एक चकार है हम उसको नीचे लिखे भी देतेहैं इसके अतिरिक्त शेष पाठ एकसाहै" हिंसादिष्विहामुत्रचापायावद्य दर्शनम्" इस चकारकी अधिकता से दोनों सम्प्रदाय में इस सूत्र के अर्थ करनेमें भिन्नता प्रगट की है श्वेताम्बरसम्प्रदाय के अनुकूल अर्थ इस प्रकार है कि—

"हिंसादिषु पञ्चसु आस्रवेषु इह अमुत्र च = हिंसादिक पांचोंके आस्रवमें इसलोकमें तथा [=च] परलोक में
अपायदर्शनम् अवद्यदर्शनम् च भावयेत्=अपायदर्शन तथा [=च] अवद्य दर्शनको बार बार चिंतवनकरै [सभाष्यतत्त्वार्थाधिगमसूत्र पृष्ठ १५५

यह चकार जो इस संस्कृत भाष्यमें अमुत्र और अपाय शब्दोंके मध्यमें आयाहै वही च शब्द है और उसीका 'तथा' ऐसा भाषानुवाद कियाहै जो इस सूत्रके अमुत्र और अपाय शब्दके बीचमें आयाहै ॥ पं० ठाकुरप्रसादजी का भाषानुवाद अक्षर प्रति अक्षर लिखते हैं—"हिंसा तथा मिथ्या भाषणादि पांचोंके आस्रवोंमें इसलोकमें तथा मृत्युके पश्चात् परलोकमें अपाय दर्शन तथा अवद्य दर्शन की भावना करै अर्थात् हिंसादिक विषै इस लोकमें तथा परलोकमें मोक्षेय: प्रणाश तथा निन्दायुक्तकी दृष्टि रक्खै कि ये जीवके श्रेष्ठ कार्योंके नाशक तथा निन्द्य के जनक हैं मेरा और इनका अर्थ एकसे तात्पर्य को प्रगट करता है दिगम्बर सम्प्रदायमें अर्थ ऐसा है कि—हिंसादिकमें इस लोकमें अपाय दर्शन को चिंतवन करै और परलोकमें अवद्यके उपलब्धिको भावनाकरै इसलिये इससूत्रको मैंने ऊपर [क] और [ख] संख्याओंसे विभाग करदियाहै ॥

अभ्युदयनिःश्रेयसार्थानां क्रियाणां विनाशकप्रयोगोऽपायः(१) । अवद्यं गर्ह्यम् । अपायश्चावद्यं चापायावद्ये तयोर्दर्शनमपायावद्यदर्शनं (२) भावयितव्यम् ॥ क्व? इहामुत्र च । केषु? हिंसादिषु ॥ कथमिति चेदुच्यते—हिंसायां तावत्, हिंस्रो हि नित्योद्वेजनीयः सततानुबद्धवैरश्च इह च वधबन्धपरिक्लेशादीन् प्रतिलभते प्रेत्य चाशुभां गतिम् । गर्हितश्च भवतीति

अभ्युदय-निःश्रेयस-अर्थानाम् ६।३	=सम्पदा वा समृद्धि (=अभ्युदय) और मोक्षके [=निःश्रेयस] लिये
क्रियाणाम् ६।३	क्रियाओंके
विनाशक-प्रयोगः १।१	=नाश करने वाला उपाय (=प्रयोग) सो
अपायः १।१	अपायहै।
अवद्यम् १।१	अवद्य है सोनिंद्य वानिंदनीय है
गर्ह्यम् १।१	;
अपायः १।१ च अवद्यम् १।१ च अपायावद्ये १।२	=बहुरि अपाय और अवद्य (दोनों मिलकर) अपायावद्ये (द्विवचनान्त वाक्य हुआ)
तयोः ६।२ दर्शनम् १।१	=तिन दोनों [अपाय तथा अवद्य] को उपलब्धि वा प्राप्ति होना
अपाय-अवद्य-दर्शनम् १।१	=सो अपाय अवद्य दर्शन है ऐसा विचार वा चिन्तवन
भावयितव्यम् १।१	किया जाना योग्य है
क्व? इह अमुत्र च; केषु? ७।३ ? ।	=कहां,?यहां वा इस लोकमें और[च=]वहां वादूसरेजन्ममें, कौनविषै
हिंसा-आदिषु ७।३ ॥	=हिंसा—अनृत—स्तेय—अब्रह्म—परिग्रह [इन पाँच अव्रतों] में
कथम् इति चेत् उच्यते-हिंसायां ७।१	=कैसो(उपलब्धि वा प्राप्ति)इस प्रकार प्रश्न होने पर कहा जाता है कि प्राणव्यपरोपणमें
तावत् हिंस्रः १।१ हि नित्य-उद्वेजनीयः १।१	=तौ (=तावत्) हिंसक ही सदाउद्वेगरूपरहताहै अर्थात् चित्तमेंव्याकुल रहता है
सतत-अनुबद्धवैरः १।१ च इह च	=और (=च) निरन्तर [=सतत] वैरानुबद्धहोताहै और (=च) इस लोकमें (=इह)
वध-बन्ध-परिक्लेशादीन् २।३ प्रतिलभते T	=मारण-बन्धन-अर्थात् शत्रुता बधती रहती है बहुत [=परि] दुःखादिकको प्राप्त होता है
प्रेत्य च अशुभां २।१ गतिम् २।१ ; गर्हितः १।१ च भवति। इति	=तथा[=च]अन्य जन्ममें बुरी गति को(प्राप्त होता है)और(=च)निंदित होता है। ऐसे

(१) अपायशब्दका अर्थ पद्मचंद्रकोश पृष्ठ २३ में 'वियोग-नाश-दुःख-आपत्ति' कियाहै-राजवार्तिक तथा श्लोक वार्तिक में इसका अर्थ 'भय' भी किया है "अथवा येह लौकिकादि समनिर्धभयं अपाय इति कथ्यते"(राजवार्तिक पृष्ठ २७२,"भयं वा" श्लोकवार्तिक पृष्ठ मुद्रित(५६०)॥इन दोनों वार्तिकों के अनुकूल जयचंद्रजी वचनिका में तथा अर्थ प्रकाशिकामें इसका भय अर्थ किया है इसलिये अनुवाद में पांचों शब्द लाये गये हैं ॥

(२) दर्शन = उपलब्धि—प्राप्ति (पद्मचंद्र कोश पृष्ठ ७८,१८३) अतः अनुवाद में प्राप्ति लाये हैं ॥ अवद्य = निंदा – पाप (देखो पद्मचंद्र कोश पृष्ठ ४४)

हिंसायां व्युपरमः श्रेयान्॥ तथा अनृतवादी अश्रद्धेयो भवति इहैवच जिव्हाछेदादीन् प्रतिलभते । मिथ्याख्यानदुःखितेभ्यश्च बद्धवैरेभ्यो बहूनि व्यसनान्यवाप्नोति प्रेत्यचाशुभां गतिं, गर्हितश्च भवतीति अनृतवचनात् व्युपरमः श्रेयान् ॥ तथा स्तेनः परद्रव्यापहरणासक्तः सर्वस्योद्वेजनीयो भवति इहैव चाभिघातबधबन्धहस्तपादकर्णनासोत्तरौष्ठच्छेदन भेदनसर्वस्वहरणादीन् प्रतिलभते प्रेत्य चाशुभां गतिं,गर्हितश्च भवतीति स्तेयात् व्युपरतिः श्रेयसी ॥ तथा अब्रह्मचारी मदविभ्रमोद्भ्रान्तचित्तो वनगज इव

हिंसायाम्[२]''व्युपरमः[१]'' श्रेयान्[१]; तथा *
अनृतवादी[१] अश्रद्धेयः[१] भवति T इह*एव* च*
जिह्वा–छेदादीन्[२] प्रतिलभते T मिथ्या–आख्यान–
दुःखितेभ्यः[३]'च*बद्धवैरभ्यः[३]'बहूनि[३]''' व्यसनानि[३]'''अवाप्नोति
प्रेत्य*च*अशुभां[२]''[१]गतिम्[२]'',गर्हितः[१]च*भवति T
इति*अनृत, वचनात्[५]''' व्युपरमः[१]' श्रेयान्[१]' तथा* स्तेनः
पर-द्रव्य–अपहरण–आसक्तः[१] सर्वस्य[६]'
उद्वेजनीयः[१] भवति T इह* एव* च*
अभिघात–वध–बन्ध–हस्त–पाद–कर्ण–नासा–उत्तरओष्ठ–छेदन-
भेदन–सर्वस्वहरणादीन्[३]' प्रतिलभते T
प्रेत्य*च* अशुभांगतिम्[२]'' गर्हितः[१]'च* भवति T
इति*स्तेयात्[५]''' व्युपरतिः[१]'' श्रेयसी[१]'' तथा अब्रह्मचारी[१]'
मद–विभ्रम–उद्भ्रान्त–चित्तः[१]'
वनगजः[१]' इव*

= हिंसामें परित्याग श्रेष्ठ वा कल्याण दायक है तैसेही (=तथा)
= असत्यवादी श्रद्धा वा विश्वासके योग्य नहीं होताहै। और(=च) इसलोकमेंही
= जीभ वा रसनाके छेदन आदिकको प्राप्त होता है (बहुरि) मिथ्या कथनसे
= दुःखित हुए (लोगों) से बहुवैर से अनेक दुःखों को प्राप्त होता है
= बहुरि [=च] अन्य बुरी गति को प्राप्त होता है और (च) निंदित होता है
= इस प्रकार मिथ्याभाषणसे विरक्त होना उत्तम है तैसे ही चोर जो
= अन्य की द्रव्य लेने में लागू वा अनुरक्त रहता है सबके (द्रव्यके विरह से)
= दुःख उपजाने वाला वा (सबके) भय उपजावने वाला होता है और यहांही
= चोट निहनन बन्धन हाथ पग कान नाक ऊपरके होठका छेदन
= भेदन सर्वधनके (सर्व–स्व) हरण आदिके को प्राप्त होता है और [=च]
= मृत्यु के पश्चात [अन्य जन्म में] दुर्गतिको जावे है और निंदित होताहै
= ऐसे चोरी से निवृति कल्याण कारी है उसी प्रकार कुशील पुरुष
= मत्तता (=मद) की चेष्टा कर (=विभ्रम) व्याकुल चित्त संयुक्त
वनके हाथीके समान

वासितावञ्चितो विवशो बधबन्धनपरिक्लेशाननुभवति ।

(१)वासिता–वञ्चितः[१]विवशः[२],बधबन्धन–परिक्लेशान्[३]अनुभवति। =[कपटको]हथिनी द्वारा ठगाया गया वा भूलमें डालागया वा परवशहुआ, मारण बन्धन =अति(=परि)दुःखोंको सहनकरताहै अर्थात् जैसे हाथी पकड़नेवाले वनमें जाकर गढ़ा,खोदकर उसको जीर्ण और सड़ी सड़ी सोट पत्ते लकड़ियों इत्यादिकसे पाट देतेहैं उस गढ़हा पटेहुए के ऊपर कल्पित निर्जीव हथिनी रख देते हैं मदनमत्त वा मदकरि व्याकुलित वनगज(बनी का हाथी) उस हथनीको देखकर उससे भोग करने वा विषय सेवने की लोलुपतामें फसकर उसके पास जाता है गढ़हापै पद रखते ही गढ़ेमें गिर जाता है परवश होकर बहुत मारण-ताड़न बन्धन इत्यादिक दुःखोंको सहन करता है तैसे ही पर स्त्री गामी मनुष्य भी जो मदकर व्याकुल है और जो पर स्त्रियों के विभ्रम-कटाक्ष विलास टेढी भ्रकुटियों से मोह को प्राप्त होता है अर्थात् उनसे ठगाया जाता है उनके प्रेम रूपी बन्धन में फंस कर नाना प्रकार के दुःखों को क्लेशों को उठाता है ।

(१)तथा अब्रह्मचारी मदविभ्रमोद्भ्रान्त चित्तो वनगज इव वासितावञ्चितो विवशो बधबन्धनपरिक्लेशाननुभवति (सर्वार्थसिद्धिवृत्तिसेउद्धृत)। तथा अब्रह्मचारी मदविभ्रमोद्ग्रथितचित्तः वनगज इव वनितावञ्चितो विवशो बधबन्ध परिक्लेशादान् अनुभवति ।(तत्त्वार्थराजवार्तिकसेउद्धृत)
इन दोनों पाठोंके मिलान करनेसे ज्ञातहै कि तत्त्वार्थराजवार्तिकमें वासितावञ्चितोके स्थानमें वनितावञ्चितोहै । अनुवाद करते समय राजवार्तिक के आधार पर हमने यह लिखा था कि वासिता शब्द वनिता शब्द के स्थान में अशुद्ध छपगया है क्योंकि वासितावञ्चितका अर्थ होगा जो सुगन्धित करि ठगायागया है कुछ तात्पर्य नहीं निकलता है जब उक्त टिप्पणी हमने अपने एक काशी के जैन विद्वान मित्रको दिखाई तो उन्होंने परंतु इस से'शब्दोंकोकुछ के प्रथम जोड़कर हमारी टिप्पणीको स्वीकार कर लिया और इसके समर्थनमें" अर स्त्रीनिकरि ठिग्या हुवा वनका हस्ती की ज्यों वध बंध परि क्लेशादिकनिकू भोगे है " अर्थ प्रकाशिका पृष्ठ ४०४ वाक्यका प्रमाण दे दिया । इस समय चार प्रतियें सर्वार्थसिद्धि-वृत्तिकी जो इन्द्रप्रस्थके मन्दिरों से प्राप्त हुई हैं हमारे पास हैं । छपने को देनेके प्रथम हमारे विचार में आया कि अन्य प्रतियोंसे भी इस पाठ को मिलालें, मिलान करने का परिणाम यह हुआ कि दो मुद्रित प्रतियों का पाठ और चार हस्तलिखित प्रतियों का पाठ मिल गया तब निश्चय होगया कि सर्वार्थसिद्धिवृत्ति में जो वासिता' शब्द आया है वह ठीक है, कई कोशोंमें जैसे पद्मचंद्रकोश इत्यादि देखे गये परन्तु उनमें वासिता' शब्द नहीं मिला, फिर वैजयन्त संस्कृत आङ्गलकोश देखा तो उसके पृष्ठ ६५६ में 'वासिता' (=वाशिता) के (क) हथिनी और [ख] स्त्री, वनिता दोअर्थ निकले जिनका समर्थन अमरकोशके नानार्थ तेईसवां वर्गके पचहत्तरवां श्लोक के तृतीयपाद 'वासिता स्त्री करिण्योश्च' (वासिता यह एक नाम स्त्री और (=च) हथिनी का है होताहै अब प्रश्न यह है कि यहां पर 'वासिता' का अर्थ 'वनिता वा स्त्रीलें अथवा हथिनी लें, क्योंकि वाक्य में 'वनगज' कहा है इसलिये 'वासिता' का अर्थ हथिनी संगतप्रद है इसका समर्थन पं० जयचन्दरायजी की वचनिका और श्रुतसागरी सूरिकी टीका के निम्न यथासंख्य वाक्यों से होता है "तैसें ही अब्रह्मचारी मदविभ्रमकरि उद्भ्रान्त है चित्त जाका सो कपटकी हथनीके अर्थ भ्रमतें खाडा में पड्या जो हस्ती तिसकी ज्यों परवश हुवा वध बंधन अति क्लेश आदिक भोगवे है ॥ सर्वार्थसिद्धि वचनिका मुद्रित पृष्ठ ५३८,५३९
अब्रह्मचारी पुमान् मदोन्मत्तो भवंति, विभ्रमोपेत उद्भ्रान्तमनः यूथनाथ इव करिणी विवंचितः परवशः सन् वधबंध परिक्लेशान् प्राप्नोति" इसलिये "हमने वासिता-वंचितःउपर्युक्त वाक्यका अनुवाद इसप्रकार कियाहै कि कपटरूप वा कपटकी हथनी द्वारा ठगायागया, छलागया, भूलमें पड़गया

मोहाभिभूतत्वाच्च कार्याकार्यानभिज्ञो न किञ्चित्कुशलमाचरति परांगनालिङ्गनसङ्गकृतरतिश्चेहैव वैरानुबन्धिनो लिङ्गच्छेदनवधबन्धसर्वस्वहरणादीनपायान् प्राप्नोति । प्रेत्यचाशुभां गतिमश्नुते, गर्हितश्च भवति,अतो विरतिरात्महिता ॥ तथा परिग्रहवान् शकुनिरिव गृहीतमांसखन्डोऽन्येषां तदर्थिनां पतत्रिणामिहैव तस्कारादीनामभिभवनीयो भवति।

मोह-अभिभूतत्वात् $\frac{५}{१}$ च *कार्य-अकार्य-अनभिज्ञः $\frac{१}{१}$

=और (=च) मोह पीड़ित वा ग्रस्त होनेसे कर्तव्य तथा अकर्तव्य का =ज्ञान रहित (=अनभिज्ञ) अर्थात् क्या हमको करना चाहिये और क्या हमको नहीं करना चाहिये इस प्रकारके विवेकसे शून्य

न❀किञ्चित्❀ कुशलम् $\frac{१}{१}$ आचरति ।च ❀परांगना-आलिंगन-संगकृत-रतिः $\frac{१}{१}$ इह❀एव❀ वैर-अनुबन्धिनः $\frac{५}{१}$ लिंगछेदन-वध-बन्ध-सर्वस्व-हरण- आदीन् $\frac{२}{३}$ अपायान् $\frac{२}{३}$ प्राप्नोति । प्रेत्य*च*अशुभां $\frac{२}{१}$ गतिम् $\frac{२}{१}$ अश्नुते । गर्हितः $\frac{१}{१}$च*भवति । अतः❀विरतिः $\frac{१}{१}$ आत्महिता $\frac{१}{१}$,तथापरिग्रहवान् $\frac{१}{१}$ इह❀एव * तस्कर-आदीनाम् $\frac{६}{३}$ अभिभवनीयः $\frac{१}{१}$ भवति । शकुनिः $\frac{१}{१}$ इव❀गृहीतमांसखण्डः $\frac{१}{१}$ अन्येषाम् $\frac{६}{३}$ तद्-अर्थिनाम् $\frac{६}{३}$ पतत्रिणाम् $\frac{६}{३}$

=कुछ भी कुशल रूप कार्य नहीं आचरता है और पर स्त्री(=परांगना)के =सेवनविषै वा संग विषै प्रीति करने वाला इस लोकमें ही =वैरके बन्धानसे लिंगछेदन-मारणबन्धन समस्त धन [स्व] की =छूटि किये जाने आदिक कष्ट वा दुःख वा आपत्तियों को प्राप्त होता है =और [=च] परलोकमें दुर्गति को प्राप्त होता है और निंदित होता है -इस लिये [अब्रह्म से] निवृत्ति अपना हित है । वैसे ही [तथा] परिग्रहधारी =इस लोक में ही चोर आदिकके प्रापणीय वा लूटने योग्य वा पराजय के योग्य =होता है जैसे (=इव) मांसके खंड को लिये हुए पक्षी दूसरे =उस (मांस खंड) के इच्छा करने वाले पक्षियों के (लूटने योग्य होताहै] अर्थात् जैसे मांसके पिन्डयुक्त पक्षीको और पक्षी देखकर चोंच पंजों से दुःख देकर उस मांस खंडको लेलेते हैं तैसेही परिग्रह धारकोंको चोर ठग लुटेरे अन्य दुष्ट जन धनके वास्ते क्लेश पहुंचाते हैंऔर धन को लेलेतेहै ॥

तदर्जनरक्षणप्रयत्नकृताश्च दोषान् बहूनवाप्नोति नचास्य तृप्तिर्भवति इन्धनैरिवाग्नेः लोभाभिभूतत्वाच्च कार्याकार्यानपेक्षो भवति प्रेत्य चाशुभां गतिमास्कन्दते । लुब्धोऽयमिति गर्हितश्च भवतीति तद्विरमणं श्रेयः ॥ एवं हिंसादिष्वपायावद्य दर्शनं भावनीयम् ॥ हिंसादिषु भावनान्तरप्रतिपादनार्थमाह — दुःखमेव वा ॥१०॥

तद्-अर्जन-रक्षण-प्रयत्न- कृतान्[२१] च* = उस (परिग्रह) के उपार्जन-रक्षण-जतन वा प्रयास करनेके
दोषान्[२१] बहून्[२१] अवाप्नोति[T] च* अस्य[६] = अनेक दोषोंको (परिग्रहधारी) प्राप्त होता है तथा (च) इस [परिग्रह] का
तृप्तिः[१] न* भवति[T] इन्धनैः[३] इव* अग्नेः[६] = अग्निको ईंधन के डालनेके समान संतोष नहीं होता है अर्थात् जैसे अग्निमें
जितना जितना ईंधन डालते जाओ उतनी ही वह बढती जाती है उसी प्रकार जितना
जितना परिग्रह अधिक होता जाता है उतनाही उतना उस परिग्रहकी वांछा बढती जातीहै
लोभ-अभिभूतत्वात्[५] च* कार्य- = और (=च) लालचसे ग्रसित वा पीडित होनें (के कारण) से [परिग्रहधारी] कर्तव्य
अकार्य-अनपेक्षः[१] भवति[T] प्रेत्य* च* अशुभाम्[१] = अकर्तव्यके विवेकके अवलोकनसे शून्य (=अनपेक्ष) हो जाता है और मृत्यु के अनन्तर
गतिम्[२] आस्कन्दते[T], लुब्धः[१] अयम्[१] इति* = दुर्गति को प्राप्त होता है यह लोभी है इस प्रकार
गर्हितः[१] च भवति[T] इति* तद्-विरमणम्[१] = भी निंदित होता है ऐसे उस (परिग्रह) का अकरण वा उपरम
श्रेयः[१] एवम्* हिंसा-आदिषु[७] = कल्याण दायक वा उत्तम है इस प्रकार हिंसा—अनृत—स्तेय—अब्रह्म—परिग्रह विषैं है
अपाय-दर्शनम्[१] = वियोग-दुःख-नाश-वा अपत्ति का (=अपाय) अवलोकन-आलोक वा दृष्टि (दर्शन)
अवद्य-दर्शनम्[१] = (इनही हिंसादिक पांच पाप वा अवृतोंमें) पाप वा निंदा (=अवद्य) की प्राप्ति, उपलब्धि [=दर्शन]
भावनीयम्[१] हिंसा-आदिषु[७] = भावने योग्य है वा बारम्बार चिंतवने योग्य है हिंसादिक में
भावना-अन्तर-प्रतिपादन-अर्थम्[१] आह[T] = अन्य भावना का बोध कराने के लिये व कथन करने के लिये कहते हैं

दुःखमेव वा ॥१०॥ (हिंसादिषु) दुःखम् एव (इति तत्स्थैर्यार्थम् भावयितव्यम्)

हिंसा-आदिषु[७] दुःखम्[१] एव* वा* तत्स्थैर्यार्थम्[१] = अथवा हिंसादिकमें दुःख ही दुःख है पांच भावनाओं के स्थिर रखनेके लिये
इति* भावयितव्यम्[१] = इस प्रकार चिन्तवन वा विचार किये जाने योग्य है

हिंसादयो दुःखमेवेति भावयितव्याः ॥ कथं हिंसादयो दुःखम् ? दुःखकारणत्वात् । यथा अन्नं वै प्राणा इति ॥ कारणस्य कारणत्वाद्वा यथा धनं प्राणा इति ॥ धनकारणमन्नपानं अन्नपानकारणाः प्राणा इति ॥ तथा हिंसादयोऽसद्वेद्यकर्मकारणम् । असद्वेद्यकर्म च दुःखकारणमिति दुःखकारणे दुःखकारणकारणे वा दुःखोपचार ॥ तदेतत् दुःखमेवेति भावनं

पदच्छेद और विभक्त्यर्थसहित इस दशवां सूत्र पर सर्वार्थसिद्धिवृत्तिका शब्दशः हिंदी अनुवाद

हिंसा-आदयः[1/3] दुःखम्[1/1] एव*इति*भावयितव्याः[1/3]; – हिंसादिक [पांच पाप] दुःखही [दुःख] हैं इसप्रकार भावना वा चिन्तवन कियेजाने योग्य है

कथम्*हिंसा-आदयः[1/3] दुःखम्?दुःख-कारणत्वात्[5/1] =कैसे हिंसादिक [पांच अव्रत] दुःख वा क्लेश हैं [उत्तर] क्यं कि [हिंसादिक] दुःखकेकारणहैं

यथा*अन्नम्[1/1] वै* प्राणाः [1/3] इति* । =जैसे नाज ही (=वै) प्राणहैं अर्थात् नाजको प्राणकहनाहै सो कारणको कार्य कहनाहै ऐसे हिंसादिक दुःखके कारण हैं तिनको दुःखही ऐसा कहनेसे यहां कारणमें कार्यका उपचार है

कारणस्य[6/1] कारणत्वात्[5/1] वा*यथा*धनं[1/1] प्राणाः[1/3] =अथवा [हिंसादिक दुःखके] कारणके कारण हैं जैसे धनहै सो प्राण हैं

इति*। धनकारणम् [1/1] अन्नपानम् [1/1] =ऐसे धन है कारण जिसका ऐसा अन्नपान है अर्थात् अन्नपानका कारण धनहै भावार्थ अन्नपान धनसे मोल आते हैं

अन्नपानकारणाः[1/3] प्राणाः [1/3] इति*; =अन्नपानहैं कारण जिनके ऐसे प्राणहैं अर्थात् प्राणका कारण अन्नपानहै भावार्थ अन्नपान खा पी करि प्राण रहते हैं नहीं तौ शरीर से निकल जातेहैं

तथा*हिंसा-आदयः[1/3]असद्वेद्यकर्मकारणम् [1/1] =तैसे हिंसादिक असाता वेदनीय कर्मका कारण है

असद्वेद्यकर्म[1/1] च*दुःखकारणम्[1/1] इतिदुःखकारणे[7/1] =और[=च]असाता वेदनीय कर्म दुःखका कारणहै इसप्रकार दुःखके कारण विषैं

दुःखकारण–कारणे[7/1] वा*दुःख–उपचारः[1/1] । =अथवा दुःखके कारणके कारणविषैं दुःखकी स्थापनाहै अर्थात् अन्नप्राणहैं इस उदाहरण में दुःखके कारणमें दुःखकी कल्पनाहै और धन प्राणहैं इस दृष्टान्तमें दुःखके कारणके कारणमें दुःख का उपचार है

तत्[1/1] एतत्[1/1] दुःखम् [1/1] एव*इति*भावनम्[1/1] =सो[=तत्]यह[=एतत्]हिंसादिक पांचपाप दुःखही हैं इस प्रकार भावना वा चिन्तवन

परात्मसाक्षिकमवगन्तव्यम् (?) ननु च तत्सर्वं न दुःखमेव विषयरतिसुखसद्भावात्। न तत्सुखं वेदनाप्रतिकारत्वात्कच्छूकण्डूयनवत् ॥

परः[१]-आत्म-साक्षिकम् $^{९।।।(२)}$
अवगन्तव्यम् $^{९।।।}$

= अन्य[के सम्बन्ध वा विषय] में अथवा अन्यके लिये अपने तुल्य(=साक्षिकं)
= बोध किया जाना चाहिये अर्थात् ये हिंसादिक पांच पाप अथवा अव्रत दुःख के कारण हैं अथवा दुःखके कारणके कारण हैं ऐसा विचारकर जानना चाहिये कि जैसे वे मुझको व्यापते हैं अथवा मेरी आत्मामें चुभते हैं वैसे ही परके व्यापते चुभते हैं जैसे (क) वध बन्धन पीडन और अन्य दुःख मुझको अप्रिय अनिष्ट वा बुरे लगते हैं वैसे ही सम्पूर्ण जीवों को अप्रिय लगते हैं तथा दुःख उपजाते हैं (ख) जैसे मिथ्याभाषणसे मुझे दुःख होता है अर्थात् मेरे विषय में यदि कोई मिथ्याभाषण करे तौ मुझे दुःख होता है ऐसे ही अन्य प्राणी को दुःखहोगा (ग) जैसे मुझे इष्ट पदार्थके वियोगसे दुःख होता है और पूर्वमें हुआ भी ऐसे ही यदि चोरी करके उनका इष्ट पदार्थसे वियोग कर देवेंगे तौ उनको दुःख होगा (घ) जैसे कोई मेरी स्त्री का तिरस्कार करे तिससे मेरे तीव्र मानसिक पीडा होती है तैसे अन्य जीवोंको जिनकी स्त्रियोंसे व्यभिचार करके उनका अपमान और शील भंग किया जाता है होता है (ङ) जैसे आपके धनादिक परिग्रह नहीं प्राप्त होते वा प्राप्त हुआ तिसको नष्ट होते वांछा-रक्षा-शोक इत्यादि करि उपजा दुःख को प्राप्त होता है तैसे ही परिग्रह की वांछासे तथा परिग्रह के नष्ट होनेसे समस्त जीवोंको दुःख होता है तिससे हिंसादिक पांच पापों से निवृत्ति वा हटना ही जीवों को कल्याण कारी है ॥

ननु[*] च[*]विषय-रति सुख-सद्भावात् $^{९।।}$ = पुनि प्रश्न-विषय रमण(=रति)में वा भोग (=विषय)विलासकरनेमें(=रति)व सुखकी विद्यमानताहोनेसे
तत्-सर्वम् $^{९।।।}$ न[*]दुःखम् $^{९।।।}$ एव[*] = वह सब(अव्रत) दुःख (के कारण वा कारण के कारण)ही नहीं है ?
न[*]तत्-[९।।।] सुखम् $^{९।।।}$ वेदना- = (उत्तर) वह (विषय रति) सुख नहीं है क्योंकि(वह विषय रति) व्याधि वा रोग का
प्रतिकारत्वात् $^{५।।।}$ कच्छू-कंडूयनवत्[*] = उपाय(=प्रतिकार)खाज की(=कच्छू)खुजली(=कन्डूयन) के समान है

(१) अत्र 'परत्राप्यसाक्षिक मितिपाठः तालपत्रपुस्तके वर्तते । परत्रात्मसाक्षिकमित्यन्यः पाठस्तृतीयपुस्तके वर्तते ।
परत्र-अत्र-साक्षिकम् इति पाठः तालपत्रपुस्तके वर्तते = परमें और अपने में(=अत्र समान ऐसापाठताडके पत्तोंपर लिखीहुई प्रतिमें विद्यमानहै
परत्र-आत्मा-साक्षिकम् इति : अन्यःपाठःतृतीय-पुस्तके वर्तते = परमें और आत्मामें समान ऐसा अन्य पाठ तीसरी पुस्तक में विद्यमान है
(२) साक्षात् प्रत्यक्ष तुल्ययोः = साक्षात् यह एक नाम प्रत्यक्षका और तुल्यकाहै (अमरकोष नानार्थ वर्ग श्लोक २४४)

पुनरपि भावनान्तरार्थमाह-

मैत्रीप्रमोदकारुण्यमाध्यस्थानि च स-त्वगुणाधिकक्लिश्यमानाविनयेषु ॥

अर्थात् सुंदर स्त्रीके कोमल और सुंदर शरीरके स्पर्शनसे रति सुख उपजता दीखताहै सो सुख नहींहै भ्रांति वा झूठी समझ से सुखरूप दीखताहै ॥ वेदनाका उपाय है जैसे चाम-मांस-रुधिर जब विकारसे कलुषपना वा अस्वच्छताको प्राप्त होकर खाजकी उत्कटता वा उग्रता करि बाधा करताहै तब नखोंसे ठीकरीयोंसे पत्थर इत्यादिकसे अपने शरीर को खुजाता है गात्रको छेदनसे रगड़नेसे रुधिरसे लिप्त हुआ भी बहुत खुजला करि दुःखही को सुख मानता है तैसे मैथुन सेवने वाला भी मोहसे दुःखही को सुख मानता है जैसे कोई पुरुष चारौ ओर अग्निकी ज्वालासे वलता अग्निके आतापको नहीं सहन कर सक्ता विष्टासे भरा हुआ महा दुर्गन्ध कुंडमें जायपड़ताहै तिसविष्टा में मस्तक पर्यन्त डूब तिसको आताप रहित सुखमानि मरण करता है तैसे स्पर्शन इन्द्रियके आताप सहनेको असमर्थ हुआ संसारीजीव स्त्रियोंकी दुर्गन्ध देहमें कामको आताप रहित सुख मानता अति तृष्णासे उत्पन्न हुआ तीव्रदुःखको भोगता मरणकरि संसारमें नष्ट हो जाता है

पुनः*अपि*भावनान्तर-अर्थम्[१]॥ आह ॥ = फिर (=पुनः) भी अन्य भावनाके लिऐ (आचार्य उत्तर सूत्र) कहते हैं कि

मैत्रीप्रमोदकारुण्यमाध्यस्थानि (२) च (-) सत्त्वगुणाधिकक्लिश्यमानाविनयेषु ॥ ११ ॥

अन्तर् और अन्तरेण —ये दोनों अव्यय हैं। अन् और तुड् प्रत्ययके आगम से अन्तर् शब्द बनाहै मध्य(बीच), प्राप्त, स्वीकार,चित्त इत्यादि अर्थों में आता है, अन्तर शब्दमें 'इण् + ण'लगानेसे अन्तरेण बना है जिसका (क) मध्य,बीच(ख)संबंधमें, बारेमें (ग) बिना इन अर्थोंमें प्रयोग किया जाता है जब पिछले दो अर्थों में आता है तब इसके साथ द्वितीया विभक्ति आती है जैसे देवीं वसुमतीमन्तरेण महदुपालम्भनम् गतोऽस्मि(=देवीम् वसुमतीम् अन्तरेण महत् उपालम्भनं गतो(स्मि)=देवी वसुमती के बारे या सम्बन्धमें बड़े दूषण या उलाहने को प्राप्त हुआहूं ।(वैद्यकोष पृष्ठ ३१ में अन्तरेण,१४५ में उपालम्भ,उपालम्भन शब्दों कोदेखो)॥ तानन्तरेण रमणी रमणीय शीले=तान् अन्तरेण रमणी रमणीयशीले=उनके विद्वान प्यारी आनन्दित चित्त में है, क्रियान्तरीतरायमन्तरेण=क्रियान्तर-अंतराय-अन्तरेण=अन्य क्रिया के विघ्नके विद्वानअथवा बिना ॥ इसी अर्थ में अन्तरेण शल्याभावम्=शल्य-अभावम् अन्तरेण=शल्यके अभाव विना, इस वाक्यमें यह शब्द आया है ॥

॥ अगार्यनगारश्च ॥ १९ ॥

प्रतिश्रयार्थिभिःअंग्यते इति अगारं वेश्म,तद्वानगारी। न विद्यते अगारमस्येत्यनगारः॥ द्विविधो व्रती अगारी अनगारश्चेति ॥ ननु चात्र विपर्ययोऽपि प्राप्नोति– शून्यागारदेव-कुलाद्यावासस्य मुनेरगारित्वं,

(१)अगार्यनगारश्च ॥ १९ ॥ [व्रती]अगार्यनगारश्च =[व्रती अगार् यू अनगारः च=व्रती अगार्ई अनगारःच]
=व्रती अगारी अनगारःच [द्विविधः भवति]

सूत्रार्थः–व्रती$_{\frac{1}{6}}^{1}$'अगारी$_{\frac{1}{6}}^{1}$'अनगारः$_{\frac{1}{6}}^{1}$'च*
अनगारः$_{\frac{1}{6}}^{1}$'द्वि-विधः$_{\frac{1}{6}}^{1}$' भवति ।'

=व्रती गृही वा गृहस्थ (अगारी) अर्थात् श्रावक और (=च)
=अनगारी गृहत्यागी(=अनगारः)अर्थात् मुनि,साधु,ऋषि दो प्रकार होतेहैं

पदच्छेद और विभक्त्यर्थ सहित इस उन्नीसवां सूत्र पर सर्वार्थसिद्धिवृत्ति का शब्दशः हिन्दी अनुवाद

प्रतिश्रय-अर्थिभिः$_{\frac{3}{3}}^{1}$' अंग्यते ।' इति*अगारम्$_{\frac{1}{6}}^{1}$'',
वेश्म$_{\frac{1}{6}}^{1}$'',तद्वान्$_{\frac{1}{6}}^{1}$'अगारी$_{\frac{1}{6}}^{1}$';

=वसनेके लिये(=प्रतिश्रय)अर्थियों द्वारा अंगीकार किया जाताहै ऐसा अगार है
=गृह (=वेश्मन्) है उस अगार वा गृहवाला है सो अगारीहै अर्थात् जिस के आश्रय वा आसरे के लिये घर वा अगार हो सो अगारी है।

न*विद्यते अगारम्$_{\frac{1}{6}}^{1}$''अस्य$_{\frac{6}{6}}^{1}$'इति*अनागारः$_{\frac{1}{6}}^{1}$'
द्विविधः$_{\frac{1}{6}}^{1}$'व्रती$_{\frac{1}{6}}^{1}$'अगारी$_{\frac{1}{6}}^{1}$'अनगारः$_{\frac{1}{6}}^{1}$'च*इति*
ननु च*अत्र*विपर्ययः$_{\frac{1}{6}}^{1}$'अपि*प्राप्नोति ।'

=नहीं है विद्यमान अगार इसके ऐसा अनगार है
=व्रती दो प्रकार अगारीगृही वा गृहस्थ और अनगार गृहत्यागी अर्थात्मुनिहै
=तर्क इस स्थानमें (=अत्र)अर्थात् जहां पर वचन है कि अगारमेंरहनेवाले
=गृहस्थहैं और घरके त्यागी मुनि हैं वहां उलटा वा व्यतिक्रमभीप्राप्तहोताहै

शून्य-अगार-देव-कुलादि-आवासस्य$_{\frac{6}{6}}^{1}$' मुनेः$_{\frac{6}{6}}^{1}$'अगारित्व$_{\frac{1}{6}}^{1}$''

=(जैसे) शून्यघर देव,मंदिर, आदिमें वास करने वाले मुनिके अगारी पना

५२

(१) इस सूत्रका दोनों श्वेताम्बर और दिगम्बर सम्प्रदायोंमें एकसा पाठ है॥ इस १९ वां सूत्रमें व्रती शब्दका अनुवर्तन १८ वां सूत्रसे है॥ द्विविधःशब्दका अध्याहार (=वाक्यको पूरा करने के लिये शब्द वा शब्दों का जोड़ना) इस सूत्रमें किया गया है॥ अगारमस्यास्तीत्यगारी= अगारम् अस्य–अस्ति–इति अगारी=गृह इसके (आश्रय) है ऐसा अगारी है (तत्त्वार्थ राजवार्तिक पृष्ठ २८०)॥ नविद्यते अगारमस्येत्य नगारः= न विद्यते अगारम् अस्य इति अनगारः=नहीं (आश्रयके लिये) है गृह इसके विद्यमान ऐसा अनगार है (तत्त्वार्थ राजवार्तिक पृष्ठ २८०) *

अनिवृत्तविषयतृष्णस्य कुतश्चित्कारणाद् गृहं विमुच्य वने वसतोऽनगारत्वञ्च प्राप्नोतीति ॥ नैष दोषः। भावागारस्य विवक्षितत्वात् ॥ चारित्रमोहोदये सत्यगारसम्बन्धं प्रत्यनिवृत्तःपरिणामो भावागारमित्युच्यते ॥ स यस्यासावगारी ॥ वने वसन्नपि च गृहे वसन्नपि तदभावादनगार इति च भवति ॥ ननु चागारिणो व्रतित्वं न प्राप्नोति असकलव्रतत्वात् ॥ नैष दोषः ।

च*अनिवृत्तविषयतृष्णस्य[6,6] कुतश्चित्*कारणात्[5,1,1] =और (=च) जो विषय तृष्णासे (का) निवृत्त नहीं भया किसी कारणसे
गृहम्[2,1,1] (१)विमुच्य वने[2,1,1] वसतः[6,6] अनगारत्वम्[1,1,1] प्राप्नोति[1] =घरको त्यागवनमें वसने वालेके अनगारपना घरका त्यागना प्राप्त है
इति*भाव-अगारस्य[6,6] विवक्षितत्वात्[5,1,1] न*एषः[1,6] दोषः[1]; =भाव अगारकी विवक्षासे यह दोष नहीं है
चारित्र-मोह-उदये[7,6] सति[7,6] अगारसम्बन्धम्[2,6] प्रति*अनिवृत्तः[1,6] =चारित्र मोहके उदय होनेपर घरके सम्बन्ध प्रति नहीं हटा हुआ अथवा लगाभया
परिणामः[1,1] भाव-अगारम्[1,1] इति उच्यते[1] (२)सः[1,1] यस्य[6,1] =परिणाम है सो भाव अगार ऐसा कहागयाहै जिसके वह (=सः) (भाव अगार)है
असौ[1,1] अगारी[1,1] ;वने[7,1,1] वसन्[1,1] अपि*च*गृहे[7,1,1] वसन्अपि* =वह (=असौ) अगारी है और वनमें वसते हुए भी घरमें वसते हुए भी
तद्-अभावात्[5,1] अनगारः[1,1] इति*च*भवति[1] ॥ =उस (भाव अगार) की अविद्यमानतासे वा न होनेसे अनगारी ही (=च)होताहै

भावार्थ यहहै जिसका भाव घरके सम्बन्धमें वा गृहस्थीमें लगा हुआहै फसाहै वह चाहे वनमें रहै चाहे घरमें रहै अगारीहै और जिसका परिणाम गृहस्थीसे विरक्त है हटा हुआहै वह चाहे शून्य (सूने) घरमें रहो चाहे वनमें रहो अनगारी है ॥

ननु*च*अगारिणः[6,1], असकल-व्रतत्वात्[5,1,1] =पुन प्रश्न—गृहस्थके वा गृहीके व्रतकी परिपूर्णता न होने (के हेतु) से
व्रतित्वम्[2,1,1] न*प्राप्नोति[1] ;न*एषः[1,6] दोषः[1] =व्रतपना प्राप्त नहीं होता है (उत्तर) यह दूषण नहीं है

(१) विमुच्य-सम्बन्ध सूचक भूत कृदन्त मुच् धातु का है (२) वसतो = वसतः = वसत् + अस् । वसत्-वर्तमान कृदन्त वस् धातु का है और वसतः षष्ठी एक वचन पुल्लिङ्ग वसत् का है ॥ (३) यह वाक्य राजवार्तिक में इस प्रकार हैकि"स यस्यास्त्यसौ वने वसन्नपि अगारीति व्यपदेशमर्हति । तदभावादनगार इति च भवति" । तत्त्वार्थराजवार्तिक पृष्ठ २८० की दूसरी वार्तिककी वृत्तिका अंत वाक्य देखो)

सः यस्य अस्ति असौ वने वसत् अपि = जिसके (=यस्य) वह (=सः)अर्थात् भाव अगारहै । वह (=असौ पुरुष) वनमें वास करते हुएभी
अगारी इति व्यपदेशम् अर्हति । = अगारी है ऐसा विशेष रूप से उपदेश करना उचित है (ऐसे ही)
तद्-अभावात् अनगारः इति च भवति ॥ = और उस (अगार भावके अभाव से) अनगार होता है ॥

नैगमादिनयापेक्षया अगारिणोऽपि व्रतित्वमुपपद्यते । नगरावासवत् ॥ यथा गृहे अपवरके वा वसन्नपि नगरावास इत्युच्यते । तथा असकलव्रतोऽपि नैगमसंग्रहव्यवहारनयापेक्षया व्रतीति व्यपदिश्यते ॥ अत्राह किं हिंसादीनामन्यतमस्माद्यः प्रतिनिवृत्तः स खल्वगारी व्रती?। नैवम् ॥ किं तर्हि? । पञ्चतय्या अपि विरतेर्वैकल्येन विवक्षित इत्युच्यते—अणुव्रतोऽगारी॥२०॥

नैगम-आदि-नय-अपेक्षाया अगारिणः अपि* =नैगमादिक (सात) नयोंकी अपेक्षासे गृहस्थके भी
व्रतित्वम् नगर-आवास-वत्*उपपद्यते T । =व्रतपना नगरके रहने (=आवास) के सदृश प्राप्त होता है (=उपपद्यते) अर्थात् गृह में बसे और नगरमें वासकरना कहलावे
यथा*गृहे*अपवरके*वा*(१)वसत् अपि* =जैसे घरमें अथवा वासगृहमें (जो नगरका एक भाग है) रहते हुए भी
नगर-आवासः इति*उच्यते T। तथा*असकल-व्रतः अपि* =नगरमें रहना ऐसा कहा जाता है । तैसे अपूर्ण व्रत धारक भी
नैगम-संग्रह-व्यवहारनय-अपेक्षाया व्रती इति*व्यपदिश्यते I=नैगम-संग्रह-व्यवहार नयोंकी अपेक्षासे व्रती ऐसा कहा जाता है
अत्र*आह T किम्*हिंसादीनाम्*अन्यतमस्मात् =यहां पूछता है क्या हिंसादिकके बहुतोंमेंसे एक पापसे (=अन्यतमस्मात्)
यः*प्रतिनिवृत्तः*सः*खलु*अगारी*व्रती* ? =जो निवृत्त हुआ है सो गृहस्थ निश्चयरूपसे व्रती है (कि नहीं) ?।
न*एवम्* ॥ =(उत्तर) नहीं है अर्थात् हिंसा—अनृत—स्तेय—अब्रह्म-परिग्रह इन पापोंसे कोई मनुष्य एक पाप न करे तो वह गृहस्थ व्रती वा ग्रहव्रती नहीं है ।
किम्*तर्हि*पञ्चतय्या*अपि*विरतेः*वैकल्येन* =तो क्या है (उत्तर) पांचों (पापों) से ही एक देशपनेकरि(=वैकल्येन) निवृत्ति
विवक्षितः*इति*उच्यते I =अपेक्षित है ऐसे (उत्तर सूत्रमें) कहा जाता है कि

(२) अणुव्रतोऽगारी ॥ २० ॥=अणुव्रतः सः अगारी भवति ॥ २० ॥

सूत्रार्थः—अणुव्रतः =अणु व्रतवाला, अणुमात्र व्रतवाला अथवा अल्प व्रतका धारी अर्थात् वह व्रती जिसके एक देशवा थोड़े रूपमें यथाशक्ति पांचों पापोंका त्याग हो
सः अगारी भवति T =सो अगारी-अणुव्रती-गृहस्थ-गृही-अथवा श्रावक है

(१) वसत् वर्तमान कृदन्त वस् धातुका है (२) इस सूत्र का दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनों संप्रदायों में एक सा पाठ और एक सा अर्थ है ।

अणुशब्दोऽल्पवचनः । अणूनि व्रतान्यस्य अणुव्रतोऽगारीत्युच्यते ॥ कथमस्य व्रतानामणुत्वं? सर्वसावद्यनिवृत्त्यसम्भवात् ॥ कुतस्तर्ह्यसौ निवृत्तः ? त्रसप्राणिव्यपरोपणान्निवृत्तः अगारीत्याद्यमणुव्रतम् ॥ स्नेहमोहादिवशाद् गृहविनाशे ग्रामविनाशे वा कारणमित्यभिमतादसत्यवचनान्निवृत्तो गृहीति द्वितीयमणुव्रतम् ॥ अन्यपीडाकरपार्थिवभयादिवशादवश्यं परित्यक्तमपि यददत्तं ततः प्रतिनिवृत्तादरः श्रावक इति तृतीयमणुव्रतम् ॥ उपासायाः

अणुशब्दः[1]अल्पवचनः[1];अणूनि[3]व्रतानि[3]अस्य[1] अणुव्रतः[1]अगारी[1]इति*उच्यते[1] ॥
कथम्*अस्य[1]व्रतानाम्[2]अणुत्वम्[1] ?
सर्व-सावद्य-निवृत्ति-असम्भवात्[1] ॥

=(इस सूत्रमें) अणुशब्द अल्पवाची है । अल्पव्रत हैं जिसके
=सो अणुव्रती ऐसा अगारी कहा जाता है ॥
=(प्रश्न) इस (अगारी वा गृहस्थ) के व्रतोंकी अल्पता वा सूक्ष्मता कैसे है
=(उत्तर) क्योंकि(अणुव्रतीके)सब पापोंसे निवृत्त होनेकी(छूटनेकी)असम्भवताहै अर्थात् सम्भव नहीं कि गृहस्थ सर्व प्रकारके पापोंसे पूर्णरूपसे बचा रहे ।

कुतः*तर्हि*असौ[1]निवृत्तः[1] ?
त्रस-प्राणिन्-व्यपरोपणात्[2]निवृत्तः[1]अगारी[1] इति* आद्यम्[1]अणुव्रतम्[1]; स्नेह-मोहादि-वशात्[1] गृहविनाशे[2]ग्रामविनाशे[2]वा कारणम्[1]इति* अभिमतात्[1]असत्यवचनात्[1]निवृत्तः[1]गृही[1] इति*द्वितीयम्[1]अणुव्रतम्[1] ॥

=(प्रश्न) तो (तर्हि) वह(=असौ=अगारी) किन (पापों) से निवृत्तहै वा हटा हुआ है
=त्रस जीवोंके मारनेसे अगारी निवृत्त है इस प्रकार
=प्रथम (=आद्य=अहिंसा नामा) अणुव्रत (उसके) है । प्रीति और मोहकेवशसे
=घरके विनाशमें अथवा ग्रामके विनाशमें है कारण जो ऐसे
=अंगेजे वा अंगीकृत झूठसे गृहस्थ वा गृही निवृत्त है
=ऐसा दूसरा (सत्यनामा) अणुव्रत(उस गृहस्थके) है अर्थात् जिस असत्य वचनसे घरका विनाश होय तथा ग्रामका विनाश होय ऐसा आप जानता हो तिस असत्य वचनसे निवृत्त होय स्नेह मोहके वशसे ऐसा वचन नहीं कहै ऐसे गृहस्थके दूसरा अणु व्रत होता है

अन्यपीडाकर-पार्थिव-भयादि-वशात्[1]अवश्यम्*परित्यक्तं[1]अपि*यत्[1]अदत्तम्[1]ततः*प्रतिनिवृत्त-आदरः[1]श्रावकः[1]इति*तृतीयम्[1] अणुव्रतम्[1] ॥ उपासायाः[1]

=दूसरेको पीड़ा करने वाला तथा राजाके भयादिकके निमित्तसे अवश्य त्यागनेयोग्य =भी जो बिना दी हुई(वस्तु)तिससे श्रावक हटाहुआ(उसका)प्रयत्न नहीं करताहै =ऐसा तीसरा(अस्तेय नामा)अणुव्रत (उस अगारीके)है ॥ व्याही हुई(=उपासायाः)

अनुपात्तायाश्च पराङ्गनायाः सङ्गान्निवृत्तरतिर्गृहीति चतुर्थमणुव्रतम् ॥ धनधान्यक्षेत्रादीनामिच्छावशात् कृतपरिच्छेदो गृहीति पञ्चममणुव्रतम् ॥ आह अपरित्यक्तागारस्य किमेतावानेव विशेषः आहोस्विदस्ति कश्चिदन्योऽपीत्यत आह–

॥ दिग्देशानर्थदण्डविरतिसामायिकप्रोषधोपवासोपभोगपरिभोगपरिमाणातिथिसंविभागव्रतसम्पन्नश्च ॥२१॥

अनुपात्तायाः[६/१] च*पराङ्गनायाः[६/१] सङ्गात्[५] निवृत्तरतिः[१/१] गृहीति=और [=च] विनाब्याहीहुई दूसरोंकी स्त्रीके संगमसे रति रहित गृहस्थ है
इति*चतुर्थम्[१/१] अणुव्रतम्[१/१]; धन-धान्य-क्षेत्रादीनाम् [६/३] =ऐसे चौथा (ब्रह्मनामा) अणुव्रत (उसगृहीके) है-धन-धान्य क्षेत्रादिकका
इच्छावशात्[५] कृतपरिच्छेदः[१/१] गृही [१/१] इति* =इच्छा के वशसे गृहस्थ अथवा गृही परिमाणकरता(=कृतपरिच्छेद)है ऐसा
पञ्चमम् [१/१] अणुव्रतम्[१/१]; आह T =[परिग्रह त्यागनामा) पांचवां अणुव्रत है। पूछता है
अपरित्यक्त-अगारस्य[६/१] किम्*एतावत्[१/१] एव*विशेषः[१/१] =कि गृहस्थ वा अगारी[=अपरित्यक्त अगारस्य]का क्या इतना ही विशेष है
आहोस्वित्*अस्ति*कश्चित्*अन्यः[१/१] अपि*इति*अतः*आह T =अथवा(=आहोस्वित) कुछऔर भी है इसलिये (अगले सूत्रमें कहते है) कि

[१] दिग्देशानर्थदण्डविरतिसामायिकप्रोषधोपवासोपभोगपरिभोगपरिमाणातिथिसँविभागव्रतसम्पन्नश्च ॥ २१ ॥

=दिग्विरतिव्रतसम्पन्न-देशविरतिव्रतसंपन्न-अनर्थदण्डविरतिव्रतसम्पन्न-सामायिकव्रतसम्पन्न-प्रोषधोपवासव्रतसम्पन्न-उपभोगपरिमाणपरिभोग-परिमाणव्रत सम्पन्न-अतिथिसंविभागव्रतसंपन्नः च [अगारी व्रती भवति]

दिग्विरतिव्रतसम्पन्न-	=दिशाओंमें गमनागमनकी सीमाका [यावज्जीव] नियमकरियुक्त
देशविरतिव्रतसम्पन्न-	=किसी देशके बाहर गमनागमन [कालकी मर्यादा करि] न करनेवाला
अनर्थदंडविरतिव्रतसम्पन्न-	=अनर्थपापबंधके कारणोंसे त्यागी (ये तीन गुणव्रत कहलाते हैं)
सामायिकव्रतसम्पन्न-	=स्वरूप विषै तथा शुभक्रियामें एकताकरि लीनहोने वाला वा रागद्वेषत्याग साम्यभावको प्राप्त होकर शुद्ध आत्म स्वरूपमें लीन होने वाला

(१) दिगम्बर सम्प्रदायमें इस सूत्रका पाठ एकसा है॥ श्वेताम्बर आम्नायमें 'पञ्चमाण' शब्द नहीं है और 'प्रोषधोपवास'के स्थानमें 'पौषधोपवास' है

उपभोगपरिमाणपरिभोगपरिमाण व्रतसम्पन्न =एक बार सेवने योग्य वस्तु (जैसे ताम्बूल-भोजन आदि) का मर्यादं और बार बार सेवने योग्य वस्तु (जैसे–आभरण–वस्त्र–गृह–वाहन–शय्या आदिक) का मर्यादं और

च*अतिथिसंविभागव्रतसपन्नः ¼ =महा व्रतियोंके लिये चार प्रकार (भिक्षा-उपकरण-भेषज-वसतिका)का दान देने वाला

अगारी ½ व्रती ¾ भवति । =भी (=च) अगारी व्रती-अणुव्रती होता है

पदच्छेद और विभक्त्यर्थ सहित इस इक्कीसवां सूत्र पर सर्वार्थसिद्धिवृत्तिका शब्दशः हिन्दी अनुवाद

इन दोनों प्रोषधोपवास और पौषधोपवास शब्दोंका अर्थ एक ही है शेष सूत्र पाठ दोनों सम्प्रदायोंमें एकसा है ॥ परिमाण शब्द न होने पर भी अर्थ दोनों सम्प्रदायों में एकसा है ॥ 'समाप्यतत्त्वार्थाधिगम सूत्र' में उपभोग परिभोग व्रत का पृष्ठ १६३ में संस्कृत और भाषा इस प्रकार है कि "उपभोगपरिभोगव्रतं नामाशनपानखाद्यस्वाद्यगन्धमाल्यादीनामाच्छादनप्रावरणालंकारशयनासनगृहयानवाहनादीनां च बहुसावद्यानां वर्जनम् । अल्पसावद्यानामपि परिमाणकरणमिति ॥ "

उपभोगपरिभोगव्रतम् नाम अशन-पान-खाद्य स्वाद्य गन्धमाल्य-आदीनाम् आच्छादन–प्रावरण-अलंकार-शयन-आसन-गृह–यान-वाहन-आदीनाम् च बहुसावद्यानाम् वर्जनम् ।

= "उपभोगपरिभोग व्रतनामा वह है कि जिसमें भोजन, पानादि खाद्य पदार्थों का
= स्वाद्य अर्थात् प्रिय आनन्ददायक, गन्धमाला आदि पदार्थों का,
= आच्छादन-आवरण (वस्त्रादि) अलङ्कार, शय्या, आसन, गृह,
= यान (सवारी घोड़े हाथी बग्गी आदि) वाहन बैल आदि पदार्थों का भी (=च)
= जो कि बहुत सावद्य हैं अर्थात् निंदा दोषादि सहित हैं उन सबका त्याग करना।
और इन भोजन, पान, गन्धमाल्य, वस्त्र, अलङ्कार, शय्या–गृह–यानादिकमेंसे जो
= अल्पदोषादि युक्त हैं उनका भी परिमाण करना कि इतने से अधिक नहीं रक्खेंगे अर्थात् अल्प दोषवालोंमें भी आवश्यक पदार्थों की गणना करके काममें लाना ॥ यही अर्थ हमारी-सम्प्रदायमें भी सर्वार्थसिद्धि वृत्ति, तत्त्वार्थराजवार्तिक और तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक, पं० जयचंद जीकी भाषावचनिका और अर्थ प्रकाशिका इत्यादिक में दिया है ॥ विशेष जाननेके इच्छुक उक्त ग्रन्थोंकोदेख सकेहैं। इस इक्कीसवां सूत्रके (पृष्ठ ५६,'५७ देखो) पदच्छेदको अनुवादकने सर्वार्थसिद्धिवृत्ति, तत्त्वार्थराजवार्तिक तथा तत्त्वार्थश्लोकवार्तिकके अनुसार किया है कि

(क) विरति शब्द प्रत्येक पर लगाना चाहिये तब दिग्विरति–देशविरति–अनर्थदंडविरति हुए फिर कहा गयाहै कि व्रतशब्द प्रत्येक परलगाओऐसे दिग्–विरतिव्रत–देशविरतिव्रत–अनर्थदण्डविरतिव्रत हुये पश्चात् में लिखा है कि सामायिक व्रत, प्रोषधोपवासव्रत–उपभोग–परिभोग परिमाणव्रत-अतिथिसंविभागव्रत ॥ "पेतैः व्रतैः सम्पन्नो," इन पूर्वोक्त सातों व्रत करि सहित वा युक्त ऐसा कहने से स्पष्ट है कि सम्पन्न शब्द सर्व पर लगाओ देखो सर्वार्थसिद्धिवृत्ति पृष्ठ ३५६ पंक्ति २,३,४,५,६, "तयोः परिमाणमुपभोगपरिभोग परिमाणम्" दोनोंका परिमाण अर्थात् उपभोग परिमाण तथा परिभोग परिमाण सो उपभोगपरिभोग परिमाण है ॥ देखो सर्वार्थ सिद्धिवृत्ति पृष्ठ ३६१ पंक्ति ६–७।

(ख) विरति शब्द प्रत्येक पर लगाओ तो दिग्विरति-देशविरति अनर्थदण्डविरति हुये (=विरति शब्दः प्रत्येकं परिसमाप्यते-दिग्विरतिः

विरतिशब्दः प्रत्येकं परिसमाप्यते ।दिग्विरतिः। देशविरतिः। अनर्थदण्डविरतिरिति। एतानि त्रीणि गुणव्रतानि व्रतशब्दस्य प्रत्येकमभिसम्बंधात्।तथासामायिकव्रतम् ।प्रोषधोपवासव्रतम्। उपभोग-परिभोगपरिमाणव्रतम्।अतिथिसंविभागव्रतमिति ॥ एतैर्व्रतैः सम्पन्नो गृही विरताविरतइत्युच्यते ।

विरतिशब्दः[१]प्रत्येकम [२]॥परिसमाप्यते T ।

=विरतिशब्द(दिग् देश–अनर्थदण्ड)प्रत्येकको लगाया जाता है प्रत्येकको परिपूर्ण किया जाता है अथवा पृथक् पृथक् तीनों शब्दों पर लगाया जाता है

दिग्विरतिः[१]॥;देशविरतिः[२]॥; अनर्थदण्डविरतिः[३]॥इति* ॥

=(अर्थात्-तब)दिग्विरति देशविरति,अनर्थदण्डविरति ऐसे हुए

एतानि[१]॥त्रीणि[२]॥गुणव्रतानि[३]॥व्रतशब्दस्य[१]प्रत्येकम्[२]॥ अभिसम्बन्धात्[३];

=ये तीन गुणव्रत–व्रत शब्दका प्रत्येक (दिग्-देश-अनर्थदण्ड) को =सम्बन्ध करनेसे होते हैअर्थात् दिग्विरतिव्रत-देशविरतिव्रत-अनर्थदण्ड-विरतिव्रत हुए (इनको तीन गुणव्रत कहते हैं) ॥

तथा*सामायिकव्रतम्[१]॥;प्रोषधोपवासव्रतम्[२]॥; उपभोगपरिभोगपरिमाणव्रतम्[३]॥;अतिथिसंविभागव्रतम्[४]॥ इति* ॥ एतैः[३]॥व्रतैः[३]॥सम्पन्नः[१]

=तथा सामायिकव्रत,प्रोषधोपवासव्रत, =उपभोगपरिमाण परिभोगपरिमाणव्रत अतिथिसंविभागव्रत, =ऐसे (ये चार शिक्षा व्रत)हैं॥इन(सात शील वा सात)व्रतों करि युक्त अर्थात् तीनगुण व्रत,चार शिक्षा व्रत(सबको सात शीलभी कहतेहैं इन करि) सहित

गृही[१]॥विरत-अविरतः[१]इति*उच्यते।'।

=गृहस्थ (=गृही) विरताविरत अथवा संयमासंयम कहा जाता है ।

देशविरतिरनर्थदण्डविरतिरिति'' तत्त्वार्थ राजवार्तिक पृष्ठ २८१ पंक्ति २५ देखो। 'व्रतसंपन्नशब्दः' प्रत्येकमभिसंबध्यते ॥ दिग्विरति युतः संपन्नः देशविरतिव्रतसंपन्न इत्यादि'' तत्त्वार्थ राजवार्तिक मुद्रित पृष्ठ २८२ पंक्ति १३)

(ग) श्लोकवार्तिकमें दिशा देश और अनर्थ दण्ड का अर्थ कहने के पश्चात् लिखा है 'विरति शब्दः प्रत्येकमभिसंबध्यते'' अर्थात् विरति शब्द प्रत्येक दिग्-देश -अनर्थ दण्ड शब्दों पर लगाया जाता है तब दिग्विरति-देशविरति-अनर्थ दण्ड विरति हुये ॥ पश्चात् सामायिक-प्रोषधोपवास-उपभोगपरिभोग परिमाण-अतिथि संविभाग शब्दोंकी व्युतपत्ति और अर्थ कहकर लिखते हैं कि ''व्रतशब्दः प्रत्येकमभिसंबध्यते संपन्न शब्दश्च तेन दिग्विरतिव्रतसंपन्न इत्यादि योऽयम्। अर्थात् व्रतशब्द प्रत्येकपर जोड़ो और संपन्न शब्दभी (प्रत्येक पर) (जोड़ो) तिस (जोड़ने)करि दिग्विरतिव्रतसंपन्न-देशविरतिव्रतसंपन्न-अनर्थदण्डव्रतसंपन्न-सामायिकव्रतसंपन्न-प्रोषधोपवासव्रतसंपन्न-उपभोग (परिमाण) परिभोगपरिमाण व्रत संपन्न-अतिथि संविभाग व्रतसंपन्न (=इत्यादि) हुये ॥ "परिमाणशब्दः प्रत्येकमुभाभ्यां सम्बन्धनीयः'' अर्थात् परिमाणशब्द प्रत्येक (उपभोग-परिभोग)दोनों को जोड़ना चाहिये देखो तत्त्वार्थ श्लोकवार्तिक पृष्ठ४६६,''तयोःपरिमाणमुपभोगपरिभोग परिमाणम्। सर्वार्थसिद्धिपृष्ठ३६१॥

५८

तद्यथा–दिक्प्राच्यादिः तत्र प्रसिद्धैरभिज्ञानैरवधिं कृत्वा नियमनं दिग्विरतिव्रतम् ॥ ततो बहिस्त्रसस्थावरव्यपरोपणनिवृत्तेर्महाव्रतत्वमवसेयम्। तत्र लाभे सत्यपि परिणामस्य निवृत्तेर्लोभनिरासश्च कृतो भवति ॥ ग्रामादीनामवधृतपरिमाणप्रदेशो देशः ततोबहिर्निवृत्तिर्देशविरतिव्रतम्। पूर्ववद्बहिर्महाव्रतत्वं व्यवस्थाप्यम् ॥

तद्यथा*-दिक्-प्राच्यादिः $\frac{1}{4}$ तत्र*प्रसिद्धैः$\frac{3}{3}$ ॥ अभिज्ञानैः$\frac{3}{3}$ ॥
अवधिः$\frac{2}{4}$ कृत्वा÷नियमनम्$\frac{1}{4}$ ॥ दिग्विरतिव्रतम्$\frac{4}{4}$ ॥ ॥

=जैसे पूर्वआदि दिशाहैं तिनमें प्रसिद्धचिह्न(=अभिज्ञान)(पर्वत-नदी-ग्रामादिद्वारा)
=मर्यादा करि नियम करना वा प्रमाण करना सो दिग्विरति व्रत है

भावार्थ लोभका आरम्भके त्यागके अर्थ पूर्वादिक दिशाओंका योजन-नदी-ग्राम-नगर-पर्वतादिक प्रसिद्ध चिह्नों करि प्रमाण करना जो इतना क्षेत्रका प्रमाण है, इतना क्षेत्र बाहिर गमनादि नहीं करूंगा और न किसीका गमन कराऊंगा। गमन करने वाले को भला नहीं जानूंगा, सेवक मित्र आदिकको नहीं भेजूंगा, कोई वस्तु किञ्चित् भी नहीं मँगाऊंगा, और कोई किञ्चित् वस्तु भी नहीं भेजूंगा, ऐसी यावज्जीव (=जीवन भरि=जबतकजीवै) मर्यादाकरि अधिक क्षेत्र में वनिज व्यवहारादिक का त्याग करे तिसके दिग्विरति नाम व्रत होता है।

ततः*बहिस्*त्रस-स्थावर-व्यपरोपण-निवृत्तेः$\frac{4}{4}$
महाव्रतत्वम्$\frac{3}{4}$ अवसेयम्$\frac{1}{4}$; तत्र *
लाभे$\frac{2}{4}$ सति$\frac{2}{4}$ अपि*परिणामस्य$\frac{6}{6}$ निवृत्तेः$\frac{4}{4}$
लोभनिरासः$\frac{1}{4}$ च*कृतः$\frac{1}{4}$ भवति ॥(१)ग्रामादीनाम्$\frac{3}{3}$
अवधृत-परिमाण-प्रदेशः$\frac{2}{2}$ देशः$\frac{1}{4}$ ॥

=उस(मर्यादा वा सीमा)से बाहिर चरअचर(=त्रस-स्थावर)जीवोंके घातकेअभावसे
=महाव्रतपना जानना चाहिये(=अवसेयम्)क्योंकि तहां(अर्थात्प्रमाणसेबाहर)
=लाभ होनेपरभी परिणामकी विरक्तताहै अर्थात् परिणाम नहीं चलताहै।
=(इससे)लोभ(कषाय)का परित्याग भी पूरा (=कृतः) होता है॥ ग्रामादिकके
=निश्चित परिमाणोंके प्रदेश हैं सो देशहैं अर्थात् ग्राम-नगर-घर-अंतःपुर अंतर्वेश्मन्,इत्यादिके निश्चितपरिमाणोंमें वा परिसरोंका प्रदेशहै वहदेश है

तत*बहिस्*निवृत्तिः$\frac{1}{4}$॥ देशविरतिव्रतम्$\frac{1}{4}$॥;
पूर्ववत्*बहिस्*
महाव्रतत्वम्$\frac{1}{4}$ व्यवस्थाप्यम्$\frac{1}{4}$॥

=(उस देश)से बाहिर (कालकीमर्यादासे गमनागमनका)त्याग देशविरति व्रत है
=पहिले के सदृश(परिमित दिशासे)बाहिर अर्थात् दिग्व्रतके समान ही
=(देश व्रत मेंभी) महाव्रतपना व्यवस्थित वा उपचरितहै भावार्थ जैसे दिग्व्रतमें

(१)ग्रामादीनां अवधृत परिमाणः प्रदेशो देशः (त०राज०वार्तिक३)=ग्रामनगरगृहान्तरकादीनामवधृतपरिमाणानांप्रदेशोदेश इत्युच्यते(श्रा०३वृत्तिः)

असत्युपकारे पापादानहेतुरनर्थदण्डः। ततो विरतिरनर्थदण्डविरतिः॥ अनर्थदण्डः पंचविधः। अपध्यानम्। पापोपदेशः। प्रमादाचरितम्। हिंसाप्रदानम्। अशुभश्रुतिरिति॥ तत्र परेषां जयपराजयवधबन्धनाङ्गच्छेदपरस्वहरणादि कथं स्यादिति मनसा चिन्तनमपध्यानम्। तिर्यक्क्लेशवाणिज्य प्राणिवधकारम्भकादिषु पापसंयुक्तं वचनं पापोपदेशः॥

परमित दिशासे बाहिर न जानेमें हिंसादिकके अभावसे महाव्रत पनेका उपचार है वैसेही यहां भी जितनी गमनागमनकी मर्यादा देशकी कीगई उससे बाहिर न जाने आनेसे हिंसादिकके अभावसे महाव्रत पनेका उपचार है॥

असति[७१]उपकारे[७२]पाप-आदान-हेतुः[१२]अनर्थदण्डः[१२];ततः* =उपकार न होते संते पापके ग्रहणका कारण (है सो) अनर्थदण्ड है। तिससे
विरतिः[१२]अनर्थदण्डविरतिः[१२]; अनर्थदंडः[१२]पञ्चविधः[१२]— =विरक्तता (सो) अनर्थ दंड विरति (व्रत) है। अनर्थदंड पांच प्रकार है
अपध्यानं[१२];पापोपदेशः[१२];प्रमादाचरितं[१२];हिंसाप्रदानं[१२];, =अपध्यान, पापोपदेश, प्रमादाचरित, हिंसाप्रदान,
अशुभश्रुतिः[१२]इति*॥तत्र-परेषाम्[६३] जय-पराजय- =अशुभ श्रुति इस प्रकार [पांच भेद]है। तहां और[जीवों]की जीत-हार[=पराजय]
वध-बन्धन-अंगच्छेद-परस्व-हरण-आदि[१२]कथम्*स्यात् T =मारना-बांधना-अंगछेदन अन्यका धन [=स्व] लैना आदिक कैसे होय
इति*मनसा[२१]चिन्तनम्[१२]अपध्यानम्[१२]॥ =इस प्रकार मनद्वारा स्मरण अथवा ध्यान सो अपध्यान[नामा अनर्थदंड]है।
तिर्यग्-क्लेशवाणिज्य (तिर्यग्वाणिज्य-क्लेशवाणिज्य)प्राणि-वधक- =तिर्यंचोंके वनिजमें, क्लेश वाणिज्यके विषयमें,प्राणियोंके मारनेवालोंमें
आरम्भकादिषु[७३] पापसंयुक्तम्[१२]वचनम्[१२]पापोपदेशः[१२] =तथा आरम्भादिकमें पाप सहित वाक्य कहना सो पापोपदेश[नामअनर्थदंड]है

भावार्थ जैसे इस देश में दास [=दासाः[१३]] दासी [दासी शब्दका=दास्यः[१३]] सुलभ है यहांसे लेकर उस देशमें वेचने पर अत्यन्त धनका लाभ होता है ऐसे क्लेश वाणिज्य है॥ और गाय भैंस आदिक यहां से लेकर और देशमें व्यवहार करने पर बहुतसा ळाभ होगा इसप्रकार तिर्यग् वाणिज्य है॥ व्याध वा बहोलिया [=वागुरिक] आखेटकी[सौकारिक]पक्षियों को मारने वाले [शाकुनिक] आदिक से कहना कि हम देशमें हिरन-शूकर-प्रत्येक प्रकार के पक्षी [=शकुन्त] आदिक [बहुत] हैं वध-कोपदेश है॥खेती-सैना-आदिक आरम्भियोंसे कहना कि पृथिवी (=क्षिति)जल अग्नि-पवन-वनस्पति कायका

प्रयोजनमन्तरेणवृक्षादिच्छेदनभूमिकुट्टनसलिलसेचनाद्यवद्यकार्यं प्रमादाचरितम्॥ विषकण्टक-शस्त्राग्निरज्जुकशादण्डादिहिंसोपकरणप्रदानं हिंसाप्रदानम्। हिंसारागादिप्रवर्धनदुष्टकथा-श्रवणशिक्षणव्यापृतिरशुभश्रुतिः। समेकीभावे वर्तते। तद्यथा सङ्गतं घृतं सङ्गतं तैलमित्युच्यते एकीभूतमिति गम्यते। एकत्वेन अयनं गमनं समयः; समय एव सामायिकं, समयः प्रयोजनमस्येति वा

प्रयोजनम् $^{2|1|1}_{\overline{4}}$ अन्तरेण*वृक्षादिच्छेदन-भूमिकुट्टन-सलिल-सेचन-आदि-अवद्यकार्यम् $^{1|1|1}_{\overline{4}}$ प्रमाद-आचरितम् $^{1|1|1}_{\overline{4}}$; विष-कण्टक-शस्त्र-अग्नि-रज्जु-कशा-दण्डादि-हिंसा-उपकरण-प्रदानम् $^{1|1|1}_{\overline{4}}$ हिंसा-प्रदानम् $^{1|1|1}_{\overline{4}}$ ॥ हिंसा-रागादि-प्रवर्धन-दुष्टकथाश्रवण-शिक्षण-व्यापृतिः $^{1|1}_{\overline{4}}$ अशुभश्रुतिः $^{1|1}_{\overline{4}}$; सम्-एकीभावे $^{2}_{\overline{4}}$ वर्तते T। तद्यथा* संगतम् $^{1|1|1}_{\overline{4}}$ घृतम् $^{1|1|1}_{\overline{4}}$ संगतम् $^{1|1|1}_{\overline{4}}$ तैलम् $^{1|1|1}_{\overline{4}}$ इति*उच्यते T एकीभूतम् $^{1|1|1}_{\overline{4}}$ इति*गम्यते T; एकत्वेन $^{1|1|1}_{\overline{4}}$ अयनम् $^{1|1|1}_{\overline{4}}$ गमनम् $^{1|1|1}_{\overline{4}}$ समयः $^{1|1}_{\overline{4}}$; समयः $^{1|1}_{\overline{4}}$ एव* सामायिकं $^{1|1|1}_{\overline{4}}$; समयः $^{1|1}_{\overline{4}}$ प्रयोजनं $^{1|1|1}_{\overline{4}}$ अस्य $^{1|1}_{\overline{4}}$ इति*वा*

आरम्भ इस उपाय करि करना चाहिये ऐसा वृतान्त(=आख्यान) आरम्भका उपदेशहै
=प्रयोजन विना (=अन्तरेण) वा निष्प्रयोजन वृक्षादिकका छेदना
=पृथिवीका कूटना, जलका बखेरना आदिक निंद्य कार्य
=सो प्रमादाचरित अथवा प्रमाद चर्यानामा अनर्थ दण्ड है। माहुर वा हलाहल (=विष)
=कांटा-शस्त्र-अग्नि-रस्सी-कोड़ा (=कशा) दंडादिक हिंसाकी
=सामिग्री वा साधन देना सो हिंसा प्रदान (नामा अनर्थ दंड) है
=हिंसा तथा रागादिक (क्रोध-काम-द्वेष-अभिमान इत्यादिक) के बढ़ावने वाली
=खोटी कथाका सुनना-सीखना-प्रवर्तन करना सो दुःश्रुति (नामा अनर्थ दंड है)
=सम् (उपसर्ग) एकताके भावमें वा एकताके अर्थमें प्रवर्तता है॥जैसे (किसी वस्तुमें)
=घी की एकता हो अर्थात् उसमें घी मिलकर एक मेक होजाय सो संगत घृत है।
=(किसी वस्तुमें)तेलकी एकता हो अर्थात् उसमें तेल मिलकर एकमेक होजाय सो संगततैलहै
=ऐसा कहा जाता है। एक हुआ ऐसे जाना जाता है। एकपन करि
=लीन (=अयनम्) गमन(=अयन)सो समय है। समयही हो अर्थात् एकत्व करिलीनहीहो
=सो सामायिक है अथवा समय है प्रयोजन इसका (सो सामायिक है) ऐसे

विगृह्य समायिकम्॥ इयति देशे एतावति काले इत्यवधारिते सामायिके स्थितस्य महाव्रतत्वं पूर्ववद्वेदितव्यम्॥अणुस्थूलकृतहिंसादिनिवृत्तेरसंयमप्रसङ्ग इतिचेन्न। तद्घातिकर्मोदयसद्भावात्॥ महाव्रतत्वाभाव इति चेदुपचाराद्राजकुले सर्वगतचैत्राभिधानवत्॥ प्रोषधशब्दःपर्वपर्यायवाची॥

विगृह्य÷समायिकम्[१]''''॥ { ह् में यङ्(=य) लगानेसे ग्रह=गृह्य } =विग्रहकरि(=अर्थप्रकाशकरने वाले वाक्य करि) समायिक (शब्द) बना है
भावार्थ स्वरूपविषैं तथा शुभ क्रियाविषैंएकताकरिलीन होना सो समायिक है

इयति[२]'देशे[२]'एतावति[२]'काले[२]'इति*अवधारिते[२]'''समायिके[२]''' =इतनेक्षेत्रमें इतने काल में ऐसीमर्यादाकरि (=अवधारिते)समायिकमें अर्थात्
साम्यभावको प्राप्त होकर आत्म स्वरूप विषैं वा शुद्धस्वरूपविषैं

स्थितस्य[६]'महाव्रतत्वम्[१]'''' =प्रतिज्ञा वालेके (देश-काल-सम्बन्धी)महाव्रतपना

पूर्ववत्*वेदितव्यम्[३]''' =पहले (दिग्विरतिव्रतऔर देशविरतिव्रत)के समान जानना चाहिये

अणु-स्थूल-कृत-हिंसादि-निवृतेः[५]'' =सूक्ष्म-स्थूल-प्रकार करि(=कृत)हिंसादिक के अभाव (के कारण)से
(इस सामायिक वाले संयतासंयतके) (सकल) संयमका अवसर आता है

संयम-प्रसङ्गः[१] =ऐसा संशयहै (=इति चेत्) (उत्तर)(सकल संयमका प्रसंग) नहीं आता है,

इति*चेत्*न*। =क्योंकि उस(सकल संयम)के घातने वाले(=घातिन्)(प्रत्याख्यानावरण कर्मका)

तद्-घातिन्-कर्मन्-
उदय-सद्भावात्[५] ॥ =(उस संयतासंय वा अणुव्रती के) उदयका सद्भाव वा अस्तित्व है

महाव्रतत्व-अभावः[१]इति*चेत्* =(उस अणुव्रतीके) महाव्रत के होने की निवृत्ति (आती है) ऐसा संदेह है

उपचारात्[५] राजकुले[७]''' =(पूर्वोक्त सामायिक करने वाले के) उपचार करि वा व्यवहार करि राजघरमें,

सर्वगत-चैत्र-अभिधानवत्* ॥ =सब स्थानोंमेंजानेवाले चैत्र नामा राज पुरुष के कथन के समान महाव्रत है

अर्थात् किसी पुरुषका राज घरमें प्रवेशहो परन्तु कोई गुप्त स्थान ऐसे है जहां वह नहीं जा सक्ता है तौ भी सामान्यतासे यह कहते हैं कि उस राज पुरुषका सब स्थानोंमें गमन है तैसे यहां पर पूर्वोक्त सामायिक करने वाले के सकल संयम नहीं है तौ भी उपचार वा बोल चालके व्यवहारमें कहे हैं कि उसके महाव्रत सामायिक समयमेंहै ॥

प्रोषधशब्दः[१] पर्व-पर्याय-वाची[१]; =(सूत्रमें)प्रोषधशब्द पर्वशब्दका समानार्थकहै अर्थात् प्रोषध शब्द, पर्वशब्द एक

शब्दादिग्रहणं प्रति निवृत्तौत्सुक्यानि पञ्चापीन्द्रियाण्युपेत्य तस्मिन् वसन्तीत्युपवासः।चतुर्विधाऽऽहारपरित्याग इत्यर्थः॥प्रोषधेउपवासःप्रोषधोपवासः।स्वशरीरसंस्कारकारणस्नानगन्धमाल्याभरणादिविरहितः शुभावकाशे साधुनिवासे चैत्यालये स्वप्रोषधोपवासगृहे वा धर्मकथाचिन्तनावहितान्तःकरणः (१)सन्नुपवसेत् निरारम्भश्रावकः॥ उपभोगोऽशनपानगन्धमाल्यादिः।

शब्दादिग्रहणम्[३] प्रति*निवृत्त-औत्सुक्यानि[३] पञ्च[३] अपि*इन्द्रियाणि[३] उपेत्य÷तस्मिन्[२] वसन्ति[T] इति*उपवासः[१];

चतुर्विध-आहार-परित्यागः[१] इति*अर्थः[१] ॥

प्रोषधे[२] उपवासः[१] प्रोषध-उपवासः[१];

स्व-शरीर-संस्कार-कारण-स्नान गन्ध-माल्य-आभरण-आदि-विरहितः[१]

शुभ-अवकाशे[२] साधुनिवासे[२] चैत्यालये[२] स्व-प्रोषधोपवासगृहे[२] वा धर्मकथा-चिन्तन-अवहित-अन्तःकरण[२] सन्[१]

उपवसेत्[T] निरारम्भ-श्रावकः[१]; अशन-पान-गन्ध-माल्य-आदिः[१] उपभोगः[१];

ही आशयको कहते हैं भावार्थ अष्टमी, चतुर्दशी, पर्वोंको प्रोषध कहते हैं।

=शब्दादिक (पांच इन्द्रियोंके विषयों) के ग्रहणसे निवृत्त

=पांचों ही (=अपि) इन्द्रियोंकी इच्छाओंको (विषयोंसे) (=औत्सुक्यानि)

=अपने आधीन करि (=उपेत्य) जसमें वसती हैं ऐसा उपवास है॥ संक्षेपतः पांचों ही इन्द्रियें अपने विषयोंसे छूटकर जिसमें आय बसतीहैं सो उपवास है।

=(अशन-पान-भक्ष्य-लेह्य) चार प्रकारके आहार का त्याग ऐसा अभिप्राय है।

=(अष्टमी वा चतुर्दशी आदिक) पर्वमें निराहार (विधि से)रहना सो प्रोषधोपवासहै।

=(तहां) अपने शरीरके संस्कारके हेतु स्नान-सुगन्ध-पुष्प(=माल्य) वा पुष्पमाला

=गहना(=आभरण) आदिकसे वर्जित हो

=पवित्र भीतरे स्थानमें [=अवकाश] मुनिके रहनेके स्थानमें चैत्यालयमें

=वा अपने बनाये हुए पर्वके उपवासके घरमें धर्मकथाके चिन्तवनमें

=मन लगायेहुये[=अवहितअन्तकरणःसन्][सोलहपहर पर्वके पहिले दिनके दुपहरसे लगाय पारनेके दिनके दुपहर तक]

=आरम्भ वर्जित श्रावक उपवासे (सो प्रोषधोपवास)है-भोजन-पान-सुगन्ध

=पुष्प(=माल्य)पुष्पमाला(=माल्य)आदिक उपभोगहै अर्थात् जो एक वार भोगनेमें आवे सो उपभोग है।

(१)सन् प्रथमाविभक्ति एक वचन पुल्लिंग सत् शब्द काहै,सत् वर्तमान कृदन्त अस्(=होना)काहै। उपवसेत्=उप+वस्+अ+इत् विधिलिंगहै॥

परिभोग आच्छादनप्रावरणालङ्कारशयनासनगृहयानवाहनादिः । तयोः परिमाणमुपभोग-परिभोगपरिमाणम्॥ मधु मांसं मद्यञ्च सदा परिहर्तव्यं त्रसघातान्निवृत्तचेतसा॥ केतक्यर्जुन पुष्पादीनि शृंगवेरमूलकादीनिबहुजन्तुयोनिस्थानान्यनन्तकायव्यपदेशार्हाणि परिहर्तव्यानि बहुघातात्पफलत्वात् ॥ यानवाहनाभरणादिष्वेतावदेवेष्टमतोऽन्यदनिष्टमित्यनिष्टात्

परिभोगः[१] अच्छादन-प्रावरण-अलंकार-शयन-आसन-गृह-यान-वाहन-आदिः[१] । तयोः[३] परिमाणम् [१] (१)उपभोग–परिभोग-परिमाणम्[१] ॥ मधु-[१] मांसं [१] च* मद्यम्[१] सदा* त्रस–घातात् [५] निवृत्त-चेतसा [३] परिहर्तव्यम्[१] ; केतकी-अर्जुन-पुष्पादीनि [१] शृंगवेर-मूलक-आदीनि [१] बहु–जन्तु–योनि–स्थानानि [१] अनन्त–काय-व्यपदेश-अर्हाणि [१] परिहर्तव्यानि [१] बहु–घात–अल्प–फलत्वात् [५] ॥ यान-वाहन-आभरण-आदिषु [७] एतावत्* एव* इष्टम्[१] अतः* अन्यत्* आनिष्टम्[१] इति* अनिष्टात्[५] =बार बार भोगनेमें आवे सो परिभोग वस्त्र-(आच्छादन)दुपट्टा चादर =भूषण-गहना(=अलंकार)सेज(=शयन)बैठक(=आसन)घर,रथ-गाड़ी(=यान) =अश्ववारी (=वाहन) आदिक हैं; तिन दोनों(उपभोग परिभोग)का प्रमाण =सो उपभोग परिभाग परिमाणहै। और पुष्पस-चौद-वा माक्षिक (=मधु) =सुरा-मदिरा वा दारू (=मद्य) नित्य त्रस घात (करने) से निवृत्त आत्माकरि =त्यागने योग्य है ॥ केतक वा केवड़ा(=केतकी)तृण(=अर्जुन) फूलादिक =आर्द्रक-वासौंठ(=शृंगवेर)मूली (=मूलक)आदि बहुत जीवोंकेउपजनेकेठिकाने =जिनको अनन्त काय कहना योग्य है त्यागने योग्य हैं =क्योंकि बहुत घात है और फल अल्प (अर्थात् किञ्चित् स्वाद मात्र) है =रथ-गाड़ी आदि(=यान) अश्ववारी (=वाहन) भूषण(=आभरण) आदिमें =इतना ही इष्ट है इससे अन्य अनिष्ट है इस प्रकार अनिष्ट से

(१) (क) उपेत्य भुज्यत इत्युपभोगः ॥ = ॥ उपेत्यात्मसात् कृत्य भुज्यते अनुभूयत इत्युपभोगः । अशनपानगंधमाल्यादि" (राजवार्तिक,वार्तिक=) उपेत्य भुज्यते इति उपभोगः ॥=॥ =एक साथ भोगा जाताहै ऐसा उपभोगहै अर्थात् एकवार जो भोगनेमें आसकै सो उपभोगहै उपेत्य आत्मसात्*कृत्य भुज्यते अनुभूयते इति उपभोगः =अपना अथवा अपने आधीन(=आत्मसात्)कर(=कृत्य) भोगा जाता है अनुभवमें आताहै अथवासेवनमें आताहै ऐसा उपभोगहै,अर्थात् जोएक वार भोगनेमें आसके वो उपभोगहै अशन-पान-गन्ध-माल्य-आदि =(जैसे) भोजन, (किसी वस्तुका) पीना सुगन्ध-वास, पुष्प अथवा पुष्पमाला इत्यादि "उपेत्य भुज्यत इत्युपभोगःअशनादि" (उपेत्य भुज्यते इति उपभोगःअशन-आदि) =एकसाथ भोगाजाताहैऐसा उपभोगहै(जैसे)भोजन आदि(श्लोकवा०)

निवर्तनं कर्तव्यं कालनियमेन यावज्जीवं वा यथाशक्ति ॥ संयममविनाशयन्नततीत्यतिथिः । अथवा नास्य तिथिरस्तीत्यतिथिः अनियतकालागमन इत्यर्थः ॥ अतिथये संविभागोऽतिथिसंविभागः स चतुर्विधः—भिक्षोपकरणौषधप्रतिश्रयभेदात्॥मोक्षार्थमभ्युद्यतायातिथयेसंयमपरायणाय शुद्धाय शुद्धचेतसा निरवद्याभिक्षादेया। धर्मोपकरणानि च सम्यग्दर्शनाद्युपबृंहणानि

निवर्तनम्[1] कालनियमेन[2] (१)यावज्जीवं[1] वा*यथाशक्ति*कर्तव्यम्[1]; संयमम्[2] अविनाशयन् अतति इति*अतिथिः[1]; अथवा*न*अस्य[2] तिथिः[1] अस्ति इति*अतिथिः[1] अनियत-काल-आगमनः[1] इति*अर्थः[1] ॥
अतिथये[4] संविभागः[1]
अतिथिसंविभागः[1]; सः[1] चतुर्विधः[1]----
भिक्षा-उपकरण-औषध-प्रतिश्रय-भेदात्[4] ॥
मोक्ष-अर्थम्[1] अभ्युद्यताय[4] संयम-परायणाय[4] शुद्धाय[4]
अतिथये[4] शुद्धचेतसा[3] निरवद्या[1] भिक्षा[1] देया[1];
धर्म-उपकरणानि[1] च*सम्यग्दर्शनादि-उपबृंहणानि[1]

=परित्याग कालकी मर्यादा करि अथवा जीवन पर्यन्त सामर्थ्यके अनुसार
=करना चाहिये। संयमको पालता हुआ विहार करताहै ऐसा अतिथि है।
=अथवा नहीं है इसके (दोज-तीज-आदिक) तिथि ऐसा अतिथि है।
=कालके नियम विना (आहारके लिये) आना ऐसा अर्थ(अतिथि शब्दका) है
=अतिथि अथवा महाव्रतीके लिये (अपने भोजन वस्तु विषै) विभाग देना
=सो अतिथि संविभाग है। वह (अतिथिसंविभाग) चार प्रकार
=भिक्षा-उपकरण-औषध-वसतिका वा वस्तिका [=प्रतिश्रय] भेद से है।
=मोक्षके लिये उद्यमी, संयम विषै तत्पर, शुद्ध,
=अतिथिके लिये,शुद्ध मनकरि,निर्दोष भिक्षा, भोजन, आहार देना चाहिये।
=और [=च] धर्मके साधन सम्यग्दर्शनादिकके बढाने वाले

(ख,परित्यज्य भुज्यतइति परिभोगः॥६॥सकृद्भुक्त्वा परित्यज्यपुनरपिभुज्यतेइतिपरिभोगइत्युच्यते।आच्छादनप्रावरणालंकारशयनासनगृहयानवाहनादिः परित्यज्य भुज्यते इति परिभोगः ॥ ६ ॥ =छोड़ छोड़ कर अथवा फिर फिरभोगा जाता है ऐसा परिभोग है॥ राज० वार्तिक वार्तिक ६)
सकृत्भुक्त्वा परित्यज्य पुनः अपिभुज्यते इतिपरिभोगइतिउच्यते =एक बार भोगे हुयेको छोड़कर फिर भी भोगा जाताहै ऐसा परिभोग वर्णित है
आच्छादन-प्रावरण-अलंकार-शयन-आसन-गृह-यान-वाहन-आदि = (जैसे) वस्त्र-चादर-भूषण-सेज-बैठक-घर-रथगाड़ी-अश्ववारी आदिक(परिभोगहैं
परित्यज्य भुज्यत इति परिभोगः पुनः पुनर्भुज्यत इत्यर्थः स वस्त्रादि। तत्त्वार्थ श्लोक वार्तिक पृष्ठ मुद्रित ४६६)
परित्यज्य भुज्यते इति परिभोगः पुनःपुनः भुज्यतेइति अर्थः = (जो) छोड़ छोड़कर भोगाजाताहै ऐसा परिभोगहै फिर फिर भोगाजाताहै ऐसाअर्थ है
सः वस्त्रादि =सो वस्त्रादिक है। (क) (ख) से स्पष्ट है। भोग के उपभोग, परिभोग दो भेद हैं। एक बार भोगा जाताहै, सो उपभोग है और बार बार,
भोगा जाता है वह परिभोग है। परि (अव्यय) का अर्थ यहां पर 'फिर फिर' का है किसी ग्रन्थमें भोग का अर्थ बार बार भोगने योग्यका लियाहै॥
(१)काल मर्यादासे जैसे एक दिन-दो दिन-पक्ष-मांस-बरस आदिके वास्ते त्यागको नियम कहतेहैं॥किसी वस्तुका यावज्जीव त्यागको यम कहतेहैं॥

दातव्यानि । औषधमपि योग्यमुपयोजनीयम्। प्रतिश्रयश्च परमधर्मश्रद्धया प्रतिपादयितव्य इति ॥ च शब्दो वक्ष्यमाणगृहस्थधर्मसमुच्चयार्थः ॥ कः पुनरसौ ?—

॥ मारणान्तिकीं सल्लेखनां जोषिता॥ २२ ॥

दातव्यानि[1,1];औषध[1,1]अपि*योग्य[1,1]उपयोजनीयम्[1,1]। प्रतिश्रयः[1]च*परमधर्मश्रद्धया[1]प्रतिपादयितव्यः[1]इति*॥ च*शब्दः[1]वक्ष्यमाण-गृहस्थधर्म-समुच्चय-अर्थः[1] ॥ कः[1]पुनः*असौ[1] ?

,=देना चाहिये ।योग्य वा उचित भेषज भी देना चाहिये। =और वस्तिका (=प्रतिश्रय) उत्कृष्ट धर्मका विश्वास करि दान देना योग्य है =[इस सूत्रमें]'चशब्द'आगेमें कहे जाने वाले गृहस्थधर्मको इकट्ठा करनेके लियेहै =बहुरि[=पुनः]वह (=असौ=गृहस्थ धर्म) क्याहै ?[प्रश्नके उत्तरमें कहा जाताहैकि]

(२) सूत्रम्—मारणान्तिकीं सल्लेखनां जोषि(१)ता ॥ २२ ॥

सूत्रार्थः—मारणान्तिकीम्[2]सत्-लेखनाम्[2]जोषिता[1] सः[1]अगारी[1]व्रती[1]भवति T।
मारणान्तिकीं[2]सत्-लेखनां[2]। जोषिता[1]।सः[1]अगारी[1]व्रती[1]भवति T

=मारणान्तिकीम्[2] सल्लेखनाम्[2]जोषिता[1] सः[1] अगारी[1] व्रती[1]भवति T ।
=मृत्युके निकट वा मरणके अन्तमें [=मारणान्तिकीं]उत्तम प्रकारसे [=सत्]
=काय तथाकषायकी कृशताको वा घटाउको प्रीतिसे सेवनेवाला वा सहने वाला
= सो अगारी व्रती है ॥ [अन्य प्रकार से अर्थ]
=मृत्युहै निकट प्रयोजन इसके, जो भले प्रकारसे काय तथा कषाय की हीनताको
=प्रीतिसे सेवी है अर्थात् प्रीतिसे वा प्रेम से सहन करने वालाहै सो अणुव्रतीहै

(१)किसी किसी पुस्तकमें'जोषिता' पाठ है और कहीं कहीं'योषिता'है दोनोंही पाठ ठीकहैं। सर्वार्थसिद्धिवृत्तिमेंऔर तत्त्वार्थराजवार्तिकमें जोषिताका अर्थसेविता लियाहै। तत्त्वार्थश्लोकवार्तिकमें जोषिता शब्दका अर्थ'प्रीत्या सेविता' अर्थात् प्रीतिपूर्वक सेवा वालेका है जैसा कि नीचे के वाक्यों से प्रगट है ॥ "तांमारणान्तिकीं सल्लेखनां जोषिता सेविता गृहीत्यभिसम्बध्यते" संस्कृत सर्वार्थसिद्धिवृत्ति पृष्ठ ३६३ प्रथमा वृत्ति देखो ॥ तांमारणान्तिकीं सल्लेखनां जोषिता सेविता गृहीत्यभिसम्बन्धः"तत्त्वार्थराजवार्तिक मुद्रितपृष्ठ २८४ ॥ तांमारणान्तिकीं सल्लेखनां जोषिता प्रीत्यासेवितेत्यर्थः॥ "तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक पृष्ठ ४६७,पश्चात् सर्वार्थसिद्धि वृत्तिमें और तत्त्वार्थराजवार्तिक में प्रश्न उत्तर के स्वरूप में जोषिता का अर्थ प्रीतिसे सेवनेवालेका ही लियाहैइसप्रकार तीनों ग्रन्थों का एकसा ही अर्थ होगया॥(२) दिगम्बर तथा श्वेताम्बर सम्प्रदायोंमें इस सूत्रका पाठ,अर्थ एकसाहै-अगारी-व्रती-अणुव्रती-गृही-गृहस्थ-श्रावक, विरताविरत-संयतासंयत-ये समानार्थ वाचक शब्दहैं ॥ इस सूत्रमें अगारी शब्द की अनुवृत्ति

स्वपरिणामोपात्तस्यायुष इन्द्रियाणां बलानां च कारणवशात्संक्षयो मरणम्। अन्तग्रहणं तद्भवमरणप्रतिपत्त्यर्थम्। मरणमन्तः मरणान्तः। स प्रयोजनमस्य इति मारणान्तिकी॥ सम्यक्कायकषायलेखना सल्लेखना

पदच्छेद और विभक्त्यर्थ सहित इस बाईसवां सूत्र पर सर्वार्थसिद्धि वृत्तिका शब्दशः हिन्दी अनुवाद

स्व-परिणाम-उपात्तस्य[६]''आयुषः[६]'' =अपने(=स्व) परिपाकको(=परिणाम) प्राप्त भये(=उपात्तस्य) आयु कर्मके(निमित्तसे)
इन्द्रियाणाम्[६]''बलानाम्[६]''च*कारणवशात्[५] =तथा इन्द्रिय [प्राण] निके और [=च] मनो वचन कायके[बलानां]कारण वश से
संक्षयः[१]मरणम्[१]''; अन्त-ग्रहणम्[१]''(१)तद्-भव-मरण- =क्षय होना सो मृत्यु है (इस सूत्रमें) अन्त शब्दका आदान उसी जन्मकी मृत्युके
प्रति-पत्ति-अर्थम्[४]''; मरणम्[१]''अन्तः[१]मरणान्तः[१]। =जनावने के लिये है। मृत्यु है अन्त वा निकट सो मरणान्त है
सः[१] प्रयोजनम्[१]''अस्य[६]इति(२)मारणान्तिकी[१]'' =वह मारणान्त) है प्रयाजन इसका ऐसी मारणान्तिकी है अर्थात् मृत्यु वा मरण है निकट प्रयोजन इसका सो मारणान्तिकी है॥

सम्यक्-काय-कषाय-लेखना[१]''सल्लेखना[१]''। =भले प्रकार-कायका तथा कषायका[क्रमसे]कृश करना सो सल्लेखना(सत्—लेखना)है

सूत्र १६ से और व्रती शब्दकी सूत्र १८ से लीगई है॥ किसी किसी प्रतिमें'मारणान्तिकी'है और किसी किसीमें'मारणांतिकी'है। दोनों ठीक हैं। सल्लेखना मरण-सन्यासमरण-समाधिमरण-उत्तममरण समानार्थक हैं सल्लेखना दो प्रकारहै (क) कायसल्लेखना (ख) कषायसल्लेखना-काय सल्लेखना= कायको आत्महितके लिये सम्यक्(=सत्)कृशकरना(=लेखना)भावार्थ शोक-काम-निंदा-मन-इन्द्रिय-आलस्य-प्रमाद जीतनेको वातपित्त कफादिकके प्रकोपके अभावकरनेको सुखिया स्वभाव दूरकरने को मार्गसे नहिंडिगने को परीषह सहनेको उपवास नीरस आहार वेलातेला आदिक करने को जिन सूत्रके अनुकुल शरीरको कृश करना सो काय सल्लेखना है॥ (ख) कषायसल्लेखना-कषायोंका आत्महितके लिये कृशकरना-घटावना सो कषाय सल्लेखना है॥

(१) तत्त्वार्थराजवार्तिक और तत्त्वार्थश्लोक वार्तिकमें भी नित्यमरण और तद्भवमरणमृत्युके दोभेद कहे हैं॥ "तत्र नित्यमरणं समये समये स्वायुरादीनांनिवृत्तिः" = तहां समय समय पर वा प्रत्येक समय पर अपने आयु आदिककी निवृत्ति सो नित्य मरणहै॥ तद्भव मरणं भवान्तर प्राप्तयमंतरोपश्लिष्टं पूर्वभव विगमनं = पूर्वलेजन्म के नाश होते ही उसके अत्यन्तनिकट वा समीप दूसरे भव की प्राप्तिहोजाना॥

२) अन्तिक शब्द त्रिलिंगीहै इसका अर्थ पद्मचंद्रकोश पृष्ठ २७में पासका है अन्तिकी स्त्रीलिंग हुआ अर्थ पास वा निकट का है परन्तु अन्तिका वा अन्ति नाटकमें बड़ी बहिन को बोला जाता है॥ मारणान्तिकी का विग्रह (=समास के अर्थ को जतलाने वाला वाक्य)तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक में इस प्रकार किया है "मरणमेवान्तो मरणान्तः मरणान्तप्रयोजनमस्या इतिमारणांतिकी = "मरण ही है अन्त सो मरणान्त है मरणांत है प्रयोजन इसका ऐसा मारणांतिकी है। तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक मुद्रित पृष्ठ ४६७ देखो॥

कायस्य बाह्यस्याभ्यन्तराणां च कषायाणां तत्कारणहापनक्रमेण सम्यग्लेखना सल्लेखना । तां मारणान्तिकीं सल्लेखनां जोषिता सेविता गृहीत्यभिसम्बध्यते ॥ ननु च विस्पष्टार्थंसेवितेत्येवं वक्तव्यम् । न । अर्थविशेषोपपत्तेः

कायस्य[६/१]बाह्यस्य[६/१]अभ्यन्तराणाम् [६/३] च*कषायाणाम् [६/३]	=बाहिर कायका तथा [=च] अन्तरंग कषायोंका
[१]तत्कारण-हापन-क्रमेण[३/१]सम्यक्-लेखना[१/१]॥	=अनुक्रमसे तिन[काय और कषाय]के कारणोंको घटावने करि,भले प्रकार कृश करना
सल्लेखना[१/१];ताम्[२/१]मारणान्तिकीम्[२/१]॥सल्लेखनाम्[२/१]॥जोषिता[१/१]॥	=सो सल्लेखना है । तिस मृत्युके निकटकी सल्लेखनाको योषिता
सेविता[१/१]॥गृही[१/१]इति*	=[प्रीतिपूर्वक]सेवने वाला वा सेवी अर्थात् प्रेम से सहन करनेवाला गृहस्थहै ऐसा
अभिसम्बध्यते ८ । ननु*च*	=[अगारी-व्रती शब्दों का] अनुवर्तन किया गया है ॥ तथा प्रश्न
विस्पष्ट-अर्थम्[१/१]॥सेविता[१/१]॥इत्येवम्*वक्तव्यम्[१/१]॥;	=[सूत्रमें जोषिताके स्थानमें]विशेषस्पष्ट करनेको सेविता'शब्द ऐसा कहना योग्यहै
न*अर्थ–विशेष–उपपत्तेः[५/१]॥;	=[उत्तर][सेविता शब्द लाना योग्य]नहीं है क्योंकि अर्थकी विशेष सिद्धिके कारण

(१) "तत्कारणहापन क्रमेण" इस वाक्यको तत्त्वार्थराजवार्तिकमें 'तत्कारणहापनया क्रमेण' ऐसा लिखा है अर्थात् एकसमासके स्थानमें 'तत्कारणहापनया' तक एक समासक्रिया है और 'क्रमेण'शब्दको भिन्न लिखा है)।

(२) जोषिता शब्द 'जुष्' तुदादि छठवां गणका धातु से है पाणिनि मुनिके धातु पाठमें 'जुषि' प्रीति सेवनयोः ऐसा अर्थ कियाहै यही अर्थ तत्त्वार्थराजवार्तिकमें ' जुषि प्रीति सेवनयोः यस्मात्" किया है अर्थात् जुष धातु हर्ष सेवा के अर्थ में आता है हर्ष में आना,प्रसन्न होना, इस अर्थमें अकर्मक है, जब सकर्मक होता है तब सेवाकरना (पद्मचन्द्रकोश पृष्ठ १६०)और सहन करना (धातु पाठ चन्द्रिका पृष्ठ५८८) अर्थों में आता है। यहां दोनों अर्थ मिलाकर 'प्रीतिपूर्वक सहना' के लिये है । इसलिये सेविता = प्रीत्या सेवता = जोषिता भावार्थ संतोष औरप्रीति पूर्वक सहन करना सो जोषिता है ॥ जोषिका(स्त्री०)कलियोंका गुच्छा (स्त्री०)नारी;जोषा(स्त्री०)नारी स्त्री जोषित् (स्त्री०)=नारी, स्त्री, योषा (स्त्री०) = लड़की,तरुणनारी; योषित् (स्त्री०) वा योषिता (स्त्री०) स्त्री लड़की नारी ॥ जुष्-जब विशेषण होता है तब प्रायः (बहुधा, समान्यतः) समासके अन्तमें आता है तब मिलना पहुंचना, लेना, सुख होना अर्थोंमें आता है, जुष्-धातुका अर्थ विशेष रूप से इस प्रकार है जुष्-तुदादि छठवां गणमें अकर्मक और सकर्मक आत्मने पदी होताहै जैसे जुष्+अ+ते=जुषते वर्तमान काल की क्रिया है। पांच अर्थ (क)संतुष्ट होना (ख) कृपालु होना (ग) प्रसन्न होना (घ) सहन करना (ङ) बसना, अपनेतईं रथ इत्यादि में बैठना ॥

जब भ्वादि प्रथम गणका धातु होता है तब अकर्मक वा सकर्मक और परस्मैपद होता है जैसे = जोषति, चुरादिदशवां गणका धातु होता है तब उभय पदी अकर्मक और सकर्मक दोनों होताहै, (च) ध्यान करना, विचार करना, (छ) संतुष्ट होना अर्थों में आता है जैसे जुष्+अय+ति = जोषयति, जुष्+अय+ते = जोषयते ॥

न केवलं सेवनमिह परिगृह्यते। किं तर्हि ? प्रीत्यर्थोऽपि यस्मादसत्यां प्रीतौ बलान्न सल्लेखना कार्यते। सत्यां हि प्रीतौ स्वयमेव करोति॥ स्यान्मतमात्मवधः प्राप्नोति स्वाभिसन्धिपूर्वकायुरादिनिवृत्तेः॥ नैष दोषः। अप्रमत्तत्वात्। प्रमत्तयोगात्प्राणव्यपरोपणं हिंसेत्युक्तम्।

न*केवलम्[1]॥सेवनम्[1]'''इह*परिगृह्यते T;
किम्*तर्हि*?प्रीति-अर्थः[1]'अपि*यस्मात्[1]''
असत्याम्[2]॥प्रीतौ[2]॥(१)बलात्[1]॥न*सल्लेखना[1]॥कार्यते T ;
सत्याम्[2]॥हि*प्रीतौ[2]॥स्वयम्*एव*करोतिT ॥

=केवल सेवन[शब्द]इस स्थान में [अर्थात् इस सूत्रमें] इच्छित वा वाञ्छित नहीं है
=[प्रश्न]तो (=तर्हि) क्या (=किम्) (आकांक्षित)है। प्रेमका अभिप्राय भी है इसकारणसे
=कि प्रीति न होने पर, जोरावरीसे नहीं सल्लेखना कराई जाती है
=प्रीति होनेपरही (=हि) आप ही (=स्वयम्-एव) करताहै भावार्थ इसप्रश्नके होने पर

कि इससूत्रमें जोषिताके स्थानमें यदि सेविताशब्द जो अधिकतर प्रचलित वा प्रगट है सो लाना योग्य था उत्तरमें कहते हैं कि सल्लेखना को जोरावरी से सहन करनेका आशय नहीं है इससे सेविता सूत्रमें नहीं लायेहैं वरन् प्रीतिसे सहना अथवा प्रीतिपूर्वक सेवने से अभिप्रायहै इसलिये जोषिता शब्द लाये हैं क्योंकि जोषिता शब्दमें प्रीतिऔर सेवना दोनों भाव गर्भित वा अन्तर्गत हैं॥

(२) स्यात् T मतम्[1]'''आत्म-वधः[1]'प्राप्नोति T
स्व-अभिसन्धिपूर्वक-आयुष्-आदि-निवृत्तेः[2]'' ॥
न*एषः[1]'दोषः[2]' ।
अप्रमत्तत्वात्[1]''';
प्रमत्त-योगात्[1]'
(प्रमत्त-योगात्[1]')
प्राणव्यपरोपणम्[1]'''हिंसा[1]''इति*उक्तम्[1]''''

=ऐसा अभिप्राय हो अर्थात् संभवहै कि जोषिता शब्दमें प्रीति और सेवन दोनों अर्थ गर्भित होनेसे सूत्रमें सेविता शब्द नहीं लाये (परन्तु सल्लेखना पूर्वक मरण करनेसे) आत्मघात प्रचलित होता है अथवा प्राप्त होता है
=क्योंकि अपने अभिप्रायसे आयु आदिक (प्राणों)का नाश करता है ॥
=(उत्तर) (सल्लेखनापूर्वक मरण करनेमें) यह (आत्मघातका) दूषण नहीं है
=क्योंकि कषाय रागद्वेष अयत्नाचार पना नहींहै वा प्रमादरूप परिणाम नहीं है
=कषाय रागद्वेष और अयत्नाचार (=असावधानी) के संयोगसे वा सम्बन्धसे अथवा कषाय रागद्वेष और अयत्नाचार सहित होकर (=प्रमत्त) काय-वचन-मनो योगसे
=भाव वा द्रव्य वा दोनों(प्राणों)कावियोगकरना सो हिंसाहै ऐसाकहागयाहै सूत्र १३।

(१) बल शब्द यहां नपुंसकलिंग में है'बलवाले के' अर्थ में तीनों लिंग में आता है पुल्लिंग होताहै तब इसका अर्थ काग, बलदेव-वरुणवृक्ष-एक दैत्य होताहै (पद्मचंद्रकोश २६३) (२) स्यात्-अस् (=होना) धातु का अन्यपुरुष, एकवचन, विधि लिंग क्रियाका है,अव्यय भी होताहै अर्थ 'संभव' है॥

न चास्य प्रमादयोगोऽस्ति । कुतः ? रागाद्यभावात् रागद्वेषमोहाविष्टस्य हि विषशस्त्राद्युपकरणप्रयोगवशादात्मानं घ्नतः स्वघातो भवति, न सल्लेखनां प्रतिपन्नस्य रागादयः सन्ति ततो नात्मवधदोषः॥ उक्तं च–रागादीणमणुप्पा अहिंसगत्तेत्ति भासिदं समये ।

न*च*अस्य[6]1 प्रमाद–योगः[4]1 अस्ति T । =बहुरि[=च] इस [सल्लेखना मरण वाले] के प्रमत्त योग नहीं है

कुतः ? रागादि-अभावात्[2]; राग-द्वेष-मोह-आविष्टस्य[6]1=[प्रश्न]किस कारणसे,रागादिक परिणाम के न होनेसे-रागद्वेषमोहकरि ग्रसित वा लिप्तके

हि*विष-शस्त्र-आदि-उपकरण-प्रयोगवशात्[3]1 आत्मानं[2] =ही विष-शस्त्रादिक कारणों वा साधनों के अनुष्ठानके वश होकरि अपनेको

(१)घ्नतः[6] स्वघातः[1] भवति T;नसल्लेखनाम्[2] प्रतिपन्नस्य[6] =घातनेवाला होताहै(तिसके)आत्मघात होताहै। नहीं है सल्लेखनाको धारणकरनेवालेके

रागादयः[1] सन्ति T ततः*न*आत्म-वध-दोषः[1] =रागादिक , तिससे आत्मघातका दूषण नहीं है । अर्थात् जो रागद्वेष मोहके वशमें होकर विष खाकर शास्त्रादिक द्वारा अपने को मारता है उसके आत्मघात होता है सल्लेखना में रागद्वेष मोहादिक का अभाव है इसलिये सल्लेखना मरणमें अपघात का दोष नहीं आता है

उक्तम्[1]1 च*रागादीणमणुप्पा=राग-आदीनां[6]1 अणुप्पा[1]1 } =कथित वा भाषित भी है कि(जहां) रागादिक उत्पन्न नहीं होते हैं
राग–आदीनाम् [6]1 अनुत्पादाः [1]1
अहिंसगत्तेत्तिभासिदंसमये-अहिंसगत्तइति*भासिदं[1]1 समये } =वहां अहिंसकपना सिद्धान्त में कहा गया है
अहिंसकत्वम्[1]1 इति*भाषितम्[1]1 समये[7]1

(१)हन् अदादि दूसरे गणका धातु बहुधा परस्मैपदमें आता है कभी कभी आत्मने पदमें भी आता है ॥ इस हन् धातुका अन्तका व्यञ्जन(अर्थात् न्)उस ङित् संज्ञक प्रत्ययके पहिले जो अनुनासिक वा य् र् ल् व् के अतिरिक्त अन्य व्यञ्जनसे आरम्भ हो गिर जाताहै और इसप्रकार 'ह' रहजाता है और इस हन् धातुका ही उपान्तिक (अर्थात् एक छोड़ कर अन्तका अक्षर) अकार उस ङित् संज्ञक प्रत्ययके पहिले जो स्वरसे आरम्भ होता हो गिरजाता है अर्थात् हन् ऐसा रूप बन जाता है इस हन् का ह् घ् में बदल जाता है और घ् प्रातिपदिक हो जाता है ॥ प्रातिपदिक=व्याकरण में प्रत्यय और प्रत्ययान्त एवं धातु से भिन्न कृदन्त–तद्धित और समास से सिद्ध हुआ अर्थ वाला शब्द का स्वरूप, अर्थ रखनेवाला शब्द (पद्मचन्द्र कोश पृष्ठ २५८) । बहुधा वर्तमान कृदन्त इस प्रकार बनाये जाते हैं कि धातु का वह रूप लेलो जो अन्य पुरुष बहु वचन वर्तमान काल के प्रत्यय लगाने से प्रथम बनता है ॥ इस के पश्चात् वर्तमान कृदन्त का अत् यदि धातु परस्मैपद में हो और (वर्तमान कृदन्त का मान् प्रत्यय यदि धातु में आत्मने पद जोड़ा जाय ॥ क्योंकि हन् धातु द्वितीयगण का है इसमें कोई विकरण नहीं लगाया जाता है इस लिये पूर्वोक्त घ् + अत् लगानेसे घत् वर्तमान कृदन्त बन गया, इसका एक वचन षष्ठी पुल्लिंग अस् जोड़नेसे बनता है घत् + अस् = घतःषष्ठीएकवचन बनगया

तेसिं चैदुप्पत्ती हिंसेत्ति जिणेहि णिद्दिट्ठा ॥१॥ किञ्च मरणस्यानिष्टत्वाद्यथावणिजो विविधपण्यदानादानसंचयपरस्य स्वगृहविनाशोऽनिष्टः, तद्विनाशकारणे च कुतश्चिदुपस्थिते यथाशक्ति च परिहरति, दुःपरिहारे च पण्यविनाशो यथा न भवति तथा यतते एवं गृहस्थोऽपि व्रतशीलपण्यसञ्चये प्रवर्तमानः तदाश्रयस्य न पातमभिवांछति ।

(१)तेसिं चेदुप्पत्ती=तेसिं[६]'चेत्*उप्पत्ती[१]''
तेषाम्[६]'चेत्*उत्पत्तिः[१]''
हिंसेत्तिजिणेहिणिद्दिट्ठा=हिंसा[१]''इतिजिणेहि[३]'णिद्दिट्ठा
हिंसा[१]''इति*जिनेन[३]' निर्दिष्टा[१]''॥१॥किञ्च*
मरणस्य[६]''अनिष्टत्वात्[५]''यथा*वणिजः[६]'
विविध–पण्यदानादान सञ्चय–परस्य[६]' (२)
स्वगृह–विनाशः[१]'अनिष्टः[१]'च*तद्
विनाश-कारणे[७]''कुतश्चित्*उपस्थिते[७]''यथाशक्ति*
च*परिहरति; दुःपरिहारे[७]''। च*
पण्यविनाशः[१]'यथा*न*भवति T तथा*यतते T
एवम्*गृहस्थः[१]'अपि*व्रतशीलपण्य-सञ्चये[७]'
प्रवर्तमानः[१]'तद्-आश्रयस्य[६]' ३)
न*पातम्[२]'अभिवाञ्छति T

=यदि(=चेत्) तिन (रागादिक)की उत्पत्ति है सो
=हिंसा है इस प्रकार जिन भगवान द्वारा कथित है कुछ और (वा बहुरि विशेष)
=क्योंकि(प्राणीको) मृत्यु अप्रिय है जैसे(किसी) व्यापारीके वा वणिज करनेवालेके
=नाना प्रकारकी श्रेष्ठ वा उत्तम व्यापरकी देनेलैनेयोग्य वस्तुओंको संचय करनेवालेके
=अपने घरका विनाश इष्ट नहीं है अथवा अप्रिय है । और(=च)उस(अपने घर) के
=विनाशके कारण कहींसे आजाने पर-शक्तिके अनुसार (अर्थात् शक्तिभर)
=दूर भी (=च) करता है और (=च) [उक्त कारण को] दूर न कर सकनेपर
=जैसे व्यापारकी वस्तुओंका नाश न होय तैसा जतन करता है
=ऐसे गृहस्थ भी व्रतशील रूप व्यापारकी वस्तुओंके इकट्ठा करनेमें
=लगा हुआ वा प्रवर्तता हुआ उस (व्रतशील)के आधारका वा घरका (अर्थात् शरीरका)
=पतन वा नाश नहीं चाहता है अर्थात् व्रत-शील संयमादिक पुन्य परिणामों के संचय संयुक्त जो शरीर तिसका विनाश नहीं चाहता है ॥

(१) राजवार्तिक में ऐसा पाठ है कि ॥"रागादीणं मणुप्पा अहिंसकत्तेति देसिदं समये । तेसिंचेदुप्पत्ती हिंसेति जिणेहिणिद्दिट्ठा ॥ (२) पर शब्द का अर्थ अमरकोष वर्ग २३ श्लोक १६१में श्रेष्ठ,उत्तमका भी है॥(३)आश्रयका अर्थ आधार, गृह दोनों है (देखो पद्मचन्द्रकोष पृष्ठ ६३) जिसके आधार कोई वस्तु रहै यहां पर (अर्थात्) जिसके आधार व्रत शील संयम रहते हैं ॥ तत्त्वार्थराजवार्तिकमें आश्रय शब्द का अर्थ शरीर लिया है जैसा कि निम्न लिखित वाक्य से प्रगट है "एवं गृहस्थेापि व्रतशीलपुण्यसंचयप्रवर्तमानस्तदाश्रयस्य शरीरस्य न पातमभिवाँछति" आश्रयस्य=शरीरस्य ॥

तदुपप्लवकारणे चोपस्थिते स्वगुणाविरोधेन परिहरति। दुःपरिहारे च यथा स्वगुणविनाशो न भवति तथा प्रयतत इति कथमात्मवधो भवेत्॥अत्राह निःशल्यो व्रतीत्युक्तं तत्र च तृतीयं शल्यं मिथ्यादर्शनम्। ततः सम्यग्दृष्टिना व्रतिना निःशल्येन भवितव्यमित्युक्तं तत्सम्यग्दर्शनं किं सापवादं निरपवादमिति ? उच्यते–कस्यचिन्मोहनीयावस्थाविशेषात्कदाचिदिमे भवन्त्यपवादाः-

शङ्काकाङ्क्षाविचिकित्साऽन्यदृष्टिप्रशंसासंस्तवाः सम्यग्दृष्टेरतिचाराः

तद्–उपप्लव-कारणे^{2}॥ च* उपस्थिते ^{2}॥
स्वगुण–अविरोधेन ^{2}।
परिहरति T; दुःपरिहारे ^{2}। च* यथा*
स्वगुण-विनाशः^{2}।न*भवति Tतथा* प्रयतते T
इति*कथम्*आत्मवधः^{2}। भवेत् T। अत्र*आह T
निः शल्यो^{2}। व्रती ^{2}। इति*उक्तम् ^{2}। तत्र*च*
तृतीयम्^{2}।॥शल्यम्^{2}॥ मिथ्यादर्शनम्^{2}॥।; ततः*
सम्यग्दृष्टिना^{3}।व्रतिना^{3} निःशल्येन^{3} भवितव्यम्^{2}॥।
इति*उक्तम्^{2}॥।तत्सम्यग्दर्शनं^{2}॥।किम्^{2}॥।स-अपवादम्^{2}॥।=ऐसाभाषित है । क्या वह सम्यग्दर्शन (व्रतीके) अतीचार सहित होता है
निर्* अपवादम्^{2}॥। इति*?उच्यते T कस्यचित्*
मोहनीय–अवस्था-विशेषात्^{5}। कदाचित्*
इमे^{3}। भवन्ति T अपवादाः ^{3}।

=बहुरि (=च) उस (आश्रय वा शरीर) के नाशके (=उपप्लव) कारणके आजानेपर
=अपने गुण (जैसेसम्यग् दर्शनादिक)कोविना मलिनता करि(उसशरीरके नाशकेनिमित्तको)
=दूर करता है बहुरि (उस शरीरके नाशके कारणको) दूर न करसकनेपर जैसे
=अपनागुण (व्रत-शील-संयमादिक)का विनाश न होय है तैसे प्रयत्न करता है
=ऐसे (करनेमें) कैसे आत्म घात हो । यहां प्रश्न करता है कि
=निः शल्यो व्रती ऐसा(१८ वां सूत्रमें) कथितहै और(=च)उस स्थानमें अर्थात् उस१८सूत्रमें
=तीसरा शल्य मिथ्या दर्शन है, तिस (सूत्र) से (यह फल निकलता है कि)
=शल्य रहित व्रतीसम्यग्दृष्टी (ही) होना चाहिये वा होसक्ताहै अर्थात् जो व्रती होय है
सो सम्यग दृष्टी ही होयहै मिथ्या दृष्टी व्रतोंकी क्रियारूप प्रवर्तने परभी व्रती नहीं है
=किं अतीचार रहित इस प्रकार पूछने पर कहा जाताहै कि किसीके
=मोहनीय कर्मकी अवस्थाके विशेष (जो सम्यक्त्व प्रकृति) से कदाचित्
=ये [अर्थात् अग्रिम सूत्र में निम्न कथित] अतीचार होते हैं

(१) शङ्काकांक्षाविचिकित्सान्यदृष्टिप्रशंसासंस्तवाः सम्यग्दृष्टेरतिचाराः ॥ २३ ॥

दिगम्बर तथाश्वेताम्बर आम्नायके ग्र थोंमें किसीकिसीमें 'व्रतीचाराः' पाठहै किसीकिसीमें 'व्रतिचाराः' पाठहै । अतिचारऔर अतीचार दोनोंशब्दठीक हैं शेष पाठ दोनों सम्प्रदायों में और अर्थ भी एकसा है ॥

=(१)शंका-कांक्षा-विचिकित्सा-अन्य दृष्टिप्रशंसा-अन्य दृष्टिसंस्तवाः सम्यग्दृष्टेः अतिचाराः भवन्ति ॥

सूत्रार्थः-शङ्का- =अरहंत सर्वज्ञ वीतरागके वर्णित तत्त्वोंके स्वरूपमें संदेह करना अथवा अपने आत्माको ज्ञाता दृष्टा अखंड अविनाशी-पुद्गलसे भिन्न जानकरके भी सप्त भय(अर्थात् इस लोकभय-परलोकभय-मरणभय-वेदनाभय-अरक्षाभय-अगुप्तभय और अकस्मात् भय) को प्राप्त होना सो शङ्कानाम अतीचार है ॥ [अतीचार है

कांक्षा- =इसलोक परलोक सम्बन्धी भोगोंमें तथा मिथ्या दृष्टियोंके ज्ञान तथा आचरण आदिकमें वांछा रखना सो कांक्षानाम

(२)विचिकित्सा- =शरीरादिकको शुचि जानना-साधुओं को जो स्नान करें, दाँत न मांजें-केश लोंच करें इत्यादिकों में तथा उनके अन्य गुणोंमें और धर्मात्माओंके गुणोंमें तथा दुखी दरिद्री रोगी-इत्यादि क्लेश सम्पन्न जीवों को देख कर ग्लानि करना सो विचिकित्सा नामा अतीचार है ।

अन्य दृष्टिप्रशंसा- =मिथ्यादृष्टिके ज्ञान-तप-शील-चारित्रदानादिकों को मनकरि प्रगट करनेका विचार अथवा तिनको भला जानना (सो अन्यदृष्टि प्रशंसा अतिचार है)

अन्य दृष्टिसंस्तवाः[१/३] =मिथ्यादृष्टिके ज्ञान, तप-शील-चारित्र-दानादिकों तथा अन्य विद्यमान-अविद्यमान गुणों का वचन से प्रगट करना (सो अन्यदृष्टि वा मिथ्यादृष्टि संस्तव नामा पांचवां अतीचार है)

सम्यग्दृष्टेः[६/१]अतिचाराः[१/३] =सम्यग् दृष्टि के (ये पांच) अतिचार अथवा दोष हैं

---

(१) कहीं शङ्का काङ्क्षा पाठ है और कहीं शंका कांक्षा पाठहै दोनों ठीकहैं (अध्याय१ पृष्ठ ५३६,५४०) (२) "विचिकित्सान्यदृष्टिप्रशंसासंस्तवाः" कहीं कहीं यह पाठ है और कहीं कहीं ऽ चिन्ह विचिकित्सा और न्यदृष्टि के बीच में है अर्थात् विचिकित्साऽन्यदृष्टिप्रशंसासंस्तवाः" ऐसा पाठ है ॥ इसका कारण जहां तक अनुवादक को ज्ञात पड़ा है यह है किऽऐसा चिन्ह विकल्प करि (=जी चाहैं लाओ जी चाहैं न लाओ) वहां पर लाते हैं जहां यदि संधिके मध्यमें कहीं पर ऐसा शब्द आवे जिसके पदच्छेद करनेमें उसके अन्तका दीर्घ अकार होना चाहिये और इस शब्द के अनन्तर वा लगाहुआ शब्दअकारसे आरम्भ होताहो यहऽचिन्हपदच्छेदकी सुगमताकेलिये लावेंगे(जैसे-विचिकित्साऽन्यदृष्टि=विचिकित्सा-अन्यदृष्टि, एकसमयाविग्रहा वा एक समयाऽविग्रहा=एक समया-अविग्रहा येसर्व ठीकहैं, और यदि दीर्घअकारसे आरंभ होताहो तोऽऽचिन्ह लावेंगे (देखो सर्वार्थसिद्धिवृत्ति सूत्र २४ अध्याय५) जैसे-शब्द बन्ध ··· तमश्छाया ऽऽ तपोद्योतवन्तश्च = तमश्छाया-आतपोद्योतवन्तश्च ऐसा पदच्छेद हुआ । यही सूत्र अन्य २ पुस्तकों में जैसे पन्नालाल कृत बाल बोधिनी भाषा में, राजवार्तिक मुद्रित तथा तत्त्वार्थ श्लोकवार्तिक मुद्रित में तथा अर्थ प्रकाशिका मुद्रितमें तथा श्वेताम्बर सम्प्रदायके समाष्यतत्त्वार्थाधिगमसूत्र मुद्रित इत्यादिकोंमें 'तमश्छायातपोद्योत-वतश्च' ऐसा पाठ है। प्रथम अध्याय 'देखो मतिः स्मृतिः इत्यादि' सूत्र १५। 'बहु बहुविध इत्यादि' सूत्र १६, छठवां अध्याय सूत्र ७ इत्यादि। सर्वार्थसिद्धिवृत्ति पृष्ठ ३६५ में, विवक्षुणा ऽऽ चार्येण है यदि ऽ ऐसा चिन्ह न हो तो बिना अर्थ समझे यह संदेह होता है कि पदच्छेद क्या करे क्योंकि "विवक्षुणाचार्येण" के पदच्छेद विवक्षु-ण-आचार्येण भी हो सक्ता है वा विवक्षु-णचार्येण इत्यादि हो सके हैं ऽऽ ऐसे चिन्होंसे स्पष्ट होता है कि अर्थ हमने इस वाक्य का समझा हो वा न समझा हो, विवक्षुणा-आचार्येण ही पदच्छेद है ॥

(१) कहीं कहीं कन्दर्प पाठ है और कहीं कहीं कन्दर्प पाठ है कहीं कहीं कंदर्प पाठ है तीनों पाठ ठीक हैं (देखो अध्याय प्रथम टिप्पणी पृष्ठ १३६, '४०) (२) सभाष्यतत्त्वार्थाधिगमसूत्रमें कौत्कुच्य शब्दके स्थानमें कौकुच्य है अर्थ दोनों शब्दोंका एकहै, तो हमारे यहां के पाठमें त् क्यों अधिक है (३) कहीं मौखर्य पाठ है और कहीं मौखर्य्य भी पाठ है दोनों (अच्चो रहाभ्यां ङे या-व्याकरणके सूत्रसे) ठीक हैं (४) सभाष्यतत्त्वार्थाधिगमसूत्र में, "उपभोग परिभोगानर्थक्यानि, आर्ष के स्थान में "उपभोगाधिकत्वानि" है, अनर्थक्यानि और अधिकत्वानि क्रमसे आवश्यकतासे व्यर्थ रखना और आवश्यकतासे अधिक रखना दोनों का पृथक् पृथक् अर्थ है भावार्थ दोनों का एकसा है, परन्तु अर्थ भेद दोनों सम्प्रदायके सूत्रों में केवल इतना है कि परिभोगका अर्थ अन्य सम्प्रदायके सूत्रमें नहीं निकलता क्योंकि भोग सामान्य शब्द है जिसमें उपभोग और परिभोग तत्त्वार्थराजवार्तिक और तत्त्वार्थ श्लोक वार्तिकके अनुसार (देखो राजवार्तिक पृष्ठ २८२, श्लोक वार्तिक पृष्ठ ४८६ और इस अध्याय का पृष्ठ ६४ और ६५) दोनों गर्भित हैं। उपभोग वह है जो एक बार भोगमें आवे जैसे भोजन और पान और परिभोग वह है जो बारबार अथवा बहुत बार भोगने में आवे जैसे वस्त्र गहना आदिक, हमारे यहां भी किन्हीं किन्हींके मतमें भोग वह है जो बारबार भोगनेमें आता है। श्वेताम्बर सम्प्रदायमें जब "दिग्देशानर्थ दण्ड विरतिव्रतादि" सूत्रमें उपभोग परिभोग लाये हैं तब परिभोग इससूत्र में क्यों नहीं लाये परिभोग को यदि कोई आवश्यकतासे अधिक संग्रह कर लेता तो अतिचार का वह भागी न होगा ऐसा अर्थ किसी आम्नायमें नहीं होसक्ता हमारी समझमें सभाष्य-तत्त्वार्थ धिगमसूत्रमें परिभोग रह गया है। आनर्थक्यानि ऐसा पदच्छेदहै क्योंकि देखो वृत्ति पृ० ३७१ पंक्ति ८, ९ "आधिक्यम्, आनर्थक्यम्॥

रागोद्रेकात्प्रहासमिश्रोऽशिष्टवाक्प्रयोगः कन्दर्पः। तदेवोभयं परत्र दुष्टकायकर्मप्रयुक्तं कौत्कुच्यम्। धार्ष्टर्यप्रायं यत्किञ्चनानर्थकं बहुप्रलपितं मौखर्यम्। असमीक्ष्य प्रयोजनमाधिक्येन करणमसमीक्ष्याधिकरणम्। यावताऽर्थेनोपभोगपरिभोगौ सोऽर्थस्ततोऽन्यस्याधिक्यमानर्थक्यम्॥ त एते पंचानर्थदण्डविरतेरतिचाराः॥

पदच्छेद और विभक्त्यर्थसहित इस बत्तीसवां सूत्रपर सर्वार्थसिद्धिवृत्तिका शब्दशः हिन्दीअनुवाद

राग-उद्रेकात्[५]प्रहास-मिश्रः[१]
अशिष्टवाक्-प्रयोगः[१]कन्दर्पः[१]तद् एव* उभयं[१]
परत्र*दुष्ट-काय-कर्म-
प्रयुक्तम्[१] कौत्कुच्यम्[१] धार्ष्टर्यप्रायम्[१]
यत्किञ्चन[१]अनर्थक[१] बहुप्रलपितम्[१]मौखर्यम्[१]
(१)असमीक्ष्य÷प्रयोजनम्[१]आधिक्येन[३]करणम्[१]
असमीक्ष्याधिकरणम्[१]; यावता[३] अर्थेन[३]
उपभोग-परिभोगौ[१] अर्थः[१] ततः *
अन्यस्य[६] आधिक्यम्[१] आनर्थक्यम्[१]

=राग (भाव) के तीव्र उदयसे वा उत्कटतासे (उद्रेकात्) हास्यमिलेहुये
=नीचवचनकाव्यव्यवहार(=प्रयोग)सो कंदर्प है वही दोनों(रागसंयुक्त असभ्यभाषण, हास्य)
=और कहीं (=परत्र) अर्थात् यदि दुष्टकाय (शरीर) की निन्दनीय क्रिया (=कर्म) से
=भराहुआहोतो कौत्कुच्यहै। ढीठपन की बहुतायतसे अथवा निर्लज्जता की बाहुल्यसे
=जो कुछ निरर्थक बहुत प्रलाप (करना) वा बकवक सो मौखर्य है
=प्रयोजन को विनाविचार कर अधिकपनासे क्रिया (=करण) सो
=असमीक्ष्याधि करणहै, जितना (=यावता) अर्थकरि वा आवश्यकता करि
=उपभोग परिभोगहै सो प्रयोजनहै वा अर्थ है तिस (अर्थ) से अर्थात् आवश्यकतासे-
=अन्यकी अधिकाई वा बहुतायतहै सो आनर्थक्यहै अर्थात् खानेपीने की सामिग्री जे उपभोगको तथा वस्त्र आभूषण आदि जे परिभोगको विना आवश्यकताके संग्रह करना सो उपभोग परिभोग आनर्थक्य है॥

ते[३]एते[३]पञ्च-अनर्थदण्डविरतेः[६] अतिचाराः[३]
=ते एते पांच अनर्थ दण्ड विरति (अणुव्रत) के अतीचारा हैं

चित्, अपि, चिदपि, अथवा चन को यदि 'किम्के' साथ उसके किसी लिंगमें जोड़ दें तो वह अर्थात् जुड़ा हुआ वाक्य आनिश्चित अर्थ का द्योतक होगा जैसे किंचित्=कुछ वस्तु वा कोई वस्तु, कश्चित् कोई पुरुष वा जन, कश्चिद् यक्षः=कोई यक्ष (देखो भाण्डारकार कृता मार्गोपदेशिका पृष्ठ १२१)। "यत्किंचन अथवा यत्किंचित्" क्षुद्रवस्तु, निरर्थक वस्तु, असार वस्तु, अकिंचित्कर द्रव्य, देखो वैद्य संस्कृत आंगलकोश पृष्ठ ५९३)॥ (२) असमीक्ष्य = सम्बन्धसूचकभूत कृदन्त है अ + सम् + ईक्ष्य = असमीक्ष्य = विना विचारकर। भोग, उपभोग, परिभोगके लिये पृष्ठ ६४

॥ योगदुष्प्रणिधानानादरस्मृत्यनुपस्थानानि ॥ ३३ ॥

योगो व्याख्यातस्त्रिविधः । तस्य दुष्टं प्रणिधानं योगदुष्प्रणिधानम्-

(१)योगदुष्प्रणिधानानादरस्मृत्यनुपस्थानानि ॥ ३३ ॥

=योगदुष्प्रणिधान-अनादर-स्मृतिअनुपस्थानानि (पंच सामायिकस्य-अतिचाराः)

=कायदुष्प्रणिधान-वचनदुष्प्रणिधान-मनोदुष्प्रणिधान-अनादर-स्मृतिअनुपस्थानानि[३]'''पञ्च[१]सामायिकस्य[६]अतिचाराः[३]भवन्ति T

सूत्रार्थः-काय-दुष्प्रणिधान- =शरीरको खोटी वा अन्यथा प्रवृत्ति अर्थात् सामायिक करनेके अवसरमें शरीरके अंगो-पांगादिकों का निश्चल और सावधान न रखना,

वचन-दुष्प्रणिधान- =वचनका बुरा प्रवर्तन अर्थात् सामायिक करनेके समयमें अक्षरोंके उच्चारणमें शुद्ध, स्पष्ट संस्कारका अभाव इसप्रकार पाठ पढ़ना जिसमें अर्थ न जाना जाय,

मनो-दुष्प्रणिधान- =मनका दुष्ट परिणमन,मनका अन्यथा चलायमान अर्थात् सामायिकके भावमें,अर्थमें मन न लगाना,

अनादर- =उत्साहका न होना,निरादर अर्थात् सामायिक विषै उत्साह न होना जैसे तैसे कालपूरा करना तथा आपत्तिसी टाल देना,

स्मृति-अनुपस्थानानि [१] ॥ =सुधका अभाव,स्मरण न रहना अर्थात् पूर्णरूपसे सामायिककी विधि कैसे करनी चाहिये तथा किसकाध्यान, किस आसनसे वा किस विधिसे इत्यादि विषयोंका स्मरण न रखना अथवा चित्तकी व्यग्रतासे पाठका भूलजाना अथवा सामायिक करनाही भूलजाना

पंच[१]सामायिकस्य[६]अतिचाराः[३]भवन्ति T=(ये) पांच सामायिक के व्यतिक्रम, अतिचार वा दूषण हैं ॥ ३ ॥

पदच्छेद और विभक्त्यर्थसहित इस तेतीसवां सूत्रपर सर्वार्थसिद्धिवृत्तिकाशब्दशःहिन्दीअनुवाद

योगः [१] व्याख्यातः[१] त्रिविधः [१]; =योग तीन प्रकार(काययोग-मनोयोग-वचनयोग) वर्णन कियागया।अध्याय ६ सूत्र १ देखो)है

तस्य[६]दुष्टं[१]'''प्रणिधानं[१]'''योगदुष्प्रणिधानं[१]'''=तिस(योग)की खोटी अथवा अन्यथा प्रवृत्ति सोयोग दुष्प्रणिधान है

(१)अधिकतर पुस्तकोंमें योग दुःप्रणिधान वाक्य है, रससर्वार्थसिद्धिवृत्तिमें और कई पुस्तकोंमें योगदुष्प्रणिधान वाक्य है''दं नों दुःप्रणिधान और दुष्प्रणिधान ठीक हैं क्यों कि यह शब्द दुर् उपसर्ग और प्रणिधानसे मिलकर बना है जिसके नियम नीचे लिखते है (क) शब्दों के अन्तका स् जिस

कायदुष्प्रणिधानम् । वाग्दुष्प्रणिधानम् । मनोदुष्प्रणिधानमिति । अनादरोऽनुत्साहः । अनैकाग्र्यं स्मृत्यनुपस्थानम् । त एते पंच सामायिकस्यातिक्रमाः ॥

(१)कायदुष्प्रणिधानम्[१] ; =शरीरकी खोटी वा अन्यथाप्रवृत्ति अर्थात् सामायिक करनेके अवसरमें शरीरके अंगोपांगादिकोंको निश्चल न रखना

वाग्दुष्प्रणिधानम्[१] ; =वचन का बुरा प्रवर्तन शुद्ध, स्पष्ट उच्चारण न करना

मनोदुष्प्रणिधानम्[१] इति *। =मनका खोटा परिणमन ऐसे है कि जिसकाल सामायिक करै उस समयमें मनकी लगन वा प्रवृत्ति सामायिकमें न रहै अन्य कार्यमें चलीजाय

अनादरः[१] अनुत्साहः[१] ; =उत्साहका न होना सो अनादर वा निरादर है अर्थात् जैसे तैसे सामायिकका समय पूरा करना तथा सामायिकको आपत्ति समझ कर टाल देना

(२)अनैकाग्र्यं[१] (३)स्मृति-अनुपस्थानम्[१] ॥ =चित्तकी एकाग्रताविना, सुध, स्मरण न रहना अर्थात् पूर्ण रूपसे सामायिककी विधि कैसे करनी चाहिये तथा किसका ध्यान किस आसनसे वा किस विधिसे इत्यादि विषयोंको स्मरण न रखना अथवा चित्तकी व्यग्रतासे पाठ भूलजाना अथवा सामायिक करना ही भूलजाना इत्यादि ध्यान पूर्वक विधि न रखना

ते[३] एते[३] पंच[३] सामायिकस्य[६] अतिक्रमाः[१] =ते इतने पांच सामायिक व्रतके अतीचार हैं

स् के पश्चात् कोई अक्षर हो वा न हो और र् यदि उसके पश्चात् कुछ न हो अथवा क्-ख्-च्-छ्-ट्-ठ्-त्-थ्-प्-फ्-श्-ष्-स्-में से कोई अक्षर हो तो उन र् स् का विसर्ग हो जाता है अतः दुर् के र् का (:) विसर्ग हो गया और दुःप्रणिधान हो गया ।(ख)विसर्ग जो प्रत्ययका न हो और उसके पहिले इ वा उ हो और पश्चात् उस विसर्ग के क्-ख्-च् छ्-ट्-ठ्-त्-थ्-प् फ् हो तो यह विसर्ग ष् में पलट जाता है अतः दुः प्रणिधानका दुष्प्रणिधान हो गया यह नियम निर् दुर्-बहिर् आविस्-अन्तर्-प्रादुस् के विसर्गोंसे सम्बंध रखता है ॥ मनुस् के स् अर्थात् विसर्गसे यह नियम लागू नहीं है इस लिये दुःकामा और दुष्कामा रूप हुये ॥ जो विसर्ग प्रत्ययका न हो जैसे अग्निः करोति, वायुःकरोति यहां विसर्ग स् प्रत्यय का है इस लिये विसर्ग का परिवर्तन ष् न नहीं हुआ (ग) मातुः कृपा और पितुः कृपा के विसर्ग प्रत्यय के नहीं है तो भी इनका षमें परिवर्तन नहीं होता परन्तु भ्रातुः पुत्रका विसर्ग भी प्रत्ययका नहीं है इसका परिवर्तन हो जाताहै भ्रातुष्पुत्र हमको पुस्तकोंमें मिलता है ८-३-४१ ॥(१)प्रणिधानं प्रयोगःपरिणामः इत्यनर्थान्तरम् अर्थात् प्रणिधान,प्रयोग,परिणाम एकार्थ वाची हैं । तत्त्वार्थराजवार्तिकमुद्रित पृष्ठ २६०) (२)एकाग्र अथवा एकाग्र्य = और विषयोंको छोड़कर एकही ओर मनवाला (पद्मचंद्रकोश पृष्ठ २८) ३,सभाष्यतत्त्वार्थाधिगम सूत्रमें अनुपस्थानादिके स्थानमें अनुपस्थापनादि है अर्थ भेद सूत्रमें कुछ नहीं है क्योंकि अनुपस्थान और अनुपस्थापन एकही अर्थमें लिये गये हैं शेष पाठ एक है अर्थ इस सब सूत्र का दोनों आम्नायमें एक है । अन्-उप स्थान और अन् उप-स्थापनका एकसा यहां पर अर्थ है ॥

अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितोत्सर्गादानसंस्तरोप-क्रमणानादरस्मृत्यनुपस्थानानि ॥३४॥

(१ अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितोत्सर्गादान(२ संस्तरोपक्रमणानादरस्मृत्यनुपस्थानानि ॥ ३४ ॥

=अप्रत्यवेक्षित अप्रमार्जित उत्सर्ग–अप्रत्यवेक्षित अप्रमार्जित आदान–अप्रत्यवेक्षित अप्रमार्जित संस्तरोपक्रमण–अनादर–स्मृतिअनुपस्थानानि $\frac{1}{5}$''' $\frac{1}{5}$ते $\frac{1}{5}$एते $\frac{1}{5}$ पञ्च $\frac{1}{5}$ प्रोषधोपवासस्यातिचाराः $\frac{1}{5}$ भवन्ति T ॥ ३४ ॥

अप्रत्यवेक्षित अप्रमार्जित उत्सर्ग– =विना देखे हुये विना स्वच्छकिये हुये क्षेपण करना (=उत्सर्ग)अर्थात् विना नेत्रोंसे देखे हुये तथा विनाझाड़े हुये स्थान पर मल–मूत्र–खखार–नाकका मैलादिक डालना

अप्रत्यवेक्षित अप्रमार्जित आदान– =विना देखे हुये (=अप्रत्य वेक्षित) विनी स्वच्छकिये हुये वा विना शुद्ध किये हुये (=अप्रमार्जित) उठाना वा लैना वा ग्रहण करना अर्थात् विना देखे हुये और विना शोधे हुये अरहंत आचार्यादिकोंके पूजनके उपकरण गंधमाल्य धूपादिकको ग्रहण करना वा वस्त्र पात्रादिक को भूमि देखे शोधे विना ही घसीट कर उठाना

अप्रत्यवेक्षित अप्रमार्जित संस्तरोपक्रमण- =विना देखे हुये विना झाड़े हुये वा विना स्वच्छ किये हुये दुपट्टा आदिका सांथरा करना वा बिछावना

अनादर- =उत्साह का न होना वा निरादर अर्थात् क्षुधा तृषा की बाधासे आवश्यकीय धर्म क्रियायोंमें अनादर से प्रवर्तना

स्मृत्यनुपस्थानानि $\frac{1}{5}$''' =सुधका भुलाव अथवा स्मरण न रहना अर्थात् प्रोषधोपवासके दिन करने योग्य धर्म क्रियायों क भूलजाना अथवा प्रोषधमें उपवास ही भूलजाना

ते $\frac{1}{5}$ एते $\frac{1}{5}$ पंच $\frac{1}{5}$ प्रोषधोपवासस्य $\frac{1}{5}$ अतिचारा: $\frac{1}{5}$ भवन्ति T=ते इतने पांच प्रोषधोप वासके अतीचार होते हैं

(१) हमारे यहां एक पाठ सर्वत्र ए : है और अर्थ भी एक है ॥ समाप्यतत्त्वार्थाधिगम सूत्रमें निक्षेप शब्द अधिक है और उपस्थान शब्द के स्थान में उपस्थापन है ॥ उपस्थान और उपस्थापन का तात्पर्य्य एक ही है ॥ अर्थ भेद केवल निक्षेप शब्द की अधिकता से इस दूसरे अतीचार में वस्तुके कहीं स्थापित कर देना अथवा फैंकदेना बढ़ गया है शेष सूत्र दोनों आम्नायों में एक है (२) संस्तरोपक्रमण के स्थान में समाप्यतत्त्वार्थाधिगमसूत्रमें संस्तारोपक्रमण है, अर्थ दोनों शब्दोंका एक सा है ॥

जन्तवः सन्ति न सन्ति वेति प्रत्यवेक्षणं चक्षुर्व्यापारः। मृदुनोपकरणेन यत्क्रियते प्रयोजनं तत्प्रमार्जितम्। तदुभयं प्रतिषेधविशिष्टमुत्सर्गादिभिरभिसम्बध्यते-अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितोत्सर्ग इत्येवमादि। तत्र अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितायां भूमौ मूत्रपुरीषोत्सर्गः अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितोत्सर्गः। अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितस्यार्हदाचार्यपूजोपकरणस्य गन्धमाल्यधूपादेरात्मपरिधानाद्यर्थस्य

पदच्छेद और विभक्त्यर्थ सहित इस चौंतीसवां सूत्रपर सर्वार्थसिद्धिवृत्तिका शब्दशः हिंदी अनुवाद

जन्तवः[1] सन्ति T न*सन्ति T वा*इति*चक्षुर्-व्यापारः[1];	=जीवहैं अथवा नहीं हैं इसप्रकार नेत्रको काममें लाना अर्थात् देखना
प्रत्यवेक्षणम्[1]''; मृदुन-उपकरणेन[3]'''	= सो प्रत्यवेक्षण है। कोमल (=मृदुन) साधनकरि (=उपकरणेन)
यत्[1]''' क्रियते T प्रयोजनम्[1]'''	=जोकार्य,काम(=प्रयोजन)किया जाताहै अर्थात् स्वच्छ किया जाताहै झाड़ा जाताहै
तत्[1]'''प्रमार्जितम्[1]'''; तत्[1]'''उभयम्[1]'''प्रतिषेध-विशिष्टम्[1]'''	=सो प्रमार्जित है। वह दोनों(प्रत्यवेक्षित प्रमार्जित) निषेधरूपमें मानेहुये विशेषण
उत्सर्ग-आदिभिः[3] अभिसम्बध्यते T	=उत्सर्ग, आदान, संस्तर (=आदि) से मिलादिये जाते हैं अर्थात् प्रत्यवेक्षण और प्रमार्जित विशेषणों के निषेधरूप विशेषण यथासंख्य अप्रत्यवेक्षित और अप्रमार्जित हैं जब ये दोनों निषेधरूप गुणवाचक प्रत्येक उत्सर्ग आदान संस्तरोपक्रमण के साथ मिलाये जाते हैं (तब)
अप्रत्यवेक्षित-अप्रमार्जित-उत्सर्गः[1] इत्येवम्* आदि[1]'';	=अप्रत्यवेक्षित-अप्रमार्जित—उत्सर्ग, अप्रत्यवेक्षित-अप्रमार्जित-आदान, अप्रत्यवेक्षित-अप्रमार्जित संस्तरोपक्रमण ऐसेहुये
तत्र* अप्रत्यवेक्षित-अप्रमार्जितायाम्[1]''भूमौ[7]''मूत्र-पुरीष-	=तहां विना देखी हुई विना स्वच्छ कीहुई पृथिवी पर मूत्र और विष्टाका
उत्सर्गः[1] अप्रत्यवेक्षित-अप्रमार्जितोत्सर्गः[1]; अप्रत्यवेक्षित	=क्षेपण सो अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितोत्सर्ग है। विना देखेहुये
अप्रमार्जितस्य[6]'''अर्हत्-आचार्य-पूजा-उपकरणस्य[6]'''	=विना स्वच्छ किये हुये अरहंत आचार्य के पूजा के उपकरणका
गन्ध-माल्य-धूपादेः[6]'''	=वास(सुगंधवाली वस्तु जैसे लोग कपूर इत्यादि) पुष्प (=माल्य) पुष्पमाला (=माल्य)
आत्म-परिधानादि-अर्थस्य[6]'''	=धूपादिकका अपने पहरने के आदिक वस्तुका (=अर्थस्य)

च वस्त्रादेरादानमप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितादानम् । अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितस्यावरणादेः संस्तरस्योपक्रमणं, अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जितसंस्तरोपक्रमणम् । क्षुदभ्यर्दितत्वादावश्यकेष्वनादरोऽनुत्साहः । स्मृत्यनुपस्थानं व्याख्यातम् ॥ त एते पंच प्रोषधोपवासस्यातिचाराः ॥

॥ सचित्तसम्बन्धसम्मिश्राभिषवदुःपक्वाहाराः ॥ ३५ ॥

च*वस्त्र-आदेः[६/१] आदानम्[१/१] अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जित-आदानम्[१/१]; अप्रत्यवेक्षित-अप्रमार्जितस्य[६/१] आवरण-आदेः[६/१] संस्तरस्य[६/१] उपक्रमणम्[१/१], अप्रत्यवेक्षित-अप्रमार्जित-संस्तर-उपक्रमणम्[१/१]; क्षुत्-अभ्यर्दितत्वात्[५/१] आवश्यकेषु[७/३] अनादरः[१/१] अनुत्साहः[१/१]; स्मृत्यनुपस्थानम्[१/१] व्याख्यातम्[१/१]

ते[१/३] एते[१/३] पञ्च-प्रोषध-उपवासस्य[६/१] अतिचाराः[१/३]

=और (=च) वस्त्र आदिका उठावना-लेना-सो अप्रत्यवेक्षिताप्रमार्जित
=आदानहै । बिना देखेहुये बिना स्वच्छ कियेहुये डुपट्टा
=आदिका सांथरा करना अर्थात् बिछावना सो अप्रत्य वेक्षित-
=अप्रमार्जित संस्तरोपक्रमण है । भूखकरि पीड़ित होनेसे
=(उपवासकी) आवश्यक क्रियाओंमें निरादर सो अनुत्साह है ।
=भूलजाना वा स्मरणका अभाव विस्मृति होना (सूत्र ३३ में) वर्णन कर दिया गया
अर्थात् प्रोषधोपवासमें कर्तव्य विधिकी विस्मृतिहोना वा पर्वमें उपवासही भूलजाना
=ते इतने पांच प्रोषधउपवास के व्यतिक्रम-दूषण-दोष अतीचार हैं ॥

सचित्तसम्बन्धसम्मिश्राभिषवदुःपक्वाहाराः ॥ ३५ ॥

=सचित्तसम्बन्धसम्मिश्राभिषवदुःपक्वाहाराः पञ्चोपभोगपरिभोगपरिमाणस्यातिचाराः भवन्ति

=सचित्त-सचित्तसम्बन्ध-सचित्त सम्मिश्र-अभिषव-दुः पक्व-आहाराः[१/३] पञ्च-उपभोग परिभोगपरिमाण परिभोगपरिमाणस्य अतिचाराः[१/३] भवन्ति T ॥३५॥

सूत्रार्थः-सचित्त-आहारः[१/१]
सचित्त-सम्बन्ध-आहारः[१/१], सचित्त-सम्मिश्र-आहारः[१/१], अभिषव-आहारः[१/१], दुष्पक्व-आहारः[१/१] ते[१/३] एते[१/३] पञ्च[१/३] उपभोगपरिमाण परिभोग परिमाणस्य[६/१] अतिचाराः[१/३] भवन्ति T

=जीव सहित अथवा चेतना सहित द्रव्य (जैसे-पुष्प फलादिक) का भोजन करना
=सचित्त वस्तुसे स्पर्शेहुये (द्रव्य) का भोजन करना-सचित्तसे मिलीहुई (वस्तु) का
=आहार करना-पुष्ट अथवा रस संयुक्त आहार करना-अच्छे प्रकार नपकायेहुये(द्रव्य) का
=आहार करना-ते इतने पांच उपभोग परिमाण
=परिभोग परिमाणके व्यतिक्रम--अथवा दूषण हैं

(१) सभाष्यतत्त्वार्थाधिगमसूत्रमें सम्बन्धके स्थानमें संबद्धहै सम्मिश्रके स्थानमें संमिश्र है दुःपक्वके स्थानमें दुष्पक्व है (क) यहां पर सम्बन्ध

सह चित्तेन वर्तते इति सचित्तं चेतनावद्द्रव्यम् । तदुपश्लिष्टःसम्बन्धः । तद्व्यतिकीर्णः सम्मिश्रः । कथं पुनरस्य सचित्तादिषु प्रवृत्तिः स्यात्? प्रमादसम्मोहाभ्याम् । द्रवो वृष्यो वाऽभिषवः । असम्यक्पक्वो दुःपक्वः । एतैः

पदच्छेद और विभक्त्यर्थसहित इस पैंतीसवां सूत्रपर सर्वार्थसिद्धिवृत्तिका शब्दशः हिन्दीअनुवाद

सह* चित्तेन$_{३}$ वर्तते$_{T}$ इति*सचित्तम्$_{१}$ =जीव सहित वा जीवकरि विद्यमान ऐसा सचित्त है
चेतनावत्* द्रव्यम्$_{१}$, तद्-उपश्लिष्टः$_{१}$ =चेतना सम वस्तु है, उस (सचित्त) से भिड़ा हुआ वा लगा हुआ(=उपश्लिष्ट)
सम्बन्धः$_{१}$, तद् व्यतिकीर्णः$_{१}$ सम्मिश्रः$_{१}$, =सम्बन्ध है । उस(सचित्त)में मिलाहुआ (=व्यतिकीर्णः) सो समिश्र है
कथम् पुनः* अस्य$_{६}$ सचित्तादिषु$_{३}$ प्रवृत्तिः$_{१}$ स्यात्? =बहुरि (=पुनः) इस सचित्तादिकमें कैसे प्रवृत्ति होती है
प्रमाद-सम्मोहाभ्याम्$_{३}$ द्रवः$_{१}$ वृष्यः$_{१}$ वा* =(=उत्तर) प्रमाद और तीव्र रागसोरस(=द्रव) अथवा (=वा) पुष्ट पदार्थ (=वृष्य)
अभिषवः$_{१}$, असम्यक्-पक्वः$_{१}$ दुःपक्वः$_{१}$, =अभिषव है, भले प्रकार न पका हुआ(पदार्थ)दुःपक्व है
एतैः$_{३}$ =इन (सचित्त-सचित्तसम्बंध-सचित्तसंमिश्र-अभिषव-दुष्पक्व) करि ।

और संबद्ध का एकही तात्पर्य वा अभिप्राय है क्योंकि पद्मचन्द्र कोशके पृष्ठ ४१३ में दोनों का अर्थ सम्बन्ध = अच्छाबन्धन,सम्बद्ध (संबद्ध) = सम्यक् बन्धन लिखा है इसके लिखने की आवश्यकता नहीं है कि सम्यक् बन्धन और अच्छा बन्धन का अर्थ एक है (ख)सम्मिश्र और संमिश्र = सम् मिश्र दोनों ठीक हैं सम्मिश्र अशुद्ध है(टिप्पणी अ०१ पृष्ठ ५३६,५४०)(ग)दुःपक्व और दुष्पक्वदोनों एकही हैंक्योंकि यह शब्ददुर् (उपसर्ग)और पक्व सेबना है दुर्के र् का विसर्गमें परिवर्त्तन होगया और दुःपक्व शब्द हुआ पश्चात् इस विसर्ग का परिवर्तन ष् में होकर दुष्पक्व बना इसके नियमके सम्बंधमें देखो टिप्पणी अध्याय ७ पृष्ठ६७,६८ अथवा देखो अष्टाध्यायी"खरवसानयोर्विसर्जनीयः।८-३-१५"इदुदुपधस्य चाऽप्रत्ययस्य ॥८-३-४१॥ दोनों सम्प्रदाओंमें इस सूत्रका एकही अर्थ है हमारे यहां कहीं सम्बन्ध पाठ है कहीं 'संबंध' पाठ है दोनों ठीक हैं[देखो टिप्पणी अध्याय१ पृष्ठ ५३६,५४०]

(२) उपश्लिष्टः–यह शब्द 'उप' उपसर्ग और 'श्लिष्' चतुर्थ दिवादि गणका सकर्मक अनिट् धातु से मिलना, संसर्ग होना अर्थमें बना है ॥ श्लिष् का और अन्य धातुओं का भी भूत कृदन्त धातु में त जोड़ने से बनता है जैसे श्रु = सुनना धातु से श्रुत (= सुनागया) बनगया इसी प्रकार श्लिष् में त जोड़ने से श्लिष्+त हुआ, अष्टाध्यायी ८–४ ४१ सूत्र ष्टुना ष्टुः (स्तोः) के एक भाग द्वारा कि त्–थ्–द्–ध्–न् ष् के साथ अनुक्रमसे ट्–ठ् ड्–ढ् ण् में पलट जाते हैं श्लिष्+त = श्लिष्ट हुआ, इसमें उप उपसर्ग ईषत्–किंचित् अर्थ में जोड़ने से उपश्लिष्ट बनगया । अर्थ हुआ लगा हुआ,भिड़ा हुआ ॥ उपशेष(पु०)उप अव्यय[क्योंकि अव्यय क्रिया के साथ आते हैं तबउनकी उपसर्ग संज्ञा हो जाती है]और श्लेष = आलिंगन ईषत् अर्थ में इस प्रकार बना है कि "उप ईषद् एक देशेन श्लेषः[सम्बन्धः]एक ओरकी मिलावट । आधार और आधेयका एक ओरमें मिलना, जैसे घर और घट का उपश्लेष होता है इसी प्रकार यहांपर'सांवस्त'आधार है और उससे भिड़ी हुई वस्तु आधेय है ॥उपश्लेषण(न०) = आलिंगन

आहारो विशेष्यते–सचित्ताहारः सम्बन्धाहारः सम्मिश्राहारोऽभिषवाहारो दुःपक्वाहार इति ॥ त एते पञ्च भोगोपभोगपरिसंख्यानस्यातिचाराः ॥

॥ सचित्तनिक्षेपापिधानपरव्यपदेशमात्सर्यकालातिक्रमाः ॥३६॥

आहारः[1] विशेष्यते T

=आहार विशेष किया गया है वा अधिक किया गिया है अर्थात् सचित्त, सचित्त सम्बन्ध, सचित्तसम्मिश्र-अभिषव-दुष्पक्व ये आहार शब्दके विशेषण वा गुणवाचकहैं और आहार शब्द इन सचित्तादिक का विशेष्य है (तब)

सचित्त-आहारः[1] (१) सम्बन्ध-आहारः[1] सम्मिश्र-आहारः[1] अभिषवआहारः[1] दुःपक्व-आहारः[1] इति*

=सचित्तआहार-सचित्त सम्बन्ध आहार, सचित्तसम्मिश्रआहार, =अभिषवआहार, दुष्पक्व आहार इस प्रकार

ते[1] एते[1] पञ्च-भोग-उपभोग-परिसंख्यानस्य[1] (२) अतिचाराः[1]=ते इतने पाँच परिभोग परिमाण-उपभोग परिमाणके दूषण वा व्यतिक्रम हैं

सचित्तनिक्षेपापिधानपरव्यपदेशमात्सर्यकालातिक्रमाः ॥ ३६ ॥

=सचित्तनिक्षेप-सचित्त (३) अपिधान-परव्यपदेश-मात्सर्य (४)-कालातिक्रमाः (पञ्चातिथिसंविभागव्रतस्यातिचाराः भवन्ति)॥

=सचित्त-निक्षेपः[1] सचित्तअपिधानम्[1] पर–व्यपदेशः[1] मात्सर्यम्[1] काल-अतिक्रमः[1] पञ्च[1] अतिथिसंविभागव्रतस्य[1] अतिचाराः[1] भवन्ति T

(१) यहां पर सम्बन्ध आहारसे-सचित्त-सम्बन्ध आहारसे आशय है और सम्मिश्र आहारसे सचित्तसमिश्र आहार से प्रयोजन है (२) भोगसे यहांपर परिभोगसे तात्पर्य है क्योंकि भोगके दो भेदहैं उपभोग, परिभोग, उपभोग वह है जो एक बार भोगने वा सेवनेमें आवे जैसे खान पान आदि, परिभोग जो बार बारसेवने में आवै जैसे वस्त्र-आभूषण इत्यादि (देखो पृष्ठ ६४ और ६५) (३) समाष्यतत्त्वार्थाधिगमसूत्रमें अपिधान शब्दके स्थानमें पिधान है दोनों का अर्थ एकही है पद्मचंद्र कोश पृष्ठ ३३में "अपिधान" (नं०) अपि + धाञ् + ल्युट् ढकना (आच्छादन) पिधान इसी अर्थमें होता हैं ऐसा अर्थ लिखाहै और पद्मचंद्र कोश पृष्ठ २४० में 'पिधान (नं०)अपि + धा + ल्युट् (अकालोप, छादन-आवरण-उच्छादन। ढकना, जब पिधानसे काम चल जाता है और सूत्रभी एक अकार मात्र लघुहोजाता है तब मेरी समझमें सभाष्य तत्त्वार्थाधिगम का पाठ लघु है, शेष पाठ दोनों सम्प्रदायोंमें एक है और अर्थभी एक है (४) कहीं कहीं पर मात्सर्थ शब्द है कहीं कहीं पर मात्सर्य्य है दोनों शुद्ध अर्थो रहाभ्यांहे वा व्याकरण के सूत्रसे हैं, परन्तु मात्सर्य लिखना श्रेष्ठ है क्योंकि मूल सूत्र जितना भी लघुहो उतना ही अच्छा है॥

सचित्त-निक्षेप- =जीव सहित (कमलके पत्रादिक) में (अतिथिके देनेका आहारपानादिक) रखना

सचित्त-अपिधान- =सचिताकरि (अतिथिके देनेका आहार पानादिक) ढकना अथवा आच्छादन करना-

(१)पर-व्यपदेश- =दूसरे (दातार) की देने योग्य वस्तुका दान करना अन्यकी वस्तुका दानकरना अर्थात् अन्य दातारकी देय कहिये आहार आदि देने योग्य वस्तु सो लेकरि अपना नाम करना, (=अन्यकी वस्तुका दान करना) अथवा अन्यका नाम करि दान दैना अपना नाम न करना-

मात्सर्य- =पर गुणमें द्वेष-दूसरेके गुणमें वैर करना अर्थात् अन्य देही दातारके गुणआदिसेईर्षाकरना

कालातिक्रमः[१] =समयको उल्लंघन करना अर्थात् समय पर अतिथि को भोजन न दैना अथवा अतिथि का जो भोजनका समय है उस समयको उल्लंघनकरि विलम्बसे देरीसे भोजन दैना

ते[१] एते[१] पंचअतिथिसंविभाग व्रतस्य[६] अतिचाराः[१] भवन्ति=येपांच अतिथिसंविभाग व्रतके अतीचार होते हैं

पदच्छेद और विभक्त्यर्थ सहित इस छत्तीसवां सूत्रपर सर्वार्थसिद्धिवृत्तिका शब्दशः हिन्दी अनुवाद ॥

(१) व्यपदेश = (पु०) वि + अप + देश + घञ् । कथन (कहना) संज्ञा (नाम) कापट्य (छलपन) पद्मचंद्रकोश पृष्ठ ३७१ ऐसा अर्थ है, परव्यपदेशका अर्थ " अन्यदातृदेयार्पणम् " (संस्कृत सर्वार्थसिद्धि वृत्ति पृष्ठ ३७३ तत्त्वार्थ श्लोकवार्तिक पृष्ठ ४७२) तत्त्वार्थ राजवार्तिक पृष्ठ २६१ में) ऐसा किया है, इसके विवरण उक्त राजवार्तिक में " अन्यत्र दातारः संति दीयमानोप्ययमन्यस्येति वा अर्पणं परव्यपदेश इति प्रतिपद्यते " से प्रगट है कि संक्षेपतः इस विवरण के दो भाग हैं (क) अन्यकी वस्तु का दान करना (ख) अपनी द्रव्यका दान करना परन्तु परका नाम करना अपना नाम न करना, जय चंद्रायजीने राजवार्तिकके अनुसार दोनों अर्थ किये हैं इसी का सारांश लेकर हमने भी दोनों अर्थ किये हैं ॥ पं० ठाकुर प्रसादजीने सभाष्यतत्त्वार्थाधिगमसूत्र पृष्ठ १७२ में दूसरा भाग लिया है " यह पदार्थ पराया अर्थात् अन्य मनुष्यका है ऐसा कहना" । पं० सदासुखजीने तत्त्वार्थसूत्रकी लघुटीका में प्रथम भाग " अन्य पुरुषका दान अपने नाम से देना" लिया है (देखोलघुटीकापृष्ठ ४०) और अर्थप्रकाशिकामें द्वितीय भाग लिया है "अन्यका नाम करिदान दैना" (अर्थप्रकाशिका पृष्ठ ५३७) ॥ परव्यपदेश = (१) अन्यसे कापट्य वा अन्यसे छलपना अर्थात् अन्यसे वस्तु लेकरि अपना नाम करिके दान दैना (२) अन्यका नाम (करना) वा कथन (करना) अर्थात्, अपनी वस्तु दान दैना दूसरे का नाम करना इस प्रकार दोनोंके अर्थ कोशके अनुसार भी हो गये ॥

सचित्तो पद्मपत्रादौ निक्षेपः सचित्तनिक्षेपः। अपिधानमावरणं सचित्तेनैव सम्बध्यते सचित्तापिधानमिति। अन्यदातृदेयार्पणं परव्यपदेशः। प्रयच्छतोऽप्यादराभावोऽन्यदातृगुणासहनं वा मात्सर्यम्। अकाले भोजनं कालातिक्रमः॥ त एते पँचातिथिसंविभागशीलातिचाराः॥

॥ जीवितमरणाशंसामित्रानुरागसुखानुबन्धनिदानानि ॥ ३७॥

सचित्त[२]''' पद्मपत्र-आदौ[२]''' निक्षेपः[१] सचित्तनिक्षेपः[३]; =जीवसहित कमलके पत्र आदिमें रखना सो सचित्त निक्षेप है।

अपिधानम्[१]''' आवरणम्[१]''' सचित्तेन[३]''' एव* सम्बध्यते। =अपिधान आवरण वा ढकनाहै, सचित्तकरिही(इसअपिधान शब्दका)सम्बन्ध कियागया है

सचित्त-अपिधानम्[१]''' इति*। =सो सचित्त-अपिधान है अर्थात् सचित्त करि (अतिथिके देनेका आहार) ढाकना सो सचित्त अपिधान वा सचित्त पिधान है।

अन्यदातृ-देय-अर्पण*[१]''' परव्यपदेशः[१]। =दूसरे दाताकी देने योग्य (वस्तु) का दान करना अथवा अन्यका दान (अपने नामसे) देना सो पर व्यपदेश है (देखो टिप्पणी इस सूत्रके अर्थ पर)

प्रयच्छतः[६] अपि* आदर-अभावः[१] वा अन्यदातृगुण-असहनम्[१]''' मात्सर्यम्[१]'''; अकाले[२] भोजनम्[१]''' =दान देने वाले के भी आदर का अभाव अथवा अन्य दातारके गुणको =सहन न करना सो मात्सर्य है। असमय पर भोजन देना अर्थात् भोजन के समय का उल्लेख करि बिलम्ब से अतिथि को भोजन देना,

काल-अतिक्रमः[१]; ते[१] एते[१] पंच[१] अतिथिसंविभाग-शील-अतिचाराः[१] =सो काल अतिक्रम है। ते एते पांच अतिथि विभाग =शील के अतिचार हैं॥ (अगलेसूत्रमें आचार्य सल्लेखनाके पांच अतिचार कहते हैं)

(१)जीवितमरणाशंसामित्रानुरागसुखानुबन्धनिदानानि ॥ ३७ ॥

=जीवितआशंसा-मरणआशंसा-मित्रानुराग-सुखानुबन्ध-निदानानि (ते एते पञ्च सल्लेखनायाः अतिचाराः भवन्ति)॥ ३७ ॥

सूत्रार्थः—जीवित-आशंसा- =(सल्लेखना धारण करके) जीनेकी इच्छा वा अभिलाषा करना

मरण-आशंसा-मित्रानुराग- =(रोगादिक के उपद्रवोंसे घबराकर) मरनेकी वांछा करना, मित्रोंमें प्रीति अर्थात् जिन मनुष्योंके साथ प्रीतिपूर्वक पहिले क्रीड़ा कीथी उनका बारम्बार स्मरण करना-

(१) किसीकिसी पुस्तकमें बंध पाठहै और कहीं कहीं बन्धहै दोनों पाठ ठीक हैं(देखो टिप्पणी अध्याय प्रथमपृष्ठ ५३६, ५४०) शेषपाठ हमारेयहां एकहै॥

आशंसनमाशंसा आकांक्षणमित्यर्थः । जीवितं च मरणं च जीवितमरणं, जीवितमरण-स्याशंसे जीवितमरणाशंसे । पूर्वसुहृत्सहपांसुक्रीडनाद्यनुस्मरणं मित्रानुरागः अनुभूतप्रीतिविशेष-स्मृतिसमन्वाहारः सुखानुबन्धः । भोगाकांक्षया नियतं दीयते चित्तं तस्मिंस्तेनेति वा निदानम् ।

सुखानुबन्ध— =सुखका सम्बन्ध रखना अथवा सुखका स्मरण करना-अर्थात् पूर्वकाल में अनुभव किये जे इन्द्रिय जनित सुख तिनका बारम्बार चिन्तवन सो सुखानुबन्ध है ।

(१) निदानानि ॥ =अगले जन्म में विषयादि सुखोंके प्राप्त होने की वांछा करना सो निदान है ।

ते एते पंच सल्लेखनायाः अतिचाराः भवन्ति । =ते इतने पांच सल्लेखना व्रतके अतिचार होते हैं ॥

पदच्छेद और विभक्त्यर्थ सहित इस सैंतीसवां सूत्र पर सर्वार्थसिद्धिवृत्तिका शब्दशः हिंदी अनुवाद

आशँसनम् आशँसा आकंक्षणम् इति*अर्थः, =आशँसन है वह आशँसा है अभिलाषा वा इच्छा ऐसा अर्थ (आशँसा का) हुआ ।

जीवितम् च * मरणम् च * जीवितमरणम् =और (=च) जीवित तथा (=च) मरण (मिलकर) जीवित मरण (वाक्य) हुआ ।

जीवितमरणस्य आशँसे (२) जीवित मरणाशंसे, =जीने और मृत्यु की आकांक्षा-सो जीवितमरणआकांक्षा है ।

पूर्व-सु-हृत्-सहपांसुक्रीडन-आदि-अनुस्मरणम् =पहिले मित्र सहित धूल(पांसु=पांशु)परिहास्य वा केलि आदि की सुध वा स्मृति

मित्रानुरागः; अनुभूत-प्रीति-विशेष-स्मृति-समन्वाहारः =सो मित्रानुराग है । अनुभव किये हुये(सुख)की प्रीति विशेषसे बार बार स्मरण

सुखानुबन्धः; भोग-आकांक्षया तस्मिन् =सो सुखानु बन्ध है । भोग की आशा करि उस (भोग) पर (तस्मिन्)

तेन इति * वा * नियतम्, दीयते चित्तम् निदानम् =अथवा उस (भोग) से (=तेन) नियत की जाय चित्त लगाया जाय सो निदान है ।

अर्थात् भोगकी वांछाकरि नियम बांधना जो ऐसा भोग मिलै सो निदान है

(१) सभाष्यतत्त्वार्थाधिगमसूत्रमें, 'निदानानि' शब्दके स्थानमें 'निदानकरणानि' है शेष सूत्रका पाठ दोनों सम्प्रदायोंमें एक है ॥ हमारे यहां निदानका वही अर्थ किया है जो सभाष्य० में निदानकरणका किया है । "आगामी विषय भोगों की आकांक्षा करना निदान करण पँचम अतिचार है" (सभाष्यतत्त्वार्थाधिगमसूत्र पृष्ठ १७२) "अगले जन्ममें विषयादि सुखोंके प्राप्त होनेकी वांछा करना सो निदान नामका अतिचार है" (पं० पन्नालाल जी टीका) ॥ आगामी विषय भोगोंकी आकांक्षा करना इस वाक्यमें और अगले जन्ममें विषयादि सुखों के प्राप्त होने की वांछा करना एक ही अभिप्राय के द्योतकहैं॥ २) जीवित अनुशंसा और मरण अनुशंसाभी कहतेहै, जीवितं का लिंग नपुसक है, आशंसा का स्त्रीलिंग है इन दोनोंके मिलनेसे द्वि वचन अन्त शब्द के अनुसार होगा, आशंसा का स्त्रीलिंग द्वि वचन आशंसे है ॥ इसलिये जीवितमरणा संशे हो गया ॥

त एते पंच सल्लेखनाया अतिचाराः ॥ अत्राह—उक्तं भगवता तीर्थकरत्वकारणकर्मास्रवनिर्देशे शक्तितस्त्यागतपसीति, पुनश्चोक्तं शीलविधानेऽतिथिसंविभाग इति। तस्य दानस्यलक्षणमनिर्ज्ञातं तदुच्यतामित्यत आह—

अनुग्रहार्थं स्वस्यातिसर्गो दानम् ॥ ३८ ॥

स्वपरोपकारोऽनुग्रहः। स्वोपकारः पुण्यसंचयः, परोपकारः सम्यग्ज्ञानादिवृद्धिः। स्वशब्दोधनपर्यायवचनः।

ते[1] एते[1] पंच[1] सल्लेखनायाः[6] अतिचाराः[1] अत्र* आह T
=ते इतने पांच सल्लेखनाके अतीचार हैं। यहां प्रश्न है कि

तीर्थकरत्व कारण—कर्म—आस्रव निर्देशे[7] शक्तितः*
=तीर्थंकर होनेका कारण कर्म आस्रवके कथनमें शक्तितः शक्ति पूर्वक—

त्यागतपसी[2] इति* उक्तम्[6] भगवता[3]
=त्याग तपसी ऐसा आप (भगवान्) द्वारा वर्णित है,

पुनः च* उक्तम्[6] शीलविधाने[7] अतिथिसंविभागः[1] इति*।
=बहुरि शील विधानमें अतिथिसंविभाग भी (=च) ऐसा वर्णितहै (=उक्तम्)।

तस्य[6] दानस्य[6] लक्षणम्[1] निर्ज्ञातम्[1] तद्[1]
=तिस दानका लक्षण ज्ञात नहीं हुआ वह (दानका लक्षण)

उच्यताम् T इति* अतः* आह T
=कहाजाना चाहिये, इसलिये (आचार्य उत्तर सूत्र) कहतेहैं कि

(१)अनुग्रहार्थं स्वस्यातिसर्गो दानम् —अनुग्रह—अर्थम्—स्वस्य—अतिसर्गः दानम् भवति॥३८॥

सूत्रार्थः—अनुग्रह-अर्थम्[1] स्वस्य[6] अतिसर्गः[1] दानम्[1]। =(अपने; परके) उपकारके लिये धन, वस्तु का अर्पण वा त्याग करना सोदान है

पदच्छेद और विभक्त्यर्थसहित इस अड़तीसवां सूत्रपर सर्वार्थसिद्धिवृत्तिकाशब्दश हिन्दीअनुवाद-

स्व—पर—उपकारः[1] अनुग्रहः[1], स्वउपकारः[1]
=अपना तथा दूसरे का उपकार सो अनुग्रह है। अपना (=स्व) उपकार

पुण्य संचयः[1], पर-उपकारः[1] सम्यग्ज्ञानादिवृद्धिः[1]; =पुण्यका इकट्ठाहोना वा बन्धहोना है अन्यका उपकार सम्यग्ज्ञानादिककीवृद्धी होना है,

(२)स्व—शब्दः[1] धन—पर्याय वचनः[1]; =(इस सूत्रमें) स्व शब्द धनके समअर्थको (=पर्याय) कहने वालाहै
अर्थात् स्व शब्दका वही अर्थ यहां पर है जो धन शब्दका अर्थ होता है

(१) इस सूत्रका दोनों श्वेताम्बर तथा दिगम्बर संप्रदायोंमें एकसा पाठ और अर्थ है। (२) स्व —(क)आत्मा (आप) आत्मीय (अपना) अर्थमें इसकी सर्व नाम संज्ञा होती है (ख) (वृ०) ज्ञाति किसीके वंशका अथवा जातिका (ग) स्वाभाविक, प्राकृतिक, मूल (घ) पुल्लिंगमें आत्मा के अर्थ में भी आता है (ङ) धन के अर्थ में पुल्लिंग नपुंसक होता है (देखो वैद्य संस्कृत आंगलकोश पृष्ठ ८१६)

अनुग्रहार्थं स्वस्यातिसर्गस्त्यागो दानं वेदितव्यम् ॥ अत्राह–उक्तं दानं तत्किमविशिष्टफलमाहोस्विदस्ति कश्चित्प्रतिविशेष इत्यत आह—

विधिद्रव्यदातृपात्रविशेषात्तद्विशेषः ॥ ३९ ॥

प्रतिग्रहादिक्रमो विधिः।

अनुग्रह-अर्थम्[1] स्वस्य[6] अतिसर्गः[1] त्यागः[1] दानम्[1] =(अपने तथा परके) उपकारकेलिये(अपने) धनका (=स्वस्य) अर्पण वा त्याग सो दान
वेदितव्यम्[1] ॥ अत्र* आह[T] उक्तम्[1] दानम्[1] =जानना चाहिये । यहां प्रश्न करताहै कि दान कहागया
तत्किम्[1] अविशिष्टफलम्[1] आहोस्वित्* =क्याउस (दान) का(=तत्) विशेषरहित वा एकही फलहै अथवा (=आहोस्वित्)
अस्ति[T] कश्चित्* प्रतिविशेषः[1] इति* अतः* आह[T] =कुछ विशेष (फल) है इसलिये (आचार्यउत्तर सूत्र कहते हैं कि

विधिद्रव्यदातृपात्रविशेषात्तद्विशेषः ॥ ३९ ॥

विधिविशेषात्-द्रव्यविशेषात्-दातृविशेषात् -पात्रविशेषात् तद् (=दानस्य) विशेषः वेदितव्यः ॥ ३९ ॥

सूत्रार्थः—विधिविशेषात्[5] द्रव्यविशेषात्[5] =(आदरपूर्वक वचन वा प्रतिग्रहादिक)विधानकीविलक्षणतासे,दातव्य पदार्थकेविशेष से
दातृविशेषात् पात्रविशेषात्[5] =दातार (देने वाले) के विशेषसे, जिसको दान दिया जाय उसके विशेष से
तद्-विशेषः[1] वेदितव्यः[1] । =उस (दान) में विलक्षणता वा भेद होताहै अर्थात् उत्तम रीतिसे दान देने में, उत्तमजाति तथा गुणसंयुक्त वस्तु देनेसे, उत्तमगुण वाले दातारके हाथसे दान दिये जानेसे, तथा रत्नत्रयके धारकमुनि जो उत्तम पात्रहैं उनको दान देनेसे उत्तमफल होताहै इसी प्रकार मध्यमविधिसे मध्यमगुणसंयुक्त द्रव्य देनेसे, मध्यमगुण वाले दातासे तथा मध्यमपात्रव्रत सहित श्रावकको दानदेने मेंमध्यमफलकी प्राप्ति होताहै और ऐसेही जघन्यविधिसे जघन्य गुणसंयुक्त वस्तु वा पदार्थ देनेसे जघन्यगुणसंयुक्त दातारद्वारा दिये जानेसे तथा जघन्यपात्र जो व्रत रहित सम्यक्त सहित अव्रत सम्यक् दृष्टि को दान देनेसे जघन्य फल होता है ।

वृत्त्यनुवादः—प्रतिग्रह-आदि-क्रमः[1] विधिः[1] =(क) पडगावना अथवा आदरपूर्वक वचन (=प्रतिग्रह) (ख) उच्च स्थान देना (ग) पाद-प्रक्षालन वा पादोदक (घ) पूजनकरना वा अर्घन (ङ) नमस्कारकरना प्रणामकरना वा प्रणमन (च) मनकीशुद्धता (छ) वचनकीशुद्धता (ज) कायकी शुद्धता (झ) भोजनकी शुद्धता-क्रमविधिहै । अर्थात् मुनिको दानदेनेमें नव प्रकारकीभक्ति कही गईहै ॥

विशेषो गुणकृतः। तस्य प्रत्येकमभिसम्बन्धः क्रियते—विधिविशेषो द्रव्यविशेषो दातृविशेषः पात्रविशेष इति ॥ तत्र विधिविशेषः प्रतिग्रहादिष्वादरानादरकृतो भेदः। तपः स्वाध्यायपरिवृद्धिहेतुत्वादिर्द्रव्यविशेषः। अनसूयाविषादादिर्दातृविशेषः।

विशेषः[1] गुणकृतः[1]; =गुणसे कियागया वा गुणद्वारा कियागया सो विशेष है अर्थात् विलक्षणता को कहते हैं

तस्य[6] प्रत्येकम्[3] अभिसम्बन्धः[1] =तिस (विशेषशब्द) का प्रत्येक (विधि-द्रव्य-दातृ-पात्र) को सम्बन्ध

क्रियते T—विधिविशेषः[1] द्रव्यविशेषः[1] दातृविशेषः[1] =किया जाता है कि विधिविशेष—द्रव्यविशेष—दातृविशेष—

पात्रविशेषः[1] इति* ॥ तत्र*विधिविशेषः[1] =पात्रविशेष ऐसे हुये। तहां विधानकी विलक्षणता

प्रतिग्रहादिषु[7] आदर—अनादरकृतः[1] भेदः[1]। =प्रतिग्रहादिक (पूर्वोक्त नवधाभक्ति) में सन्मान अप्रतिष्ठा कृत भेद है,

तपः-स्वाध्याय—परिवृद्धि-हेतुत्वादिः[1] द्रव्यविशेषः[1]। =तपस्वाध्यायकी बढ़ती अथवा उन्नतिका निमित्तपना आदि द्रव्यविशेष है, अर्थात् जिस वस्तुसे राग-द्वेष-असंयम-मद-दुःख—भय-प्रमाद रोगादिक उत्पन्न हों सो तपस्वी को न देना, जिनसे तपस्वाध्यायकी वृद्धि हो ऐसी उत्तम जाति तथ उत्तम गुण संयुक्त वस्तु देना सो द्रव्यविशेष है

अन्—असूया-अविषाद—आदिः[1] दातृविशेषः[1]। =अन्यके गुणोंमें दोषदृष्टि न करना शोक न करना (अविषाद) आदिक—दातृविशेष है अर्थात् दाताके निम्नलिखित गुण हैं (क) अनसूया वा ईर्षारहितता (ख) विषाद रहितता, पछतावा न करे (ग) देनेके इच्छुकमें, देने वालेमें प्रीति हो (घ) कुशल वा कल्याणका अभिप्राय हो (ङ) दृष्ट फल की चाहना न हो अर्थात् दान देय इस लोक परलोकमें धन संपदा, यश, कीर्ति इनकी वांछा न करना—(च) निष्कपटोपधना अर्थात् उपधा (=छल=उपाधि) विशेष से वर्जित हो कपटसे दान न दिया जावै (छ) निदान रहित (तत्त्वार्थराजवार्तिक पृष्ठ मुद्रित २९२ देखो) ॥

मोक्षकारणगुणसंयोगः पात्रविशेषात्ततश्च पुण्यफलविशेषः क्षेत्रादिविशेषाद्बीजफलविशेषवत्॥

क्षेत्रादिविशेषाद्बीजफलविशेषवत् ॥ इति तत्त्वार्थवृत्तौ सर्वार्थसिद्धि-सञ्ज्ञिकायां सप्तमो ऽध्यायः ॥

मोक्ष-कारण-गुण-संयोगः[१।१] =मोक्षके निमित्त गुण (जे सम्यग्दर्शन–सम्यग्ज्ञान-सम्यक्-चारित्र) तिनकरि संयुक्त

पात्रविशेषः[१।१]; ततः * च * =सो पात्रविशेष है, बहुरि (=च)तिन (विधिविशेष-द्रव्यविशेष-दातृविशेष–पात्रविशेष)से

पुण्यफलविशेषः[१।१]; =पुण्यफलमें विशेष वा भेद है अर्थात् इन चार कारणोंसे उत्तम-मध्यम जघन्य आदि दानके विशेष भेद होते हैं और उनके फल भी उत्तम-मध्यम-जघन्य होते हैं

क्षेत्रादि-विशेषात्[५।१] बीज-फल–विशेषवत् * =जैसे पृथिवी वा भूमि आदिके विशेषसे बीज तथा फल का विशेष वा भेद होता है

इति* तत्त्वार्थवृत्तौ[७।१] =इस प्रकार तत्त्वार्थके विवरणमें

सर्वार्थसिद्धिसञ्ज्ञिकायाम्[७।१] =सर्वार्थसिद्धि नामा ग्रन्थमें

सप्तमः[१।१] अध्यायः[१।१] =सातवां अध्याय (पूर्ण) हुआ ॥ ७॥

शुभमस्तु ! शुभमस्तु !! शुभमस्तु !!!

॥ अथाष्टमोऽध्यायः ॥

सर्वार्थ-सिद्धि १

व्याख्यात आस्रवपदार्थस्तदनन्तरोद्देशभाग्बन्धपदार्थ इदानीं व्याख्येयस्तस्मिन्व्याख्येये सति पूर्वं बन्धहेतूपन्यासः क्रियते तत्पूर्वकत्वाद्बन्धस्येति ॥

मिथ्यादर्शनाविरतिप्रमादकषाययोगा बन्धहेतवः ॥१॥

अध्याय ८ सूत्र १

अथ*अष्टमः[1]अध्यायः[1] = आठवां अध्याय प्रारम्भ(= अथ)है

व्याख्यातः [1] आस्रव-पदार्थः [1] = आस्रव पदार्थ (छठे और सातवें अध्यायों में) वर्णन किया गया है
तद्-अनन्तर-उद्देशभाक्[1]बन्ध-पदार्थः[1]इदानीम्*व्याख्येयः[1] = जिस (आस्रव पदार्थ) के निकट कहा गया बन्ध पदार्थ अब व्याख्यान योग्य है
तस्मिन्[3] व्याख्येये[3] सति[7] पूर्वम्[11]बन्ध-हेतु-उपन्यासः[1] = जिस के व्याख्यान योग्य होते संते पहिले बन्ध के कारण की प्रस्तावना(= उपन्यास)
क्रियते T तत्पूर्वकत्वात्[7][11] बन्धस्य[1] इति * = की जाती है क्योंकि बन्धका होना उस (कारण) पूर्वक है ऐसे (निम्नसूत्र कहा जाता है)

(१) मिथ्यादर्शनाविरतिप्रमादकषाययोगा बन्धहेतवः ॥ १ ॥

सूत्रार्थः—मिथ्यादर्शन- = अतत्त्वार्थ श्रद्धान अथवा तत्त्वार्थका अश्रद्धान
अविरति- = हिंसा, अनृत, स्तेय, अब्रह्म परिग्रह से विरति न होना पृथक् न रहना अथवा हिंसा, असत्य, चोरी, कुशील और परिग्रह की आकांक्षा रूप होना
प्रमाद- = कल्याण रूप कार्यों में अनादर और मनकी खोटी प्रवृत्ति का होना अर्थात्

(१ इस सूत्रका पाठ दोनों सम्प्रदायोंमें एक है। अर्थ भेद केवल इतना है कि दोनों सम्प्रदायोंमें मिथ्यादर्शनके दो भेद गृहीत मिथ्यात्व और अगृहीत मिथ्यात्व मानने पर भी हमारे यहां गृहीत मिथ्यात्वके पाँच भेद (क) एकान्तमिथ्यात्व (ख) संशयमिथ्यात्व (ग विनयमिथ्यात्व (घ) अज्ञानमिथ्यात्व (ङ) विपरीतमिथ्यात्व माने हैं. इस विपरीतमिथ्यात्वमें केवलीके कवलाहार मानना और स्त्री को मोक्ष होना इत्यादिक गर्भित किये हैं। परन्तु दूसरी आम्नाय वाले इसको विपरीत मिथ्यात्व नहीं कहते हैं। वे 'एकादश जिने' अध्याय ९ सूत्र ग्यारह से केवलीके कवलाहार मानते हैं। वे स्त्री के मोक्ष इत्यादि मानते हैं॥ (२) हेतवः-'हेतु' शब्दका प्रथमाविभक्ति पुल्लिंग बहुवचन है॥

मिथ्यादर्शनादय उक्ताः । क मिथ्यादर्शनं तावदुक्तं ? तत्त्वार्थ श्रद्धानं सम्यग्दर्शनमित्यत्र,

भाव शुद्धि, कायशुद्धि, विनयशुद्धि, ईर्यापथशुद्धि, भैक्ष्यशुद्धि शयनासनशुद्धि, प्रतिष्ठापन शुद्धि और वाक्य शुद्धि ये आठ शुद्धियें तथा दशलक्षण धर्ममें उत्साह रहित परिणाम हो, मन्दउद्यमीहो, स्त्रीकथा, राजकथा, भोजनकथा, देशकथा ये चार विकथा और क्रोध, मान, माया(= कपट), लोभ ये चार कषाय पांच(स्पर्शन-रसन-घ्राण-आंख-कर्ण)इन्द्रियें, निद्रा और अतिराग(= प्रणय) वा स्नेह ये १५प्रमाद हैं।

कषाय-- = आत्मा के स्वभाव अथवा परिणाम को कषैला करने में कारण (सो कषाय) है अर्थात् उनके पचीस भेद हैं, अनन्तानुबन्धी क्रोध, अनन्तानुबन्धी मान, अनन्तानुबन्धी माया (कपट), अनन्तानुबन्धी लोभ, अप्रत्याख्यान क्रोध, अप्रत्याख्यानमान(अहंकार, घमंड), अप्रत्याख्यान माया, (कपट)अप्रत्याख्यान लोभ संज्वलन क्रोध, संज्वलन मान (अभिमान), संज्वलन माया(कपट), संज्वलन लोभ (लालच) नौ अकषाय वा ईषत् कषाय, अल्परूप कषाय अर्थात् हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, स्त्री वेद, पुरुष वेद, नपुंसक वेद, ऐसे सोलह उपर्युक्त कषाय, और नौ ये, अकषाय, सर्व मिलकर पचीस कषाय हुये

योगाः ३ = काय-वचन-मनकी क्रिया (देखो अध्याय ६ सूत्र १) अर्थात् काय, वचन, मन इन तीनों द्वारा आत्माके प्रदेशोंका कम्पायमान होना सो योग है, भावार्थ कायके निमित्तसे आत्माके प्रदेशोंका चलन रूप होना सो काय योग है। वचनके निमित्तसे, आत्माके प्रदेशोंका चलना सो वाग्योग है। और मनके निमित्तसे आत्माके प्रदेशोंका चलना सो मनो योग है,

बन्धहेतवः ३ (ये सर्व) बन्धके हेतु वा कारण हैं, अर्थात् आत्माके कर्म बन्ध इनके निमित्तसे ही होता है।

पदच्छेद और विभक्त्यर्थ सहित इस प्रथम सूत्रपर सर्वार्थसिद्धिवृत्तिका शब्दशः हिंदीअनुवाद ।

मिथ्यादर्शन-आदयः ३ उक्ताः ३ = मिथ्यादर्शन आदिक पहिले कहे जा चुके हैं (देखो अध्याय २ सूत्र ६ अ० ६ सूत्र १, अ० ७ सूत्र १)

क मिथ्यादर्शनम् १ तावत् * उक्तम् १ ? = (प्रश्न) तो (= तावत्) मिथ्यादर्शन कहां कहा गया है ?

तत्त्वार्थ- = (उत्तर)जीवादि अर्थ जिस प्रकारसे अवस्थित है उसको उसी प्रकारसे(= तत्त्वेन) निश्चयकरि(= अर्थ)

श्रद्धानम् १ सम्यग्दर्शनम् १ इति * अत्र = जो विश्वास(= श्रद्धान)है सो सम्यग्दर्शनहै, इस प्रकार यहां अर्थात् इस ग्रन्थके अ० १ सूत्र २में(कहागया)

तत्प्रतिपक्षभूतमास्रवविधाने च क्रियासु व्याख्यातं मिथ्यादर्शनक्रियेति ॥ विरतिरुक्ता । तत्प्रतिपक्ष भूता अविरतिर्ग्राह्या । आज्ञाव्यापादनक्रिया अनाकांक्ष क्रियेत्यनयोः प्रमादस्यान्तर्भावः । स च प्रमादः कुशलेष्वनादरः ॥ कषायाः क्रोधादयः अनन्तानुबन्ध्यप्रत्याख्यानप्रत्याख्यानसञ्ज्वलनविकल्पाःप्रोक्ताः । क ? इन्द्रियकषाया इत्यत्रैव ॥ योगाः कायादिविकल्पाः प्रोक्ताः ।

तत्–प्रतिपक्षभूतम्[1] = उस (तत्त्वार्थ श्रद्धान वा सम्यग्दर्शनको) का प्रतिपक्षी वा विरोधी(अतत्त्वार्थ श्रद्धान)
आस्रव–विधाने[1] च* क्रियासु[1] व्याख्यातम्[1] = तथा (= च) आस्रवके कथनमें पच्चीस क्रियाओंमें व्याख्यान की गयी
(१)मिथ्यादर्शनक्रिया[1] इति*। = मिथ्यादर्शन क्रिया ऐसा(मिथ्यादर्शन)है(देखोअ०८सू०५ संस्कृत सर्वार्थसिद्धिपृष्ठ३१६)
विरतिः[1] उक्ता[1], तत्–प्रतिपक्षभूता[1] अविरतिः[1] = विरति कही गई है (अध्याय ७ सूत्र १) तिस विरतिके विपरीत(प्रतिपक्षभूत)अविरति
(२)ग्राह्या[1]; आज्ञाव्यापादनाक्रिया[1] = जानने योग्य(ग्राह्य)है। आज्ञा व्यापादन क्रिया अर्थात् चारित्र मोहके उदयसे(परमागममें)
= कहीहुई आज्ञानुसार आवश्यक आदिकके करनेको असमर्थ होकर और प्रकार वर्णन करना
अनाकांक्षाक्रियाः[1] = और अनाकांक्ष क्रिया अर्थात् कष्ट तथा आलस्यसे शास्त्रोक्त विधानके कर्तव्यमें अनादर
इति*अनयोः[1] प्रमादस्य[6] अन्तर्भावः, = इस प्रकार इन दोनोंमें प्रमाद अन्तर्भावित है अर्थात् प्रमाद इन दोनोंमें गर्भित है
सः[1] च*प्रमादः[1] कुशलेषु[7] अनादरः[1]; कषायाः[1] = बहुरि वह प्रमाद कल्याण कार्योंमें निरादर (रूप है ॥ कषाय
क्रोध-आदयः[1] अनन्तानुबन्धी-अप्रत्याख्यान– = क्रोध आदिक अनन्तानुबन्धी. अप्रत्याख्यान ।
प्रत्याख्यान–संज्वलन–विकल्पाः[1] प्र–उक्ताः[1]; = प्रत्याख्यान, सञ्ज्वलनके भेद पहिले (= प्र) कहे गये हैं (= उक्त :)
क*इन्द्रिय–कषायाः[1] इति*अत्र*एव*॥ = (प्रश्न) कहां (कहे गये हैं इन्द्रिय कषाय ऐसे इस स्थान (अध्याय ६ सूत्र ५) में ही
योगाः[1] काय–आदि–विकल्पाः [1] प्रोक्ताः[1] = योग-काय आदि भेद रूप प्रथम कहे गये है (अध्याय ६ सूत्र १)

---

(१) संस्कृत सर्वार्थसिद्धि पृष्ठ ३१६ में मिथ्यात्वक्रिया है और यहां पर उसी अर्थमें मिथ्यादर्शन क्रिया लिखी है। इससे प्रगट है कि मिथ्यादर्शन और मिथ्यात्व शब्द एक ही अर्थ में लियेगये हैं। इसी कारणसे भाषाकी पुस्तकोंमें और संस्कृतकी पुस्तकोंमें भी मिथ्यात्व शब्द मिथ्यादर्शनके अर्थ में लिया गया है। (२) ग्राह्य शब्द के अर्थ पद्मचन्द्र कोश पृष्ठ २३६ में जानने योग्य, ग्रहण करने योग्य लिखा है।

क ? कायवाङ्मनःकर्म योग इत्यत्र ॥ मिथ्यादर्शनं द्विविधम् । नैसर्गिकं परोपदेशपूर्वकं च । तत्र परोपदेशमन्तरेण मिथ्यात्वकर्मोदयवशाद्यदाविर्भवति तत्त्वार्थाश्रद्धानलक्षणं तन्नैसर्गिकम् ॥ परोपदेशनिमित्तं चतुर्विधम् । क्रियाक्रियावाद्यज्ञानिवैनयिकविकल्पात् ॥ अथवा पञ्चविधं मिथ्यादर्शनम्--एकान्तमिथ्यादर्शनम् । विपरीतमिथ्यादर्शनम् । संशयमिथ्यादर्शनम् । वैनयिकमिथ्यादर्शनम् । अज्ञानमिथ्यादर्शनं चेति ॥ तत्र इदमेव इत्थमेवेति धर्मिधर्मयोरभिनिवेश एकान्तः पुरुष एवेदं सर्वमिति वा नित्यमेवेति ॥

क*?काय-वाङ्-मनः कर्म[1] योगः[1] = [प्रश्न]क्या[योग कहे गये है] काय-वाङ्-मनः कर्म योगः [काय-वचन-मनकी क्रिया योग है]
इति*अत्र*मिथ्यादर्शनम्[1] द्वि-विधम्[1];नैसर्गिकम्[1] = ऐसे इस स्थानमें अर्थात् अ० ८ सूत्र १ में [योग कहे गये हैं] मिथ्यात्व दो प्रकार नैसर्गिक
पर-उपदेश पूर्वकम्[1] च।तत्र पर-उपदेशम्[1] (१)अन्तरेण* = और [=च] उस उपदेश निमित्तक या परउपदेश जन्य,तात्पर्य दूसरेके उपदेशविना
मिथ्यात्व-कर्म-उदय-वशात्[1] यत्[1] आविर्भवति।तत्त्वार्थ- = मिथ्यात्व कर्मके उदेक वशसे जो प्रगट होता है [=आविर्भवति] तत्त्वार्थका
अश्रद्धान-लक्षणम्[1] तत्[1] नैसर्गिकम्[1]; = अश्रद्धानरूप परिणाम[आत्माके]सो[=तत्] नैसर्गिक या अगृहीत[मिथ्यात्व]है
पर-उपदेश-निमित्तम्[1] चतुर्-विधम्[1];क्रियावादिन् = दूसरेकेउपदेश या शिक्षासे उत्पन्नहुआ जो[मिथ्यादर्शनसो]चार प्रकार,क्रियावादी
अक्रियावादिन्-अज्ञानिक-वैनयिक-विकल्पात्[1];अथवा* = अक्रियावादी, अज्ञानिक और वैनयिक भेद से है अथवा
पंचविधम्[1] मिथ्यादर्शनम्[1] एकान्तमिथ्यादर्शनम्[1] = मिथ्यादर्शन या मिथ्यात्व पांच प्रकार [क]एकान्तमिथ्यादर्शन
विपरीतमिथ्यादर्शनम्[1] संशयमिथ्यादर्शनम्[1] वैनयिक- = [ख]विपरीतमिथ्यादर्शन [ग] संशयमिथ्यादर्शन [घ] वैनयिक
मिथ्यादर्शनम्[1] अज्ञानमिथ्यादर्शनम्[1] च*इति* = मिथ्यादर्शन और (=च)अज्ञानमिथ्यादर्शन इस प्रकार (पांच भेद) हैं
तत्र*इदम्[1] एव*इत्थम्*एव*इति*[२]धर्मि- = तहां यह [=इदम्]ही[=एव]है,इसरीतिसे[इत्थम्]ही है। धर्मी तथा
धर्मयोः अभिनिवेशः[1] = धर्मका हठ करना अर्थात् पदार्थका धर्मीमात्र होनेका हठ करना तथाधर्ममात्र
होने का हठ करना भावार्थ–वस्तु द्रव्य और पर्यायस्वरूप है उसमें से उस
को केवल द्रव्यात्मक ही मानना अथवा केवल पर्याय स्वरूप ही मानना सो
एकान्तः[1];पुरुषः[1] एव*इदम्[1] सर्वम्[1] इति*वा* = एकान्त है [जैसे]पुरुष मात्रही (=एव) यह सब रचना है इस प्रकार अथवा
नित्यम्[1] एव*इति* = नित्यही है ऐसे [अपेक्षा रहित एक नयका पक्षपात करे सो एकान्त मिथ्यात्व]है

सग्रन्थ निर्ग्रन्थः, केवली कवलाहारी, स्त्री सिध्यतीत्येवमादिः विपर्ययः। सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणि किं मोक्षमार्गः स्याद्वा न वेत्यन्यतरपक्षापरिग्रहः संशयः ॥ सर्वदेवतानां सर्वसमयानां च समदर्शनं वैनयिकम्॥ हिताहितपरीक्षाविरहोऽज्ञानिकत्वं॥ उक्तञ्च–असिदिसदं किरियाणं

सग्रन्थः[१] निर्ग्रन्थः[१]; (१)केवली[१] कवल-आहारी[१],	=परिग्रह सहित अपरिग्रही, केवली ग्रासद्वारा भोजन करने वाले (माने जाते) हैं
स्त्री[१] सिध्यति T एवम् * इत्यादिः[१] विपर्ययः[१];	=नारीसिद्धहोजातीहैवामोक्ष प्राप्त करती है,ऐसे इत्यादि(मानना)विपर्यय मिथ्यात्वहै
सम्यग्दर्शन-ज्ञान-चारित्राणि[३] किम्[१] मोक्षमार्गः[१] स्यात् T	=सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान-सम्यक् चारित्र क्या मोक्ष पथ है,
(२) वा* न* वा* इति* अन्यतर-पक्ष (३) अपरिग्रहः[१]	=वा नहीं ऐसे दोनोंमेंसे एक (=अन्यतर) पक्षको स्वीकार न करना (=अपरिग्रहः)
संशयः[१]; सर्वदेवतानाम्[६] सर्व-समयानाम्[६] च *	=सो संशय मिथ्यादर्शन है। सब देवोंकी तथा (=च) सब शास्त्रोंकी
समदर्शनम्[१] वैनयिकम्[१]; हित--अहित–	=समान बुद्धि वा समान मानता करना सो वैनयिक (मिथ्यादर्शन) है। भले बुरे की
परीक्षाविरहः[१] अज्ञानिकत्वम्[१]; उक्तम्[१] च*	=पहिचान और परख रहित सो अज्ञानिकपना वा अजान मिथ्यात्व है,कहा भी है
असिदिसदं[१] किरियाणं[१]=अशीतिशतम्[१] क्रियावादिनः[१]	=एकसौ अस्सी (४) क्रियावादि हैं अर्थात् एकसौ अस्सी भेद क्रियावादियों के हैं

(१) केवलिन् और आहारिन् शब्दोंके प्रथमा एक वचन पुलिंग क्रमसे केवली और आहारी हैं। (२) यह 'वा' संस्कृत की बोलचाल का कारण है यदि यह न होता तो भी वाक्य 'स्याद् नवेति' (=स्यात् न वा इति) ठीक था॥ (३) अपरिग्रहः—पास कुछ न रखना यहां यह अर्थ नहीं है, स्वीकार न करना ऐसा अर्थ है (पद्मचन्द्र कोष पृष्ठ ३१) (४) क्रियावादियों में कौत्कल, कांठेविद्धि, कौशिक, हरिश्मश्रु, मांधपिक, रोमश हारीत, मुंड, आश्वलायन इत्यादिक हैं उनके एकसौ अस्सी भेद इस प्रकार से हैं कि मूल भेद पांच (क) काल (ख) ईश्वर (ग) आत्मा (घ) नियति (ङ) स्वभाव इन पांचोंमें से प्रत्येक पर आपसे परसे-नित्यपनाकरि-अनित्यपनाकरि–लगाने से बीस भेद हुये, पश्चात् इन बीसोंमें से प्रत्येक का जीव-अजीव-आस्रव-बन्ध-संवर-निर्जरा-मोक्ष-पुण्य-पाप पै लगानेसे एकसौ अस्सी भेद हुये। उक्त पांच भेदों का आशय ऐसा है कि (क) कालवादी तो सर्वथा काल ही को कर्त्ता मानता है और कहता है कि काल ही सर्वको उत्पन्न करता है काल ही सर्वका (नाश करता है, कालही निद्रा को करता है काल ही जागृत करता है काल ही पुण्य पाप आदिके फल करि संयुक्त करता है, काल ही रहित करता है, काल ही संयोग वियोग करता है, काल ही समस्त को तरुण करता है और काल ही जीर्ण करता है काल सर्व के ऊपर खड़ा है काल किसीसे जीता नहीं जासक्ता है। समस्त जगत की रचना का काल ही कारण है (ख) ईश्वरवादी कहता है कि आत्मा तो अज्ञानी है अनाथ है। आत्मा के सुख, दुःख, जीवन, मरण, लाभ,अलाभ, ज्ञानता, अज्ञानता, पापीपना, धर्मीपना, स्वर्ग गमन नरक गमन इत्यादि ईश्वर करता है। और संसारका कर्त्ता, धर्त्ता, हर्त्ता, ईश्वर ही है तात्पर्य जो कुछ इस संसार में होता है बिना ईश्वर के कुछ भी नहीं हो सक्ता है सबका कारण एक ईश्वर ही है(ग) आत्मावादी समस्त को एक आत्मा कहता है आत्मा जगतमें एक ही है वह सर्व व्यापी है देव है महात्मा है पुरुष है सर्व अंग इसके गूढ़ हैं चेतना है निर्गुण है उत्कृष्ट है–यह सब रचना है सो पुरुष मयी है दूसरा कोई नहीं है।

(घ) नियतवादी भवितव्य, भवितव्यता को मानता है। और कहता है कि जो जिसके जैसा होना है सो अवश्य होवेगा, उसको कोई भी इन्द्रादिक भी मेंट नहीं सकता है, वह अमिट है होनहार है वह अवश्य ही होयगा॥ इस सम्बन्धमें भर्तृहरिशतकमें एक शार्दूलविक्रीडित छन्द है

मज्जत्वम्भसि यातु मेरुशिखरं शत्रूञ्जयत्वाहवे । वाणिज्यं कृषिसेवनादि सकला विद्याः कलाः शिक्षतु ॥
आकाशं विपुलं प्रयातु खगवत्कृत्वा प्रयत्नं परं । नाभाव्यं भवतीह कर्मवशतो भाव्यस्य नाशः कुतः ॥ १०२ ॥

मज्जतु अम्भसि, यातु मेरु शिखरम्, शत्रून् जयतु आहवे = (चाहे)समुद्रमें डूब जाओ,मेरु पर्वतके शिखर पर चढ़ जाओ,शत्रुओंको युद्धमें जीतलो
वाणिज्यम् कृषि-सेवनादि सकलाः विद्याः कलाः शिक्षतु = चाहे बनिज को, खेती, सेवा आदिक सर्व विद्या और कलाओं को सीखलो
आकाशम् विपुलम् प्रयातु खगवत् कृत्वा प्रयत्नम् परम् = (चाहे) पक्षीके समान बड़ा आकाश को उत्कृष्ट (=परम्) प्रयत्न करके उड़ जाओ
अभाव्यम् इह कर्म वशतः न भवति = (परन्तु जानलो कि)अनहोनी(=अभाव्यम्)इस लोकमें कर्मवशसे नहीं होती है,
भाव्यस्य नाशः कुतः = हो ने वाली का कैसेकर नाश हो (सकता) है ॥ १०२ ॥

अर्थात् जो अनहोनी है वह कभी न होगी और जो होनी है वह कभी टल नहीं सकती॥

(ङ) स्वभाववादी कहता है कि जो कुछ संसार में है सो स्वभाव से है काँटेको तीक्ष्ण कौन करता है वह स्वभाव से तीक्ष्ण है, मोर को विचित्र कौन करता है वह स्वभाव से ऐसा है, कमलोंमें तथा और द्रव्योंमें सुगन्ध कौन करता है वे स्वभाव से सुगन्धित हैं, मृग, शूकर, सिंह, व्याघ्र, सर्प, पक्षी इत्यादिकों का भिन्न भिन्न रूप कौन करता है इन समस्त को स्वभाव ही कारण है॥

क्रियावादियोंके एकसौ अस्सी (१८०) भेद काल पर लगानेसे ऐसे होते हैं

(१) जीव पदार्थ आपहीसे कालकरि अस्तित्व कीजिये है। (२) जीव पदार्थ परहीसे कालकरि अस्तित्व कीजिये है।
(३) जीव पदार्थ कालकरि नित्यत्वकरि अस्तित्व कीजिये है। (४) जीव पदार्थ कालकरि अनित्यपनकरि अस्तित्व कीजिये है।
(५) अजीव पदार्थ आपहीसे कालकरि अस्तित्व कीजिये है। (६) अजीव पदार्थ परहीसे कालकरि अस्तित्व कीजिये।
(७) अजीव पदार्थ कालकरि नित्यताकरि अस्तित्व कीजिये। (८) अजीव पदार्थ कालकरि अनित्यपनाकरि अस्तित्व कीजिये।
(९) आस्रव पदार्थ आपही से कालकरि अस्तित्व कीजिये। (१०) आस्रव पदार्थ परही से कालकरि अस्तित्व कीजिये।
(११) आस्रव पदार्थ कालकरि नित्यपनाकरि अस्तित्व कीजिये। (१२) आस्रव पदार्थ कालकरि अनित्यपनाकरि अस्तित्व कीजिये।
(१३) बन्ध पदार्थ आपही से कालकरि अस्तित्व कीजिये। (१४) बन्ध पदार्थ परही से कालकरि अस्तित्व कीजिये।
(१५) बन्ध पदार्थ कालकरि नित्यत्वकरि अस्तित्व कीजिये। (१६) बन्ध पदार्थ कालकरि अनित्यपनाकरि अस्तित्व कीजिये।
(१७) संवर पदार्थ आपही से कालकरि अस्तित्व कीजिये। (१८) संवर पदार्थ परही से कालकरि अस्तित्व कीजिये।
(१९) संवर पदार्थ कालकरि नित्यताकरि अस्तित्व कीजिये। (२०) संवर पदार्थ कालकरि अनित्यत्वकरि अस्तित्व कीजिये।

(२१) निर्जरा पदार्थ आपही से कालकरि अस्तित्व कीजिये। (२२) निर्जरा पदार्थ परही से कालकरि अस्तित्व कीजिये।
(२३) निर्जरा पदार्थ कालकरि नित्यत्वकरि अस्तित्व कीजिये। (२४) निर्जरा पदार्थ कालकरि अनित्यपनाकरि अस्तित्व कीजिये।
(२५) मोक्ष पदार्थ आपही से कालकरि अस्तित्व कीजिये। (२६) मोक्ष पदार्थ परही से कालकरि अस्तित्व कीजिये।
(२७) मोक्ष पदार्थ कालकरि नित्यत्वकरि अस्तित्व कीजिये। (२८) मोक्ष पदार्थ कालकरि अनित्यपनाकरि अस्तित्व कीजिये।
(२९) पुन्य पदार्थ आपही से कालकरि अस्तित्व कीजिये। (३०) पुन्य पदार्थ परही से कालकरि अस्तित्व कीजिये।
(३१) पुन्य पदार्थ कालकरि नित्यताकरि अस्तित्व कीजिये। (३२) पुन्य पदार्थ कालकरि अनित्यपनाकरि अस्तित्व कीजिये।
(३३) पाप पदार्थ आपही से कालकरि अस्तित्व कीजिये। (३४) पाप पदार्थ परही से कालकरि अस्तित्व कीजिये।
(३५) पाप पदार्थ कालकरि नित्यताकरि अस्तित्व कीजिये। (३६) पाप पदार्थ कालकरि अनित्यपनाकरि अस्तित्व कीजिये।

निम्नलिखित छत्तीस (३६) भेद ईश्वर पर लगाने से होते हैं

(१) जीव पदार्थ आपही से ईश्वरकरि अस्तित्व कीजिये। (२) जीव पदार्थ परही तें ईश्वरकरि अस्तित्व कीजिये।
(३) जीव पदार्थ ईश्वरकरि नित्यताकरि अस्तित्व कीजिये। (४) जीव पदार्थ ईश्वरकरि अनित्यताकरि अस्तित्व कीजिये।
(५) अजीव पदार्थ आपही तें ईश्वरकरि अस्तित्व कीजिये। (६) अजीव पदार्थ परही से ईश्वरकरि अस्तित्व कीजिये।
(७) अजीव पदार्थ ईश्वरकरि नित्यताकरि ,, ,, कीजिये। (८) अजीव पदार्थ ईश्वरकरि अनित्यताकरि ,, ,, कीजिये।
(९) आस्रव पदार्थ आपही तें ईश्वरकरि ,, ,, कीजिये। (१०) आस्रव पदार्थ परही से ईश्वरकरि ,, ,, कीजिये।
(११) आस्रव पदार्थ ईश्वरकरि नित्यताकरि ,, ,, कीजिये। (१२) आस्रव पदार्थ ईश्वरकरि अनित्यताकरि ,, ,, कीजिये।
(१३) बन्ध पदार्थ आपही तें ईश्वरकरि ,, ,, कीजिये। (१४) बन्ध पदार्थ परही से ईश्वरकरि ,, ,, कीजिये।
(१५) बन्ध पदार्थ ईश्वरकरि नित्यताकरि ,, ,, कीजिये। (१६) बन्ध पदार्थ ईश्वरकरि अनित्यताकरि ,, ,, कीजिये।
(१७) संवर पदार्थ आपही तें ईश्वरकरि ,, ,, कीजिये। (१८) संवर पदार्थ परही तें ईश्वरकरि ,, ,, कीजिये।
(१९) संवर पदार्थ ईश्वरकरि नित्यताकरि ,, ,, कीजिये। (२०) संवर पदार्थ ईश्वरकरि अनित्यताकरि ,, ,, कीजिये।
(२१) निर्जरा पदार्थ आपही तें ईश्वरकरि ,, ,, कीजिये। (२२) निर्जरा पदार्थ परहीसे ईश्वरकरि ,, ,, कीजिये।
(२३) निर्जरा पदार्थ ईश्वरकरि नित्यताकरि ,, ,, कीजिये। (२४) निर्जरा पदार्थ ईश्वरकरि अनित्यताकरि ,, ,, कीजिये।
(२५) मोक्ष पदार्थ आपही तें ईश्वरकरि ,, ,, कीजिये। (२६) मोक्ष पदार्थ परही से ईश्वरकरि ,, ,, कीजिये।
(२७) मोक्ष पदार्थ ईश्वरकरि नित्यताकरि ,, ,, कीजिये। (२८) मोक्ष पदार्थ ईश्वरकरि अनित्यताकरि ,, ,, कीजिये।
(२९) पुन्य पदार्थ आपही तें ईश्वरकरि ,, ,, कीजिये। (३०) पुन्य पदार्थ परही से ईश्वरकरि ,, ,, कीजिये।
(३१) पुन्य पदार्थ ईश्वरकरि नित्यताकरि ,, ,, कीजिये। (३२) पुन्य पदार्थ ईश्वरकरि अनित्यताकरि ,, ,, कीजिये।
(३३) पाप पदार्थ आपही तें ईश्वरकरि ,, ,, कीजिये। (३४) पाप पदार्थ परही से ईश्वरकरि ,, ,, कीजिये।
(३५) पाप पदार्थ ईश्वरकरि नित्यताकरि ,, ,, कीजिये। (३६) पाप पदार्थ ईश्वरकरि अनित्यताकरि ,, ,, कीजिये।

निम्नलिखित छत्तीस (३६) भेद आत्मा पर लगाने से होते हैं

(१) जीव पदार्थ आपही से आत्माकरि अस्तित्व कीजिये। (२) जीव पदार्थ परही तैं आत्माकरि अस्तित्व कीजिये।
(३) जीव पदार्थ आत्माकरि नित्यताकरि अस्तित्व कीजिये। (४) जीव पदार्थ आत्माकरि अनित्यताकरि अस्तित्व कीजिये।
(५) अजीव पदार्थ आपही तें आत्माकरि अस्तित्व कीजिये। (६) अजीव पदार्थ परही से आत्माकरि अस्तित्व कीजिये।
(७) अजीव पदार्थ आत्माकरि नित्यताकरि ,, ,, कीजिये। (८) अजीव पदार्थ आत्माकरि अनित्यताकरि ,, ,, कीजिये।
(९) आस्रव पदार्थ आपही तैं आत्माकरि ,, ,, कीजिये। (१०) आस्रव पदार्थ परही से आत्माकरि ,, ,, कीजिये।
(११) आस्रव पदार्थ आत्माकरि नित्यताकरि ,, ,, कीजिये। (१२) आस्रव पदार्थ आत्माकरि अनित्यताकरि ,, ,, कीजिये।
(१३) बन्ध पदार्थ आपही तैं आत्माकरि ,, ,, कीजिये। (१४) बन्ध पदार्थ परही से आत्माकरि ,, ,, कीजिये।
(१५) बन्ध पदार्थ आत्माकरि नित्यताकरि ,, ,, कीजिये। (१६) बन्ध पदार्थ आत्माकरि अनित्यताकरि ,, ,, कीजिये।
(१७) संवर पदार्थ आपहीतैं आत्माकरि ,, ,, कीजिये। (१८) संवर पदार्थ परही तैं आत्माकरि ,, ,, कीजिये।
(१९) संवर पदार्थ आत्माकरि नित्यताकरि ,, ,, कीजिये। (२०) संवर पदार्थ आत्माकरि अनित्यताकरि ,, ,, कीजिये।
(२१) निर्जरा पदार्थ आपही तैं आत्माकरि ,, ,, कीजिये। (२२) निर्जरा पदार्थ परहीसे आत्माकरि ,, ,, कीजिये।
(२३) निर्जरा पदार्थ आत्माकरि नित्यताकरि ,, ,, कीजिये। (२४) निर्जरा पदार्थ आत्माकरि अनित्यताकरि ,, ,, कीजिये।
(२५) मोक्ष पदार्थ आपही तैं आत्माकरि ,, ,, कीजिये। (२६) मोक्ष पदार्थ परही से आत्माकरि ,, ,, कीजिये।
(२७) मोक्ष पदार्थ आत्माकरि नित्यताकरि ,, ,, कीजिये। (२८) मोक्ष पदार्थ आत्माकरि अनित्यताकरि ,, ,, कीजिये।
(२९) पुन्य पदार्थ आपही तैं आत्माकरि ,, ,, कीजिये। (३०) पुन्य पदार्थ परही से आत्माकरि ,, ,, कीजिये।
(३१) पुन्य पदार्थ आत्माकरि नित्यताकरि ,, ,, कीजिये। (३२) पुन्य पदार्थ आत्माकरि अनित्यताकरि ,, ,, कीजिये।
(३३) पाप पदार्थ आपही तैं आत्माकरि ,, ,, कीजिये। (३४) पाप पदार्थ परही से आत्माकरि ,, ,, कीजिये।
(३५) पाप पदार्थ आत्माकरि नित्यताकरि ,, ,, कीजिये। (३६) पाप पदार्थ आत्माकरि अनित्यताकरि ,, ,, कीजिये।

क्रियावादियोंके छत्तीस भेद नियति पर ऐसे होते हैं

(१) जीव पदार्थ आपहीसे नियतिकरि अस्तित्व कीजिये है। (२) जीव पदार्थ परहीसे नियतिकरि अस्तित्व कीजिये है।
(३) जीव पदार्थ नियतिकरि नित्यताकरि अस्तित्व कीजिये है। (४) जीव पदार्थ नियतिकरि अनित्यपनकरि अस्तित्व कीजिये है।
(५) अजीव पदार्थ आपहीसे नियतिकरि अस्तित्व कीजिये है। (६) अजीव पदार्थ परहीसे नियतिकरि अस्तित्व कीजिये।
(७) अजीव पदार्थ नियतिकरि नित्यताकरि अस्तित्व कीजिये। (८) अजीव पदार्थ नियतिकरि अनित्यपनाकरि अस्तित्व कीजिये।
(९) आस्रव पदार्थ आपही से नियतिकरि अस्तित्व कीजिये। (१०) आस्रव पदार्थ परही से नियतिकरि अस्तित्व कीजिये।
सूत्रार्थ उच्चैः नीचैः च गोत्रस्य[६।१] द्वि उत्तर-प्रकृति-भेदौ[१।२] भवतः=ऊंच और (=च) नीच गोत्र (कर्म) के दो उत्तर प्रकृति भेद होते हैं

वृत्यनुवादः-गोत्रम्[१।१] द्विविधम्[१।१] उच्चैस्*गोत्रम्[१।१] नीचैस्*=गोत्र (कर्म) दो प्रकार है ऊंचा अथवा बड़ा गोत्र (और) नीच

गोत्रम्[१।१] इति*;यस्य[६।१] उदयात्[५।१] लोकपूजितेषु[७।३] =गोत्र इस प्रकार(=इति)है। जिसके उदयसे संसारद्वारा पूजित वा प्रतिष्ठित

कुलेषु[७।३] जन्म[१।१] तद्[१।१] उच्चैस्*गोत्रम्[१।१];यद्उदयात्[५।१] =कुलमें उत्पत्ति वह ऊंच गोत्र है । जिसके उदयसे

गर्हितेषु[७।३] कुलेषु[७।३] जन्म[१।१] तद्[१।१] नीचैः*गोत्रम्[१।१] =निंदित कुलमें उत्पत्ति वह नीच गोत्र है ।

अष्टम्याः[६।१] कर्मप्रकृतेः[६।१] उत्तरप्रकृतिनिर्देश-अर्थम्[४।१] आह =आठवां(अन्तराय) कर्म प्रकृतिके उत्तरप्रकृतियोंके कहनेके लियेकहते हैं कि

दानलाभभोगोपभोगवीर्याणाम् ॥ १३ ॥

दानलाभभोगोपभोगवीयाणाम्॥१३॥दानलाभभोगोपभोगवीयाणामन्तराय,एतेपञ्चान्तराय भेदाः॥

सूत्रार्थः—दान–लाभ– =जो दान देनेमें प्रतिबन्धक हो सोदानका अन्तराय है जो लाभहोनेमें विघ्नकारक है सो लाभका अन्तरायहै
भोग–उपभोग– =जो भोग(करने)में बाधक है जो भोगका अन्तराय जो उपभोग(करने)में रुकावट डाले सोउपभोगकाअन्तराय है
वीर्याणाम्॥ अन्तराय– =जो शक्ति वा बलके प्रगट करनेमें अड़चन वा अटकाव डाले सो वीर्य अथवा शक्तिका अन्तराय है
एते पञ्चान्तरायस्य भेदाः॥ =जो पांच अन्तराय(कर्म)के भेद है भोग जो बार बार भोगनेमें आवे जैसे वस्त्र उपभोग जो एक बार भोगनेमें आवे

श्वेताम्बर सम्प्रदाय के समाष्ययत्त्वार्थाधिगमसूत्र में तथा भाष्यानुसारिणी तत्त्वार्थटीकामें इस सूत्र का पाठ "दानादीनाम्" केवल इतना ही है परन्तु अर्थ वही किया है जो हमारे यहां अर्थात् "अन्तरायः पञ्चविधः । तद्यथा । दानस्यान्तरायः लाभस्यान्तरायःभोगस्यान्तरायः, उपभोगस्यान्तरायः वीर्यान्तराय इति ॥ इसलिये इससूत्र का दोनों सम्प्रदायोंमें सूत्र पाठ तो एक नहीं हैं परन्तु अर्थ एक हैं ॥ श्वेताम्बर सम्प्रदाय वालोंने जैसे "मतिश्रुतावधिमनः पर्यय केवलानाम् इस अध्यायके ६ वां सूत्रके स्थानमें "मत्यादीनाम्" ऐसा सूत्र मतिश्रुताधि मनः पर्यय केवलानि ज्ञानम् ॥ प्रथम अध्याय के इस सूत्र के आधार पर किया है उसी प्रकार उन्होंने दूसरे अध्यायके "ज्ञान दर्शनदानलाभभोगोपयोग वीर्याणि च" सूत्रके आधार पर इस सूत्र को "दानादीनाम्" ऐसा किया है हमारे यहां तत्त्वार्थराजवार्तिकके कर्त्ता स्वामी अकलङ्कदेवने तथा यत्त्वार्थश्लोक वार्तिकके कर्त्ता स्वामी विद्यानन्दजीने "मत्यादीनाम्" को इस कारणसे नहीं माना कि इन पांचोंका आवरण एकही उहरैगा पांच आवरण नहीं ठहरेंगे । (देखो टिप्पणी अध्याय ८ सूत्र ६ परन्तु उक्त स्वामीयों ने दानादीनाम् के न माननेके लिये कुछभी नहीं लिखा वरन् उनके निम्नलिखित वाक्योंसे ज्ञात होता है कि उनको कुछ विरोध भी नहीं है जैसाकि निम्न उद्धृत वाक्यों और श्लोकसे प्रगट होता है ॥ दानादीनामंतरायापेक्षमार्थव्यतिरेकनिर्देशः, अंतराय इत्यनुवर्तनात् ॥ श्लोकवार्तिक पृष्ठ ४८० ॥ तत्त्वार्थराजवार्तिकमें यह प्रथम वार्तिक है जिसका भाष्य निम्न है = अंतराय इति वर्तते तदपेक्षया दानादीनामर्थव्यतिरेकः, क्रियते दानस्यांतरायो लाभस्यांतराय इत्यादि ।

दान-आदीनाम् अंतराय-अपेक्षया अर्थ-व्यतिरेकनिर्देशः = दानादिकके अन्तरायकी अपेक्षासे अर्थका पृथक् पृथक् (= व्यतिरेक) कथन है ॥
अन्तराय इति वर्तते (= अन्तराय इति-अनुवर्तनात्-श्लोकवार्तिक) = दान, लाभ, भोग उपभोग, वीर्य शब्दोंमें अन्तराय शब्द ऐसे जुड़ जाता है कि
= (दानांतराय, लाभांतराय, भोगांतराय, उपभोगांतराय, वीर्यांतराय हो जाते है)
तद्-अपेक्षया दान-आदीनाम् अर्थ-व्यतिरेकः क्रियते = उस (अन्तराय)के अपेक्षासे दान-लाभ-भोग-उपभोग-वीर्यका अर्थ भिन्न२किया गया है
दानस्य-अन्तरायः लाभस्य-अन्तराय-इत्यादि । = (अर्थात्)दानांतराय, लाभांतराय, भोगांतराय, उपभोगांतराय, वीर्यांतराय ।
दानादीनांतुपंचानामंतरायाः प्रसूत्रिताः पंचदानादिविघ्नस्य तत्कार्यस्य विशेषतः॥१४॥ तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक पृष्ठ ४८० से उद्धृत ॥
दान-आदीनाम् तुपंचानाम् अन्तरायाः प्रसूत्रिताः = और (=तु) दानादिकके पांच अन्तराय प्रकर्ष रूपसे (=प्र)सूत्रमें कहे गये हैं
पंच दानादि विघ्नस्य तत्कार्यस्य विशेषतः = उस (अन्तरायकर्म) का कार्य विशेषरूपसे पांच दानादिमें विघ्न (करने)का है कई स्थानोंमें में 'दानादीनाम्' लानेसे प्रगट है कि इन आचार्यों को विरोध नहीं है ॥

अन्तरायापेक्षया भेदनिर्देशः क्रियते–दानस्यान्तरायो लाभस्यान्तराय इत्यादिदानादिपरिणाम व्याघातहेतुत्वात्तद्व्यपदेशः ॥ यदुदयाद्दातुकामोऽपि न प्रयच्छति, लब्धुकामोऽपि न लभते, भोक्तुमिच्छन्नपि न भुंक्ते, उपभोक्तुमभिवाञ्छन्नपि नोपभुंक्ते, उत्सहितुकामोऽपि नोत्सहते त एते पञ्चान्तरायस्य भेदाः ॥ व्याख्याताः प्रकृतिबन्धविकल्पाः ॥ इदानीं स्थितिबन्धविकल्पो वक्तव्यः ॥ सा स्थिति–

टीकानुवादः–अन्तराय–अपेक्षया[३] भेद-निर्देशः[१] क्रियते=विघ्न करनेकी अथवा अन्तराय करनेकी अपेक्षाकरि भेदरूप कथन कियागया है

दानस्य[६]।।।अन्तरायः[१]लाभस्य[६]।अन्तरायः[१]इत्यादि दान-आदि-परिणाम-व्याघात-हेतुत्वात् [५]।।।

=जैसे दानका अन्तराय, लाभका अन्तराय, इत्यादिक (पाँच भेद कहे गये हैं) =दानादि (करने) के भावोंकी रुकावट (=व्याघात) के कारण होनेसे

तद्-व्यपदेशः[१]यद्-उदयात्[५]दातु-कामः[१]अपि*न*प्रयच्छति=उस (अन्तरायकर्म) का उपदेश वा कथन है (अर्थात्) दानदेनेकीइच्छा है तोभी (=अपि) जिसके उदयसे नहीं देसक्ता है (सोदानान्तराय कर्म है)

लब्धु-कामः[१] अपि*न*लभते T =लेनेकी वांछा हो तोभी (=अपि) (जिसके उदयसे) नहीं प्राप्त करसकता है (सो लाभान्तराय कर्म है)

भोक्तुम्[२]।।।इच्छन् अपि*नभुंक्तेT =भोगनेको अभिलाषा करते हुयेभी (=अपि) (जिसके उदय से)नहीं भोग सक्ता है (सो भोगान्तराय कर्म है)

उपभोक्तुम्[२]।।। अभिवाञ्छन् न*अपि*न–उपभुंक्तेT =उपभोगनेको वांछा करते हुये भी (अपि) (जिसके उदयसे) नहीं उपभोग करसक्ता है सो उपभोगान्तरायकरि है

उत्सहितु–कामः[१]अपि* न* उत्सहते T =(किसी कार्यके लिये)उत्साह करने की इच्छा भी (=अपि)हो (जिसके उदयसे उत्साह नहीं कर सक्ता है अर्थात् बल प्रगट नहीं करसक्ता हैसोवीर्यान्तरायकर्म है

ते[१]एते[१]पंच–अन्तरायस्य[६]भेदाः[१]प्रकृतिबन्ध–विकल्पाः[१]=ते इतने पांच अन्तराय (कर्म)के भेद हुये। प्रकृति बन्धके भेद

व्याख्याताः[१]इदानीम्*स्थिति-बन्ध-विकल्पः[१]वक्तव्यः[१]सा[१]।स्थितिः[१]।।=कहे गयेहैं। अब स्थितिबन्धके भेद कहना चाहिये । वह स्थिति

त्रिविधा, उत्कृष्टा जघन्या च ॥ तत्र यासां कर्मप्रकृतीनामुत्कृष्टा स्थितिः समाना, तन्निर्देशार्थमुच्यते

आदितस्तिसृणामन्तरायस्य च त्रिंशत्सागरोपमकोटीकोट्यःपरास्थितिः

द्वि-विधा[१]।उत्कृष्टा[२]।जघन्या[३]।चतत्रयासां[४]।कर्मप्रकृतीनाम्[५]।=दो प्रकार है उत्कर्ष आर (=च)जघन्य तहां जिन कर्मप्रकृतियों की उत्कृष्टा[१]।स्थितिः[२]।समाना[३]।तद्-निर्देश-अर्थम्[४]।।उच्यते।=उत्कृष्ट स्थिति तुल्य है।उस (उकृष्ट स्थिति)के उपदेशके लिये कहाजाता हैकि

(१) (२)आदितस्तिसृणामन्तरायस्य च त्रिंशत्सागरोपमकोटीकोटयः परा स्थितिः ॥१४॥

(१) इस सूत्रका पाठ और अर्थ दोनों सम्प्रदायोंमें एकसा है (२) तिसृणाम्- तिसृणाम्-यह शब्द स्त्रीलिंग में 'त्रि' शब्दकी षष्ठीविभक्ति बहु वचन है ॥ हमने सर्वार्थ सिद्धिवृत्तिकी चार हस्तलिखित प्रतियों का, राजवार्तिक मुद्रित तथा हस्तलिखित पुस्तकोंका, श्लोकवार्तिक मुद्रित, हस्तलिखित प्रतियोंका और बारह तेरह और भी तत्त्वार्थसूत्रके, श्वेताम्बर सम्प्रदायके सभाष्य तत्त्वार्थाधिगमसूत्र तथा माध्यानुसारिणीतत्त्वार्थ टीकाके पाठ मिलाये तो सबमें 'तिसृणाम्' शब्द निकला,सर्वार्थसिद्धिवृत्तिकी दोनों मुद्रित प्रतियोंमें आठ दश स्थानोंमें और अर्थ प्रकाशिकामें 'तिसृणाम्' शब्द निकला, तिसृणाम् शब्द व्याकरणानुसार सर्वत्र प्रयोगमें आता है 'तिसृणाम्' का प्रयोग नहीं करते हैं', इसका प्रयोग वेदोंमें मिलता है, वेदोंमें कहीं कहीं पर 'तिसृणाम्' भी पाया जाता है जैसाकि निम्नसूत्रोंसे प्रगट है ॥ "त्रि चतुरोः स्त्रियां तिसृचतसृ" अष्टाध्यायी ७ २-९९=(विभक्तौ - सूत्र ८४ से अनुवर्तता है)त्रि, चतुरोः, स्त्रियाम् 'तिसृचतसृ =विभक्ति परे हो, पश्चात् आवें तो स्त्रीलिंगमें (वर्तमान) त्रि-चतुर् शब्दोंको तिस्-चतस् क्रमसे)आदेश हों ॥ नामि ।६।४।३=नामि अङ्गस्य दीर्घः)=नाम् परे हो तो अङ्गको दीर्घ हो जैसे कर्तृ+नाम् =कर्तॄणाम् परन्तु 'न तिसृचतसृ' ६। ४ । ४-न, तिसृ, चतसृ (नामि दीर्घः)=नाम परे होतो तिसृ और चतसृ अङ्गका दीर्घ नहीं जैसे तिसृ+नाम्=तिसृणाम् और चतसृ+नाम्=चतसृणाम्(इनका न पलट गया णमें)इसलिये तिसृणाम् ठीक है। छन्दस्युभय था। ६। ४। ५ =छन्दसि उभय था=नाम् परे हो तो छन्दो विषयमें (अर्थात् वेदोंमें) तिसृ और चतसृ अंगोको विकल्प करके दीर्घ हो तिसृणाम् तिसृणाम्, चतसृणाम् चतसृणाम् ॥ अन्य व्याकरणोंमेंभी यही नियम माना गया है ॥ सुबन्तरूप कौमदीके पृष्ठ५१ से जहां स्त्रीलिंग 'त्रि' शब्दके रूप दिये हैं निम्न वाक्य उद्धृत हैं "तिसृचतसृ इत्यनयोः षष्ठीबहुवचने दीर्घो न भवति" =तिसृ-चतसृ इन दोनोंका षष्ठीविभक्ति बहुवचनमें दीर्घ नहीं होता है अर्थात् ऋ उक्त दो शब्दों का दीर्घ नहीं होता है। पूज्यपादस्वामी जो सर्वार्थसिद्धिवृत्ति और जैनेंद्रव्याकरणके भी कर्ता हैं, इस विषय पर निम्न सूत्र देते हैं "नाभ्यतिसृचतसृ' ४-४-३ सूत्र तिसृ-चतसृ शब्दों को छोड़कर 'नाम्' परे होतो अंगको दीर्घ हो अर्थात्'नाम् षष्ठी विभक्ति किसी अंगके पश्चात् आवे तो उस शब्दके अंगका दीर्घ हो जाता है परन्तु तिसृ चतसृ दो दीर्घ नहीं होते हैं जैसे सर्वज्ञ+नाम्=सर्वज्ञा+ नाम् यहां 'ञ' को दीर्घ किया परन्तु तिसृ+नाम् ।चतसृ+नाम्=तिसृणाम् चतसृणाम् यहां ऋ स्वर दीर्घ न हुआ॥पाठक विचार करलें क जब पूज्यपाद स्वामी के मतानुसार तिसृणाम् रूप बनता है तो वह अपनी वृत्ति में कैसे'तिसृणाम्' का प्रयोग कर सक्ते हैं इसलियेमुद्रित सर्वार्थ-सिद्धिवृत्तिके पृष्ठ २६,३९६,३९८ और द्वितीयावृत्ति के पृष्ठ १६ इत्यादि पर जहां कहीं भी' तिसृणाम्' शब्द का प्रयोग किया है वह पूज्यपाद स्वामीके मतके विरुद्ध है और ठीक नहीं है इसलिये हमने सबस्थानोंमें 'तिसृणाम्' शब्दका प्रयोग किया है ॥

सूत्रार्थः-आदितः*तिसृणाम्[१] अन्तरायस्य[२]च*=आदिसे(अर्थात् अध्याय ८ सूत्र ४केआरम्भ क्रमसे) तीन ज्ञानावर्णदर्शनावरण-वेदनीय कर्म प्रकृतियोंकी और (=च) अन्तराय(कर्म प्रकृति) की

(१)त्रिंशत्सागरोपम-कोटीकोट्यः[१]परा[२]स्थितिः[३]=तीस सागर प्रमाण कोड़ा कोड़ी (अर्थात् तीस कोड़ा कोड़ी सागर प्रमाण) (जीवके साथ) अधिकसे अधिक अवस्थान वा ठहराव है भावार्थ उक्त चार कर्मकी उत्कर्ष वा अधिकतम स्थिति वा ठहराव संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तक जीवके साथ तीस कोड़ा कोड़ी ३०×१०००००००×१०००००००=३०,०००००००००००००अर्थात् तीन पद्मसागर प्रमाण है।

(१) (क) तीस सागर प्रमाण कोड़ा कोड़ी, सत्तर सागरोपम कोड़ा कोड़ी (सूत्र १५) और बीस सागरोपम कोटी कोट्यः इन वाक्यों का क्या आशय है बहुधा भाईयोंका यह विचार है वा समझ रक्खा है कि तीस करोड़को तीस करोड़से गुणा करनेसे जो फल आवै वह तीस कोड़ा कोड़ी प्रमाण होगा, इसी प्रकार सत्तर करोड़को सत्तर करोड़से गुणा करनेसे जो लब्धि आवै वह सत्तर कोड़ा कोड़ी सागर प्रमाण है और इसी प्रकार बीस करोड़को बीस करोड़से गुणा करनेसे जो लब्धि आवैगी वह बीस कोड़ा कोड़ी सागर प्रमाण होगी ॥ यथार्थ में यह बात नहीं है, ठीक यह है कि तीसको एक कोड़ा कोड़ी अर्थात् ३०×(एक करोड़ × एक करोड़)=३०×१०००००००×१०००००००=
=३००००००००००००००तीन पद्म ॥७०×(१०००००००×१०००००००)=७००००००००००००००सात पद्म सागर प्रमाण हुये इसी प्रकार २०×(१०००००००×१०००००००)=२००००००००००००००=२ पद्म सागर प्रमाण हुये क्योंकि(१)एक कोड़ा कोड़ी का अर्थ स्पष्ट है कि एक करोड़की गणनाको एक करोड़की संख्यासे गुण करनेसे जो लब्धि वा गुणन फल आवेगा सो गुणन फल एक कोड़ा कोड़ी होगा अर्थात् १०००००००×१०००००००=१०००००००००००००दस नील संख्या होगी(ख) त्रिंशत्सागरोपम कोटी कोट्यः सततिः सागरोपम कोटी कोट्यः (सूत्र १५) और विंशतिः सागरोपम कोटी कोट्यः' इन तीनों वाक्योंसे प्रगट है कि तीस सागर प्रमाण गुणित कोड़ा कोड़से, सत्तर सागर गुणित एक कोड़ा कोड़ीसे और बीस सागर गुणित एक कोड़ा कोड़ी से तात्पर्य है (ग) प्रबल प्रमाण यह है कि पं० टोडलमलजी ने गोम्मट सारके कर्मकाण्ड की गाथा १५६ का अर्थ केशव वर्णीकृत जीव तत्व प्रदीपिका संस्कृतके अनुसार अनुवाद करते हुये निम्नलिखित लेख दिया है "आयुविना सात कर्मनिकी उदयकी अपेक्षा आबाधा एक कोड़ाकोड़ी सागर स्थितिका एक सौ वर्ष जानने। अवशेष स्थितिकी इसी प्रतिभागकरि आबाधा जाननी। सो कहिये है एक कोडा कोडी सागर स्थितिकी सौ वर्ष आबाधा होय तौ सत्तर कोडा कोडी सागर स्थिति की आबाधा केती होइ ऐसे त्रैराशिक करिए। तहां प्रमाण राशि एक कोड़ा कोड़ी सागर, फल राशि सौ वर्ष, इच्छा राशि सत्तर कोड़ा कोड़ी सागर; तहां फल राशिकरि इच्छाको गुणो प्रमाणका भाग दीए लब्धिराशिका प्रमाण सात हजार वर्ष आए सोई मिथ्यात्व प्रकृतिकी उत्कृष्ट आबाधा जाननी ऐसेही अपनी अपनी स्थिति प्रमाण इच्छा राशि कीएँ अपना अपना आबाधाकाल का प्रमाण आवै है। जिनकी चालीस कोड़ा कोड़ी सागरकी स्थिति है तिनका चार हजार वर्ष प्रमाण आबाधा काल है। जिनकी तीस कोड़ा कोड़ी सागरकी स्थिति है तिनकी तीन हजार वर्ष प्रमाण आबाधाका काल है ऐसे और भी प्रकृतिनिका आबाधाकाल जानना। पं० टोडलमल कृत गोम्मट कर्म० पृष्ठ १६०।

मध्येऽन्ते वा तिसृणां ग्रहणं माभूदिति आदित इत्युच्यते। अन्तरायस्येतिवचनं व्यवहितग्रहणार्थम् ॥ सागरोपममुक्तपरिमाणम्।कोटीनां कोट्यः कोटीकोट्यापरा उत्कृष्टेत्यर्थ। एतदुक्तं भवति-

वृत्यनुवाद:मध्ये[१]''अन्ते[२]''वातिसृणाम्[३]''ग्रहणं[४]''=मध्यमें अथवा अन्तमें तीन (कर्मों) का आदान अथवा ग्रहण

मा*भूत् T इति* आदितः*
इति* उच्यते T ।

=न(=मा)होजावै(=अभूत्)ऐसे आदितः(=आदिसे)(तिसृणां शब्दके प्रथम और निरन्तर) =कहा गया है भावार्थ यदि सूत्रमें आदितः शब्द न लाकर केवल 'तिसृणामन्तरायस्य च' इत्यादि सूत्र होता तो यह नहीं जान पड़ताकि मध्यके तीनकर्म वा अन्तके तीन कर्म(ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय, मोहनीय,आयु,नाम,गोत्र,अन्तरायमेंसे किस)की अन्तराय सहित तीस कोड़ा कोड़ी सागर प्रमाण उत्कर्षस्थित है इसलिये आदितः शब्दसे स्पष्टकर दिया है कि "ज्ञानदर्शनावरणवेदनीयमोहनीयायुर्नामगोत्रान्तराय" सूत्रसे आदिके तीन कर्म ज्ञानावरण, दर्शनावरण, और वेदनीय,अन्तराय सहितकी उत्कृष्ट स्थिति तीस कोड़ा कोड़ी सागर प्रमाण है ॥

अन्तरायस्य[१] इति*वचनं[२]''व्यवहित-ग्रहण-अर्थम्[३]''=(सूत्रमें) 'अन्तरायका'ऐसा वाक्यका ग्रहण संयुक्तता(=व्यवहित)के लिये (अर्थम्)है अर्थात् ज्ञानावरण-दर्शनावरण-वेदनीय-तथा (=च) अन्तराय संयुक्त (प्रत्येककी) तीस तीस सागर प्रमाण उत्कृष्ट स्थिति है

सागरोपमम्[१]''उक्त-परिमाणम्[२]'' ।

=सागरोपम है सो वर्णित संख्या (=उक्त-परिणाम) है (देखो अध्याय तीन सूत्र ३८)

(१) कोटीनाम्[१]'' कोट्यः[२]''कोटीकोट्य[३]'';

=किरोड़ोंके किरोड़ हैं सो कोटी कोट्य है भावार्थ एक करोड़को एक करोड़से गुणा करनेसे जो लब्धि आवे, जो गुणनफल आवै सो एक कोड़ा कोड़ी है। जैसे १०००००० × १०००००० = १०००००००००००० दसनील प्रमाण संख्या हुई ॥

परा[१]''उत्कृष्टा[२]''इति*अर्थः[१]''एतद्[२]''उक्तं[३]''भवति=परा उत्कर्ष ऐसा तात्पर्य है (इसलिये) यह अर्थ (=उक्त) (इस सूत्रका) होता है कि

(१)(क) कोटी अथवा कोटि ये दोनों शब्दोंका अर्थ करोड़ है ॥ यहां पर कोटी शब्दका प्रयोग है न कि कोटि का (क्योंकि)दशशती और कोटी शब्दों के विभक्तियोंके येही रूप हैं जो दासी शब्दके हैं दासी शब्दका बहुवचन प्रथमा विभक्ति में दास्यःरूप है और षष्ठी विभक्ति बहुवचनमें दासीनाम् है इसी प्रकार कोटी शब्दका बहुवचन प्रथमा विभक्तिमें कोट्यः रूप है औरषष्ठी विभक्तिबहुवचनमें कोटीनाम् है(ख)कोटि शब्दभी स्त्रीलिंग है इसके

ज्ञानावरणदर्शनावरणवेदनीयान्तरायाणामुत्कृष्टा स्थिति स्त्रिंशत्सागरोपमकोटीकोट्य इति ॥ सा कस्य भवति ?। मिथ्यादृष्टेः संज्ञिनः पंचेन्द्रियस्य पर्याप्तकस्य ॥ अन्येषामागमात्सम्प्रत्ययःकर्तव्यः ॥ मोहनीयस्योत्कृष्टस्थितिप्रतिपत्त्यर्थमाह—

सप्ततिर्मोहनीयस्य ॥ १५ ॥

ज्ञानावरण-दर्शनावरण-वेदनीय-अन्तरायाणाम्[६] उत्कृष्टा[१] (१) स्थितिः[१] त्रिंशत्सागरोपम-कोटीकोट्य :[१] इति*[१] सा[१] कस्य[६] भवति? मिथ्यादृष्टेः[६] संज्ञिनः[६] पंचेन्द्रियस्य[६] पर्याप्तकस्य[६]; (२)अन्येषाम्[६] (३)आगमात्[५] सम्प्रत्ययः[१] कर्तव्यः[१]; मोहनीयस्य[६] ॥ उत्कृष्ट-स्थिति-प्रतिपत्ति-अर्थम्[४] ॥ आह

=ज्ञानावरण-दर्शनावरण-वेदनीय-तथा अन्तराय(कर्म) निका
=उत्कर्ष ठहराव (संसारी जीवके साथ) तीस सागर प्रमाण
= कोड़ा कोड़ी है (प्रश्न) वह स्थिति किसकी होती है?
(उत्तर) मिथ्यादृष्टी (प्रथमगुणस्थानवर्ती)संज्ञी पंचेंद्रिय पर्याप्तक जीवकी
=होती है । अन्य (जीवों)की स्थिति शास्त्रसे प्रतीत करना चाहिये ।
=मोहनीय कर्मकी उत्कर्ष स्थिति जानने के लिये (अग्रिम सूत्र) कहते हैं कि-

सप्ततिर्मोहनीयस्य ॥१५॥ सप्ततिः (सागरोपमकोटीकोट्यःपराःस्थितिः)मोहनीयस्यकर्मणःभवति

रूप सब विभक्तियोंमें उन स्त्रीलिंग शब्दोंके सदृश हैं जिनके अन्तमें इ-ई जैसे मति-मति शब्दका प्रथमा विभक्ति बहुवचन मतयः है इसी प्रकार कोटि शब्दका कोटयः है परन्तु ऊपर वृत्तिमें हमको कोट्यः रूप बहु वचनमें मिलता है इसलिये स्पष्ट है कि कोटी शब्दका प्रयोग है निःसन्देह दासीकी षष्ठीबहुवचन दासीनाम् है और मतिकी मतीनाम् है उसी भांति कोटी और कोटि दोनोंकी षष्ठी बहुवचनका एकही रूप कोटीनाम् है (१) बन्धके प्रथम समयसे लेकर जितने काल अवस्थान रहै सो स्थिति बन्ध है() अन्येषाम्-अन्य शब्दकी षष्ठी बहुवचन पुल्लिंग और नपुसंकलिंगमें यही एक रूप होताहै यहांपर पुल्लिंगमें इस हेतुसे लिखा है कि जीवोंसे सम्बन्ध रखताहै और जीव शब्द पुल्लिंग है(३)शास्त्रमें इस प्रकार अन्य जीवोंकी स्थिति बन्धकी स्थिति लिखी हैकि(क)एकेन्द्रिय पर्याप्तककें इनचार(ज्ञाना-वरण दर्शनावरण-वेदनीय-अन्तराय)कर्मोंकी उत्कृष्ट स्थिति एक सागरोपमके सप्तभाग कीजिये उनमें तीन भाग प्रमाणहै(ख)द्वीन्द्रिय पर्याप्तकके पचीस सागरोपमके सात भागमें तीन भाग प्रमाण है (ग)त्रीन्द्रिय पर्याप्तकके पचास सागरोपमके सात भागमें तीन भाग प्रमाणहै(घ)चतुरिन्द्रिय पर्याप्तकके सौसागरोपमके सातभागमें तीन भाग प्रमाण है(ङ)असैनी पंचेन्द्रिय पर्याप्तकके सहस्र सागरोपमके सात भागमें तीन भाग प्रमाणहै। संज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्तकके अन्त कोड़ाकोड़ी सागर प्रमाण (अर्थात् एक कोटी सागरसे ऊपर और कोड़ाकोड़ी सागरसे नीचे इतने सागर प्रमाण) उत्कृष्ट स्थिति बन्ध है (ख) एकेन्द्रिय-द्वीन्द्रिय-त्रीन्द्रिय चतुरिन्द्रिय-असंज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्तकके उक्तचारकर्मोंकीउत्कृष्ट स्थिति अपने२ पर्याप्तककी उत्कृष्टस्थिति कहीं तिनसे पल्यकाअसंख्यातवांभागन्यूनहै

सागरोपमकोटीकोट्यः परा स्थितिरित्यनुवर्तते॥ इयमपि परा स्थितिर्मिथ्यादृष्टेः संज्ञिपञ्चेन्द्रियस्य पर्याप्तकस्यावसेया॥ इतरेषां यथागममवगमः कर्तव्यः॥ नामगोत्रयोरुत्कृष्टस्थितिप्रतिपत्त्यर्थमाह—

विंशतिर्नामगोत्रयोः॥ १६॥

सूत्रार्थः—सप्ततिः$^{1}_{7}$''सागरोपम–कोटीकोटयः$^{1}_{3}$'' =सत्तरि सागर प्रमाण कोड़ा कोड़ी
परा$^{1}_{7}$''स्थितिः$^{1}_{7}$'' मोहनीयस्य$^{6}_{7}$''' कर्मणः$^{6}_{7}$'''भवति T =उत्कृष्ट स्थिति मोहनीय(कर्म)की है॥(दोनों आम्नायोंमें इससूत्रका पाठअर्थएक है)

वृत्त्यनुवादः—सागरोपम-कोटीकोट्यः$^{1}_{7}$''परा$^{1}_{7}$''स्थितिः$^{1}_{7}$''=(इस पन्द्रहवां सूत्रमें चौदहवां सूत्रसे) सागरोपम कोटीकोटयः परास्थितिः (=सागर प्रमाण कोड़ाकोड़ी उत्कृष्ट स्थिति)
इति* अनुवर्ततेT। इयम्$^{1}_{7}$'' अपि* =ऐसा (वाक्य)आता है। यह भी(अर्थात् चौदहवां सूत्रमें स्थितिकही सो,यह भी)
परा$^{1}_{7}$''स्थितिः$^{1}_{7}$'' मिथ्यादृष्टेः$^{6}_{7}$ संज्ञिन्-पञ्चेन्द्रियस्य$^{6}_{7}$ =उत्कृष्ट स्थिति मिथ्यादृष्टी सैंणीपंचेन्द्रिय
पर्याप्तकस्य$^{6}_{7}$ अवसेया$^{1}_{7}$''इतरेषाम्$^{6}_{5}$(१)यथाआगमम्* =पर्याप्तक(जीवों)कीजानना चाहिये। अन्य(जीवों)की(उत्कृष्टस्थिति) आगमकेअनुसार
अवगमः$^{1}_{7}$कर्तव्यः$^{1}_{7}$॥नाम –गोत्रयोः$^{6}_{5}$'''उत्कृष्ट– =बोध करना चाहिये। नाम तथा गोत्र दोनों (कर्मों)की उत्कर्ष
स्थिति–प्रतिपत्ति–अर्थम्$^{2}_{7}$''' आह T ॥ =स्थिति कहनेके लिये (अग्रिम सूत्र) कहते हैं कि

विंशतिर्नामगोत्रयोः॥१६॥विंशतिः(सागरोपमकोटीकोट्यः परास्थितिः)नामगोत्रयोःकर्मणोःभवति

सूत्रार्थः—विंशतिः$^{1}_{7}$''सागरोपम–कोटी–कोटयः$^{1}_{3}$''परा$^{1}_{7}$'' =बीस सागर प्रमाण कोड़ाकोड़ उत्कृष्ट वा अधिक से अधिक
स्थितिः$^{6}_{7}$'' नाम–गोत्रयोः$^{6}_{7}$'' कर्मणोः$^{6}_{5}$''' भवति T =स्थिति नाम तथा गोत्र दोनों कर्मोंकी होती है॥

(१) यथाआगमम्–एकेन्द्रिय पर्याप्तककी उत्कृष्ट स्थिति एक सागरकी है (ख) द्वीन्द्रिय पर्याप्तककी उत्कृष्ट स्थिति पचीस सागर प्रमाण है (ग)त्रीन्द्रिय पर्याप्तककी उत्कृष्ट स्थिति पचास सागर है(घ)चतुरिन्द्रिय पर्याप्तककी उत्कृष्ट स्थिति सौसागर प्रमाण है(ङ)बहुरि पर्याप्तक असंज्ञि पंचेन्द्रियकी एक सहस्र सागर प्रमाण उत्कृष्ट स्थिति है(च)बहुरि एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, तथा असंज्ञि पचेन्द्रिय अपर्याप्तककी अपनी अपनी पर्याप्तिकी स्थितें कहीं तिनतिन्सें पल्यके असंख्यातवां भाग न्यून जाननी (छ) और सैंनी पचेन्द्रिय अपर्याप्तकके अंतःकोड़ाकोड़ी सागर प्रमाण उत्कृष्ट स्थिति जाननी॥ समाप्यतत्त्वार्थाधिगमसूत्रमें "नामगोत्रयोर्विंशतिः" पाठ है॥ दोनों आम्नायोंमें अर्थ एक है॥

सागरोपमकोटीकोट्यः परा स्थितिरित्यनुवर्तते ॥ इयमप्युत्कृष्टा स्थितिर्मिथ्यादृष्टेः संज्ञिपञ्चेन्द्रियस्य पर्याप्तकस्य ॥ इतरेषां यथागममवबोद्धव्या अथायुषः कोत्कृष्टा स्थितिरुच्यते

॥ त्रयस्त्रिंशत्सागरोपमाण्यायुषः ॥ १७ ॥

पुनः सागरोपमग्रहणं कोटीकोटी

वृत्त्यनुवादः-सागरोपम-कोटीकोटयः[1]''परा[1]''स्थितिः[1]''=(इस सोलहवां सूत्रमें चौदहवां सूत्रसे) सागरोपमकोटीकोटयः परास्थिति (=सागर प्रमाण कोड़ाकोड़ी) (उत्कृष्ट स्थिति)

इति* अनुवर्तते T इयम्[1]''' अपि*
उत्कृष्टा[1]''स्थितिः[1]''मिथ्यादृष्टेः[1]संज्ञिपञ्चेन्द्रियस्य[1]
पर्याप्तकस्य[1];इतरेषां[1](१)यथा-आगमम्[1]''अवबोद्धव्या[1]''
अथ-आयुषः[1]''का[1]''उत्कृष्टा[1]'' स्थितिः[1]''उच्यते T ॥

=ऐसा(वाक्य) आता है। यह भी(अर्थात् १४,१५ सूत्रमें स्थिते कहीं वे भी,यहभी)
=अधिकतम (=उत्कृष्ट) स्थिति मिथ्यादृष्टीसंज्ञी पंञ्चेन्द्रिय
=पर्याप्त(जीव)कीहै।शेष(जीवों)की(उत्कृष्ट स्थिति) शास्त्रानुसार जानना चाहिये
=अब आयु की प्रकर्ष स्थिति कितनी है (अग्रिमसूत्रमें)कही जाती है

त्रयस्त्रिंशत्सागरोपमाण्यायुषः ॥१७॥

= त्रयस्त्रिंशत्सागरोपमाणिआयुषः(परास्थितिः)भवति

सूत्रार्थः—त्रयस्त्रिंशत्–सगरो–पमाणि[1]'''आयुषः[1]'''

=तेतीस सागरप्रमाण आयु

कर्मणः[1]''परा[1]''स्थितिः[1]''भवतिT

=कर्मकी उत्कृष्ट स्थिति अर्थात् अधिकसे अधिक स्थिति होती है

वृत्त्यनुवादः-पुनः*सागरोपमग्रहणं[1]'''कोटीकोटी–

=बहुरि(=पुनः) (इससूत्रमें) सागरोपम(शब्द)का ग्रहण कोटीकोटी (वाक्य) के

(१) यथा आगमम् (क) एकेन्द्रिय पर्याप्तककी (एक सागरका सात भागमें दो भाग प्रमाण उत्कृष्ट स्थिति है (ख) द्वीन्द्रिय पर्याप्तककी पचीस सागरका सात भागमें दो भाग प्रमाण उत्कृष्ट स्थिति है (ग) त्रीन्द्रिय पर्याप्तककी उत्कृष्ट स्थिति पचास सागरके सात भागमें से दो भाग प्रमाण हैं (घ) चतुरिन्द्रिय पर्याप्तक की उत्कृष्ट स्थिति सौ सागरके सात भागमें से दो भाग प्रमाण है (ङ) असंज्ञी पचेन्द्रिय पर्याप्तककी उत्कृष्ट स्थिति हजार सागरके सात भागोंमें से दो भाग प्रमाण है (च) संज्ञी पंचेन्द्रिय अपर्याप्तककी उत्कृष्ट स्थिति अन्तः कोड़ा कोड़ी सागर प्रमाण है और (छ,-ज-झ-ञ-ट) बहुरि एकेन्द्रिय,द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, पञ्चेन्द्रिय असैनी अपर्याप्तक की उत्कृष्ट स्थिति अपने अपने पर्याप्तक की उत्कृष्ट स्थितिसे पल्योपमके असंख्यात वें भाग घाटि(स्थिति)जाननी ॥ (२) समाप्यतस्त्वार्थाधिगमसूत्रमें आयुषः १७वां सूत्र बदलके स्थानमें आयुष्कस्य है शेष सूत्र पाठ एकही है आयुषः और आयुष्कस्य का एकही अर्थ आयुका ऐसा है क्योंकि आयुस् शब्दमें कन् प्रत्यय स्वार्थ में (=उसी अर्थमें, अपने अर्थ में) लगानेसे आयुष्क बनता है इसलिये, दोनों सम्प्रदायोंमें सूत्रका अर्थ एक है ॥

निवृत्त्यर्थम्। परा स्थितिरित्यनुवर्तते ॥ इयमपि पूर्वोक्तस्यैव ॥ शेषाणामागमतोऽवसेया ॥ उक्तोत्कृष्टा स्थितिः॥ इदानीं जघन्या स्थितिर्वक्तव्या॥ तत्र समानजघन्यस्थितीः पञ्च प्रकृतीरवस्थाप्य तिसृणां जघन्यस्थितिप्रतिपत्त्यर्थं सूत्रद्वयमुपन्यस्यते लघ्वर्थम्—

॥ अपरा द्वादशमुहूर्ता वेदनीयस्य ॥ १८ ॥

अपरा जघन्या, वेदनीयस्य द्वादशमुहूर्ताः ॥

निवृत्ति–अर्थम्$^{1}_{6}$'''$_{5}$,परा$^{1}_{6}$''स्थितिः$^{1}_{6}$''इति* =छोड़ने वा न लानेके लिये है। परा स्थिति ऐसा (वाक्य चौदहवां सूत्रसे इस सूत्रमें)
अनुवर्तते T। इयम्$^{1}_{6}$''' अपि*पूर्व-उक्तस्य$^{6}_{6}$' =आता है। यहभी(उत्कृष्ट स्थिति) प्रथम कथित(संज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तक जीवों) की
एव*। शेषाणाम्$^{5}_{6}$'(१)आगमतः*अवसेया$^{1}_{6}$'' ॥ =ही(=एव) है। बचे हु`(जीवो की उत्कृष्ट स्थिति) आगमसे जानना चाहिये।
उक्ता$^{1}_{6}$''उत्कृष्टा$^{1}_{6}$'' स्थितिः$^{1}_{6}$''; इदानीम्*जघन्या$^{1}_{6}$'' =उत्कर्ष स्थिति कही गई। अब जघन्य वा हीनसे हीन
स्थितिः$^{1}_{6}$''वक्तव्या$^{1}_{6}$''; तत्र समान-जघन्य-स्थितीः$^{2}_{5}$'' =स्थिति कहना चाहिये। तहां बराबर वा तुल्यन्यूनसेन्यून (=जघन्य) स्थितियें
पञ्च$^{2}_{5}$'' प्रकृतीः$^{2}_{5}$'' अवस्थाप्य ÷ =पांच(ज्ञानावरण-दर्शनावरण-मोहनीय-आयु-अन्तराय कर्म)प्रकृतियोंको(इससमय)छोड़कर
तिसृणाम्$^{5}_{5}$॥जघन्य-स्थिति-प्रतिपत्ति-अर्थम्$^{4}_{6}$''' =तीन (कर्म वेदनीय–नाम–गोत्र) की घाटि से घाटि स्थिति कहनेके लिये
सूत्र–द्वयम्$^{1}_{6}$'''उपन्यस्यते T लघु-अर्थम्$^{1}_{6}$'''– =युगल सूत्र संक्षेपके लिये रचाजाता है

अपरा द्वादश मुहूर्ता वेदनीयस्य = अपरा (स्थितिः) द्वादशमुहूर्ताः वेदनीयस्य कर्मणः भवति।

सूत्रार्थः—(२) अपरा$^{1}_{6}$'' (३) द्वादश–मुहूर्ताः$^{1}_{5}$' =हीनसे हीन (=अपरा) बारह मुहूर्त (=९$\frac{3}{5}$ घंटा) ॥
वेदनीयस्य $^{6}_{6}$''' कर्मणः स्थितिः$^{1}_{6}$''भवति T =वेदनीय कर्मके अवस्थान वा ठहराव है। $\frac{48}{5}$घंटेका एक मुहूर्त होता है।

वृत्त्यनुवादः—अपरा$^{1}_{6}$''जघन्या$^{1}_{6}$'' वेदनीयस्य$^{6}_{6}$''' =न्यूनसे न्यून (=अपरा) घाटि से घाटि (=जघन्या) वेदनीय (कर्म) का
द्वादशमुहूर्ताः $^{1}_{5}$' =(अवस्थान वा ठहराव) बारह मुहूर्त है।

(१)असंज्ञी पंचेन्द्रिय पर्याप्तकके पल्यके असंख्यातवां भाग प्रमाण है और एकेन्द्रियादिकके आयुका उत्कृष्ट स्थिति बंध कोटि पूर्व जानना ॥ तत्त्वार्थराजवार्तिक पृष्ठ ३१२ तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक पृष्ठ४८१(२)दोनों सम्प्रदायों में इस सूत्रका पाठ तथा अर्थ एक है(३)मुहूर्तः–यह शब्द पुल्लिंग

नामगोत्रयोरष्टौ ॥१९॥

मुहूर्ता इत्यनुवर्तते । अपरास्थितिरिति च॥ अवस्थापितप्रकृतिजघन्यस्थितिप्रतिपत्त्यर्थमाह-

शेषाणामन्तर्मुहूर्ताः ॥२०॥

(१) नामगोत्रयोरष्टौ ॥१९॥ (अपरा स्थितिः) नामगोत्रयोःअष्टौ (२)(मुहूर्ताः) भवति

सूत्रार्थः-अपरा$\frac{1}{1}$॥स्थितिः$\frac{1}{1}$॥नामगोत्रयोः$\frac{6}{2}$॥अष्टौ$\frac{1}{1}$मुहूर्ताः$\frac{1}{1}$॥=जघन्य स्थिति नाम तथा गोत्र दोनों कर्मों की आठ मुहूर्त (काल पर्यन्त)है।

वृत्त्यनुवादः-मुहूर्ता$\frac{1}{1}$॥इति*अनुवर्तते।

=मुहूर्ताः ऐसा(वाक्य अठारहवां सूत्रसे इस सूत्रमें) आता है अथवा प्रवर्तता है

अपरा$\frac{1}{1}$॥स्थितिः$\frac{1}{1}$॥इति*च*

=(सूत्रमें)अपरा(शब्द १८वां सूत्रसे)और स्थितिःऐसा(शब्द सूत्रमें १४वां सूत्रसे)आताहै

अवस्थापित-

=ठहरे हुये अथवा रहे हुये (=अवस्थापित) (पांच ज्ञानावरण-दर्शनावरण-मोहनीय-आयु-अन्तराय कर्मकी)

प्रकृति-जघन्य-स्थिति-प्रतिपत्ति-अर्थम्$\frac{1}{1}$॥ आह-

=प्रकृतियोंका हीनसे हीन अवस्थान वा स्थिति जतावनेके लिये कहते हैं कि

शेषाणामन्तर्मुहूर्ताः(३) ॥२०॥

=शेषाणां$\frac{5}{3}$पंचानाम्$\frac{5}{3}$प्रकृतीनाम् अन्तर्मुहूर्ता$\frac{1}{1}$॥अपरास्थितिः

सूत्रार्थः—शेषाणां$\frac{5}{3}$॥पंचानाम्$\frac{5}{3}$॥

=अवशिष्ट वा बचेहुये पांच(ज्ञानावरण-दर्शनावरण-मोहनीय-आयु अन्तराय कर्मों)की

प्रकृतीनाम्$\frac{5}{3}$॥अन्तर्मुहूर्ता$\frac{1}{1}$॥अपरा$\frac{1}{1}$॥स्थितिः$\frac{1}{1}$॥

=प्रकृतियोंकी मुहूर्तसे हीन जघन्य स्थितिहै प्रत्येक कर्मकी जघन्य स्थिति $\frac{8}{9}$ घंटे सेन्यूनहै

और नपुंसकलिंग दोनों हैं यहां पर पुल्लिगमें आया है॥ $\frac{8}{9}$ घंटे का मुहूर्त होता है। समाप्यतत्त्वार्थाधिगमसूत्रमें "शेषाणामन्तर्मुहूर्ता"सूत्रका पाठ "शेषाणामन्तर्मुहूर्तम्" ऐसा है॥ इस पाठ में अन्तर्मुहूर्तम् नपुंसकलिंगमें आया है॥ पद्मचन्द्रकोश पृष्ठ ३००और अमरकोश वर्ग ४ श्लोक ११ के अनुकूल यह शब्द(पु०न० है 'मुहूर्तो द्वादशक्षिप्रायाम्", इत्यमरः अर्थात् मुहूर्त बारह क्षण का है और स्त्रीलिंग वर्जित(शेषलिंगोंमें)होताहै।

(१) दोनों आम्नायोंमें इस सूत्रका पाठ तथा अर्थ एक है (२) अष्टौके स्थानमें अष्ट लानेसे सूत्र लघु होजाता अर्थात् "नामगोत्रयो रष्ट" ऐसा सूत्र होता सो क्यों नहीं किया ? क्योंकि अष्टन् शब्द यथार्थमें है उसका प्रथमा बहुवचन तीनों लिंगोंमें अष्ट-अष्टौ दोनों ही होता है। केवल बहुवचन ही इस अष्टन् का होता है,जिस संज्ञाके साथ आता है उसके अनुसार इसका वचन और विभक्ति होती है परन्तु तीनों लिंगोंमें एकही अष्ट वा अष्टौ होता है ॥

(३)समाप्यतत्त्वार्थाधिगमसूत्रमें अन्तर्मुहूर्ताःकेस्थानमें अन्तर्मुहूर्तम् है शेषपाठ वही है जो हमारेयहां है,हमारेयहां सूत्र पाठ दोप्रकार का है एकमें"अन्त-

शेषाणां पंचानां प्रकृतीनामन्तर्मुहूर्ताऽपरा स्थितिः ॥ ज्ञानदर्शनावरणान्तरायाणां जघन्या स्थितिः सूक्ष्मसाम्पराये। मोहनीयस्य अनिवृत्तिबादरसाम्पराये। आयुषः संख्येयवर्षायुष्कतिर्यक्षुमनुष्येषु च॥ आह-उभयी स्थितिरभिहिता ज्ञानावरणादीनामथानुभवः किं लक्षण इत्यत आह-

भावार्थ ज्ञानावरण कर्म प्रकृतिकी जघन्य अन्तर्मुहूर्त स्थिति है (२) दर्शनावरण कर्म प्रकृतिकी न्यूनसेन्यून अन्तर्मुहूर्त स्थिति है (३) मोहनीय कर्म प्रकृतिकी घाटि से घाटि अन्तर्मुहूर्त अवस्थान है (४) आयु कर्म प्रकृतिका भी हीन से हीन ठहराव एक मुहूर्तसे हीन है (५) और अन्तराय कर्मप्रकृतिकी भी जघन्य स्थिति अन्तर्मुहूर्त है ॥

वृत्यनुवादः—शेषाणाम् $^{6}_{3}$ पंचानाम् $^{6}_{3}$ =शेष पांच(ज्ञानावरण–दर्शनावरण–मोहनीय–आयु–अन्तराय कर्मों मेंसे प्रत्येककर्म)की
प्रकृतीनाम् $^{6}_{3}$ अन्तर्मुहूर्ताः $^{1}_{3}$ अपरा $^{1}_{4}$ स्थितिः $^{1}_{4}$; =प्रकृतियोंकी अन्तर्मुहूर्त जघन्य स्थिति है।
ज्ञान-दर्शन-आवरण-अन्तरायाणाम् $^{6}_{3}$ जघन्या $^{1}_{4}$ =ज्ञानावरण-दर्शनावरण तथा अन्तराय (कर्मों) की हीन से हीन
स्थितिः $^{1}_{4}$ सूक्ष्मसाम्पराये $^{7}_{4}$, मोहनीयस्य $^{6}_{3}$ =स्थिति सूक्ष्मसांपराय (दशवांगुण स्थान वर्ती) में है। मोहनीय (कर्म) की
अनिवृत्तिबादरसाम्पराये $^{7}_{4}$; आयुषः $^{6}_{4}$ =अनिवृत्तिबादरसाम्पराय (नववां गुणस्थानवर्ती)मेंहै। आयु(कर्म) की(जघन्य–स्थिति)
संख्येय–वर्ष–आयुष्क–तिर्यक्षु $^{9}_{3}$ मनुष्येषु $^{9}_{4}$ च *॥आह =संख्यात बरसकी आयु वाले तिर्यंचोंमें तथा मनुष्योंमें (बन्धती) है। प्रश्न करताहै कि
उभयी $^{1}_{4}$ स्थितिः $^{1}_{4}$ ज्ञानावरणादीनाम् $^{6}_{3}$ अभिहिता $^{1}_{4}$ =दोनों (जघन्यतथा उत्कृष्ट) स्थितियें आठकर्म ज्ञानावरणादिकोंकी कहींगई
अथ*अनुभवः $^{1}_{4}$ किं*लक्षणः $^{1}_{4}$ इति*अतः * आह T =अब अनुभवका क्या लक्षण है, इसलिये (अग्रिम सूत्र) कहते हैं कि

मुहूर्ता है अन्यमें "अन्तर्मुहूर्ताः" है (जैसे सदा सुखजीकृत मुद्रित तत्वार्थसूत्रलघुटीका में तथा निर्णयसागरमुद्रित जैनपाठसंग्रहमें मुहूर्ताः है) इस अध्यायके अठारहवां सूत्रमें सिद्ध किया है कि मुहूर्त शब्द पुल्लिंगी और नपुंसक लिंगी है, सभाष्यतत्त्वार्थाधिगमसूत्रमें इसको नपुंसक मानकर 'अन्तर्मुहूर्तम्' पाठ है और हमारे यहां उन पाठोंमें जहां 'अन्तर्मुहूर्ता' पाठ है वहां 'आ' स्त्रीलिंगका चिह्न लगा कर मुहूर्तका स्त्रीलिंग कर दिया है, स्त्री लिंग शब्द जिनके अन्तमें दीर्घ अकार होता है उनका स्त्रीलिंग भी दीर्घ अकारान्तही होता है जैसे शाला शब्द का स्त्री लिंग एक वचन शाला है दो वचन शालेहै और बहु वचन 'शालाः' है ॥ और इसी प्रकार मुहूर्ताः बहु वचन स्त्रीलिंग प्रथमा विभक्ति में यहां पर हो सक्ता है, यदि मुहूर्त शब्द को पुलिंग रक्खा तो भी बहु वचन – पुल्लिंग– प्रथमा विभक्ति में मुहूर्ताः ही रूप होगा अन्तर्मुहूर्ताः पाठ अन्तर्मुहूर्ता पाठ से और अन्तर्मुहूर्तम् दोनों पाठों से अच्छा है क्योंकि अन्त मुहूता और अन्त मुहूर्तम् इन एक वचन शब्दों में यह अर्थ भी हो सक्ता है कि शेष (पांच) सिकी जघन्य स्थिति अर्थात् सब पांचों की मिल कर अन्तमुहूर्त मात्र है जब कि सूत्र कारका अभिप्राय है कि शेष पांच कर्मों मेंसे प्रत्येक की जघन्य स्थिति अन्तर्मुहूर्त है–ऐसा अभिप्राय अन्तर्मुहूर्त शब्दके बहु वचन–अन्तर्मुहूर्ताः से ही स्पष्टतया निकल सक्ता है। इसलिये "शेषाणाम् अन्तर्मुहूर्ताः" ऐसा पाठ लिया है ॥

विपाकोऽनुभवः ॥ २१ ॥

विशिष्टोनानाविधोवापाकोविपाकःपूर्वोक्तकषायतीव्रमन्दादिभावास्रवविशेषाद्विशिष्टःपाकोविपाकः॥

विपाकोऽनुभवः=विपाकःअनुभवःभवति ॥"उदयो विपाकः"सर्वार्थसिद्धि अध्याय ६ सूत्र १४ ॥

सूत्रार्थः-(१)विपाकः$_{१}$अनुभवः$_{१}$ =विशेषरूप वा विविध प्रकार, नाना प्रकार पचन (=पाक) सो विपाक है सोही (विपाक अनुभव है अर्थात् "कर्मप्रकृति पचकर उदय आवैताका रस अनुभवमें "(भोगनेमें आवै)"सो अनुभव कहिये"सर्वार्थ०वचनिका॥

वृत्त्यनुवादः-विशिष्टः$_{१}$ वा नानाविधः$_{१}$ =विशेषरूप =विशिष्ट) अथवा विविध प्रकार–अनेक प्रकार

पाकः$_{१}$ विपाकः$_{१}$ =पचन अथवा पाक सो विपाकहै अर्थात् विपाक(क)=विशिष्टपाक(ख)=नानापाक, (इनदोअर्थोंकोकहेहैं)

पूर्वोक्त–कषाय–तीव्र–मन्द–आदि–भाव– =पूर्व कथित कषायके प्रकर्ष, तीव्र अथवा तीक्ष्ण तथा धीमे आदिक भाव

आस्रव-विशेषात्$_{५}$विशिष्टः$_{१}$पाकः$_{१}$विपाकः$_{१}$=आस्रवके विशेषसे विशेषयुक्त (=विशिष्ट) पाक सो विपाक है अर्थात् उपकार,अपकार करनेके है स्वरूप जिनका ऐसे ज्ञानावरणादि आठ कर्मोंकी प्रकृतियोंके पूर्व आस्रवके निमित्तसे तीव्र, मंद मध्यम भावकरि जो उदय सो विपाक है सो ही अनुभव (सूत्रमें) वर्णित है ॥

(१) हमारे यहां कहीं कहीं पर 'विपाकोऽनुभवः" पाठ है कहीं कहीं पर "विपाकोनुभवः"पाठ है । दोनों ठीक है ऐसेऽचिन्हके सम्बन्धमें देखो टिप्पणी अध्याय १ पृष्ठ १० ॥ श्वेताम्बर सम्प्रदायके सभाष्यतत्त्वार्थाधिगमसूत्रमें और भाष्यानुसारिणी तत्त्वार्थटीकामें "विपाकोऽनुभावः" पाठ है । कहीं कहीं पर विपाकोऽनुभागः पाठ है ॥ उदय,विपाक,अनुभव,अनुभाव,अनुभाग,एकार्थ वाची हैं ॥"विपाक कूं अनुभव कह्या अनुभव नाम भोगने का है"अर्थप्रकाशिका ॥ अब प्रश्न यह है कि विशेषरूपसे उदय, विविधप्रकारसे उदय, अनुभव, विपाक का अर्थ यथार्थमें अनुभव, अनुभाग का है वा अनुभाग बन्ध,अनुभव बन्धका है ॥ नम्रतापूर्वक निवेदन हैकि एक अर्थ नहीं है,सदासुखजी, जयचन्दजीने जो अर्थ किया है वह विपाक और अनुभवका लक्षण कहा है और सर्वार्थसिद्धिमें "अथानुभवः किं लक्षणः" ऐसा प्रश्न किया गया है उसका उत्तर दिया है कि "विपाकोऽनुभवः" या यों कहिये कि उक्त दोनों अनुवादकों ने शक्ति में व्यक्तिका उपचार किया है अर्थात् अनुभागबन्ध शक्ति रूप है उसको व्यक्ति रूपमें कह दिया है, जिन्गुणस्थानोंमें कषायका अभाव है वहाँ प्रकति बन्ध और प्रदेश बन्ध होते हैं जो योगके द्वारा उत्पन्न होते हैं और स्थितिबन्ध तथा अनुभागबन्ध नहीं होते हैं ज्योंही प्रकृति बन्ध और प्रदेश बन्ध होते जाते हैं(त्योंही विना अवस्थान, ठहराव वा स्थितिके और विना फलदानके शक्ति के पड़े हुये झडते चल जाते हैं । "ततश्च निर्जरा" =उदय, विपाक, कर्मफल भोगने वा अनुभव के पश्चात् कर्म झड़जाते हैं यह सूत्र ज्ञापक है कि 'विपाकोऽनुभवः' सूत्रमें शक्तिमें व्यक्तिका उपचार किया है अन्यथा यह सूत्र अनुभव बंधसे संबंध नहीं रखता है क्योंकि अनुभवबंध का लक्षण ऐसे है कि"तीव्रमंद मध्यम रूप कर्मोंके उदय होने पर आत्माको सुख दुःखादि फल होता है सो कर्ममें उस फलदान शक्तिका पड़जानाहै उसे अनुभाग बन्ध कहते हैं"इस विषयपर विद्वान प्रकाश डालकर मुझको कृपया सूचित करेंगे ॥

अथवा द्रव्यक्षेत्रकालभवभावलक्षणनिमित्तभेदजनितवैश्वरूप्यो (वैस्वरूपो) नानाविधः पाको विपाकः । असावनुभव इत्याख्यायते ॥ शुभपरिणामानां प्रकर्षभावाच्छुभप्रकृतीनां प्रकृष्टोऽनुभवः । अशुभप्रकृतीनांनिकृष्टः ॥ अशुभपरिणामानां प्रकर्षभावादशुभप्रकृतीनां प्रकृष्टोऽनुभवः । शुभप्रकृतीनां निकृष्टः ॥ स एवं प्रत्ययवशादुपात्तोऽनुभवो द्विधा प्रवर्तते, स्वमुखेन परमुखेन च ॥ सर्वासां मूलप्रकृतीनां स्वमुखेनैवानुभवः ।

अथवा*द्रव्य–क्षेत्र–काल–भव–भाव–लक्षण–निमित्त–भेदजनित–वैश्वरूप्यः[१] (वैस्वरूपः[१])
=अथवा द्रव्य-क्षेत्र–काल–भव–भावके लक्षण निमित्तके =भेदसे उत्पन्न हुआ (=जनित)विचित्र रूप (वैश्वरूप्यः=वैस्वरूपः)

नानाविधः[१]पाकः[१]विपाकः[१];असौ[१] अनुभवः[१]इति*आख्यायते[T] ॥
=(वा)अनेक प्रकार उदय(=पाकः)सो विपाक है, यह (असौविपाक) अर्थात् उदय =अनुभव है ऐसा प्रसिद्ध है (=आख्यायते)

शुभ–परिणामानाम्[६]प्रकर्षभावात्[५]शुभप्रकृतीनाम्[६]
=भले परिणामोंके उत्कर्ष होनेसे (=भावात्) शुभ प्रकृतियोंका

प्रकृष्टः[१]अनुभवः[१]; अशुभ–प्रकृतीनाम्[६]निकृष्टः[१];
=उत्कृष्ट अनुभव होता है । अशुभ प्रकृतियोंका हीन (=निकृष्ट) (अनुभव) होताहै अर्थात् अशुभ प्रकृतियोंमें मन्द रस पडता है सो उदय मन्द होता है

अशुभपरिणामानाम्[६] प्रकर्षभावात्[५]अशुभ-प्रकृतीनाम्[६]
=बुरे परिणामोंकी अधिक विद्यमानतासे (=भावात्) अशुभ प्रकृतियोंका

प्रकृष्टः[१] अनुभवः[१]; शुभप्रकृतीनाम्[६] निकृष्टः[१];
=उत्कृष्ट अनुभव वा उदय होता है भली प्रकृतियोंका हीन अनुभव होता है, अर्थात् शुभ प्रकृतियों में मंदरस पड़ता है अशुभ प्रकृतियोंमें तीव्ररस पड़ता है ।

सः[१] एवं* प्रत्ययवशात्[५]; उपात्तः[१] अनुभवः[१]द्विधा*
=वह इसप्रकार कारणके वशसे प्राप्तहुआ अनुभव दो प्रकार

प्रवर्तते [T] स्वमुखेन[३]
=प्रवर्तताहै अथवा दो प्रकार होताहै । स्वमुखकरिअर्थात् अन्यकर्म अन्यकर्म रूप होकर, उदयमें नहीं आवै अपने २ बंधके अनुसार उदय आता है ।

परमुखेन[३] च*
=और परमुखकरि अर्थात् अन्यकर्म अन्यकर्मरूप होय उदय आता है बंध अन्य कर्म रूप होता है उदय दूसरे कर्म रूप प्रवर्तता है ।

सर्वासाम्[६]मूल-प्रकृतीनां[६] स्वमुखेन[३]एव*अनुभवः[१]
=सबमूल (ज्ञानावर्णादिक आठकर्मोंकी)प्रकृतियोंका स्वमुखकरिही=(एव)अनुभवहोताहै

उत्तरप्रकृतीनां तुल्यजातीयानां परमुखेनापि भवति (१)॥ आयुर्दर्शनचारित्रमोहवर्जानां

अर्थात् इन आठ ज्ञानावरण, दर्शनावरण, वेदनीय, मोहनीय, आयु,नाम,गोत्र और अंतराय ,कर्म अपने अपने बंधके अनुसार ही उदय में आतेहैं, इन मूल आठ कर्मों में ऐसा नहीं हो सक्ता है कि ज्ञानावरणकर्मरूप होकर बंध होवै और दर्शनावरण रूपहोकर अथवा किसीऔर कर्मरूप होकर उदयमें आवै,पूर्वोक्त आठ कर्मों मेंसे जो कर्म बन्धता है उसही कर्मरूप उदयमें आता है न कि अन्य कर्मरूप

उत्तरप्रकृतीनाम्=तुल्यजातीयानाम्=परमुखेन=अपि=भवति ॥ =समानजातिके (कर्म) जिनकी उत्तरप्रकृतियोंका =(परमुखकरि) भी(अनुभव) होता है अर्थात् उसी जातिके कर्मकी अन्यरूप उत्तरप्रकृति बंधती है परन्तु उसीजातिके कर्मकी दूसरी उत्तरप्रकृतिरूप उदयमें आती है अथवा अनुभवमें आती है भोगनेमें आती है ॥ जैसे—ज्ञानावरण कर्मकी उत्तरप्रकृति मतिज्ञानावरणीय रूप बंधै और ज्ञानावरणकी अन्य उत्तरप्रकृति श्रुतज्ञानावरणीयरूप होकर उदयमें आती है। तथा जैसे वेदनीय कर्मकी उत्तर प्रकृति असाता वेदनीयरूप होकर बंधै परन्तु कारणके वशसे सातावेदनीयरूप होकर रस देवे वा उदय में आवै ॥

आयुःदर्शन-चारित्रमोह-वर्जानाम्- =(तिन समान जातिकी उत्तरप्रकृतियोंमें भी) आयु तथा दर्शनमोह,चारित्रमोह =(कर्मों) की (उत्तरप्रकृतियोंको) छोड़करके, त्यागकरके (अन्यतुल्य जातीय कर्मोंकी उत्तरप्रकृतियोंमें परमुखकरि अनुभव अथवा परमुखोदय होता है अर्थात् आयु कर्मकी उत्तरप्रकृतियोंके अन्यरूप होकर अनुभव वा उदय नहीं होता है जो आयु बन्धती है उसहीका उदय होता है (=आयुर्वर्जनस्य) और दर्शनमोह तथा चारित्रमोहके जो दर्शनमोहनीय कर्मकी उत्तर प्रकृतियें है उनका परस्पर परिवर्तन नहीं होता है (=दर्शनचारित्रमोहवर्जयोः) जो प्रकृति बंधता है सो ही उदय आती है ॥

(१) 'भवति' शब्द और 'आयुर्दर्शनचारित्रमोह वर्जानां' वाक्यके मध्यमें विराम का "॥" चिन्ह है इसकारण इनदोनों वाक्योंका अनुवाद बहुत बढगया है तत्त्वार्थराजवार्तिक मुद्रित पृष्ठ३१२में इन दोनों वाक्योंमें भवतिके पश्चात् विरामका चिन्ह नहीं है इसलिये लोकों दोनों वाक्योंका अर्थ सुगमतासे थोड़े में आजाता है "उत्तरप्रकृतीनां तुल्यजातीयानांपरमुखेनापि भवति-आयु दर्शन चारित्रमोह वर्जानां । नहि नरकायुर्मुखेन" इत्यादि

आयुः दर्शन-चारित्र-मोह वर्जानाम् =आयु-दर्शनमोह चारित्र मोह(को उत्तर प्रकृतियों को) वर्जकरके
तुल्य जातीयानाम् उत्तर प्रकृतीनाम् परमुखेन अपि भवति=समान जातिके (कर्मनिकी) उत्तर प्रकृतियोंका अन्यरूप होकर भी उदय होता है ॥

नहि नरकायुर्मुखेन तिर्यगायुर्मनुष्यायुर्वा विपच्यते । नापि दर्शनमोहश्चारित्रमोहमुखेन । चारित्रमोहो वा दर्शनमोहमुखेन ॥ आह–अभ्युपेमः प्रागुपचितनानाप्रकारकर्मविपाकोऽनुभव इति इदं तु न विजानीमः किमयं प्रसंख्यातो ऽप्रसंख्यात इत्यत्रोच्यते प्रसंख्यातोऽनुभूयते

(१)नहि*नरक आयुर्मुखेन[३]''' तिर्यग्आयुःमनुष्य आयुर्वा विपच्यते[T] ।

=(जैसे) तिर्यंच आयु अथवा मनुष्य आयु नरक आयु रूप होकर नहीं =भोगीजाती है, नहीं पचाई जाती है, नहीं उदय में आती है ।

न*अपि* दर्शनमोह[१]'चारित्रमोह(२)मुखेन[३]''; चारित्रमोहः[१]' वा*दर्शनमोहमुखेन[३]''' (३)(विपच्यते) ।

=न दर्शन मोह भी (=अपि)चारित्र मोह रूप करि (भोगा जाताहै=विपच्यते) =अथवा चारित्र मोह दर्शनमोह रूप करि (नहीं भोगी जाती है,वा नहीं उदयमें आती है)

आह[T](४)अभि-उपेमः प्राच्-उपचित-नाना-प्रकार-कर्म-विपाकः[१]' अनुभवः[१]' इति*इदं[३]''' तु न(५)विजानीमः किम्[१]।।। अयम्[१]''' प्रसंख्यातः[१]' अप्रसंख्यातः[१]' इति* अत्र* उच्यते [T] प्रसंख्यातः[१]' अनुभूयते [T]

=प्रश्न करता है–स्वीकार करते हैं कि पहले संचयकिये हुये अनेक प्रकारके =कर्मों का उदय है (=विपाकः) सो अनुभव है । परन्तु (=तु) यह हम नहीं जानते हैं =कि यह (अनुभव) गणनाकी हुई प्रकृतिके (स्वरूप है)जैसी प्रकृति है तिस स्वरूप है =कि संख्याकी हुई प्रकृतियें स्वरूप नहीं है ऐसा (प्रश्न होने पर) यहां कहाजाता है कि =(यह अनुभव वा विपाक) प्रसंख्यातरूप भोगा जाता है वा अनुभव किया जाता है अर्थात् जैसी प्रकृतिगणना में आई है तिस रूपही भोगनेमें आती है।

(१) न हि-दो अव्यय भिन्न भिन्न भी हैं और (कहीं कहीं नहि ऐसा भी पाठ है वहां) नहि एक अव्यय है ॥ निःसन्देह नहीं है दोनों रूपोंका अर्थ है (वैद्यकोश पृष्ठ ३७२ पद्मचन्द्रकोश पृष्ठ २०६) ॥ (२) दोनों मुखेन शब्दोंके पश्चात् "विपच्यते" वाक्य गुप्त है ॥ (३)पच् =पाक, पकाना, भ्वादि प्रथम गणका धातु यहां पर आत्मने पदी है व्यक्तीकार,प्रकट करनेके अर्थमें आया है । कर्मणि प्रधानमें य लगानेसे पच्य हो जाता है, पश्चात् अन्य पुरुष, एकवचन, वर्तमान क्रियाद्योतक,आत्मने पदका चिन्ह ते लगानेसे पच्यते बन जाता है । पुनि विशेष प्रकार वा नाना प्रकारके अर्थमें 'वि' उपसर्ग जोड़नेसे विपच्यते बन जाता है, व्यक्त किया जाता है,अर्थात् भोगा जाता है वा उदयमें आता है अर्थ है ॥ (४) इण् अदादि दूसरे गणका धातु है । ण् इसलिये है कि नाना भांतिके पद वा गणोंका यह धातु है इ रह जाता है उसमें "अभि" और "उप" उपसर्गों के जोड़नेसे अभि + उप + इ होजाता है । मस् उत्तमपुरुष, बहुवचन, वर्तमान क्रिया, आत्मनेपद, कर्तरिप्रधान क्रियाका चिन्ह लगानेसे अभि + उप + इ + मस् हो जाता है = अभिउपेमस् = अभ्युपेमः = हम मानते हैं,अंगीकार करते हैं ।(५)विजानीमः—ज्ञा क्र्यादि नववां गणका धातु है इसका ना विकरण है । 'ना' को नी कर देते हैं व्यञ्जनीय ङित् संज्ञक क्रिया प्रत्ययोंके पहिले–वि लगाकर ज्ञा पलट जाता है जा में ॥ तब विजानी रूप हुआ, मस् उत्तम पुरुष बहुवचन कर्तरिप्रधान वर्तमान काल की क्रियाद्योतक चिन्ह जोड़कर विजानी + मस् = विजानीमः बनालिया ॥

इति ब्रूमहे ॥ कुतः यतः— **॥ स यथानाम ॥ २२ ॥**

ज्ञानावरणस्य फलं ज्ञानाभावो दर्शनावरणस्य फलं दर्शनशक्त्युपरोध इत्येवमाद्यन्वर्थं सञ्ज्ञानिर्देशात्सर्वासां कर्मप्रकृतीनां सविकल्पानामनुभवसम्प्रत्यो जायते ॥

इति*(१) ब्रूमहे । (२) कुतः* ? यतः *

स यथानाम ॥ २२ ॥

सूत्रार्थः—(३)सः[1]अनुभवः[1]ज्ञानावरणादीनाम्[6]''' यथानाम * विपच्यते T

वृत्यनुवादः—ज्ञान-आवर्णस्य[6]'''फलम्[1]'''ज्ञान-अभावः[1]दर्शनावर्णस्य[6]'''फलं[1]'''दर्शन-शक्ति-उपरोधः[1] इत्येवम्*आदिः[1]''' अनुअर्थ–संज्ञा–निर्देशात्[5]' सर्वेसाम्[6]''कर्मप्रकृतीन[6]''सविकल्पानाम्[6]''अनुभव-सम्प्रत्ययः [1](४) जायते T

=ऐसा (=इति) हम कहते हैं (प्रश्न) कैसे ? (=कुतः) (उत्तर) क्योंकि (=यतः)

=सोऽनुभवो ज्ञानावरणादीनां यथानाम विपच्यते॥२२॥

=वह (अनुभव, विपाक उदय अथवा परिपाक) ज्ञानावरणादिक आठ कर्मों के

=नामके अनुकूल (=जैसा नाम तैसे) विपाकको प्राप्त होता है। अर्थात् जैसा कर्मकी प्रकृतिका नाम है तैसा ही ताका विपाक अथवा उदय है

=ज्ञानावरण (कर्मकी प्रकृति) का परिणाम (=फल) ज्ञानका

=न होना है दर्शनावरण (कर्म प्रकृति)का फल दर्शनकी सामर्थ्यका अवरोध वा रुकाव है

=इत्येवं आदि सार्थक संज्ञाके कथनसे वा नामके अनुकूल अर्थवाली संज्ञाके उपदेशसे अर्थात् जैसा जिसकर्म प्रकृतिका नाम है वैसाही उस प्रकृतिका विषयरूप कथनसे

=सब कर्म प्रकृतियोंके भेद सहित अनुभवकी

=प्रतीति उत्पन्न होती है ।

(१)ब्रूमहे-ब्रू अदादि दूसरे गणका उभय (परस्मै और आत्मने) पदी धातु द्विकर्मक(जैसे माणवकं धर्मं ब्रूते=छोकड़ों को वह धर्म को कहता है) कहना अर्थ में आता है। इस गणमें विकरण कोई नहीं लगाया जाता है । महे उत्तम पुरुष बहुवचन आत्मनेपदी वर्तमान कालकी क्रियाका द्योतक चिन्ह ब्रू में जोड़नेसे ब्रूमहे (=हम कहते हैं) बनता है ॥

(२) कुतस् (=कुतः) (क) जहांसे (ख) जहां, जहां कहीं (ग) कैसे (घ)बहुत अधिक, बहुत न्यून अर्थों में आता है,यहां पर'कैसे' अर्थ में आया है (वैयकोश पृष्ठ १९४ देखो) (३) दोनों श्वेताम्बर तथा दिगम्बर सम्प्रदायोंमें इस सूत्रका पाठ तथा अर्थ एकसा है ।

(४) 'जन्' (=जनन- उत्पन्न होना) यह दिवादि चतुर्थ गण का आत्मनेपदी अकर्मक धातु है इस जन् के स्थान में 'जा' आदेश हो जाता है और क्योंकि यह चतुर्थ गण का धातु है इस का विकरण 'य' है इस लिए जा+य=जाय, अब इस 'जाय' अंगमें अन्यपुरुष, एक वचन, कर्तरि प्रधान वर्तमान क्रिया का द्योतक आत्मने पदी चिन्ह 'ते' लगाकर जायते बना लेते है जिस का अर्थ उत्पन्न होता है ऐसा है ॥

आह यदि विपाकोऽनुभवः प्रतिज्ञायते, तत्कर्मानुभूतं किमाभरणवदवतिष्ठते, आहोस्विन्निष्पीतसारं प्रच्यवते? इत्यत्रोच्यते—

ततश्च निर्जरा ॥ २३ ॥

पीडानुग्रहावात्मने प्रदायाभ्यवहृतौदनादिविकारवत्पूर्वस्थितित्यागादवस्थानाभावात्

आह[T] यदि*विपाकः[1] अनुभवः[1]प्रतिज्ञायते[T],=प्रश्न करता है कि जो "विपाकोऽनुभवः" (देखो सूत्र २१) पहिले कहागया है(=प्रतिज्ञायते) तत्कर्म-अनुभूतम्[1]*किम्*आभरणवत्* =सो(=तत्)कर्म क्या बीतगये(=भूत)पीछे(=अनु)अर्थात् भोगे पीछे, आभूषण के सदृश अवतिष्ठते[1],आहोस्वित्[1]निष्पीतसारम्[1]*प्रच्यवते[2]=लगा रहता है अथवा (=आहोस्विन्) सार रहित होकर गिरपड़ता है वा झड़जाता है इति*अत्र*उच्यते[T]— =ऐसा [प्रश्न होनेपर] यहां [अग्रिम सूत्र] कहा जाता है कि

(३)ततश्च निर्जरा ॥ २३ ॥ = (४)ततश्चानुभवात्कर्मनिर्जरा भवति ॥ २३ ॥

सूत्रार्थः-ततः*(४)च*अनुभवात्[1]कर्मनिर्जरा[1]=तिस विपाक-अनुभव-उदय-परिपाक वा कर्मके फल प्राप्तिके पीछे भी कर्मकी निर्जरा भवति[T] =होतीहै[संक्षेपतः]उदयकेपश्चात् कर्मझड़जातेहैंअर्थात् किसीऔर कारणसे निर्जराहोतीहैऔर अनुभव वा उदयसे निर्जरा होती है। भावार्थ नवमें अध्यायका तीसरा सूत्र कि 'तपसा निर्जरा च'=तप से निर्जरा भी होती है, और विपाक वा उदयसे भी निर्जरा होती है।

वृत्त्यनुवादः-पीडा-अनुग्रहौ[2]आत्मने[1]प्रदाय÷=आत्माके लिये दुःख [पीड़ा] सुख प्रदानकर वा देकर अभ्यवहृत-ओदन-आदि- =खायेहुए वा भक्षित [=अभ्यवहृत] अनाज (=ओदन) आदिके [पचकर] विकारवत्*पूर्वस्थितित्याग[2]अवस्थान-अभावात्[2]=परिणमनके सदृश पहली स्थितिके नाशसे ठहराव(=अवस्थान) के न रहनेसे

(१) निष्पीतसारम् = जिसका सार पीलियागया हो, सार रहित अर्थ है (२) प्रच्यवते-च्यु भ्वादिगणका आत्मनेपदी धातु झड़जाना अर्थमें है च्यु को गुण करने से च्योहुआ अ विकरण लानेसे च्यो + अ = च्यव प्र और ते लगनेसे प्रच्यवते हुआ(३)सूत्रका पाठ तथा अर्थ दोनों सम्प्रदायों में एक है (४) सूत्रमें 'च' शब्द है सो नवमें अध्यायके तीसरे सूत्र (तपसा निर्जरा च = तपसे भी निर्जरा होती है) के अर्थको संग्रह करने के लिये है। (५) विशेषरूपसे सूत्रको ऐसे लिख सकेहैं "ततःविपाकात् अन्यथा च निर्जरा भवति" = तिस विपाकसे और अन्य प्रकारसे भी(=च) निर्जरा होती है अर्थात् विपाकसे और तपसे (दोनों से) निर्जरा होती है, ॥ "ततश्च निर्जरा" सूत्र २३ "तपसा निर्जराच" (अध्याय ९ सूत्र ३) इन दोनों सूत्रोंके भेद कोध्यान में रखना चाहिये उस (विपाक) से भी निर्जरा होतीहै अर्थात् किसी अन्य हेतुसे भी निर्जरा होती है। तप से निर्जरा भी होती है-अर्थात् तपसे निर्जरा होती हैं और कुछ औरभी होता है(संवर भी होता है) अन्तर यह है कि निर्जरा होने के दो कारण हैं विपाक और तप २३ वें सूत्र सेयह बात निकलती है। तप दो बातका कारण है वा तपके दो फल है निर्जरा,संवरयह नवमें अध्यायके३सूत्र सेहै

कर्मणो निवृत्तिर्निर्जरा ॥ सा द्विप्रकारा-विपाकजा इतरा च ॥ तत्र चतुर्गतावनेकजातिविशेषावघूर्णिते संसारमहार्णवे चिरं परिभ्रमतः शुभाशुभस्य कर्मणः क्रमेण परिपाककालप्राप्तस्यानुभवोदयावलिस्रोतोऽनुप्रविष्टस्यारब्धफलस्य या निवृत्तिः सा विपाकजा निर्जरा॥ यत्कर्मा-प्राप्तविपाककालमौपक्रमिकक्रियाविशेषसामर्थ्यादनुदीर्णं बलादुदीर्योदयावलिं

कर्मणः[6]।निवृत्तिः[1]।निर्जरा[1]।सा[1]।द्वि-प्रकारा[1]।
विपाकजा[1]
इतरा[1]।च* ।
तत्र*चतुर्गतौ[7]।अनेक-जाति-विशेष-अवघूर्णिते[7]।
ससार-महा-अर्णव[7]।चिरम्* परिभ्रमतः[6]।।
शुभ-अशुभस्यकर्मणः[6]।क्रमेण[3]।परिपाककालप्राप्तस्य[6]।
अनुभव-उदय-आवलि स्रोतः[6]।।
अनुप्रविष्टस्य[6]।।आरब्ध-फलस्य[6]।।
या[1]।निवृत्ति[1]।सा[1]।विपाकजा[1]।निर्जरा[1]॥ ॥

=कर्मका झड़जाना निर्जरा है। वह (निर्जरा) दो प्रकार है
=विपाकजनित वा विपाकसे उपजी (अर्थात् फल देकर जो निर्जरा उत्पन्न हो)
=और (=च)भिन्न अर्थात् अविपाक जनित। (दोनों का स्वरूप निम्न लेख में है)
=तहां चार गतियोंमें बहुत जातिके विशेषोंकरि संयुक्त शब्दरूप ऐसे
=संसाररूपी दीर्घ समुद्रमें सदा काल बार बार भ्रमणकरतेहुए(जीव)निके(=परिभ्रमतः)
=भले बुरे कर्मके क्रमकरि परिपाक समयको प्राप्त हुआ
=भोगनेके उदया वलिरूप (=नालामें उदय-आवलि-स्रोतः)
=पेठकर वा प्रवेश होकर(=प्रविष्टस्य) फलको देय (=आरब्ध-फलस्य)
=जो झड़ना है सो विपाकजा निर्जराहै अर्थात् एकेंद्रियादिक जाति विशेषसे फिरण

रूप चतुर्गति मय ससार समुद्रमें चिरकालसे भ्रमते हुए जीवोंके अनेक प्रकारके शुभाशुभ कर्मोंका उदयकाल प्राप्त होने पर जिस प्रकारके परिणामोंसे तीव्र मंद रूप बन्ध किया था उसी प्रकार भोगते हुये जीवका उदयावली रूप नाली द्वारा जो कर्म रस फल देकर झड जाते हैं उसे सविपाक निर्जरा कहते हैं संक्षेपतः—
कर्मोंका उदयकाल आने पर रस देकर अपने आप झड जाना सो सविपाक निर्जरा है। यह सविपाक निर्जरा चारों गतिमें रहने वाले सर्व संसारी जीवों के हुआ करती है

यत्[1]।कर्म-अप्राप्त-विपाक-काल[2]।
औपक्रमिक-क्रिया-विशेष-सामर्थ्यात्[5]।
अन्-उदीर्ण[2]।बलात्[5]।उदीर्य उदयावलिम्[3]।

=जो कर्म (अपनी स्थिति पूर्ण करि) उदय (=विपाक)काल को प्राप्तन होते हुए
=उपचार क्रिया (जैसे तपश्चरणादि) की विशेष शक्तिसे
=बिना उदय आयेहुए [कर्म] बलात् कारीसे उपायकरि [=उदीर्य] उदयावलीको

प्रवेश्य वेद्यते आम्रपनसादिपाकवत् सा अविपाकजा निर्जरा ॥ चेशब्दो निमित्तान्तरसमुच्चयार्थः । तपसा निर्जरेति वक्ष्यते ततश्च भवति अन्यतश्चेति ॥ किमर्थमिह निर्जरानिर्देश क्रियते संवरात्परा निर्देष्टव्या ॥ उद्देशवल्लघ्वर्थमिह वचनम्

प्रवेश्य÷आम्र–पनस–आदि–
पाकवत्*वेद्यते T
सा[१/१] अविपाकजा [१/१] निर्जरा [१/१] ॥

=प्रवेश किया जाकर आमके फल तथा कटहर आदिकके (भूसा आदिमें रखकर)
=पकाय लेनेके तुल्य वेदा जाता है वा उदयमें लाया जाता है,
=सो अविपाक निर्जरा है (अर्थात्) कर्मोंका उदयकाल तो आया नहीं और तपश्चरणादि करके अनुदय अवस्थामें ही कर्मों को झड़ा देना सो अविपाक निर्जरा है ॥

चशब्दः[१/१] निमित्त-अन्तर-समुच्चय–अर्थः[१/१] ;
तपसा[३/१] निर्जरा [१/१] इति*
वक्ष्यते।ततः, च* भवति T
अन्यतः* च* इति*; किम्[१/१] अर्थम् [१/१]
इह * निर्जरा–निर्देशः [१/१]
क्रियते T संवरात्[५/१] परा[१/१] निर्देष्टव्या[१/१] ॥ ॥

=(इस सूत्रमें) चशब्द (निर्जराके) अन्यहेतुके संग्रहके लिये है,
=तपकरि निर्जरा होती है (=तपसा निर्जरा) ऐसा (नवम अध्यायके तीसरे सूत्रमें)
=कहेंगे, तिस (विपाक=अनुभव=उदय) से भी (=च) निर्जरा होती है
=और (=च) अन्य (=तप) करि (निर्जरा) होती है किसलिये
=यहां (इस अध्यायमें वा इस स्थानमें] निर्जराका कथन (=निर्देश)
=किया गया है (=क्रियते) संवरसे पश्चात् (निर्जरा) कहना चाहिये

भावार्थ–प्रथम अध्यायका चौथा सूत्र 'जीव–अजीव–आस्रव–बन्ध–संवर–निर्जरा–मोक्षाः तत्त्वम्" में निर्जराका संवर (तत्त्व) के पश्चात् उपदेश किया है इसलिये क्रमानुसार संवरके कथनके पश्चात् निर्जरा का कथन करना योग्य था ॥ इस अध्यायमें तो बंध तत्त्वका प्रकरण और विषय है और निर्जरा तत्त्वके कथनका अभी तक अवसर नहीं आया है, फिर किसलिए इस बंध तत्त्वके अध्यायमें निर्जराका सूत्र क्रमको उल्लंघन करके कहा है ?

उद्देश–वत्* लघु–अर्थम्[१/१]
इह* वचनम्[१/१]

=[उत्तर] प्रयोजनके अनुसार (=वत्) लघु (करने) के लिए
=यहां (अर्थात् इस अध्यायमें) (इह) सूत्र [=वचनम्] है, ।

अर्थात् तत्त्वार्थसूत्रके रचनाका उद्देश है कि थोड़े लेखमें बहुत आशय गर्भित हो जावे इसउद्देशके अनुकूल कि सूत्र पाठ लघु हो जाय इस सूत्रको इस अध्यायमें (अन्तर्गत वा गर्भित) किया ॥

तत्र हि पाठे विपाकोऽनुभव इति पुनरनुवादः कर्तव्यः स्यात्॥आह अभिहितोऽनुभवबन्धः। इदानीं प्रदेशबन्धो वक्तव्यः तस्मिंश्च वक्तव्ये सति, इमे निर्देष्टव्याः, किं हेतवः? कदा? कुतः? किंस्वभावाः? कस्मिन्? किं परिमाणाश्चेति॥ तदर्थमिदं क्रमेण परिगृहीतप्रश्नापेक्षभेदं सूत्रं प्रणीयते—

॥ नामप्रत्ययाः सर्वतो योगविशेषात्सूक्ष्मैकक्षेत्रावगाहस्थिताः सर्वात्मप्रदेशेष्वनन्तानन्तप्रदेशाः ॥२४॥

तत्र*हि*पाठे[२]'विपाकोऽनुभवः'[१] =क्योंकि (=हि) तहां (अर्थात् संवर के पश्चात्) पाठ करने में "विपाकोऽनुभवः"
इति*पुनः*अनुवादः[१] कर्तव्यः[१] स्यात् T =ऐसा(सूत्र) फिर व्याख्यान, कथन किये जाने योग्य होता॥
आह*अभिहितः[१]अनुभवबन्धः[१]इदानीं*प्रदेशबंधः[१] =पूछता है कि(१) अनुभवबन्ध कहागया अब प्रदेशबंध
वक्तव्यः[१],च*तस्मिन्[३]वक्तव्ये[३]सति[३],इमे[३](२)=कहना चाहिये और (=च) तिस (प्रदेशबन्ध) के कथन (=वक्तव्ये) होनेमें ये (=इमे)
निर्देष्टव्याः[३], किं[१]॥ हेतवः[३] ? कदा* ? =कहेजाने चाहिये कि-(प्रदेशबन्ध का)क्या कारण है ? किस कालमें,अथवा कब होताहै ?
कुतः* ? किम्[१]॥स्वभावाः[३]?कस्मिन्[३] ? =कहां से होताहै?क्या स्वभावहै?किस में होताहै?किस निमित्त करि होताहै?क्योंकरहोताहै?
किम्[१]॥परिमाणाः[३]?च*इति*॥ =और(=च)क्या परिमाण वा सीमा है ? अर्थात् प्रदेशबंधके कितने प्रमाण परमाणु हैं।
तद्-अर्थम्[१]॥इदम्[१]॥क्रमेण[३] =उस (उत्तर) के लिए अनुक्रमसे
परिगृहीत-प्रश्न-अपेक्ष-भेदं[१]॥सूत्रम्[१]॥प्रणीयते T =प्रश्नके भेदकीअपेक्षा लेकर (=परिग्रहीत)(अगिम) सूत्र कहाजाता है कि

नामप्रत्ययाः सर्वतोयोगविशेषात्सूक्ष्मैकक्षेत्रावगाहस्थिताः सर्वात्मप्रदेशेष्वनन्तानन्तप्रदेशाः२४

(१) " अथानुभवः किं लक्षणः" : तत्त्वार्थराजवार्तिक, सर्वार्थसिद्धिवृत्ति सूत्र २०' अनुभवबन्धो व्याख्यातः राजवार्तिक,सर्वार्थसिद्धिवृत्तिसूत्र २३ ये दोनों वाक्य तात्पर्य्य में उस समय मेल खासक्ते हैं जब हम 'विपाकोऽनुभवः"सूत्रको शक्तिमें व्यक्तिका उपचार मानलें नहीं तो वृत्तिकारोंकेदोनों वाक्यों में विरोध आता है॥ विद्वान् प्रकाश डालकर सूचितकरें (२) इदम् शब्दका रूप प्रथमा विभक्ति बहुवचन, पुलिङ्ग में, इमे बनता है॥ इस सूत्रका हमारी आम्नायमें सर्वत्र एक पाठहै॥ श्वेताम्बर सम्प्रदायके सभाष्यतत्त्वार्थाधिगमसूत्रमें "एकक्षेत्रावगाह स्थिताः के स्थान में"एकक्षेत्रावगाढस्थिताः"है,उनकी भविष्यानुसारिणीतत्त्वार्थदीका के पत्र ६५८ "एकक्षेत्रावगाढाः स्थिताः" पाठ है शेषपाठ दोनों समाज में एक है॥

सूत्रार्थः (१) नामप्रत्ययाः। =कर्मरूप होनेको(=नाम)कारणभूत (=प्रत्ययाः) वा ज्ञानावरणादिक कर्मोंकी प्रकृतियोंरूप परिणमने योग्य

अवगाहका अर्थ व्याप्त है और 'अवगाढ' का अर्थ व्याप्तहुआ। जब 'एकक्षेत्र अवगाढ' और 'एकक्षेत्रअवगाढ', स्थिताः शब्दके साथ समास रूप होकर 'एकक्षेत्रअवगाढस्थिताः' और 'एकक्षेत्रअवगाढस्थिताः' हो जाते हैं, तब भाषामें तात्पर्य दोनोंका एकसा होता है। जैसेः- "एकक्षेत्रावगाढस्थिताः" ="एकक्षेत्रअवगाही" = (एक क्षेत्रमें व्याप्त हुए तथा स्थितिशील पुद्गल बन्धको प्राप्त होते हैं) (समाप्य०पृष्ठ १ ६०) "एकक्षेत्रावगाहस्थिताः" ="एक क्षेत्रावगाहकरि तिष्ठै"(सर्वार्थसिद्धि वचनिकापृष्ठ ६३३, ६३४)अर्थात् अन्यक्षेत्रकाअभावजतावनेकेअर्थिहैं "एकक्षेत्रावगाहस्थिताः" ="एक क्षेत्रमें अवगाहकार तिष्ठते" "आत्माके प्रदेश अर कर्मके प्रदेश क्षीर नीरकी ज्यों एक क्षेत्रमें अवगाहकरि तिष्ठैं हैं। सदासुखजीकृता तत्वार्थसूत्र टीका मुद्रित पत्र ४६,और सदासुखजी कृता अर्थप्रकाशिका पृष्ठ ५८७) "अवगाह"शब्द-'गाह्' धातुमें अव उपसर्ग लगानेसे और घञ् (=अ) प्रत्यय लगानेसे (अव+गाह+घञ्=अवगाह) बनाया जाता है और पुल्लिङ्ग है। यहांपर व्याप्ति अर्थमें है। 'अवगाढ' भूत कृदन्त है-तीनों लिङ्गोंमें इसका प्रयोग होता है, अव उपसर्ग "गाह्" धातुमें लगानेसे तथा "क्त" (=त) लगानेसे (अव+गाह+क्त=अवगाढ)व्याप्त हुआ यहां पर अर्थ है॥ शेष पाठ दोनों सम्प्रदायोंमें एकहै, "यक्खेत्तोगाढ(एकक्षेत्रअवगाढ एकक्षेत्रमें अवगाहनरूप॥ गोम्मटसार-कर्मकाण्ड, गाथा १८५॥ हमारे यहां कहीं कहीं पर "अनंतानंत" ऐसा पाठ है-देखोटिप्पणी अध्याय १ पृष्ठ ५३६, ५४० ॥ इस सूत्रका अर्थ समझने के लिए ध्यान में रखना चाहिए "अनन्तानन्त प्रदेशः' से अभिप्राय "अनन्तानन्त पुद्गल प्रदेश से है। और इसके विशेषण-गुण वाचक (क) नाम प्रत्ययाः (ख) सूक्ष्म (ग) एकक्षेत्रअवगाह (घ) स्थिताः ऐसे चार वाक्य हैं अर्थात् आत्माके समस्त प्रदेशोंमें वा सम्पूर्ण आत्म प्रदेशोंमें बन्धरूप होनेवाले अनन्तानन्त पुद्गलके प्रदेश कैसे है वा किन किन गुणोंकरि संयुक्त है उत्तर में कहते हैं कि (१) कर्मप्रकृतियोंरूपपरिणमने योग्य है (२) सूक्ष्म हैं इन्द्रिय गोचर नहीं हैं (३) आत्माके प्रदेशोंके साथ दूध पानीके समान एक क्षेत्रमें व्याप्त हो जाते हैं (४)बहुरि स्थितिशील हैं अर्थात् समस्त आत्माके प्रदेशोंमें तिष्ठेही हैं-चलते नहीं हैं, सब प्रदेशोंको प्रसित किये हुए हैं॥

निवसतः[७] आदित्य-स्व-इन्द्रियज्ञान-प्रकाश-परीक्षित-प्रदेशे[७] प्रकृत-नियम-क्रियस्य[७] निषद्याम्[२] नियमित-कालाम्[२] आस्थितवतः[७] सिंह-व्याघ्र-आदि-विविध-भीषण-ध्वनि-श्रवणात्[५] निवृत्त-भयस्य[७] चतुर्विध-उपसर्ग-सहनात्[५] अप्रच्युत-मोक्ष-मार्गस्य[७] वीरासन-उत्कुटिक-आदि-आसनात्[५] अविचलितविग्रहस्य[७] तत्-कृतबाधा-सहनम्[२] निषद्या-परिषह-विजयः[१] इति* निश्चीयते ॥१०॥स्वाध्याय-ध्यान-अध्वन्-श्रम-परिखेदितस्य[७] मौहूर्तिकीम्[२] खर-विषम-प्रचुर-शर्करा-कपाल-संकट-अतिशीत-उष्णेषु[७] भूमिप्रदेशेषु[७] निद्रां[२] अनुभवतः[७]

=(उनमें) निवास हुआ है जिस (मुनि) का, सूर्य तथा अपनी ज्ञान इन्द्रियके प्रकाशसे परीक्षा किये हुये स्थानमें आरम्भ हुई है नियमकी क्रिया जिस मुनि) की =आसनको नियमित समयके लिये मांडनेवाले (मुनि)को सिंह =बघेरा आदिके नाना प्रकारके भयानक शब्द सुननेसे =जाता रहा है भय जिस (मुनि)का, चार प्रकार (देव, मनुष्य, पशु, अचेतनकृत) =उपद्रवके सहनेसे नहीं छुटा है मोक्ष मार्ग जिसका, वीरासन, =उत्कुटिक, आदि आसनसे अविचलित है काय (=विग्रह) जिस (मुनि)का =उन(शूरासन,उत्कुटिकादि आसन)को कीहुई पीड़ाका सहन,निषद्या परिषहका विजय =इस प्रकार निश्चय किया गया है ॥१०॥स्वाध्यायके,ध्यानके (तथा) मार्गके(=अध्वन्) =श्रम वा कष्टसेयकेहुये(मुनि)के मुहूर्त मात्र कठोर(=खर)ऊंची नीची वा असमान(विषम) =बहुत ककरारही(=शर्करा)ठिकरियाई(=कपाल) सिकड़ी हुई अर्थात् जहां शरीर पसरनसके =बहुत ठंडी तथा बहुत उष्णभूमि प्रदेशोंमें नींदका अनुभव करनेवाले(मुनि)के-

यथाकृतैकपार्श्वदण्डायितादिशायिनः प्राणिबाधापरिहाराय पतितदारुवद्व्यपगतासुवदपरिवर्तमानस्य ज्ञानपरिभावनावहितचेतसोऽनुष्ठितव्यन्तरादिविविधोपसर्गादप्यचलितविग्रहस्यानियमितकालां तत्कृतबाधां क्षममाणस्य शय्यापरिषहक्षमा कथ्यते ॥ ११ ॥

यथाकृत- =कियेहुयेके अनुसार अर्थात् आरम्भमें द्रव्य,क्षेत्र,काल,भावको विचारकर मुनि जैसा कुछ लेटनेका आसन वा अवस्था धारण करले उसके अनुसार

एक-पार्श्व-दण्डायित-आदि-शायिनः[६]'प्राणिन्-बाधा-परिहाराय[६]'पतितदारुवत्*व्यपगत-असुवत्*अपरिवर्तमानस्य[६]'ज्ञान-परिभावना- =एक करवट (सीधा-टेढ़ा) (अथवा)सीधे डंडाकार आदि सोनेवाले(मुनि)के, प्राणियोंकी =पीड़ा निवारणके लिये गिरेहुये वा पड़ेहुये काठ सदृश (अथवा)छूट गये हैं [=विपगत] =प्राण[=असु]जिसके तिस समान परिवर्तन रहित (=अ-परिवर्तमानस्य) वा निश्चल-लेटे हुये (अ-परिवर्तमानस्य) (मुनि)के ज्ञानके बारबार विचारनेमें (=परिभावना)

अवहित-चेतसः[६]'(१)अनुष्ठित-व्यन्तरादि-विविध-उपसर्गाद्[६]'अपि*अचलित-विग्रहस्य[६]'आ-नियमित-कालाम्[२]'तत्-कृत-बाधां[२]''क्षममाणस्य[६]' शय्या-परिषह-क्षमा[१]''कथ्यते' ॥ ११ ॥ =लगा है(=अवहित)चित्त जिस(मुनि)का,कियेहुये(=अनुष्ठित)व्यन्तरादिदेवोंके कई प्रकारके =उपद्रवोंसे भी नहीं चलायमान हुआ है शरीर (=विग्रह) जिस (मुनि)का, नियमित =समय लग [=आ] उस [काल] में कीगई पीड़ा को सहते हुये (मुनि)के =शयन पीड़ाका सहारना कहागया है ॥ ११ ॥

(१)"अनुष्ठितव्यन्तरादिविविधोपसर्गाद्प्यचलितविग्रहस्यानियमितकालात्तत्कृतबाधां क्षममाणस्य"यहपाठमुद्रितसर्वार्थसिद्धिवृत्तिकेप्रथमा वृत्तिमें है "अनुष्ठितव्यन्तरादिविविधोपसर्गादप्यचलितविग्रहस्यानियमितकालां तत्कृतबाधांक्षममाणस्य"यह पाठ सर्वार्थसिद्धिवृत्तिके द्वितीयावृत्तिका है, यह पाठ तीन हस्तलिखित प्रतियोंके पत्र ८२,९९, १३९ पर क्रमसे है"विग्रहस्य । अनियमितकालां" "विग्रहस्यानियमितकालां"के स्थानमें उपर्युक्त हस्तलिखित प्रतियोंमें है ॥ प्रथम पाठके'आ-नियमित-कालात् तत्कृतबाधाम् क्षममाणस्य = निश्चितकाल तक(=आ)उन(व्यन्तरादि)की बाधाको सहन करते हुये(मुनि)के॥'अनियमितकालांतत्कृतबाधाम् क्षममाणस्य' = अनिश्चितकालमें(को)उन(व्यन्तरादि)की बाधाको सहन करते हुये(मुनि)के॥ 'आ-नियमित-कालाम् तत्कृतबाधाम् क्षममाणस्य' = निश्चितकाल तक (=आ) उन(व्यन्तरादि)को बाधाको सहन करते हुये (मुनि)के क्योंकि भूयुत पाणिनिजीको अष्टाध्यायी अध्याय२ पाद१ सूत्र १३से द्वितीया विभक्ति और पंचमी अपादान विभक्ति दोनों आङ् उसर्गके साथअभिविधि और मर्यादा अर्थमें आती हैं॥ पं० जयचन्दरायजीने प्रथम अर्थ ग्रहण किया है कि"व्यंतरादिके उपसर्ग होतैं भी नहीं चलाया है शरीर ज्यां, जेतैं काल नियम कीया तेतैं काल जेती बाधा आवै तेती सहै हैं" तत्त्वार्थ श्लोकवार्तिकमें तथा तत्त्वार्थराजवार्तिकमें यह तथा इसके सदृश कोई वाक्य नहीं है इसलिये हमको पं० पन्नालालदूनीजीके अनुवादमें कुछ भी नहीं मिला है, पं० पन्नालालन्यायदिवाकरजीने मूलमें संस्कृत वाक्य न होते हुये भी निम्नवाक्य पृष्ठ १४२९पर दिया है "व्यंतरादिकके उपसर्ग होतैं भी नहीं चलाया है शरीर जिन जेतेकाल नियम किया तेते

मिथ्यादर्शनोद्दामर्षपरुषावज्ञानिन्दासभ्यवचनानि क्रोधाग्निशिखाप्रवर्धनानि शृण्वतोऽपि तद्दर्थेष्वसमाहितचेतसः सहसा तत्प्रतिकारं कर्तुमपि शक्नुवतःपापकर्मविपाकमभिचिन्तयतस्ताच्याकर्ण्य तपश्चरणभावनापरस्य कषायविषलवमात्रस्याप्यनवकाशमात्महृदयं कुर्वत आक्रोशपरिषहसहनमवधार्यते। १२।निशितविशसनमुशलमुद्गरादिप्रहरणताडनपीडनादिभिर्व्यापाद्यमानशरीरस्य व्यापादकेषु

मिथ्यादर्शन–उद्दाम–आमर्ष–परुष–अवज्ञा–निन्दा–असभ्य–वचनानि[३]।।।
क्रोध-अग्नि-शिखा-प्रवर्धनानि[३]।।।शृण्वतः[६]अपि*
तद्-अर्थेषु[७]असमाहित–चेतसः[६],

सहसा*तत्–प्रतिकारम्[२]कर्तुम्[२]अपि*शक्नुवतः[६]
पाप–कर्म–विपाकम्[२]अभिचिन्तयतः[६]तानि[३]।।।
आकर्ण्य÷तपश्चरण–भावना-परस्य[६]कषाय–विष-
लवमात्रस्य[६]।।।अपि*अनु-अवकाशम्[२]आत्महृदयम्[२]।।।
कुर्वतः[६],आक्रोश-परिषह–सहनम्[१]।।।अवधार्यते ॥१२॥
निशित–विशसन-मुशल-मुद्गरादि-प्रहरण-ताडन–
पीडन-आदिभिः[३]व्यापाद्यमान–शरीरस्य[६]व्यापादकेषु[७]

=मिथ्यादर्शनसे गर्वित(=उद्दाम)(जीव)के क्रोधकेभरेहुये(=आमर्ष)कठोर(परुष)अनादर
=निंदारूप,सभ्यतासे रहित(=असभ्य)अपात्र(=असभ्य)वा नीच (=असभ्य) वचनको
=जो सुननेवाले(=श्रृणवतः)के भी क्रोधरूपी अग्निकोज्वालाको बढ़ानेवाले होते हैं
=उनकेप्रयोजन वा हेतुओंमेंचित्तको नहीं लगानेवाले (मुनि)के[अर्थात् उपर्युक्तशूल
समान वचनोंको श्रवण करनेपर भी मुनिके शुद्ध परिणाम (=समाहित) रहते हैं]
=तत्काल उन(वचनों)का उपचार वा उपाय करनेकी सामर्थ्ययुक्त होते हुये भी
=[अपने] पापकर्मके उदय [=विपाक]के विचार युक्त [मुनि]के, तिन [वचनों]को
=सुनकर तपश्चरणकी भावनामें लवीण वा तत्पर (मुनि)के, क्रोध रूपी विषको
=तनिकमात्र भी अवकाश अपने (=आत्म)हृदयको नहीं करनेवाले (मुनि)के,
=आक्रोश पीड़ाका सहना निश्चय किया जाता है ॥ १२ ॥
=तीक्ष्णखड्ग(=विशसन) मूसल मोगरी वा मुगरा आदिक अस्त्र(प्रहरण)कर ताड़नेसे
=पीड़ने आदिकसे वाध्या है शरीर जिस (मुनि)का घात करनेवालोंमें

काल जेतो बाधा आवै तेतोसहै" अब हमको देखना यह है कि अनियमित कालका क्या अर्थ है कोशोंमें अनियमितका अर्थ अमित, अपरमित, मापा हुआ जो न होवे,बिना मर्यादा ऐसा है। श्रुतसागरी टीकाके पत्र २४० पर इस शब्दके स्थानमें अमितकाल लिया है जैसाकि निम्न वाक्यसे प्रगट है "भूत प्रेतादि विहित नानोपसर्गोऽपि अविलिनांग(अविलीनांग)अमितकाल तद्विहितबाधां क्षमते"।

भूत-प्रेतादि-विहित-नाना-उपसर्गः-अपिअमितकाल–अवलिनांग-तद्-विहित-बाधाम् क्षमते।

= व्यंतरादिकोंसे कियेहुये भांति २ के उपद्रव आनेपर भी अपरिमित, अनिश्चित समय लग
=नहीं चलायमान हुआ है(=अचलित)शरीर(=अंग)जिसका उन(भूत-प्रेतादिकों)की कीहुई
=बाधाको सहताहै नियमित कालसे विरुद्ध अमित कालहै,हमारा अर्थ जयचन्द्रजीकेअनुकूल है

मनागपि मनोविकारमकुर्वतो ममपुराकृतदुष्कर्मफलमिदमिमे वराकाः किं कुर्वन्ति, शरीरमिदं जलबुद्बुदवद्विशरणस्वभावं व्यसनकारणमेतैर्व्याबाध्यते, संज्ञानदर्शनचारित्राणि मम न केनचिदुपहन्यन्ते इति चिन्तयतो वासितक्षणचन्दनानुलेपनसमदर्शिनो वधपरिषहक्षमा मन्यते ।१३। बाह्याभ्यन्तरतपोऽनुष्ठानपरस्य तद्भावनावशेन निस्सारीकृतमूर्तेः पटुतपनतापनिष्पीतसारतरोरिव विरहितच्छायस्य त्वगस्थिशिराजालमात्रतनुयन्त्रस्य प्राणवियोगे सत्यप्याहारवसतिभेषजादीनि दीनाभिधानमुखवैवर्ण्याङ्गसंज्ञादिभिरयाचमानस्य भिक्षाकालेऽपि विद्युद्योतवत्

मनाक्*आपि*मनस्-विकारम्[२]अकुर्वतः[६]ममः[६]पुरा-कृत=किंचिद्भी चित्तमें विकारको न करनेवाले (मुनि)के {जो ऐसा विचारे हैंकि}मेरे पूर्व दुष्कर्म-फलं[१]'''इदं[१]''',इमे[३]वराकाः[३]किं*कुर्वन्ति T।=खोटे कर्मोंका यह फल है, ये (घात करनेवाले) रंक क्या करसकते हैं।

शरीर'[१]'''इदं[१]'''जलबुद्बुदवत्*विशरण-स्वभावम्[१]'''=यह शरीर पानीके बुल्बुलेके समान विनाशीक (=विशरण) स्वभाव वाला है।

व्यसन-कारणं[१]'''एतैः[३]व्याबाध्यते T, =कष्ट वा(=व्यसन)कारण है,(सो यह शरीर)इन(दुष्ट मारनेवाले जीवों)करि बाधाजाताहै

संज्ञान-दर्शन-चारित्राणि[१]'''मम[६]न*केन[३]चित्* =सम्यग्ज्ञान, सम्यग्दर्शन,सम्यक्चारित्र मेरे किसीकरि नहीं

उपहन्यन्तेT इति*चिन्तयतः[६] =हने जाते हैं, इस प्रकार विचार करनेवाले (मुनि)के

वासित-क्षण-चन्दन-अनुलेपन-समदर्शिनः[६]वध-परिषह- =खड्गसे काटने,(=वासित) चन्दनके लेपनके,समान देखनेवाले(मुनि)के वध परिषहका

क्षमाः[१]'''मन्यते॥१३॥ बाह्य-अभ्यन्तर-तपस्-अनुष्ठान=सहना जाना जाता है वा माना जाता है ॥१३॥बाहिर और अंतरंगके तपकरने में

परस्य[६]तद्-भावना-वशेन[३]निस्सारी-कृत-मूर्तेः[६] =तत्पर वा प्रवीण(मुनि)के [तप]के अनुचिंतनके वशसे साररहितहुई है मूर्ति जिस(मुनि)की

पटु-तपन-ताप-निष्पीत-सार-तरोः[६]इव*विरहितच्छायस्य[६] =तीव्र(=पटु)सूर्यके (=तपन)तापकरि साररहित छाया वर्जित अर्थात्सूखे वृक्षसम

त्वक्-अस्थि-शिरा-सिरा)-जालमात्र-तनु-यन्त्रस्य[६]=चाम(=त्वक)हाड(=अस्थि)नसा(=सिरा)जालमात्ररहगया है देहरूपीयन्त्र जिस(मुनि)का

[जैसे सूर्यकी उष्णतासे वृक्ष सूखजाते हैं तैसे तपसे मुनिके चाम,हाड, नशा रह जाते हैं।]

प्राण-वियोगे[७]सति[७]अपि*आहार-वसति-भेषज- =प्राणके वियोग वा विच्छेद होनेपर(=सति)भी भोजन-रहनेका स्थान(=वसति) औषध,

आदीनि[१]'''दीन-अभिधान-मुखवैवर्ण्य-अंगसंज्ञादिभिः=आदिदीनवचनकरि-मुखकोविलखावनेकरि वा मुखकीविवर्णताकरि अंगकीसमस्याआदिसे

अ-याचमानस्य[६]भिक्षा-काले[७]अपि*विद्युत-उद्योतवत्*=याचना न करनेवाले(मुनि)के भिक्षाके समयमें भी बिजलीके उद्योत सदृश

दुरुपलक्ष्यमूर्तेर्याचनापरिषहसहनमवसीयते ॥१४॥ वायुवदसङ्गादनेकदेशचारिणोऽभ्युपगतैक-कालसम्भोजनस्य वाचंयमस्य तत्समितस्य वा सकृत्स्वतनुदर्शनमात्रतन्त्रस्य पाणिपुटमात्र-पात्रस्य बहुषु दिवसेषु बहुषु च गृहेषु भिक्षामनवाप्याप्यसंक्लिष्टचेतसो दातृविशेषपरीक्षा-निरुत्सुकस्य लाभादप्यलाभो मे परमं तप इति सन्तुष्टस्यालाभविजयोऽवसेयः ॥ १५ ॥

दुर्-उपलक्ष्य-मूर्तेः[६]'याचना-परिषह सहनम्[६]'' =कठिनतासे देखनेमें आया है शरीर जिस(मुनि)का,याचना पीड़ाका सहना अथवा झेलना अवसीयते[T]॥१४॥ वायुवत्*असंगात्[६]'अनेक-देश-=निश्चय किया जाता है ॥१४॥ पवनके सदृश निर्लेपतासे बहुत स्थानोंमें

चारिणः[६]'एककाल-अभ्युपगत-सम्-भोजनस्य[६]' =विचरनेवाला (मुनि)के, (दिनमें) एककाल विषै शुद्ध(=सम्) भोजनका अंगीकार

वाचंयमस्य[६]'वा*तत्-समितस्य[६]' =मौनावलम्बित (मुनि)के अथवा उस (वाचा) समित वाले (मुनि)के

सकृत्-स्व-तनु-दर्शनमात्र-तंत्रस्य[६]' =(भोजनके लिये)एकबार अपना शरीरको दिखावने मात्रहै सिद्धांत (तन्त्र)हैजिस (मुनि)का अर्थात् एक दो तीन चार पांच आदिक उपवास करनेके परचात् नगर वा गांवमें दिनमें एकबार आहारके वास्ते मुनि आते हैं और अपने शरीरको एकबार दिखाकर फिर लौट जाते हैं और फिर उस दिन मुनि भोजनको नहीं जाते हैं।

पाणि-पुट-मात्र-पात्रस्य[६]'बहुषु[७]'दिवसेषु[७]' =दोनों (=पुट) हाथ मात्र हैं भाजन वा वासन जिस (मुनि)का बहुत दिनोंमें

बहुषु[७]'च*(१ गृहेषु[७]'भिक्षाम्[६]''अनवाप्य÷अपि*=तथा [च] बहुत घरों में आहारको न पाकर भी

असंक्लिष्ट-चेतसः[६]'दातृ-विशेष-परीक्षा-निरुत्सुकस्य[६]' =क्लेश रहितहै चित्त जिस[मुनि]का,दाताके विशेष जानकारमें नहींहै उत्साह जिस मुनिका अर्थात् मुनि ऐसा नहीं विचार करते हैं कि अमुक पुरुष किसी अन्य पुरुषसे उदार वा श्रेष्ठ दातार है उसके यहां चलना चाहिये तो भोजन अवश्य मिलेगा ॥

लाभात्[५]'अपि*अलाभः[१]'मे[६]'परमम्[१]''तपः[१]''=लाभसे भी अलाभ मेरा उत्कृष्ट तप है अर्थात् आहारके न मिलनेमें परम आनंद मानते हैं कि यह आहारके न मिलनेसे हमारे तप हुआ ॥

इति *संतुष्टस्य[६]'अलाभ-विजयः[१]'अवसेयः[३]'॥१५॥=इस प्रकार संतोष मुनिके अलाभ [परीषह]का विजय जानना चाहिये ॥१५॥

(१)(क) ईंट मिट्टी आदिसे बना हुआ घर (ख)पत्नी, स्त्री (ग) घरके निवासी (घ) मेष आदि राशिका मंदिर (ङ) नाम ॥ एक घरके अर्थमें नपुंसक,बहुत घरोंके अर्थमें पुंलिङ्ग होता है,"इमे नो गृहाः""तत्रागारं धनपतिगृहान्"स्त्रीके अर्थमें भी दारशब्दके समान बहुवचनान्त होता है ॥

सर्वाशुचिनिधानमिदमनित्यमपरित्राणमिति शरीरे निःसङ्कल्पत्वाद्विगतसंस्कारस्य गुणरत्नभाण्डसञ्चयप्रवर्धनसंरक्षणसन्धारणकारणत्वादभ्युपगतस्थितिविधानस्याच्चामृक्षणवद् व्रणालेपनवद्वा बहूपकारमाहारमभ्युपगच्छतो विरुद्धाहारपानसेवनवैषम्यजनितवातादिविकाररोगस्य युगपदनेकशतसंख्याव्याधिप्रकोपे सत्यपि तद्वशवर्तितां विजहतो जल्लौषधिप्राप्त्याद्यनेकतपोविशेषर्द्धियोगे सत्यपि शरीरनिस्स्पृहत्वात्तत्प्रतिकारानपेक्षिणो रोगपरिषहसहनमवगन्तव्यम्

सर्व-अशुचि-निधानम्[1]''इदम्[2]''
अनित्यम्[3]''अपरित्राणम्[4]''इति*शरीरे[5]''
निःसंकल्पत्वात्[6]''विगत-संस्कारस्य[7]'

=(यह शरीर) समस्त अपवित्रताका भण्डार (=निधानं) वा भाजन [=निधानं]है
=अनित्य है, रक्षण (=परित्राण)नहीं किया जासक्ता है, इस प्रकार देहमें
=निःसंदेहपनेसे संस्कारका (मुनि)के निषेध है अर्थात् मुनि शरीरको अशुचि,अनित्य अरक्ष्य जानकर संभालते नहीं हैं वा संस्कार नहीं किया करते हैं,

गुणरत्न-भाण्ड-संचय-
प्रवर्धन-संरक्षण-संधारण-कारणत्वात्[8]''
अभ्युपगत-स्थिति-विधानस्य[9]'अक्ष-
म्रक्षणवत्*व्रण-आलेपनवत्*वा*बहु-उपकार[10]'आहारं[11]'
अभ्युपगच्छतः[12]'

=(सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान सम्यक्चारित्र) गुणरत्नरूप संचय भण्डारको (=भांड)
=बढावने रक्षा करने तथा स्थिति [=संधारण]के हेतुसे
=[शरीरको] मानते हुए [इस शरीरके]स्थिति विधान[जे आहारादिक]पहिया(=अक्ष)के
=ओंगनेके सदृश अथवा गूमड़ाके लेपन सदृश आहारको बहुत उपकारी
=माननेवाला(=अभ्युपगच्छतः)(मुनि)के सारांश-शरीर रत्नत्रयके संचय का भाजन है रत्नत्रयकी वृद्धि रक्षा स्थितिके लिये मुनि शुद्ध आहार लेकर शरीरकी रक्षा करते हैं॥

विरुद्ध-आहार-पान-सेवन-वैषम्य-जनित-वातादि-
विकार-रोगस्य[1]'युगपत्*अनेक-शत-संख्या-व्याधि-
प्रकोपे[2]'सति[3]'अपि*तद्-वश-वर्तितां[4]''विजहतः[5]'
जल-औषधि-प्राप्ति-आदि-अनेक-तपस्-विशेष-ऋद्धि-
योगे[6]'सति[7]'अपि*शरीर-निस्स्पृहत्वात्[8]''तत्-प्रतिकार
अनपेक्षिणः[9]'रोग-परिषह-सहनम्[10]'अवगन्तव्यम्

=प्रतिकूल आहार पानी मिलनेपर विलक्षणतासे उत्पन्न हुये वातादिक
=रोगोंके विकार जिस[मुनि]के,एककाल अनेक सैकड़ों रोगोंके
=विशेष (=प्र) कोप होनेपर [=सति] भी तिन (रोगों)के वशमें न होनेवाले [मुनि]के
=जल औषध प्राप्ति आदि नाना प्रकारके तपके विशेषसे ऋद्धिके
=संयोगहोनेपर भी शरीरकी निर्लोभतासे उन(रोगों)काउपचार वा उपायकी
=थोड़ीभी आकांक्षा न करनेवाले(मुनि)के रोग परीषहका सहना जानना चाहिये ॥१६॥

तृणग्रहणमुपलक्षणं कस्यचिद्व्यथनदुःखकारणस्य । तेनशुष्कतृणपरुषशर्कराकण्टकनिशित-मृत्तिकाशूलादिव्यथनकृतपादवेदनाप्राप्तौ सत्यां तत्राप्रणिहितचेतसश्चर्याशय्यानिषद्यासु प्राणि-पीडापरिहारे नित्यमप्रमत्तचेतसस्तृणादिस्पर्शबाधापरिषहविजयो वेदितव्यः॥१७॥ अप्कायिक-जन्तुपीडापरिहारायामरणादस्नानव्रतधारिणः पटुरविकिरणप्रतापजनितप्रस्वेदाक्तपवनानीतपां-सुनिचयस्य सिध्मकच्छूदद्रूदीर्णकण्डूयायामुत्पन्नायामपि कण्डूयनविमर्दनसङ्घट्टनविवर्जितमूर्तेः

तृण-ग्रहणम्[1]॥ उपलक्षणम्[2]।
कस्यचित्*व्यथन-दुःख-कारणस्य[3],
तेन[4]॥ शुष्क-तृण-परुष-शर्करा-कण्टक-निशित-मृत्तिका-शूलादि-व्यथन-कृत-पाद-वेदना-प्राप्तौ[5]॥
सत्याम्[6]॥ तत्र*अप्रणिहित-चेतसः[7]
चर्या-शय्या-निषद्यासु[8]॥ प्राणिपीडा-परिहारे[9] नित्यं[10]॥
अप्रमत्तचेतसः[11], तृणादि-स्पर्श-बाधा-परिषह-विजयः[12]॥ वेदितव्यः[13]॥ अप्कायिकजन्तु-पीडा-परिहारायम्[14] आ-मरणात्[15]॥
अस्नान-व्रत-धारिणः[16], पटु-रवि-किरण-प्रताप-जनित-प्रस्वेद-आत्त-पवन-आनीत-पां-सु-निचयस्य[17]
सिध्म-कच्छू-दद्रु-उदीर्ण-कण्डूयायाम्[18]॥ उत्पन्नायाम्[19]॥
अपि*कंडूयन-विमर्दन-संघट्टन-विवर्जित-मूर्तेः[20]

=[इस सूत्रमें] तृण शब्दका लाना बानिगी, उदाहरण अथवा दृष्टान्त रूपमें है
=जो कुछ (=कस्यचित्) सुभकर दुःखका कारण हो [उससे यहांपर प्रयोजन है]
=तिस[तृण]करि सूखा तिनका कठोर[परुष]कंकड़ी,कांटा तीखी[=निशित वा निशात]
=माटी शूलादिकके चुभनेकर पगोंमें पीड़ाके प्राप्त
=होनेपर(=सत्यां)वहां (=तत्र) नहीं लगा है चित्त जिस [मुनि]का अर्थात् पूर्वोक्त दुःखोंकीकुछ भी चिन्ता वा शोच न करतेहुये उन दुःखोंको कुछ भी नहीं मानते हैं
=चलने, सोने, बैठनेमें प्राणियोंका कष्ट दूर करनेमें सदा (=नित्यम्)
=अप्रमादरहितहैचित्त जिस(मुनि)का तिनका आदिके लगजानेकी बाधा परिषहका जीतना
=जानना चाहिये। जलके जीवोंका कष्ट निवारणके लियेमृत्युकेअंतलग(=आ)
=स्नान त्याग व्रतके धारण करनेवाले[मुनि]के,तीव्र सूर्यकी किरणोंके प्रभाव(=प्रताप)
=जनित पसेवमें ग्रहण की हुई (=आत्त) पवनसे प्राप्त (=आनीत) रज (=पांशु=पांसु)
=संचय होगया है (शरीरपर) जिस (मुनि)केअर्थात् उष्णतासे उत्पन्न हुआ मुनिके शरीरमें पसेव तिसपर पवन द्वारा उड़कर रज इकट्ठी हो जाती है,
=कोढ(=सिध्म) खाज(=कच्छू)दाद (=दद्रु)महान् खुजली(=कण्डूया)के उत्पन्नहोनेपर
=भी खुजावना(=कण्डूयन)मलना व घिसने(की क्रिया)से रहित है मूर्ति जिस मुनि)की

स्वगतमलोपचयपरमलापचययोरसंकल्पितमनसः संज्ञानचारित्रविमलसलिलप्रक्षालेन कर्ममलपङ्कजालानराकरणाय नित्यमुद्यतमतेर्मलपीडासहनमाख्यायते ॥ १८ ॥

केशलुञ्चासंस्काराभ्यामुत्पन्नखेदसहनं मलसामान्यसहनेऽन्तर्भवतीति न पृथगुक्तम् सत्कारः पूजाप्रशंसात्मकः । पुरस्कारो नाम क्रियारम्भादिष्वग्रतः करणमामन्त्रणं वा, तत्रानादरोमयि क्रियते ! चिरोषितब्रह्मचर्यस्य महातपस्विनः स्वपरसमयनिर्णयज्ञस्य बहुकृत्वः परवादिविजयिनः प्रणामभक्तिसम्भ्रमासनप्रदानादीनि मे न कश्चित्करोति ! मिथ्यादृष्टय

स्व-गत-मल-उपचय-पर-मल-अपचययोः[३]असंकल्पितमनसः[१]। संज्ञान-चारित्र-विमल-सलिल-प्रक्षालेन[३]''कर्मम-ल-पंक-जाल-निराकरणाय[४]''नित्यम्[१]''उद्यतमतेः[१]। मल-पीडा-सहनम्[१]''आख्यायते ॥१८॥ केशलुंच-असंस्काराभ्याम्[३]उत्पन्न-खेद-सहनम्[१]''मल-सामान्य-सहने[३]''अन्तर्भवति।इति*न*पृथक्-उक्तम्[१]॥, सत्कारः[१]पूजा-प्रशंसा-आत्मकः[१],क्रिया-आरम्भादिषु[३]अग्रतः*करणम्[१]''। आमन्त्रणम्[१]''वा*पुरस्कारः[१]नाम[१]॥, तत्र* अनादरः[१]मयि[३]क्रियते।चिरोषित-ब्रह्मचर्यस्य[१]महान्-तपस्विनः[१]स्व-परसमय-निर्णयज्ञस्य[१]बहुकृत्वः*पर-वादिन्-विजयिनः[१]। प्रणाम-भक्ति-सम्भ्रम-आसन-प्रदान—आदीनि[३]''मे[१]न*कश्चित्*करोति।मिथ्यादृष्टयः[१]।

=अपने लगे हुए मलकी वृद्धिमें अर्थात् मेरी देही अधिक मैली है अन्यके लगे हुए मैलकी =हीनतामें (अर्थात् दूसरे मुनिकी देहोंमें मैल अल्प है)नहीं लगा है चित्त जिस(मुनि)का =सम्यक्ज्ञान-सम्यक् चारित्ररूप निर्मल जलसे प्रक्षालनकरि कर्ममलरूपी =कीच जालको दूरकरनेके लिये सदा उपस्थित है मन जिस(मुनि)का, =(ऐसे मुनिके) मल पीड़ाका सहन वर्णन किया गया है ॥१८॥बालोंके उखेड़नेसे =और न समालनेसे उत्पन्न हुई पीड़ाका सहना, मल सामान्य (परिषह)के =सहनेमें गर्भित है ऐसे (केश लुंचन इत्यादि)व्याधिसे न्यारी परिषह वर्णन नहीं कीगई है =सत्कार पूजा तथा प्रशंसा स्वरूप है क्रियाके आरम्भादिकमें =अग्रेसर करना वा आगे करना अथवा (क्रियाके आरम्भमें) =निमन्त्रणदेनावा बुलावना सो पुरस्कारनामहै तहां,(मुनि ऐसा विचारनहीं करतेहैंकि) =मुझमें (अर्थात् मेरा) अनादर किया जाता है, बहुतकालसे अथवा चिरकालसे =ब्रह्मचर्य युक्त हूं, बड़ा तप करनेवाला हूं अपने तथा परके सिद्धान्तका =निर्णय करनेवाला हूं, बहुतबार अन्यवादियोंका जीतने वाला हूं और =नमस्कार सेवा (=भक्ति) आदर (=सम्भ्रम) उच्च आसन वा बैठक देना =आदिक मेरा कोई नहीं करता है (इनसे तो)मिथ्या दृष्टी

एवातीवभक्तिमन्तः किञ्चिदजानन्तमपि सर्वज्ञसम्भावनया सम्मान्य स्वसमयप्रभावनं कुर्वंति! व्यन्तरादयः पुरा अत्युग्रतपसां प्रत्यग्रपूजां निर्वर्तयन्तीति मिथ्याश्रुतिर्यदि न स्यादिदानीं कस्मान्मादृशां न कुर्वन्तीति दुष्प्रणिधानविरहितचित्तस्य सत्कारपुरस्कारपरिषहविजयः प्रतिज्ञायते॥१९॥अङ्गपूर्वप्रकीर्णकविशारदस्य शब्दन्यायाध्यात्मनिपुणस्य ममपुरस्तादितरे भास्करप्रभाभिभूतखद्योतोद्योतवन्नितरां नावभासन्त इति विज्ञानमदनिरासःप्रज्ञापरिषहजयःप्रत्येतव्यः

एव*अतीव-भक्तिमन्तः[१] किंचित्*अजानन्तम्[३] अपि* =ही (=एव) अतिशय भक्ति करनेवाले वा सेवा करनेवाले हैं कुछ न जानने वाले भी
सर्वज्ञ-सम्भावनया[३] सम्मान्य-स्व-समय- =सर्वज्ञके (तुल्य) अभिप्रायसे (=सम्भावनया)सन्मानकर अपने मतका
प्रभावनं[३] कुर्वन्ति।व्यंतर-आदयः[१] पुरा*अति-उग्र- =उद्योत वा प्रकाशन करते हैं। व्यंतरादि देव पूर्वकालमें बहुत उत्कट वा कड़े
तपसां[६] प्रति-अग्र-पूजां[२] निर्वर्तयन्ति इति मिथ्याश्रुतिः[१] =तपकरनेवालेके आगेहोकर (=प्रत्यग्र)पूजा करते हैं ऐसी झूठी श्रुति है (सुननेमें आयाहै)
यदि*न*स्यात्इदानीम्*कस्मात्(१) मादृशाम्[६] (प्रभावन)=जो यदि) (झूठी) न हो तो अब किस कारणसे (वे देव) मेरे सदृशोंकी(=प्रभावना)
न*कुर्वन्ति।इति*दुष्-प्रणिधान-विरहितचित्तस्य[६] सत्कार-=नहीं करते हैं, ऐसे खोटा(=दुष्)चिन्तवनसे रहित है चित्त जिस (मुनि) के-सत्कार
पुरस्कार-परिषह-विजयः[१] प्रतिज्ञायते॥१९॥अंग-पूर्व- =पुरस्कार पीड़ाका विजय जाना जाता है ॥१९॥(ग्यारह)अंग (चौदह) पूर्व
प्रकीर्णक-विशारदस्य[६] शब्द- =(चौदह) प्रकीर्णकोंके(देखो अ० १ पृष्ट ४०६से ४२७ तक)प्रवीण (मुनि)का,कोशमें
न्याय-अध्यात्म-निपुणस्य[६] =न्याय शास्त्रमें, अध्यात्म शास्त्रमें,अर्थात् आत्मतत्त्व विधानमें निपुण (मुनि)के,
नितराम्*न*अवभासन्तः[१] मम[६] पुरस्तात्*इतरे[१] =कभी (=नितरां)नहीं विचारते (न-अवभासतः)कि मेरे आगे (=पुरस्तात्)दूसरे(=इतरे)
भास्कर-प्रभा-अभिभूत- =सूर्यके(=भास्कर) प्रकाशसे तिरस्कृत (=अभिभूत)
खद्योत-उद्योत-वत्*इति*विज्ञान-मद(२) निरासः[१] =पटवीजना(=खद्योत)के उद्योतके सदृश,ऐसे विज्ञान मदसे निराशा होनेवाले (मुनि)के
प्रज्ञा-परिषह-जयः[१] प्रत्येतव्यः[१] ॥२०॥ =प्रज्ञा परिषहका विजय जानना चाहिये ॥ २० ॥

(१)'मादृशाम्' यह 'मादृश' शब्दसे षष्ठी विभक्ति बहुवचन पुंलिगमें बना है। मादृश (=स्त्री०) मादृशी, मादृक्ष (स्त्री०) मादृक्षी'मेरे समान'अर्थहै
(२)"इति विज्ञान मदनिरासः प्रज्ञापरिषहजयःप्रत्येतव्यः" यह वाक्य तत्त्वार्थराजवार्तिक पृष्ठ २३७में भी आयाहै इसवाक्यमें प्रश्नयहहै कि निरासः
(=निराकरण,परित्याग,हटाना,छोड़ना,निवारण)भाष्यमें षष्ठी विभक्ति एक वचन पुलिंग निरास् शब्दकीहै जिस (विभक्ति)को पूज्यपाद स्वामीने

अज्ञोऽयं न वेत्ति पशुसम इत्येवमाद्यवक्षेपवचनं सहमानस्य परमदुश्चरतपोऽनुष्ठायिनो

अयम्[१]'अज्ञः[१]'न*वेत्तिT पशुसमः[१]'इति*एवम्*आदि– =यह अज्ञानहै,पशुसम है,(कुछ)नहीं जानता है,ऐसे (=इति)इत्यादि(=एवमादि)
अवक्षेप-वचनं[१]''सहमानस्य[६]'परम-दुश्चर-तपस्-अनुष्ठायिनः[६]'=निंदाके वचन सहन करनेवाले(मुनि,के परम दुर्द्धर तपकरनेवाले(मुनि)के

निम्न २० परीषहोंमें लिखा है अथवा 'निरासः' प्रथमा विभक्ति एक वचन पुल्लिग निरास शब्दको है॥नीचे 'निरासः' का(न)अधिकत संख्या छः(६)है।
(क) मन्यमानस्य = आनंदमानते वाले (मुनि)के (ख) प्रशमयतः = अतिशमन करनेवाले (मुनि)के (ग) वसतः वसनेवाले (मुनि)के
(घ)अवहित-चेतसः = लगा हुआहैचित्त जिस(मुनि)का(ङ)प्रावरणजिस्र(मुनि)के (च)अतिष्ठमानस्य = पालते हुये मुनि,के
(छ) सदासद्स्य = सदा दया संयुक्त (मुनि)के (ज)विफलीकरणस्य = विफलकरनेवाले(मुनि)के(झ)आस्कन्दतः = निरादरकरनेवाले(मुनि,के
(ञ) अवलितविग्रहस्य = नहींडिगी है देहजिस(मुनि)को(ट) क्षममाणस्य = सहन करते हुये (मुनि)के (ठ) न कुर्वतः = नहीं करनेवाले(मुनि)के
(ड)समदर्शिनः = समान देखनेवाले(मुनि)के (ढ) दुरुपलक्ष्यमूर्तेः = कठिनसेदेख्याहैअङ्गजिसका (ण) संतुष्टस्य = संतोषी (मुनि)के
(त) अनपेक्षिणः = आकांक्षा न करनेवाले(मुनि)के (थ)अप्रमत्त-चेतसः = प्रमादरहितहै चित्तजिसका (द)उद्यतमतेः = उपस्थितहैमनजिसमुनिका
(ध) विरहितचित्तस्य = रहित है चित्त जिस [मुनि]का (प) अनभिसन्दधतः = अभिप्राय न रखनेवालेके (फ) असमाधानस्य = न विचारने वालेके

यह शब्द हमको अमरकोश, पद्यचन्द्रकोश इत्यादिमें नहीं मिला, वैद्यसंस्कृतआङ्गलकोशके पृष्ठ ३८६ पर पुल्लिगमें तीन [अ] हटाना [अ] थूकना [इ] खंडन करना, निरसन अर्थोंमें मिलता है हमने बहुत प्रयत्न किया परन्तु हमको 'निरास्' शब्द कहीं मिला कि निरास्+अस् =निरासः षष्ठी विभक्तिमें होजाता,हमको राजवार्तिक तथा छह प्रति सर्वार्थसिद्धिमें उपयुक्त यही पाठ मिला है, राजवार्तिकको वार्तिक संख्या२८ "प्रज्ञोपकार्यावलेपनिरासः प्रज्ञाविजयः" =विज्ञान कियेहुये अहंकारका [=अवलेप] निराकरण वा परित्याग [=निरासः] सो प्रज्ञाविजयहै और तत्त्वार्थश्लोकवार्तिकके "प्रज्ञोत्कर्षापवेप निरासः प्रज्ञाविजयः" =प्रज्ञा-उत्कर्ष-अपवेप-निरासःप्रज्ञा-विजयः" =विज्ञानके अतिशय अहंकार वा मदका छोड़ना सो प्रज्ञाविजय परीषह है, इन वाक्योंसे प्रगट है कि 'निरास' प्रथमा विभक्ति एक वचन पुंलिग है॥श्रुतसागरटीकामें इसके संबन्ध में कुछभी प्राप्त नहीं हुआहै। पं०जयचन्द्रायजीने प्रथमा विभक्ति में उक्त वाक्यका "ऐसा विज्ञानका मद न करै, सो प्रज्ञापरीषहका जीतना कहिये" अनुवाद किया है ॥ दूनीजी जिनका विभक्त्यर्थ और शब्दशः अनुवाद है 'निरासः' को षष्ठी विभक्ति मानकर निम्न अनुवाद किया है॥"इति विज्ञान मद निरासः प्रज्ञापरिषहजयःप्रत्येतव्यः" = "ऐसा विज्ञान मदको है निराश जाके ताके प्रज्ञा परिषहको जय जानने योग्य है" न्यायदिवाकरजीने "प्रज्ञोपकार्यावलेपनिरासःप्रज्ञाविजयः" वार्तिकमें 'निरासः' को प्रथमाविभक्तिमें यह अनुवाद किया है "तहां प्रज्ञाकहिये विज्ञान ताका मद न करनासो प्रज्ञा परिषहका जीतनाहै परन्तु "इति विज्ञानमदनिरासःप्रज्ञापरिषहजयः" = 'ऐसाविज्ञानकामदका है निरास जिनके तिन मुनिराजके प्रज्ञापरीषह का जीतना जानना" अनुवादसे स्पष्ट है कि निरासः को षष्ठी विभक्ति एक वचन पुंलिग माना है। यदि निरास (हलन्त)निरास (स्वरान्त) दिश् [स्त्री०]दिशा(स्त्री०)की भांति दोनों शब्द हों तो षष्ठी विभक्ति और प्रथमा विभक्ति विकल्पसे दोनों हो सक्तीहैं,यदि निरास्(हलन्त)नहीं हैतो प्रथमा विभक्तिमें ही 'निरासः' का ग्रहण होता है ॥ हमने यह देखकर कि पूज्यपाद स्वामीने इक्कीस परीषहोंके उक्त उपान्त्य वाक्योंमें स्पष्टतया षष्ठी विभक्तिका प्रयोग किया है सब परीषहोंके उपान्त्य वाक्योंमें षष्ठी विभक्तियोंकी समानता व तुल्यता रखनेके लिये 'निरासः'को निरास्[हलन्त] शब्दकी षष्ठी विभक्ति एक वचन (पुंलिग) [नपुंसकलिंगमें भी यही रूप होगा] ऐसे विज्ञानमदसे निराश होनेवाले जिस [मुनि]के, ऐसा अनुवाद किया है ॥ ऐसे विज्ञानमदका,हुआ है त्याग वा निवारण जिस[मुनि]केपाठकगण इस शब्दपर अधिक प्रकाश डालकर हमको सूचित करेंगे॥

नित्यमप्रमत्तचेतसो मेऽद्यत्वेऽपि विज्ञानातिशयो नोत्पद्यत इति अनभिसन्दधतोऽज्ञानपरिषहजयोऽवगन्तव्यः ॥२१॥ परमवैराग्यभावनाशुद्धहृदयस्य विदितसकलपदार्थतत्त्वस्यार्हदायतनसाधुधर्मपूजकस्य चिरन्तनप्रव्रजितस्याद्यापि मे ज्ञानातिशयो नोत्पद्यते! महोपवासाद्यनुष्ठायिनां प्रातिहार्यविशेषाः प्रादुरभूवन्निति प्रलापमात्रमनर्थकेयं प्रव्रज्या ! विफलं व्रतपरिपालनमित्येवमसमादधानस्य दर्शनविशुद्धियोगाददर्शनपरिषहसहनमवसातव्यम्॥२२॥ एवं परिषहान् सहमानस्यासंक्लिष्टचेतसो रागादिपरिणामास्रवनिरोधान्महान्संवरो भवति॥ आह

नित्यम्*अप्रमत्त–चेतसः[6]मे[6]अद्यत्वे*अपि*विज्ञान– =तथा सदा प्रमाद रहित है चित्त जिस(मुनि)के,मेरे लिये अब (=अद्यत्वे) भी विज्ञानका
अतिशयः[1]न*उत्पद्यते[T]इति*अनु–अभि–संदधतः[6] =अतिशय नहीं उपजता है ऐसा अभिप्राय रखनेवाले (मुनि)के
अज्ञान–परिषह–जयः[1]अवगन्तव्यः[3] ॥२१॥ =अज्ञान परिषहका जीतना जानना चाहिये ॥२१॥
परम–वैराग्य-भावना–शुद्ध-हृदयस्य[6]विदित–सकल– =परम वैराग्य भावनाकरि शुद्ध है मन जिसका जिसके प्रगट हुआ है समस्त
पदार्थ–तत्त्वस्य[6]आर्हत–आयतन– =द्रव्योंका यथार्थस्वरूप (=तत्त्व),अर्हंतके(=आर्हत) जिनमंदिर के (=आयतन)
साधु–धर्म–पूजकस्य[6]चिरन्तन–प्रव्रजितस्य[6]अद्य* =साधुके तथा धर्मके पूजनेवाले (मुनि)के, जिसके सन्यास बहुतकालसेलेकर आज तक है
अपि*मे[6]ज्ञान– =तौ भी (=अपि) [जिसका विचार नहीं है कि] मेरे ज्ञानका
अतिशयः[1]न*उत्पद्यते[T],महान्–उपवास–आदि– =विस्तार वा अधिकाई [=अतिशयः]नहीं उपजी है, महा अनशन आदिक
अनुष्ठायिनाम्[6]प्रातिहार्य–विशेषाः[1]प्रादुर्*अभूवन्[T] =करनेवालेके प्रातिहार्यके विशेष प्रकाश होते हैं(अभूवन् लुङ् क्रिया है),
इति*प्रलापमात्रम्[1]''इयम्[1]''प्रव्रज्या[1]''अनर्थका[1]'' =ऐसा कहने मात्र है, यह [=इयम्] सन्यास (=प्रव्रज्या) निष्प्रयोज (=अनर्थका) है
विफलम्[1]''व्रत–परिपालनं[1]''इत्येवंअसमाद्ध्यानस्य[6]=व्रतका धारण निष्फल है इत्यादि नहीं है विचार जिस(मुनि)के
दर्शन–विशुद्धि-योगात्[5]अदर्शन-परिषह–सहनम्[1]'' =दर्शन विशुद्धिके संयोगसे अदर्शन परिषहका सहन
अवसातव्यम्[1]''॥२१॥ एवम्*परिषहान्[2] जानना चाहिये ॥२१॥ ऐसे [बाईस] परिषहोंका
सहमानस्य[6]असंक्लिष्ट–चेतसः[6]रागादि-परिणाम–=चित्तके बिना संक्लेश कियेहुये सहनेवालेके, रागादिक परिणाम जनित
आस्रव–निरोधात्[5]महान्[1]संवरः[1]भवति[T]। आह[T] =आस्रवके अभावसे महान् संवर होता है। प्रश्न है (=आह=पूछता है) कि

किमिमे परिषहाःसर्वे संसारमहाटवीमतिक्रमितुमभ्युद्यतमभिद्रवन्ति उत कश्चित्प्रतिविशेषइत्य-
त्रोच्यतेअभाव्याख्यातलक्षणाःक्षुदादयश्चारित्रान्तराणिप्रतिभाज्या नियमेन पुनरनयोःप्रत्येतव्याः

॥सूक्ष्मसाम्परायछद्मस्थवीतरागयोश्चतुर्दश॥१०॥

किम्*इमे[1] परिषहाः[1] सर्वे[1] संसार-महा-अटवीं[2] =क्या(=किम्)समस्त ये(=इमे)परीषहायें संसाररूप महाबनीको
अतिक्रमितुम्[2] अभि-उद्यतम्[2] अभि-द्रवन्ति T उत*कश्चित्*=हरनेको उद्यमी पुरुषको आती हैं अथवा कुछ
प्रतिविशेषः[1] इति*अत्र*उच्यते T =विशेष है, इस प्रकार (प्रश्न होनेपर यहां(=अत्र)वा इस स्थानमें कहा जाता है कि
अमी[1] व्याख्यात-लक्षणाः[1] क्षुदादयः[1] =ये वर्णित स्वरूपवाली (=लक्षणाः) क्षुधादिक [बाईस परीषह]
चारित्र-अंतराणि[2] प्रतिभाज्याः[1] =अन्यचारित्रों[सामायिक-छेदोपस्थापना-परिहारविशुद्धि]को भेदरूपआती हैं
नियमेन[2] पुनः*अनयोः[2] =और[वपेहुये]दो चारित्र(सूक्ष्मसाम्पराय, यथाख्यात]में(निम्नसूत्रद्वारा)नियमकरि
प्रत्येतव्याः[1] =प्रतीत करनी चाहिये अथवा जानना योग्य है ॥

सूत्रम्–[1]सूक्ष्मसाम्परायछद्मस्थवीतरागयोश्चतुर्दश ॥१०॥

पदच्छेद—सूक्ष्मसाम्पराय- छद्मस्थवीतरागयोः[2] चतुर्दशः[1] परिषहाः[1] भवन्ति ॥१०॥

सूत्रार्थः—सूक्ष्मसाम्पराय–वीतरागे[2] =सूक्ष्मसाम्परायवीतरागमें अर्थात् दशवां गुणस्थानवर्तीमें तथा
छद्मस्थवीतरागे[2] =छद्मस्थवीतरागमें अर्थात् उपशांतकषाय ग्यारहवां गुणस्थानवर्तीमें,तथाक्षीणकषाय
बारहवां गुणस्थान वर्तीमें
चतुर्दश[1] परिषहाः[1] भवन्ति T =चौदह परिषहायें होतीं हैं भावार्थ क्षुधा-तृषा-शीत-उष्ण-दंशमशक-चर्या-शय्या-वध-
अलाभ-रोग-तृणस्पर्श-मल-प्रज्ञा-अज्ञान ये दशसे बारह गुणस्थानवर्तियोंतकमें होती हैं

[1]हमारी आम्नायके ग्रन्थोंमें बहुधा 'साम्पराय' पाठ है कहीं कहीं पर 'सांपराय' है दोनों पाठ ठीक हैं। श्वेताम्बर आम्नायके समाप्य-तत्वार्थाधिगमसूत्रमें सांपराय वा साम्परायकेस्थानमें 'संपराय' है, सम्पराय शब्दभी हो सक्ता है संपराय तथा सम्पराय दोनोंही ठीक हैं॥ ध्यान रहे कि सांपराय, संपराय निम्नलिखित पद्मचन्द्रकोश पृष्ठ ४१२,४२१ के अनुसार एक हैं "सम्पराय[पु०]सम्+परा+इण्+अच्। युद्ध, जंग, लड़ाई,आपदा। सम्परायिक [न०]सम्परायाय[=आपदे) हितं, ठन् (इक),आपत्तिके लिये, हितकारी, युद्ध,जंग,लड़ाई,साम्परायिक भीइसी अर्थमें आता है(पद्म०कोश पृष्ठ ४१२),४२१में साम्परायिक [न०]सम्परायाय[आपदे]परलोकाय वा हितम्। ठञ्[इक],द्वुः क वा परलोककेलियेहितकारी।

क्षुत्पिपासाशीतोष्णदंशमशकचर्याशय्यावधालाभरोगतृणस्पर्शमलप्रज्ञाज्ञानानि । चतुर्दश इति वचनादन्येषां परिषहाणामभावो वेदितव्यः ॥ आह युक्तं तावद्वीतरागच्छद्मस्थे मोहनीयाभावाद्वक्ष्यमाणनाग्न्यारतिस्त्रीनिषद्याऽऽक्रोशयाचनासत्कारपुरस्कारादर्शनानि तत्कृताष्टपरिषहाभावाच्चतुर्दशनियमवचनम् । सूक्ष्मसाम्पराये तु मोहोदयसद्भावाच्चतुर्दशेति नियमो नोपपद्यत इति । तदयुक्तम् । सन्मात्रत्वात् ॥

वृत्त्यनुवाद—क्षुत्-पिपासा-शीत-उष्ण-दंशमशक-चर्या-शय्या-वध-अलाभ-रोग-तृणस्पर्श-मल-प्रज्ञा-अज्ञानानि[२२], चतुर्दश[१] इति*वचनात्[२२] अन्येषां[६] परिषहणाम्[६] अभावः[१] वेदितव्यः[१] ;आह T तावत्[१] वीतराग-छद्मस्थे[७] मोहनीय-अभावात्[५] वक्ष्यमाण-नाग्न्य-अरति-स्त्री-निषद्या-आक्रोश-याचना-सत्कार(१)पुरस्कार-अदर्शनानि[२२] तत्कृत-अष्ट-परिषह-अभावात्[५] चतुर्दश-नियम-वचनम्[१] युक्तम्[१] ;सूक्ष्मसाम्पराये[७] तु* मोह-उदय-सद्भावात्[५] चतुर्दश[१] इति*नियमः[१] न*उपपद्यते T इति* । तद्[१] ॥ अयुक्तम्[१] ॥ सत्-मात्रत्वात्[५] ॥

=क्षुधा, तृषा अथवा तृष्णा, हिम, उष्ण, डांस (दंश)मच्छर(=मशक)(इत्यादिकीहै)
=गति,शयन, मारन, प्राप्तिका अभाव, व्याधि, तिनुका आदिका लगना,छूना,वाधुभना
=मैल, विद्वत्ता वा विज्ञानका मद, ज्ञानकी प्राप्ति ऐसे (सूत्रमें) चतुर्दश वचनसे
=अन्य वा बची हुई (आठ)परीषहोंका अभाव जानना चाहिये । (शिष्य) पूछता है कि
=वीतराग छद्मस्थ (ग्यारहवां गुणस्थानवर्ती, बारहवां गुणस्थानवर्तीमें) तो(=तावत्)
=मोहनीय कर्मकी अविद्यमानतासे (इस अध्यायके पन्द्रहवां सूत्रमें) कहे जानेवाली
=(सात)नग्नता, (संयममें) अप्रीति, स्त्रीका अवलोकन वा स्पर्शन, स्थिति वा आसन
=दुर्वचन, मांगना, मान, अपमान(परीषह),ऋद्धि वा अवधिज्ञानकी अलब्धि(सूत्र १४)
=उस (मोहनीयकर्म) जनित आठ परीषहों के न होनेसे चौदह (परिषहों) का
=नियमित वा निश्चित वाक्य युक्त है,पर तु(=तु)सूक्ष्मसांपराय दशवां गुणस्थानवर्तीमें
=मोहके उदय होनेसे चौदह (परिषहका होना) ऐसा नियम
=नहीं उत्पन्न होता है ऐसे वह अर्थात्(सूक्ष्मसांपरायमें १४परिषहों का होनेका नियम)
=ठीक नहीं है।(उत्तर) (मोह)के सत् मात्रपनेसे वा[मोहनीयकर्मकी] केवल विद्यमानतासे अर्थात् सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानमें मोहका उदय अत्यन्त अल्प है नाममात्र है तिससे उपर्युक्त चौदह परीषहोंकी विद्यमानताका(और शेष आठ परिषहोंके अभावका)वचनयुक्त है।

(१)पुरस्कार = (क) आगे करना (ख)आदर, विनय (ग) साथ साथ रहना (घ) पारितोषिक [ङ] निंदा, आक्षेप,अपमान अर्थोंमेंसे अंतके अर्थमें है ।

तत्र हि केवललोभसञ्ज्वलनकषायोदयः सोऽप्यतिसूक्ष्मः ॥ ततो वीतरागछद्मस्थकल्पत्वा-च्चतुर्दशेति नियमस्तत्रापि युज्यते॥ ननु मोहोदयसहायाभावान्मन्दोदयत्वाच्च क्षुदादिवेदना-भावात्तत्सहनकृतपरिषह्व्यपदेशो न युक्तिमवतरति ॥ तन्न किं कारणम् । शक्तिमात्रस्य विवक्षितत्वात् । सर्वार्थसिद्धिदेवस्य सप्तमपृथिवीगमनसामर्थ्यव्यपदेशवत् ॥

तत्र*हि*केवल–लोभसञ्ज्वलन–कषाय–	=क्योंकि [=हि]वहां(सूक्ष्मसाम्परायगुणस्थानमें) अकेले लोभ संज्वलनकषायका
उदयः[1]सः[1]अपि*अतिसूक्ष्मः[1];	=उदय है वह(=संज्वलन लोभ कषाय)भी बहुत ही अल्प है अर्थात् कहने मात्र है।
ततः*वीतराग–छद्मस्थ(१)कल्पत्वात्[2]''''चतुर्दश[1]	=तिससे(सूक्ष्मसाम्परायके)वीतराग छद्मस्थको तुल्यतासे चौदह
इति*नियमः[1]तत्र*अपि*युज्यते T ॥	=ऐसा नियम तहां (सूक्ष्मसाम्परायमें)भी लगाया जाता है ।
ननु*मोह–उदय–सहाय–अभावात्[2]	=प्रश्न(सूक्ष्मसाम्पराय तथा छद्मस्थवीतरागमें)मोहकर्मकेउदयके सहायके न होनेसे
मन्द-उदयत्वात्[2]''''च*(२)क्षुत्–आदि-वेदना–अभावात्[2]	=तथावीमें उदय होनेसे च धादि (उक्त चोदह)वेदनाका अभावहैतिससे[=अभावात्]
तत्–सहन–कृत–परिषह–व्यपदेशः[1]	=उन[क्षुधादि]की की हुई (=कृत)वेदना (=सहन) परीषह नामकी
न*युक्तिम्[2]''अवतरति T ॥	=उचितता वा योग्यता को नहीं पहुंचती है। प्रश्नका भावार्थ ऐसा है कि छद्मस्थ ग्यारहवां गुणस्थान तथा बारहवां गुणस्थानवर्तियोंके मोहके उदयका अभावहैऔर सूक्ष्मसाम्पराय दशवां गुणस्थानवालेके मोहका उदय बहुतही मंद है इसलिये उपर्युक्त गुणस्थानमें चौदह वेदना नहीं हैं, तबयहकहना उचित नहीं है कि पूर्वकथितगुणस्थानोंमें परिषह्यें विद्यमान हैं क्योंकिपरिषह नामतोवेदनाकाहै
तद्(तत्)[2]''''न*किम्[2]''''कारणम्[2]''''शक्तिमात्रस्य[2] विवक्षितत्वात्[2]''''सर्वार्थसिद्धिदेवस्य[2] सप्तमपृथिवी–गमन–सामर्थ्य–व्यपदेशवत्* ।	=(उत्तर)सो [=तद्] नहीं है क्योंकि (=किंकारणम्)केवल सामर्थ्यकी =अपेक्षासे (पूर्वोक्त कथनयुक्त है),सर्वार्थसिद्धिके देवके सातवें नरक =पृथिवी के =गमनकी सामर्थ्यके कथनके समान(यहां)है अर्थात् जिस प्रकार सर्वार्थसिद्धिदेवके

(१) सादृश्य अर्थमें कल्पप् प्रत्यय होता है जिसकी समानता देवें उसके पश्चात् आता है जैसे पितृकल्पः=पिताके समान गुरुकल्पः=गुरुके समान, इसलिये छद्मस्थ कल्पत्वात् छद्मस्थकी तुल्यतासे ऐसा अनुवाद किया गया है। भूखके अर्थमें क्षुध्,क्षुधा स्त्रीलिंगमें आतेहैं[पाअ०कोश१ २२]

आह यदि शरीरवत्यात्मान परिषहसन्निधानं प्रतिज्ञायते अथ भगवति उत्पन्नकेवलज्ञाने कर्मचतुष्टयफलानुभवनवशवर्तिनि कियन्त उपनिपतन्तीत्यत्रोच्यते ॥ तस्मिन्पुनः-

एकादश जिने ॥ ११ ॥

सातवें नरक (=पृथिवी)के गमनकी सामर्थ्यका कथन है परन्तु उन देवोंको कहीं जानेका प्रयोजन नहीं है और राग भाव भी नहीं है जिससे गमन नहीं है तिस प्रकार इन(दशवां ग्यारहवां,बारहवां)गुणस्थानोंमें भी चौदह परिषहका कथन उपचारसे वा कल्पनामात्र है

आह[1]यदि-शरीरवति[2]आत्मनि[3]परिषह-सन्निधानम्[4]'प्रतिज्ञायते[1] अथ*भगवति[2] उत्पन्न-केवलज्ञाने[3]कर्म-चतुष्टय-फल-अनुभवन-वश-वर्तिनि[2]कियन्तः[5]उपनिपतन्ति इति*अत्र*उच्यते तस्मिन्[3]पुनः*=(शिष्य) पूछता है कि जो शरीरवान् आत्मामें परिषहका =निकट होना नियम कीजिये है तौ अब [=अथ] भगवान् विषैं =केवलज्ञान उत्पन्न होनेपर और चार अघातिया कर्मके फल भोगने वालेमें कितने[परिषहायें]आती हैं ऐसे(प्रश्न पर)यहां कहा जाता है और तिसमें

एकादशजिने=एकादश(परिषहाः)जिनेसन्ति वा एकादश(परिषहाः)जिने(न सन्तिइतिवाक्यशेषः)

सूत्रार्थः-एकादश[1]परिषहाः[2]जिने[3]सन्ति T=ग्यारह परिषहायें जिन(भगवान्-केवलज्ञानी)में हैं अर्थात् छद्मस्थ जीवोंके वेदनीयकर्म के उदयसे क्षुधा तृषा, शीत, उष्ण, दंशमशक,चर्या, शय्या, वध, रोग, तृणस्पर्श और मल ये ग्यारह परिषहा होती हैं सो केवली भगवानके भी वेदनीय कर्मका उदय है इस कारण केवलीके भी प्रदेश उदय अपेक्षासे ग्यारह परिषहका होना कहा गया है परन्तु मोहनीयकर्मके नष्ट होनेसे वेदनीयकर्मका उदय बल नहीं कर सकता है, ये ग्यारह परिषहा केवलीके फलोदय रूपमें नहीं होतीं वेदनीयकर्मके सद्भाव होनेसे नाममात्र कही गई हैंवा कहनेमात्र कही गई हैं अथवा फलोदयकी अपेक्षा कथन किया जाय तो

अथवा*एकादश[1]परिषहाः[2]जिने[3]न*सन्ति T=ग्यारह परिषहा जिन[केवली-भगवान]में नही होती हैं (क्योंकि यहां तेरहवां गुणस्थान वाले जिनेन्द्रके मोहके उदयके अभावसे क्षुधादि परिषहाओंका अभाव) है।

निरस्तघातिकर्मचतुष्टयेजिने वेदनीयसद्भावात्तदाश्रया एकादशपरिषहाः सन्ति ॥ ननु मोहनीयोदयसहायाभावात्क्षुदादिवेदनाभावे परिषह्व्यपदेशो न युक्तः । सत्यमेवमेतत्-वेदनाभावेऽपि द्रव्यकर्मसद्भावापेक्षया परिषहोपचारः क्रियते। निरवशेषनिरस्तज्ञानावरणे युगपत्सकलपदार्थावभासिकेवलज्ञानातिशये चिन्तानिरोधाभावेऽपि तत्फलकर्मनिर्हरणफलापेक्षया ध्यानोपचारवत् । अथवा एकादश जिने न सन्तीति वाक्यशेषः कल्पनीयः सोपस्कारत्वात्सूत्राणां ।

वृत्त्युनुवादः—निरस्त–घातिकर्म–चतुष्टयेऽ[2]जिनेऽ[3] =चार प्रकारके (=चतुष्टय) घातियाकर्मके नष्ट होनेपर जिन (तेरहवा गुणस्थानवर्ती)विषै
वेदनीय–सद्भावात्[4]तद्-आश्रयाः[1]एकादशपरिषहाः[2] =वेदनीय (कर्म)की विद्यमानतासे, उस(वेदनीय)के आश्रयीभूत ग्यारह परिषहाएँ
सन्तिT । ननु*मोहनीय-उदय-सहाय-अभावात्[4] =होती है । प्रश्न-मोहनीय कर्मके उदयके सहायके अभावसे
क्षुद्-आदि-वेदना–अभावे[3]परिषह-व्यपदेशः[4] =भूख आदि-वेदनाके निषेध होनेपर परिषहका कथन(कि जिन भगवानमें ११परिषहा होतेहैं)
न*युक्तः[4]।सत्यं[1]''वेदना-अभावे[3]अपि*एवं*एतत्[1]'' =ठीक नहीं है । हां (=एवम्)यह (=एतत्)सत्य है, वेदना वा पीड़ाके न होनेपर भी
द्रव्यकर्म-सद्भाव-अपेक्षया[3]''परिषह-उपचारः[1]क्रियतेT=द्रव्यकर्मके विद्यमानताकी विवक्षाकरि परिषहाओंकी कल्पना कीगई है ।
निर्–अवशेष–निरस्त–ज्ञानावरणे[3]'' =समस्त (=निरवशेष) ज्ञानावरणीयकर्मके नष्ट (=निरस्त) होनेपर
युगपत्*सकल–पदार्थ–अवभासिन्-केवलज्ञान– =एककाल (=युगपत्) समस्त वस्तुओंके जाननेवाले केवलज्ञानके
अतिशये[3]चिन्ता–निरोध–अभावे[3]अपि*तत्- =प्रभावमें चिन्ताका निरोध न होनेपर भी उस (चिंता निरोध वा ध्यान) का
फल–कर्म-निर्हरण-फल-अपेक्षया[3]''ध्यान-उपचार- =फल जो कर्मका नाश की सिद्धि (=फल)के विवक्षाकरि ध्यानकी कल्पनाके
वत्* =सम(ग्यारह परिषहकी कल्पना)है। सारांश जैसे घातिया कर्मोंका नाश होनेपर केवलज्ञानमें युगपत् सर्वपदार्थ भासते हैं और चिंता निरोध(अर्थात् ध्यान) केवल ज्ञानकी अवस्थामें असम्भव है तौभी ध्यानका फल शेषकर्मोंके खिपानेकाहै इससे ध्यानकी वहां भी कल्पना है तैसे केवल ज्ञानीके भी मोहके उदयके होनेसे ११परिषह कल्पनामात्रहैं

अथवा*सोपस्कारत्वात्[3]।।सूत्राणाम्[6]''एकादश[3]'' =वा (अन्य अक्षर वा शब्दों द्वारा) सूत्रोंका उपकार किये जाने से ग्यारह परिषहायें
जिने[3]न सन्ति T इति*वाक्य–शेषः[1]कल्पनीयः[1] । =जिन (भगवान्)में नहीं हैं,"न सन्ति" वाक्यका (सूत्रमें)छोड़देना मानलेना चाहिये;

७५ वेदनी

विकल्प्यो हि वाक्यशेषो वाक्याधीन इत्युपगमात्। मोहोदयसहायीकृतक्षुदादिवेदनाभावात्। आह यदि सूक्ष्मसाम्परायादिषु व्यस्ताः परिषहाः अथ समस्ताः क्वेति—

अर्थात् सूत्रोंकी पूर्णता अन्य शब्दोंकरि होती है लगावनेसे अर्थ होता है कि जिन भगवानमें ग्यारह परिषहा भी फलोदय अपेक्षासे नहीं है। इसलिये 'नसंति' वाक्यको 'एकादश जिने' में

वाक्य-आधीनः इति*उपगमात् विकल्प्यः हि*=वाक्य (वक्ताके) आधीन है ऐसा माननेसे दूसरे प्रकारका ही (=विकल्प्यः हि) अर्थात् उल्टे प्रकार वा निषेध 'रूप न संति'

वाक्य-शेषः;मोह-उदय-सहायीकृत-क्षुत्-आदि-वेदना-अभावात्

=वाक्य शेष वा शुभ वाक्य[सूत्रमें]आता है। मोहनीयकर्मके उदयके सहायसे उत्पन्न हुई =क्षुदादिवेदनाके अभाव होनेसे(जिन भगवान्में ग्यारह परीषह भी नहीं है)ऐसा अर्थ भीहै।

आहायदि*सूक्ष्मसाम्पराय-आदिषु व्यस्ताः=[प्रश्न करता है] जो सूक्ष्मसाम्पराय आदिक में भेद रूप (अर्थात् किसी गुणस्थानमें कोई और,अन्य अन्य गुणस्थानमें और और भिन्नभिन्न प्रकारकी)

परिषहाः अथ*समस्ताः क्व*इति*

=परिषहायें होती हैं तौ अब सर्व (परिषहायें) कहां होती हैंऐसे [प्रश्नपर कहा जाता] है कि

१—श्वेताम्बर सम्प्रदायमें इसी सूत्रके आधारपर ग्यारह परिषहका जिन भगवान्में होना यथार्थरूपसे माना है इसलिये उनका कथन है कि महावीर स्वामी केवल ज्ञानकी अवस्थामें भी कवलाहार करते थे और रोगसे भी पीड़ित हुये इत्यादिक अनेक प्रकारसे कथन है ॥सदासुखजीने अर्थप्रकाशिकामें इस सूत्रके अर्थके नीचे इस प्रकार लिखा है(और रत्नकरण्डश्रावकाचार श्लोकछहमें भी)केवली जिनके ई वेदनीय कर्मका उदय है तातै कर्मकूं कारण देख केवलीके ग्यारह परीषह कहैं। परन्तु मोहनीय कर्मके बलतैं वेदनीय कर्म प्रबल होई आहारादिककी इच्छारूप क्षुधादिक परीषह उपजावै था अब वेदनीयके मोहनीय कर्मके सहायका अभावतैं वेदना देनै रूप शक्ति नहीं रही तब क्षुधादिक वेदना कैसे उपजावे। और असाता वेदनीयकी उदीरणा होय तदि क्षुधा उपजे है॥ सो वेदनीय कर्मकी उदीरणा छठा गुणस्थान पर्यंत ही है उपरि नहीं है। तदि वेदनीयकी उदीरणा विना केवलीके क्षुधादिक बाधाको कैसे होय अर्थात् केवलीके क्षुधादिक बाधा नहीं होय है। "जैसे मन्त्र औषधादिकके बलतैं क्षीण भई है मारण शक्ति जामें ऐसा विष द्रव्य मरणके अर्थि नहीं कल्पना करिये हैं, तैसे ध्यानरूप अग्निकरि दग्ध किये हैं घाति कर्मरूप ईंधन जाने और प्रगट भया है अनंत ज्ञानादिक चतुष्टय जाके ऐसे केवली जिनके अंतराय कर्मका अत्यन्त अभाव तैं निरन्तर शुभ नोकर्म पुद्गलनिका सचय होनेतैं प्रक्षीण भया है सहायबल जाके ऐसा वेदनीय कर्म अपना वेदना रूप प्रयोजन उपजावनेकूं असमर्थ है। यातैं भगवान् जिनके वेदनीयका उदय होतेहू क्षुधाका अभाव निश्चय करना इस विषयको सदासुखजीने अर्थप्रकाशिकाके इसीसूत्रकी वचनिकामें और रत्नकरण्ड श्रावकाचार्यके छठवां श्लोक क्षुत्पिपासा इत्यादिमें प्रमाण दिया है कि केवलीके ११ परिषहा कहने मात्र हैं

बादरसाम्पराये सर्वे ॥ १२ ॥

साम्परायः कषायः बादरः साम्परायो यस्य स बादरसाम्पराय इति॥ नेदं गुणस्थानविशेषग्रहणम् । किं तर्हि अर्थनिर्देशः॥ तेन प्रमत्तादीनां संयतानां ग्रहणं॥ तेषु हि अक्षीणकषायदोषत्वात्सर्वे सम्भवन्ति ॥ कस्मिन् पुनश्चारित्रे सर्वेषां सम्भवः ?

---

(१)बादरसाम्पराये सर्वे ॥ १२ ॥

सूत्रार्थः-बादर-साम्पराये[७] सर्वे[१] द्वाविंशतिः[१] परिषहाः[१] संभवन्ति T ॥

=बादर-साम्पराये सर्वे(द्वाविंशति-परिषहाः संभवन्ति)

=स्थूल (=बादर) कषायवालेमें (=साम्पराये) सकल बाईस परीषहा

=हो सकती हैं अर्थात् प्रमत्त छठवां गुणस्थानवर्तीमें, अप्रमत्त सातवां गुणस्थानवर्तीमें, अपूर्वकरण आठवां गुणस्थानधारकमें,अनिवृत्तकरण नवमां गुणस्थानवर्तीमें सब बाईस परिषहोंका होना संभव है ॥

वृत्त्यनुवादः—साम्परायः[१] कषायः[१] (२)बादरः[१] साम्परायः[१] यस्य[६] =साम्पराय है सो कषाय है,स्थूल(=बादर)कषाय(=साम्पराय)जिसके है

सः[१] बादर-साम्परायः[१] इति*न*इदम्[१] गुणस्थान-विशेष-ग्रहणम्[१] =सो बादर साम्पराय है,यहां(=इदम्)गुणस्थान विशेषका आदान नहीं है

अर्थात् बादरसाम्पराय वाक्यसेकिसीगुणस्थानका विशेषतासे ग्रहण नहीं है,

किम्*तर्हि*अर्थ-निर्देशः[१] ॥ =परन्तु [=किन्तर्हि] प्रयोजन (मात्र)का कथन अथवा उपदेश है ।

तेन[३] प्रमत्त- =तिस (बादर साम्पराय वाक्य)करि प्रमत्त (छटवां गुणस्थानवर्ती)

आदीनाम्[६] संयतानाम्[६] ग्रहणम्[१] ॥ तेषु[७] हि* =आदि संयमीयोंकाग्रहण है,क्योंकि(=हि)तिन(प्रमत्त आदि संयमीयों)में

अक्षीण-कषाय-दोषत्वात्[५] (३)सर्वे[१] सम्भवन्ति T ॥ =कषायके विद्यमानताके दोषतासे समस्त(परिषहा) हो सकते हैं,

कस्मिन्[७] पुनः*चारित्रे[७] सर्वेषाम्[६] संभवः[१] ? =बहुरि किस चारित्रमें सब (परिषहों) का होना संभव है ?

---

(१) इस सूत्रका अर्थ दोनों आम्नायोंमें एक है (२) बादर अथवा बादर दोनों शब्द ठीक और शुद्ध हैं बहुधा पुस्तकोंमें "बादर" पाठ है कहीं कहीं पर "बादर" पाठ भीहै । (३) सर्वे शब्द प्रथमा विभक्ति, बहुवचन, पुंलिंग सर्व शब्दका है और यह इसका सर्वत्र एकसा रूप है ॥

सामायिकच्छेदोपस्थापनपरिहारविशुद्धिसंयमेष्वन्यतमे सर्वेषां सम्भवः॥ आह गृहीतमेतत्परिषहाणां स्थानविशेषावधारणं, इदं तु न विद्मः कस्याः प्रकृतेः कः कार्य इत्यत्रोच्यते

ज्ञानावरणे प्रज्ञाज्ञाने॥१३॥

इदमयुक्तं वर्तते। किमत्रायुक्तं ज्ञानावरणे सत्यज्ञानपरिषह उपपद्यते, प्रज्ञापरिषहः पुनस्तदपायेभवतीति,

सामायिक-च्छेदोपस्थापन-परिहारविशुद्धि-संयमेषु अन्यतमे सर्वेषाम् सम्भवः, आह T एतत् परिषहाणाम् स्थानविशेष-अवधारणम् गृहीतम् इदम् तु*न*विद्मः- कस्याः प्रकृतेः॥कः कार्यः इति*अत्र*उच्यते T

=सामायिक, च्छेदोपस्थापना, परिहारविशुद्धि संयमोंमें (तीनोंमें)से =कोई एक (संयम)विषैं समस्त(परिषहों)का[होना]सम्भव है,(शिष्य)पूछता है कि यह =परिषहोंके स्थान विशेषका(अर्थात् किस किस गुणस्थानोंको कौनकौन परिषहकाहोना) =निश्चय(=अवधारण)किया गया है(=गृहीतं)परन्तु (=तु)यह हम नहीं जानते हैंकि =किस (कर्म) प्रकृतिका (परिषहोंके संबंधमें) क्या कार्य है ऐसे यहां कहाजाता है कि

ज्ञानावरणे प्रज्ञाज्ञाने॥१३॥

=ज्ञान-आवरणे उदये, प्रज्ञा-अज्ञाने-परिषहौ भवतः॥१३॥

ज्ञान-आवरणे उदये प्रज्ञा-अज्ञाने परिषहौ भवतः T =ज्ञानावरणके उदयमें प्रज्ञा तथा अज्ञान दो परिषहायें होती हैं

वृत्त्यनुवादः-इदम् अयुक्तम् वर्ततेकिंअत्र*अयुक्तम् =(प्रश्न)यह ठीक नहीं है,(=वर्तते)यहां क्या अयुक्त अर्थात् इसमें क्याअयुक्त है।

ज्ञान-आवरणे सति अज्ञान-परिषहः उपपद्यते T =ज्ञानावरणके (उदय) होनेपर (=सति) अज्ञान परिषह उपजती है,

प्रज्ञा-परिषहः पुनः*तद्-अपाये भवति। इति* =बहुरि(=पुनः)प्रज्ञा परिषहउस(*ज्ञानावरण कर्म)के अभावमें होती है अर्थात् ज्ञानके आच्छादन करनेवाले कर्मके उदय होते संते अज्ञान परिषह प्रगटहोती है,परन्तु विशेष ज्ञान वा बुद्धि (=प्रज्ञा) की प्रगटता ज्ञानके आच्छादन करनेवाले कर्मके अभावमें होती है,

(१) विद् द्वितीया अदादि गणका धातु है इसका अर्थ जानना है इसमें कोई विकरण क्रियाके प्रत्ययसे पहिले नहीं लगाया जाता है चरन् क्रियाका चिन्ह लगा दिया जाता है, सो यहां पर 'मस' उत्तम पुरुष बहुवचन वर्तमानकालकी द्योतक क्रियाका चिन्ह है, जानते हैं(हम) =विद्मः ऐसा अर्थ है॥ (२) इस सूत्रका पाठ तथा अर्थ दोनों श्वेताम्बर तथा दिगम्बर सम्प्रदायोंमें एकसा है॥

कथं ज्ञानावरणे स्यादित्यत्रोच्यते-क्षायोपशमिकीप्रज्ञा अन्यस्मिन् ज्ञानावरणे सति मदं जनयति न सकलावरणक्षये इति ज्ञानावरणे सतीत्युपपद्यते॥ पुनरपरयोःपरिषह्योःप्रकृतिविशेषनिर्देशार्थमाह-

दर्शनमोहान्तराययोरदर्शनालाभौ ॥ १४ ॥

कथम्*ज्ञान-आवरणे^{७}''स्यात्^{१}इति*अत्र*उच्यते^{१} क्षायोपशमिकी^{१}''प्रज्ञा^{१}''अन्यस्मिन्^{७}''ज्ञानावरणे^{७}''सति^{७}''मदम्^{२}जनयति न*सकल-आवरण-क्षये^{७}

=ज्ञानावरण (के उदय)में कैसे[प्रज्ञा परिषह] होती है ऐसे(प्रश्न पर) यहां कहाजाता है कि =क्षायोपशजनित प्रज्ञा अन्यमें वा परमें ज्ञानावरण कर्मके =होनेपर मदको वा अहंकारको उत्पन्न करती है न कि समस्त (ज्ञान) आवरणके =क्षयमें (प्रज्ञा मदको उपजाती है) अर्थात् जहां मद प्रज्ञा है सो ज्ञानावरणीय कर्मके क्षयोपशमसे होती है और मदको उत्पन्न करती है ज्ञानावरणीयकर्मके क्षयोपशम वालेके ज्ञानावरणकर्मकी विद्यमानता अवश्य ही होती है परन्तु वह प्रज्ञा विद्वत्ता वा विज्ञानकला जो समस्तज्ञानावरणकर्मके नाश होनेपर होतीहै केवलज्ञानीके उपजती है वहां मद वा अहंकार किंचित् भी नहीं होता है ॥

इति*ज्ञानावरणे^{७}''सति^{७}''इति*उपपद्यते ।

=ऐसे ज्ञानावरण कर्मके हानेमें(=सति)ऐसी(मंद प्रज्ञा) उत्पन्न होती है, इस समस्तका भावार्थ यह है कि ज्ञानावरणकर्मके क्षयोपशमसे उत्पन्न हुई मंद प्रज्ञा से ही अहंकार उपजाती है जिसके (अर्थात् तेरहवां वा चौदहवां गुणस्थानवर्तियोंके)सकल ज्ञानावरण का नाश होजावैगा, वहां प्रज्ञाका मद नहीं उपजेगा,प्रज्ञा वा विद्वताका मद क्षयोपशमज्ञानीके होता है और क्षयोपशमज्ञानीके ज्ञानावरणका उदय विद्यमान है ही। इस लिये प्रज्ञा (परीषह) ज्ञानावरणकर्मके उदयमें होती है ।

पुनः*अपरयोः^{२}परिषह्योः^{२}प्रकृति-विशेष-निर्देश-अर्थम्^{२}''आह ।

=पुनि अन्य दो परिषहोंकी [कर्म] प्रकृतिके =विशेष कथनके लिये (आचार्य अग्रिम सूत्रमें) कहते हैं कि

दर्शनमोहान्तराययोरदर्शनालाभौ = दर्शनमोह-अन्तराययोः अदर्शन-अलाभौ क्रमेण भवतः॥१४॥

यथासंख्यमभिसम्बन्धः । दर्शनमोहे अदर्शनपरिषहः । लाभान्तराये अलाभपरिषह इति ॥
आह यद्याद्ये मोहनीयभेदे एकः परिषहः अथ द्वितीयस्मिन् कति भवन्तीत्यत्रोच्यते—

चरित्रमोहे नाग्न्यारतिस्त्रीनिषद्याक्रोशयाचनासत्कारपुरस्काराः॥१५॥

सूत्रार्थः—दर्शनमोह-अन्तरायय[2]ः[2] अदर्शन-अलाभौ[2] क्रमेण[1] भवतः T ॥

=दर्शनमोह और अन्तराय दोनों [कर्मों] [के उदय]में अदर्शन [परिषह]
=और अलाभ(परिषह) (क्रमसे) होती हैं अर्थात् दर्शन मोहनीयकर्मके उदय होनेपर अदर्शन परिषह होती है और अन्तरायकर्मके उदयमें अलाभ परिषह होती है ॥

वृत्त्यनुवादः—यथा—संख्यम्*
अभिसम्बन्धः[1], दर्शनमोहे[2] अदर्शनपरिषहः[1], लाभ-अन्तराये[2] अलाभपरिषहः[1] इति*;
आह T यदि*आद्ये[2] मोहनीय-भेदे[2] एकः[1] परिषहः[1] अथ*द्वितीयस्मिन्[2] कति[1] भवन्ति T
इति*अत्र*उच्यते T

=(दर्शन मोह और अन्तरायका अदर्शन और अलाभके साथ) क्रमानुसार वा अनुक्रमसे
=सम्बन्ध है, दर्शनमोह कर्म (के उदय)में अदर्शन परिषह वा दर्शनाभाव परिषह होती है,
=और लाभान्तराय[कर्मके उदय]में अलाभ परिषह होती है ऐसे [सम्बन्ध] है,
=प्रश्न करता है कि जो [=यदि] प्रथम वा आदिमें मोहनीय (कर्म)के भेदमें (अदर्शन)एक
=परिषह होती है, अब (=अथ) दूसरे [मोहनीय कर्मके भेद]में कितनी (परिषहा) होती हैं
=ऐसे [प्रश्न होनेपर] इस स्थानमें (=अत्र) [अग्रिम सूत्रमें] कहाजाता है कि

चारित्रमोहे नाग्न्यारतिस्त्रीनिषद्याक्रोशयाचनासत्कारपुरस्काराः। [दोनों समाजोंमें पाठ,अर्थ एक है]
= चारित्रमोहे-नाग्न्य-अरति-स्त्री-निषद्या-आक्रोश-याचना-सत्कारपुरस्काराः (परिषहाः भवन्ति)

सूत्रार्थः—चारित्रमोहे—नाग्न्य—अरति—स्त्री—निषद्या—आक्रोश—याचना—सत्कारपुरस्काराः[1] परिषहाः[1] भवन्ति T ॥

=चारित्र मोहनीयकर्म [के उदय होने]में निरावरण तन वा नग्नता, (संयममें) अप्रीति
=स्त्रीका अवलोकन वा स्पर्शन, आसन, अनिष्ट वचन वा दुर्वचन, मांगना वा प्रार्थना,
=मानअपमान वा सत्कारतिरस्कार (ये सात)परिषहायें होती हैं अर्थात् चारित्रमोहनीय प्रकृति जब उदयको प्राप्त होती है तब(१)निरावरण तन परिषह (२)संयममें मुनिकी अप्रीति परिषह[३]स्त्रीकाअवलोकन वा स्पर्शन परिषह(४) आसनपरिषह[५] अनिष्टवचन वा दुर्वचन परिषह[६]मांगनेकीपरिषह [७]मानअपमान परिषह वा सत्कारतिरस्कार होती हैं।

पुंवेदोदयादिनिमित्तत्वान्नाग्न्यादिपरिषहाणां मोहोदयनिमित्तत्वं प्रतिपद्यामहे । निषद्यापरिषहस्य कथम् ? तत्रापि प्राणिपीडापरिहारार्थत्वात् । मोहोदये सति प्राणिपीडापरिणामः सञ्जायत इति ॥ अवशिष्टपरिषहप्रकृतिविशेषप्रतिपादनार्थमाह—**वेदनीये शेषाः॥ १६॥**

पुंवेद–उदय–आदि–निमित्तत्वात्[५]'''नाग्न्य–आदि–=पुरुषवेदके उदय आदिके कारणपनेसे नाग्न्य अरति-स्त्री-आक्रोश-याचना-सत्कारपुरस्कार परिषहाणाम्[६]'मोह उदय-निमित्तत्वं[६]'''(१)प्रतिपद्यामहे=परिषहोंके मोहनीय कर्मके उदयका निमित्तपनाको (हम) मानते हैं(=प्रतिपद्यामहे),

निषद्या–परिषहस्य[६]'कथम्* ?

=निषद्या परिषहके कैसे (मोह उदयका निमित्तपणा) है अर्थात् प्रश्नका आशय ऐसा है कि चारित्र मोहनीय कर्मके उदय होनेपर सात परिषहायें होती हैं उनमें पूर्वोक्त छह परिषहायें तो पुरुषवेद आदि चारित्र मोहनीयकर्मके भेदोंसे होती हैं परन्तु निषद्या परिषहा तो आसनकी परिषहा है इसके चारित्र मोहनीयकर्मके उदयका कारण कैसे है।

तत्र*अपि*प्राणिन्–पीडा–परिहार–अर्थत्वात्[७]'''मोह–उदये[७]'सति[७]'प्राणिन्–पीडा–परिणामः[१]'सञ्जायते T इति * ॥

=(उत्तर)वहां (निषद्या वा आसन परिषहमें) भी प्राणियोंके कष्टके निवारणका =प्रयोजनहोनेसे(=अर्थत्वात्) मोहनीयकर्मके उदय होनेपर प्राणियोंको कष्ट देनेका =भाव उत्पन्न होता है भावार्थ प्राणियोंको कष्ट देनेके परिणाम मोहके उदयसे होते हैं, आसनसे चिगना मोहके उदयके कारणसे है,अतः मोहनीय कर्मको यहां मुख्यता है।

अवशिष्ट-परिषह-प्रकृतिविशेष-प्रतिपादन-अर्थम्[१]'''आह=बची हुई (ग्यारह) परिषहोंके विशेष निमित्त(=प्रकृति)कहनेकेलिये (आगे)कहते हैं कि

वेदनीये शेषाः ॥१६॥

वेदनीये[७]'''शेषाः[१]'एकादश[१]'परिषहाः[१]'भवन्ति T

=वेदनीये[७]॥ शेषाः[१](एकादश[१]परिषहाः[१]) भवन्ति ॥१६॥

=वेदनीय (कर्मके उदय)में बचीहुई ग्यारह परिषहाये होती हैं अर्थात् क्षुधा, तृषा, शीत, उष्ण, दंश, मशक, चर्या, शय्या, वध, रोग, तृणस्पर्श और मल ये ग्यारह परिषहायें वेदनीय कर्मके उदय होनेपर होती हैं ॥ १६ ॥

(१)पद् दिवादि चौथेगणका धातु है। पद् धातुका जानाअर्थ है परन्तु प्रतिके लगानेसे प्रतिपद्=मानना वा स्वीकार करना अर्थ होजाता है; 'य' चौथेगणका विकरणहै, महे उत्तम पुरुष बहुवचन, आत्मनेपद वर्तमान क्रियाका चिन्ह है,प्रति+प्रय+महे=प्रतिपद्यामहे क्योंकि उत्तम पुरुषके वे प्रत्यय जो म्-व्से प्रारंभ हों,इनके पहिले आया हुआ अकार दीर्घ होजाता है अतः प्रति+पद्+य+महे=प्रति+पद्या+महे=प्रतिपद्यामहे।

उक्ता एकादश परिषहाः । तेभ्योऽन्ये शेषा वेदनीये सति भवन्तीति वाक्यशेषः ॥ के पुनस्ते ? क्षुत्पिपासाशीतोष्णदंशमशकचर्याशय्यावधरोगतृणस्पर्शमलपरिषहाः ॥ आह— क्याख्यातनिमित्तलक्षणविकल्पाः प्रत्यात्मनि प्रादुर्भवन्तः कति युगपदवतिष्ठन्त इत्यत्रोच्यते—

(प्रथम पाठ)एकादयो भाज्या युगपदेकस्मिन्नैकोनविंशतेः ॥१७॥

वृत्त्यनुवादः—एकादश[1]

परिषहाः[1] उक्ताः[1], तेभ्यः[1] अन्ये[1] शेषाः[1] वेदनीये[1] सति[1] भवन्ति T इति* वाक्यशेषः[1];

=ग्यारह(प्रज्ञा-अज्ञान-अदर्शन-अलाभ-नाग्न्य-अरति-स्त्री-निषद्या-आक्रोश-याचना-सत्कारपुरस्कार/ =परिषहायें कही गई, तिन(ग्यारह परिषहाओं)से भिन्न बचे हुये वा अवशेष(परिषहायें) =वेदनीय (कर्मकी प्रकृतिके उदय)के होनेपर (=सति)होती हैं,] =ऐसा (अर्थात् तेभ्यो अन्ये सति भवन्ति)गुप्त वाक्य वा छिपा हुआ वाक्य(वेदनीये शेषाः— १६वां सूत्रमें)है अर्थात्"वेदनीय शेषा"इससूत्रमें"तेभ्यो ऽन्ये सति भवन्ति"जोड़ना चाहिये

के[1] पुनः* ते[1] ?क्षुत्-पिपासा-शीत-उष्ण-दंशमशक-चर्या-शय्या-वध-रोग-तृणस्पर्श-मल-परिषहाः[1] ॥ आह T— व्याख्यात-निमित्त-लक्षण-विकल्पाः[1]

=और (=पुनः)ते (ग्यारह परिषहायें)कौन हैं (उत्तर) क्षुधा वा भूख, प्यास, हिम,धूप वा उष्ण =डांस मच्छर आदिका काटना, गमन, शयन, मारन, रोग, तिनका आदिकका चुभना, =मल परिषहायें हैं॥ (शिष्य वा वादी) प्रश्न करता है कि (परिषहाओंके ज्ञानावरणादिक) =निमित्त लक्षण और भेद कहे गये हैं अर्थात् कौनकौन परिषह किनकिन कर्मों की प्रकृतियों के निमित्त वा हेतुसे होती हैं, इसके स्वरूप [=लक्षण] तथा भेद[विकल्पाः]कहे गये

प्रति*-आत्मनि[1] प्रादुर्भवन्तः[1] कति[1] युगपद्* अवतिष्ठन्ते T इति* अत्र* उच्यते T—

=[परन्तु हमने यह नहीं जाना कि]एक जीवमें कितने [परिषह] एकसाथ वा एक कालमें प्रगट =हो(रुक)ते हैं ऐसा [प्रश्न होनेपर]इस स्थानमें [अगले सूत्रमें]कहा जाता है कि

(१)(प्रथम पाठ) एकादयो भाज्या युगपदेकस्मिन्नैकोनविंशतेः ॥ १७ ॥

[१]इस सूत्रके पाठ भिन्न भिन्न प्रतियोंमें पृथक् पृथक् हैं कुछ व्याकरणकी रीतिसे शुद्ध हैं कुछ अशुद्ध हैं,प्रथम इसके कि हम उन पाठोंकोलिखकर उनपर समालोचनाकरें एकस्मिन्नैकोन विंशतेः(=एकस्मिन् + ऐकोनविंशतेः) = एकस्मिन् + आ + एकान विंशतेः = एकस्मिन् + आ + एक + ऊनविंशतेः पर कस्मिन्नैकाऽविंशतेः(=एकस्मिन् + ऐकाऽविंशतेः) = एकस्मिन + आ + एकाऽविंशतेः वाक्योंपर टिप्पणी लिखदें कि सूत्रसरलतासे समझमें आजावे

अर्थात् एकस्मिन्(इस दुहरे हलन्त न का पदच्छेदमें एक हलन्त न कैसे रह गया)आ,एकोन,एकात्र, और एकाग्रविंशति,किस २ अर्थकेद्योतकहैं
(अ) जब ङ्-ण-न् मेंसेकोई शब्द अथवा पदके अन्तमें हो और उसके पहले कोई ह्रस्व स्वर आवे और उक्त ङ्-ण्-न्के पश्चात् कोई स्वर होतो
ङ्-ण्-न् दुहरा हो जाता है इसलिये एकस्मिन्+ऐकोन और एकस्मिन्+ऐकाग्रके, एकस्मिन्नैकोन और एकस्मिन्नैकाग्र क्रमसे होगये।
(आ) आ-सामान्यरूपमें अव्यय है( )वर्णमालाका दूसरा स्वर ( )अनुकम्पा,दया( )वाक्य ( ), संशय[ ]मेल [ ]अंगीकार [ ] कष्ट, शोक [ ]
स्मृति, स्मरण [पुंलिंगमें इसका अर्थ महादेव है]॥ वाक्य और स्मरणसे भिन्न वह ङित् होता है अर्थात् वाक्य और स्मरण अर्थमें ङित् नहीं
होता है वरन् इसकी प्रगृह्य संज्ञा होती है। ङित् वह है जिसके अंतमें ङ् हो, आ जब ङित् होता है तब 'आङ्' ऐसा रूपहोता है, इस ङ्
को अनुबन्ध कहते हैं, धातु,प्रत्यय, आगम और आदेशमें गुण, वृद्धि आदि कार्य विशेषके लिये लगाया गया कोई वर्ण अक्षर जो कि पदकी
सिद्धिकालमें इत् होकर लोप होजाता है इसीको अनुबन्ध कहते हैं, पदकी सिद्धिमें इत्(=सूत्र शब्द, अथवा वाक्यका अंतिम केवल व्यंजन,
अकेला व्यंजनमात्र)का लोप हो जाता है॥ व्याकरणमें स्वर सन्धि न होने योग्य पदको प्रगृह्य कहते हैं अर्थात् सन्धिके नियमोंको विना
पालन किये हुये किसी शब्दको लिखना अथवा उच्चारण कर देना, सारांश वे स्वर जिनकी संधि न होवे॥ उपर्युक्तसे प्रगट है कि उक्त अव्यय
वा निपात जो कि प्रगृह्य नहीं है आङ् रूपमें है और जो प्रगृह्य है आ रूप में शोच, शोक, स्मरण इत्यादि प्रगट करनेमें आता है॥ हमारा
संबंध यहां आङ्से है अर्थात् जो प्रगृह्य नहीं है और जिस पर स्वरसंधिके नियम लागू हैं इसका प्रयोग निम्न चार अर्थोंमें होता है॥
(क) जब ईषा,गुण वाचक इत्यादि शब्दोंके साथ जोड़ा जाताहै तब थोड़ा,अल्प,ईषत् वा किंचित् अर्थमेंआताहै॥जैसे कम्प=कपकपी,थरथराहट
पूज्येषु[1] आदरः[2] विनयः[3];काय-चेष्टया[4] =पूजने योग्य(पुरुषों)में सन्मान अथवा प्रतिष्ठा सो विनय है । शरीरके यत्नसे वा उद्योगसे

द्रव्यान्तरेण[1] च*उपासनं[2] वैयावृत्यम्[3]; =और (=च) द्रव्यान्तर वा अन्य द्रव्यसे सेवा वा टहल (करना) सो वैयावृत्त्य है ।

ज्ञान-भावना-आलस्य[1] त्यागः[2] स्वाध्यायः[3]; =ज्ञानके आराधनमें आलसका परिहार सो स्वाध्याय है ।

आत्मा[1] आत्मीय-संकल्प-त्यागः[2] =मैइं (=आत्मा) ये अपना है (=आत्मीय) (ऐसे) मनके व्यापार (=संकल्प)की निवृत्ति

व्युत्सर्गः[3]; =सो व्युत्सर्ग तप है अर्थात् पर द्रव्यविषैं यह मेरा है, यह मैं हूं, ऐसे संकल्पका निवारणसेहै

चित्त-विक्षेप-त्यागः[1] ध्यानम्[2],तद्-भेद- =चित्तके चलाचलपनका वा व्याकुलता का त्याग सो ध्यान है. उस(अभ्यन्तर तप)के भेद

प्रतिपादन-अर्थम्[3] आह T =कहने को (आचार्य अगले सूत्रमें) कहते हैं कि

नवचतुर्दशपञ्चद्विभेदा यथाक्रमं प्राग्ध्यानात् ॥ २१ ॥

*श्वेताम्बर आम्नायमें तथा हमारेयहांके २ भाष्योंमें भी कहीं पञ्च भेदा पाठ है कहीं पञ्चभेदं पाठ है॥अतः दोनोंसमाजमें पाठभेद है अर्थ भी एकसाहै

यथाक्रममिति वचनान्नवभेदं प्रायश्चित्तम् ॥ विनयश्चतुर्विधः ॥ वैयावृत्यं दशविधम् ॥ स्वाध्यायः पञ्चविधः ॥ द्विविधो व्युत्सर्ग इत्यभिसम्बध्यते ॥ प्राग्ध्यानादितिवचनं ध्यानस्य बहुवक्तव्यत्वात्पश्चाद्वक्ष्यत इति ॥ आद्यस्य भेदस्वरूपनिर्ज्ञानार्थमाह—

पदच्छेदः—नव-चतुर्-दश-पञ्च-द्वि-भेदाः भवन्ति यथाक्रमम् प्राग्-ध्यानात् ॥ २१ ॥

सूत्रार्थः—नव-चतुर्-दश-पञ्च-द्वि-भेदाः[1] भवन्ति =नौ, चार, दश, पांच दो भेद हैं (=भवन्ति) जिनके ऐसे
यथाक्रमम्* प्राग्ध्यानात्[2] =क्रमसे ध्यानसे पहिले पांच तप हैं अर्थात् प्रायश्चित्त तपके नौ, विनय तपके चार, वैयावृत्यतपके दश, स्वाध्यायतपके पांच, व्युत्सर्गतपके दो भेद क्रमसे हैं ॥[सूत्र २७में ध्यान है]

वृत्त्यनुवादः—यथाक्रमम्* इति वचनात्[3] नवभेदः =[इस सूत्रमें] यथाक्रमम् ऐसे वाक्यसे नौ भेदरूप
प्रायश्चित्तम्[4], विनयः चतुर्विधः, वैयावृत्यं[5] दश- =प्रायश्चित्त[तप]है, विनय [तप] चार प्रकार है, वैयावृत्य [तप] दश
विधम्[6] स्वाध्यायः पञ्चविधः द्विविधः व्युत्सर्गः इति =प्रकार है, स्वाध्याय [तप] पांच प्रकार है, दो भेदरूप व्युत्सर्ग [तप] है ऐसे,
(२०वांसूत्रकेध्यानकेपहिलेवालेपांचतपोंका२१वां सूत्रके नव, चतुर् दश, पञ्च, द्वि, गणनाके साथ यथासंख्य अर्थात् पहिले तपका नवके साथ, दूसरे तपका चतुर्के साथ, तीसरे तपका दशके साथ, चौथे तपका पञ्चके साथ, पांचवां तपका द्विके साथ]
अभिसम्बध्यते[7] प्राग्-ध्यानात्[8] इति* वचनम्[9] ॥ =सम्बन्ध किया जाता है वा जोड़ा जाता है, [इस सूत्रमें] प्राग् वाक्य ऐसा
ध्यानस्य[10] बहुवक्तव्यत्वात्[11] पश्चात्* वक्ष्यते इति*, =ध्यान [तप] की बहुत कथनीय होने [के हेतु] से पीछे (अट्ठाईसवां सूत्रमें)कहेंगे,
आद्यस्य[12] भेद-स्वरूप-निर्ज्ञान-अर्थम्[13] आह T =आदिके (प्रायश्चित तप)के विकल्प तथा स्वरूपके निर्णयके लिये कहते हैं कि

(१) प्राग्-यह शब्द यथार्थमें "प्राच् [त्रिलिंगी है] प्र + अच् + ङिन् । पहिला समय और देश" यह देश अर्थात् स्थानके अर्थमें आया है॥[पा०को०३५७] च् घोष अक्षर अर्थात् ग्-घ्-ङ् । ज्-झ्-ञ् । ड्-ढ्-ण् । द्-ध्-न्, ब्-भ्-म् । य्-र् ल्-व्-ह् । के पहिले ग् में और अघोष अक्षर अर्थात् क्-ख्-च्-छ् । ट्-ठ्-त्-थ् । प्-फ् । श्-ष्-स् ।) के प्रथम क में परिवर्तन होजाता है, इसलिये च् ध्यानके घ् अक्षरके पहिले ग्में पलटकर प्राग् होगया, और "विग्रहवती च संसारिणः प्राक् चतुर्भ्यः" सूत्रमें प्राच् का च् चतुर्भ्यः के च् अघोष अक्षरके पहिले है, अतः च्का परिवर्तन क्में होकर 'प्राक्' होगया ॥

आलोचनप्रतिक्रमणतदुभयविवेकव्युत्सर्गतपश्छेदपरिहारोपस्थापनाः

आलोचनप्रतिक्रमणतदुभयविवेक[१]व्युत्सर्ग[२]तपश्छेद[३]परिहारोपस्थापनाः ॥ २२ ॥

सूत्रार्थ:—आलोचन-प्रतिक्रमण-तदुभय-=अपराधोंको प्रगट करना, कृत अपराध मिथ्या होउ,वे दोनों(आलोचन और प्रतिक्रमण) करना विवेक-व्युत्सर्ग-तपः-छेद-परिहार- =आहारादिका त्यागकरादेना,कायोत्सर्गादिक करना,तप करना,दिक्षाका विच्छेद,संघसे निकालना उपस्थापनाः॥ आयश्चित्तस्य नव-भेदाः॥=दिक्षाको छेदकर फिरसे देना, प्रायश्चित्त तपके (ये) नौ भेद हैं अर्थात् (क) दश दोष रहित गुरुके निकट जाकर लगेहुए अपराधोंको प्रगट करना सो आलोचन है (दश दोषका विवरण वृत्तिके अर्थमें देखो) (ख) मैंने जो अपराध किये हैं, सो मिथ्या होउ, निष्फल होहु इत्यादि प्रगट करना सो दूसरा प्रतिक्रमण प्रायश्चित्त है॥(ग)कोई दोषतो आलोचनमात्रसे शुद्ध होजाता है और कोई दोष प्रतिक्रमण करनेसे शुद्ध होजाता है, कोई दोष दोनों आलोचना तथा प्रतिक्रमण करनेसे शुद्ध होता है उसको तदुभय [तद्=वो, उभय=दोनों वो दोनोंकरि]प्रायश्चित्त कहते हैं (घ) दोषकरि सहित जो आहार—पानी उपकरण तिनका संसर्ग हुआ होय तो तिनका त्याग करना भावार्थ किसी वस्तुका सदोषका संदेह हो, सदोष वस्तु विषै निर्दोषका ज्ञान भया,जिस वस्तुका त्याग किया था उसका पुनि ग्रहण होजाय, तिस वस्तु वा तिन वस्तुओंका फिर त्याग करना सो विवेक प्रायश्चित्त है (ङ) जिनेन्द्र भगवान्के गुणोंकी भावना सहित शरीरमें ममत्वका त्याग सो कायोत्सर्ग है (मूलचार गाथा २७) कायोत्सर्गादिकाल का नियमकरि करना सो व्युत्सर्ग प्रायश्चित्त है ॥ (च) अनशन-आवमोदर्य,आदिक तप वेला पंचोपवासादि करना सो तप प्रायश्चित्त है (देखो इस अध्यायका सूत्र १९,२०तपके सम्बन्धमें) (छ) दिन, मास संवत्सरकी दीक्षाका छेदकरना सो छेदनामका प्रायश्चित्तहै[ज]पक्ष मासादिकके नियमसेमुनिकोसंघसे निकाल देना सो परिहार है [झ] समस्त दीक्षाको छेदकर फिरसे दीक्षा देना सो उपस्थापना प्रायश्चित्त है ॥

(१) प्रायः प्रतियोंमें 'व्युत्सर्ग'है कहीं व्युत्सर्ग है दोनों शुद्ध हैं क्योंकि'अचोरहाभ्याम् ह्रे वा' सूत्रसेविकल्पकरि तुहरा ग् होजाता है।(२)'तपश्छेद'शुद्धहै जहां 'तपश्च्छेद'है अशुद्ध है वो यदि विसर्गको स्वर न माने तो अशुद्ध है,क्योंकि छ् मेंच् तबआता है जब छ् से पहिले कोई स्वर हो,छ् सेपहिले विसर्ग है [३] श्वेताम्बर आम्नायके समाष्यतत्त्वार्थाधिगमसूत्रमें तथा भाष्यानुसारिणी तत्त्वार्थटीकामें 'परिहारोपस्थापना'के स्थानमें 'परिहारोपस्थापनाभि है

तत्र गुरवे प्रमादनिवेदनं दशदोषविवर्जितमालोचनम् ॥ आकम्पियमणुमणियं जं दिट्ठं बादरं च सुहुमं च ॥ छण्णं सद्दाउलयं बहुजणमव्वत्तसस्सेवि ॥ १ ॥

तत्र=गुरवे[1]दशदोषविवर्जितम् [1]॥	=तहां गुरुको दशदूषण रहित
प्रमाद-निवेदनम्[2]॥ आलोचनम्[1]॥	=प्रमाद(द्वारा लागे दोषों)का सविनय कहना(=निवेदन)सो आलोचना(१)प्रायश्चित्तहै॥
आकम्पियमणुमणियं जं दिट्ठं बादरं च सुहुमं च =(आकंपितं अनुमानितं यद्दृष्टं बादरं च सूक्ष्मं च	=आकंपित, अनुमानित, दृष्ट और (=च) बादर और (=च) सूक्ष्म
छण्णं सद्दाउलयं बहुजणमव्वत्तसस्सेवि ॥१॥ =छन्नं शब्दाकुलितं बहुजनं अव्यक्तसस्सेवि	=प्रच्छन, शब्दाकुलित, बहुजन, अव्यक्त, सस्सेवि वा तत्सेवी (दोष) हैं ॥

अर्थात् हमारे यहां 'उपस्थापना' स्त्री लिंगमें है उसका बहुवचन स्त्रीलिंग प्रथमा विभक्तिमें 'उपस्थापनाः' है, श्वेताम्बर समाजके भाष्योंमें उपस्थापन नपुंसकलिंगमें है, जिसका बहुवचन'उपस्थापनानि' हुआ उप अव्यय है,स्थापन और स्थापना दोनों शब्द शुद्ध और ठीक हैं (पद्मचन्द्र कोश पृष्ठ ४३८)शेष पाठ और अर्थ एक है, हमारे यहां की बहुधा प्रतिओंमें आलोचन शब्द पाया जाता है कहीं कहीं पर आलोचना शब्द भी है ॥ दोनों शब्दोंका प्रयोग ठीक है । 'आलोचन'' का प्रयोग प्रथमा विभक्ति एक वचन नपुंसक लिंग में है, 'अलोचना' प्रथमा विभक्ति स्त्रीलिंग में है ॥ (१) आलोचन, प्रकटन (लोगों को अपना कृत्य प्रगट करदेना) प्रकाशन, आख्यान, प्रादुष्करण एकार्थवाचक शब्द हैं । (देखो सभाष्यतत्त्वार्थाधिगमसूत्र पृष्ठ२१३(क) प्रायः कहिये साधु लोकका समूह, तिनकाचित्त जिस कार्यमें प्रवर्त सो प्रायश्चित्त कहिये (राजवार्तिकसे) (ख)प्रायः कहिये अपराध उसकी चित्त कहिये शुद्धि करना, अपराध की शुद्धि करना सो प्रायश्चित्त है अथवा अपराधो वा प्रायस्तेन विशुद्ध्यते इति=तिसकरि अपराध वा दोष (=प्रायस्) शुद्ध किया जाता है सो प्रायश्चित्त है (ग) प्रायश्चेतयति येन तत्प्रायश्चित्तम्=जिससे वा जिस द्वारा (=येन) अपराधसे चेत जाता है वा सावधान हो आता है वा दोष को जान जाता है वह प्रायश्चित्त है (और जानकर अपराध वा निषिद्ध आचरण को नहीं करता है ऐसा भाव झलकता है) अथवा चिती संज्ञानविशुद्धयोः=चिती सम्यग्ज्ञान और विशुद्ध अर्थोंमें धातु है, उस (चिती) धातुसे निष्ठा क्त (=त) प्रत्यय करनेसे अथवा उणादि 'त' प्रत्यय करने से (चित्+त) चित्त यह शब्द सिद्ध होता है तो इससे यह अभिप्राय सिद्ध होता है कि इन पूर्वोक्त आलोचन आदि नौ प्रकारके क्लेशरूप प्रायश्चित्त नामक विशेष तपोंसे जिसको अप्रमाद अर्थात् सावधानता प्राप्त हुई ऐसा पुरुष जिस व्यतिक्रम वा निषिद्धाचरण (=प्रायः) को जानजाय और जानकर पुनः उन(=निषिद्धाचरण, अपराध, प्रमाद, असावधानता दोष) जिसके द्वारा नहीं करता उसको प्रायश्चित्त कहते हैं। (घ) पद्मचन्द्रकोष पृष्ठ २५८ में प्रायश्चित्त शब्दकी व्युत्पत्ति ऐसे हैं"प्रायश्चित्त, (न०)प्रायस्+चित्+क । प्रायस्=तपस्या, चित्त=निश्चय है, निश्चय संयुक्त तपस्या को प्रायश्चित्त कहतेहैं" ॥ प्रायश्चित्त के पर्याय वाचक शब्द मूलाचारग्रन्थ की ३६३ गाथामें ऐसे हैं कि' पुराने कर्मों का नाश,क्षेपण, निर्जरा,शोधन, धावन (=शोधन), पुच्छन,[निराकरण] उत्क्षेपण, छेदन [द्वैधी करण] ॥ "

अर्थात् गुरु वा आचार्य अनुग्रह रूप होकर अल्प प्रायश्चित्त देवेंगे,उनकी भेट पीछी कमंडल अथवा अन्य उपकरण करके इस लोभको प्राप्त हुआ(=आकम्पित-पद्मचन्द्र कोशपृष्ठ ५२ के अनुसार)आलोचना करै सो प्रथम आकम्पित दोष सहित आलोचना है (२) मैं दुर्बल हूं-रोगी हूं- उपवासादिक करने को असमर्थ हूं, मुझको अल्प प्रायश्चित्त देदेवेंगे तो मैं भी दोषों की आलोचना वा प्रकटन करूं इस प्रकार आचार्य वा गुरु को अपने स्वरूप का वा अवस्थाका अनुमान कराय आलोचना करना सो दूसरा अनुमानित (=अनुमान कराया गया) दोष सहित आलोचना है (३) अन्य करि नहीं देखेहुये दोष को तो मायाचार करि छिपावना और प्रत्यक्ष वा प्रकट हुये (=दृष्ट) दोष की आलोचना वा प्रकाशन करना सो तीसरा दृष्ट (=प्रत्यक्ष वा देखे हुये) दोष सहित आलोचना है (४) आलस्यसे और प्रमादसे अल्प दोष को न गिने और उसके जतावनेका उत्साह न करै स्थूल दोष की आलोचना करै सो चौथा बादर (=स्थूल) दोष सहित आलोचना है (५) महान् दुस्तर प्रायश्चित्त देनेके भयसे बड़े दोषको छिपावना और अल्प दोषकी आलोचना करना सो पांचवा सूक्ष्म(=अल्प) दोष सहित आलोचना है (६) अमुक व्रतके अतीचार होते क्या प्रायश्चित्त होता है इस अभिप्रायसे प्रायश्चित्त को जाननेके लिये गुरु वा आचार्यकी उपासना वा टहल करनी दोष न कहना सो छठवां प्रच्छन्न (=गुप्त) दोष सहित आलोचना वा प्रकाशन है (७) पाक्षिक चातुर्मासिक सांवत्सरिकादि प्रतिक्रमणके दिवसमें जब बहुत मुनि इकट्ठे होवें और आलोचनाके शब्द बहुत होवैं तब आपभी अपना दोष इस आशय वा अभिप्रायसे कि बहुतसे शब्दोंके होनेसे कुछ सुनाई पड़ेगा कुछ नहीं(सुनाई पड़ैगा) कहै सो सातवां शब्दाकुलित (ध्वनिव्याकुलित, ध्वनि में गड़ बड़ाये हुये वा ध्वनिमें घबरायेहुये) दोष सहित आलोचना वा आख्यान है (८) गुरु वा आचार्यका दिया हुआ प्रायश्चित्त है सो योग्य है कि नहीं तथा आगममें है कि नहीं इसप्रकार शंकाकरि अन्य मुनियों वा साधुओं से पूछना सो आठवां बहुजन (=जनता=मनुष्यगण वा अनेक व्यक्ति) दोष सहित आलोचना अथवा प्रायुष्करण है (९) कुछ प्रयोजन विचार आपसमान हो उसको अपना अपराध वा दोष कहै गुरु वा आचार्य से न कहै और प्रायश्चित्त आपही लेलेवै सो नवमा अव्यक्त(अप्रगट वा अप्रकाशित)दोष सहित आलोचना है। इसमें बड़ा प्रायश्चित्त भी लेलेवे वा धारण करै सो भी फलकारी नहीं है॥ (१०) गुरुके सामने आलोचना न करै किसी मुनिने वैसाही दोषरूप आचारण किया हो जैसा अब स्वयम् ने कियाहै तो यह विचारकर कि जैसा अमुक मुनिको प्रायश्चित्त दियाहै वैसाही मुझको भी लेलैना चाहिये ऐसे अपने दोषको छिपावना सो दशवां तत्सेवी वा तत्सम दोष सहित आलोचना है॥

इति दस दोसा ॥ मिथ्यादुष्कृताभिधानादभिव्यक्तप्रतिक्रियं प्रतिक्रमणम् ॥ संसर्गे सति विशोधनात्तदुभयम् ॥ संसक्तान्नपानोपकरणादिविभजनं विवेकः ॥ कायोत्सर्गादिकरणं व्युत्सर्गः॥ अनशनावमोदर्यादिलक्षणं तपः॥ दिवसपक्षमासादीनां प्रव्रज्याहापनं छेदः॥पक्षमासादिविभागेन

इति*दस^{३} दोषा^{३}, मिथ्या*दुष्कृत-अभिधानात् ^{३} अभिव्यक्त-प्रतिक्रियम् ^{३}॥ प्रतिक्रमणम्^{३}॥, संसर्गे^{३} सति ^{३} विशोधनात् ^{३}॥ तद्-उभयम् ^{३}॥,

=इस प्रकार (=इति) दश दूषण हैं, (मेरे) खोटे कियेहुये काम (=दुष्कृत)असत्य(=मिथ्या) होहु, निष्फल (=मिथ्या) होहु अथवा निष्परिणाम (=मिथ्या)होहु
=(ऐसे) कहनेकरि प्रत्यक्ष वा प्रगट रूपसे प्रतिकार वा शोधन (दोषका हटाना)
=सो प्रतिक्रमण है, (आलोचना तथा प्रतिक्रमण के) सम्बन्ध होनेपर
=दोष वा अपराध के जाते रहनेसे तद्-उभय (प्रायश्चित्त होता) है अर्थात् कोई दोष तो आलोचना मात्रसे शुद्ध होजाता है और कोई दोष प्रतिक्रमण करनेसे शुद्ध होजाता है कोई दोष दोनों आलोचना तथा प्रतिक्रमण करनेसे शुद्ध होजाता है उसको तदुभय (=तद्-उभय) प्रायश्चित्त कहते हैं।

संसक्त-अन्न-पान-उपकरण-आदि-विभजनम् ^{३}॥ विवेकः^{३},

=मिलित अर्थात् दोषकरि संयुक्त अन्न-पान सामिग्री (=उपकरण) आदिका
=(संसर्ग होनेपर) पृथक् करना सो विवेक(प्रायश्चित्त)है यहां तात्पर्य ऐसाहै कि किसी वस्तुमें सदोषका संदेह पड़ता हो,सदोष वस्तुविषैं निर्दोषका ज्ञानहुआ हो,जिस वस्तुका त्याग किया या उसकाफिर ग्रहणहोजाय तिस वस्तु वा तिन वस्तुओंको फिरत्यागकरना सो विवेकप्रायश्चित्तहै।

काय-उत्सर्ग-आदि-करणम्^{३}॥ व्युतसर्गः^{३},

=कायोत्सर्गादिका अनुष्ठान सो व्युतसर्ग है अर्थात् कालका नियमकरि जिन भगवान्के गुणोंकी भावना सहित देहमें ममत्वका छोड़ना [=कायोत्सर्ग]सो कायोत्सर्ग है इस प्रकार कायोत्सर्गादिक का करना सो व्युत्सर्ग प्रायश्चित्त है।

अनशन-आवमोदर्य-आदि-लक्षणम्^{३}॥॥तपः^{३}॥,=[सम्यग्]उपवास तथा न्यून आहारता आदिक स्वरूप संयुक्त(=लक्षण)तप[प्रायश्चित्त]है

दिवस-पक्ष-मास-आदीनां^{३}प्रव्रज्या-हापनम् ^{१}॥=दिन,पाख, महीने आदिक की दीक्षा [=प्रव्रज्या] घटाना[=हापन]

छेदः ^{३}, पक्ष-मास-आदि-विभागेन ^{३}।

=सो छेद [प्रायश्चित्त] है। पाख महीने आदिका विभागकरि

दूरतः परिवर्जनं परिहारः ॥ पुनर्दीक्षाप्रापणमुपस्थापना ॥ विनयविकल्पप्रतिपत्त्यर्थमाह—

॥ ज्ञानदर्शनचारित्रोपचाराः ॥ २३ ॥

विनय इत्यधिकारेणाभिसम्बन्धः क्रियते ॥ ज्ञानविनयोदर्शनविनयश्चारित्रविनय उपचारविनयश्चेति ॥ सबहुमानं मोक्षार्थं ज्ञानग्रहणाभ्यासस्मरणादिर्ज्ञानविनयः। शङ्कादिदोषविरहितं तत्त्वार्थश्रद्धानं दर्शनविनयः । तद्वतश्चारित्रसमाहितचित्तता चारित्रविनयः । प्रत्यक्षेष्वाचार्यादिषु

दूरतः*परिवर्जनम् १॥ परिहारः १, =दूरसे वर्जना सो परिहार(प्रायश्चित्त)है अर्थात् संघसे निकालदेना सो परिहार प्रायश्चित्त है।
पुनर्*दीक्षा-प्रापणम् १॥उपस्थापना १, =फिर दीक्षाका ग्रहण (=प्रापण)सो उपस्थापना (प्रायश्चित्त) है अर्थात् गुरु पहिलेकी दीक्षा छेदकर नवीन दीक्षा को देते हैं सो उपस्थापना (प्रायश्चित्त) है ।
विनय-विकल्प-प्रतिपत्ति-अर्थम् १॥ आह T— =विनय (तप) के भेद कहनेके लिए (आचार्य्य अग्रिम वा अगला सूत्रमें) कहते हैं कि

ज्ञानदर्शनचारित्रोपचाराः ॥२३॥ =ज्ञान-दर्शन-चारित्र-उपचाराः ३(विनयस्यचतुर्भेदाः ३)॥२३॥

सूत्रार्थः-ज्ञान-दर्शन-चारित्र-उपचाराः ३ विनयस्यः १=ज्ञान-दर्शन-चारित्र-उपचार विनय (तप) के
चतुर्भेदाः ३ भवन्ति T =चार भेद हैं अर्थात् ज्ञान विनय, दर्शन विनय, चारि त्रविनय, उपचार विनय हैं।
वृत्त्यनुवादः-विनयः १ इति*अधिकारेण १ =(इस सूत्रमें)विनय शब्द ऐसा प्रकरण होनेसे(प्रत्येक ज्ञान,दर्शन,चारित्र,उपचार के साथ)
अभिसंबन्धः १ क्रियते T ॥ =संयोग किया जाता है ॥
ज्ञानविनयः १ दर्शनविनयः १ चारित्रविनयः च उपचार =(तब) ज्ञानविनय, दर्शनविनय, चारित्रविनय तथा उपचार
विनयः १ इति*सबहुमानं १ मोक्षार्थं १ ज्ञान-ग्रहण—=विनयऐसा(परिपूर्णवाक्य) हुआ ॥ बहुतमानसहित मोक्षकेलिए ज्ञानका ग्रहण
अभ्यास-स्मरण-आदिः १ ज्ञानविनयः १, =(ज्ञानका)चिन्तन वा साधन(=अभ्यास) तथा(ज्ञानकी)सुधि वा स्मृति आदि ज्ञान विनय है
शङ्का-आदि-दोष-विरहितं १ तत्त्वार्थश्रद्धानं १ दर्शन-=शङ्काआदिक (आठ) दोष वर्जित तत्त्वार्थश्रद्धान सो दर्शन
विनयः १, तद्वतः १ चारित्र—समाहित- =विनयहेउन(ज्ञान,दर्शन)वाला होकर अर्थात् ज्ञानदर्शन सहित होकर,चारित्र में समाधान रूप
चित्तता १ चारित्रविनयः १ प्रत्यक्षेषु २ आचार्यादिषु २ =चित्तको करना सो चारित्रविनय है । प्रत्यक्ष आचार्य्यादिकोंके होने पर

अभ्युत्थानाभिगमनाञ्जलिकरणादिरुपचारविनयः । परोक्षेष्वपि कायवाङ्मनोभिरञ्जलिक्रिया गुणसंकीर्तनानुस्मरणादिः ॥ वैयावृत्यभेदप्रतिपादनार्थमाह—

आचार्योपाध्यायतपस्विशैक्षग्लानगणकुलसंघसाधुमनोज्ञानाम् ॥२४॥

अभ्युत्थान-अभिगमन-अञ्जलिकरणादिः[१] उपचार-=उठ खड़ा होना,सन्मुख जाना अंजुली करना (अर्थात् हाथ जोड़ना)आदि उपचार
विनयः[१] ॥ परोक्षेषु[२] अपि* काय-वाङ्-मनोभिः[३]॥ =विनय है ॥ उन आचार्यादिकके) परोक्षमें भी मन वचन कायकरि
अञ्जलि-क्रिया[१]॥गुणसंकीर्तन-अनुस्मरणादिः[१]; =हाथ जोड़ना, गुणोंका स्तवन करना, बारबार स्मरणादि (करना उपचार विनय है)
वैयावृत्य-भेद-प्रतिपादन-अर्थम्[१]॥आह । =वैयावृत्य (तीसरे अभ्यन्तर तप)के भेद जतलानेके लिये (उत्तर सूत्रमें) कहते हैं कि

आचार्योपाध्यायतपस्विशैक्षग्लानगणकुलसङ्घसाधुमनोज्ञानाम् ॥ २४ ॥

पदच्छेदः—[१]आचार्य-उपाध्याय-[२]तपस्विन्[३]शैक्ष-ग्लान-गण-कुल[४]सङ्घ-साधु[५] मनोज्ञानाम् इति वैयावृत्यम् दशविधम् उच्यते ॥ २४ ॥

(१) बहुधा पुस्तकोंमें "आचार्य" पाठ है कहीं कहीं पर "आचार्य्य" भी पठन है "अवोरह्याम् ढ्वे वा" ८-४-३६वां सूत्रसे दोनों शब्द ठीक हैं ॥
(२) बहुतसी प्रतियोंमें "तपस्वि" शब्द आया है कहीं कहीं पर (जैसे सदासुखजी लघुटीका तथा ज्ञानचन्द्रजी मुद्रित प्रतिमें "तपस्वी" शब्द है वह अशुद्ध है, क्योंकि समस्त सूत्र एक समासमें है और यथार्थ शब्द 'तपस्विन्' है समासमें 'न्' का लोप होजाता है 'तपस्वि' रह गया। परन्तु 'तपस्वी' प्रथमा एक वचन पुल्लिंग 'तपस्विन्'का है, समासमें बीचमें विभक्ति नहीं होना चाहिये ॥(३) 'शैक्ष' अधिकतर पुस्तकोंमें पाठ मिलता है, शैक्षसे कुछ न्यून पुस्तकोंमें शैक्ष्य मिलता है दोनों ठीक हैं। श्वेताम्बर आम्नायके समाप्यतत्त्वार्थाधिगम सूत्रमें तथा भाष्यानुसारिणी तत्त्वार्थटीकामें 'शैक्ष' शब्दके स्थानमें शैक्षक है और 'मनोज्ञानाम्'के स्थानमें 'समनोज्ञानाम्' है शेष पाठ एक है और अर्थ भी एकसा है ॥
(४) अधिकतर प्रतियोंमें 'संघ' पाठ है इससे कुछ यादि 'सङ्घ' पाठ है। 'संघ' और 'सङ्घ' दोनों ठीक हैं (टिप्पणी अध्याय १ पृष्ठ ५४०,५४१) संघ समूहके अर्थमें पद्मचंद्र कोश पृष्ठ ३१६में आया है॥ कहीं कहीं पर संग, और सङ्ग पाठ भी देखनेमें आया है। 'मेलके सङ्गसंगमौ' अमरकोश संकीर्ण २२ वर्ग श्लोक २६वां अर्थात् 'मेलक, संग, संगम ये तीन (पु०) नाम संगम (मेल) के हैं इसलिए संघ, संग-सङ्ग और सङ्ग चारों ही पाठ ठीक है।इसके लिए कि सङ्ग वा संग और सङ्ग और संघ दोनों दोनों रूपसे लिखे जाते हैं(देखो टिप्पणी, अध्याय१ पृष्ठ ५४०, ५४१)
(५) अधिकतर प्रतियोंमें"मनोज्ञानाम्'पाठ आया है इससे कुछ हीन पुस्तकोंमें 'मनोज्ञानां'पाठ है यह पाठ कातन्त्ररूपमालाव्याकरणके अनुसार शुद्ध है (देखो टिप्पणी अध्याय १ पृष्ठ ६) परन्तु अष्टाध्यायीके अनुसार अशुद्ध है (देखो अध्याय १ टिप्पणी पृष्ठ ५४०, ५४१) ॥

वैयावृत्यं दशधा भिद्यते । कुतः ?। विषयभेदात्॥आचार्यवैयावृत्यमुपाध्यायवैयावृत्यमित्यादि ॥ तत्र आचरन्ति तस्मादव्रतानीत्याचार्यः। मोक्षार्थं शास्त्रमुपेत्य तस्मादधीयत(ते)इत्युपाध्यायः। महोपवासाद्यनुष्ठायी तपस्वी॥शिक्षाशीलः शैक्षः॥ रुजादिक्लिष्टशरीरो ग्लानः॥ गणः स्थविरसन्ततिः।

सूत्रार्थः—आचार्यवैयावृत्यं[1]॥उपाध्यायवैयावृत्यं[1]॥तपस्वि —=आचार्यकी वैयावृत्य,उपाध्यायकी टहल,तपस्वीकी उपासना (=टहल,सेवा), वैयावृत्यं[1]॥शैक्षवैयावृत्यं[1]॥,ग्लानवैयावृत्यं[1]॥गणवैयावृत्यं[1]॥=शैक्षकी सेवा, रोगी यतीकी वैयावृत्य, वृद्ध मुनियोंके समुदायकी सेवा, कुलवैयावृत्यम्[1]॥संघवैयावृत्यम्[1]॥साधुवैयावृत्यम्[1]॥मनोज्ञ—=कुलकी वैयावृत्य, संघकी उपासना, साधुकी टहल, मनोज्ञकी वैयावृत्यम्[1]॥इति*वैयावृत्यम्[1]॥दशविधम्[1]॥उच्यते T, =सेवा ऐसे वैयावृत्य दशप्रकार कही गई है[विशेषके लिये देखो वृत्तिअनुवादमें]

वृत्त्यनुवादः—वैयावृत्यम्[1]॥दशधा* भिद्यते T, =वैयावृत्य दश प्रकारसे भेदरूप किया गया है अर्थात् वैयावृत्यके दश भेद हैं

कुतः* ? विषय–भेदात्[1]॥, =[प्रश्न] क्योंकर ?[उत्तर]प्रकरणके भेदसे(वैयावृत्यके दश विकल्प हैं जैसे)

आचार्यवैयावृत्यम्[1]॥उपाध्यायवैयावृत्यम्[1]॥ =आचार्यकी शुश्रूषा–उपाध्यायकी वैयावृत्य,

इत्यादि[1]॥ =तपस्वीकी सेवा,शैक्षकी उपासना, ग्लानकी सेवा, गणकी टहल, कुलकी वैयावृत्य, संघकी शुश्रूषा, साधुकी उपासना, मनोज्ञकी सेवा वा टहल ऐसे है

तत्र*आचरन्ति–तस्मात्*व्रतानि[2]॥इति*आचार्यः[1]; =जहां जिससे (आर्णी) व्रतोंको आचरण करते हैं ऐसा आचार्य है

[१]उपेत्य÷मोक्ष–अर्थं[1]॥शास्त्रम्[1]॥तस्मात्*अधीयते[1]इति* =(जिसके) निकट जाकर(=उपेत्य)मोक्षके लिये शास्त्र जिससे पढ़ा जाताहै ऐसा

उपाध्यायः[1]। महान्-उपवासादि–अनुष्ठायी[1]तपस्वी[1] =उपाध्याय है। महान् अनशन आदिक तप करने वाला तपस्वी है,

शिक्षाशीलः[1] शैक्षः[1] ॥ =विद्या(=शिक्षा) की है बान वा अभ्यास(=शील) जिसको सो शैक्ष है अर्थात् विद्या(=शिक्षा)के पढ़ने वाला वा सीखने वाला सो शैक्ष, शैक्षक वा शैक्ष्य है, 'जो श्रुतज्ञानके सीखनेमें तत्पर अर निरन्तर प्रभावनामें निपुण है सो शिष्य है,

[२]रुज्–आदि (रुजा-आदि) क्लिष्टशरीरः[1]ग्लानः[1],गणः[1] =रोग आदिक कर (ग्रसित) क्लेशरूप देह संयुक्त सो ग्लान है ॥

स्थविरसन्ततिः[1]॥ =बूढ़े (=स्थविर) मुनिका गोत्र (=सन्तति) वा परिपाटीका नाम सो (गण) है,

(१)उप = निकट, पास, इत्य = जाकर,प्राप्तहोकर उपेत्य = पास प्राप्त होकर, निकट जाकर । [२] रुज् वा रुजा,दोनों शब्द स्त्री लिंगी हैं और

दीक्षकाचार्यशिष्यसन्ततयः कुलम् चातुर्वर्ण्यश्रमणनिवहः सङ्घः ॥ चिरप्रव्रजितः साधुः। मनोज्ञो लोकसम्मतः ॥ तेषां व्याधिपरिषहमिथ्यात्वाद्युपनिपाते कायचेष्टया द्रव्यान्तरेण वा तत्प्रतिकारो वैयावृत्यं समाध्याध्यानविचिकित्साभावप्रवचनवात्सल्याद्यभिव्यक्त्यर्थं॥स्वाध्याय विकल्प विज्ञापनार्थमाह—

दीक्षक-आचार्य-शिष्य-सन्ततयः[1] कुलम्[1] =दीक्षा देनेवाले आचार्यका शिष्यसमूह [=(१)सन्ततयः]सो कुल है,

चातुर्वर्ण्य-श्रमण-निवहः[1] सङ्घः[1], =चार जातिका सन्यासी (=श्रमण) समूह (=निवह) सो संघ है ऋषि(ऋद्धि-धारी संन्यासी)(ख)यति इन्द्रियोंका वश करने वाला सन्यासी(ग)मुनि अवधिज्ञानी, मनः पर्ययःज्ञानी सन्यासी (घ) अनागार सामान्य घरके त्यागी, ये सब संघमें आगये।

चिर-प्रव्रजितः[1] साधुः[1], =बहुत काल (=चिरम्) का दीक्षित(=प्रव्रजित) सो साधु है।

मनोज्ञः[1] लोकसम्मतः[1], =मनोज्ञ वो है जो लोकमान्य वा लोक स्वीकृत हो-तात्पर्य ऐसा है कि जिसका उपदेश लोकमान्य हो वा उपदेश बिना ही स्वयं लोकनिमें पूज्य हो प्रशंसावान् हो,सो मनोज्ञ है वा समस्तलोक जिसको महा विद्यवान कहै,प्रशस्त वक्ता कहै,महाकुलवंत कहै ऐसा लो कमान्यहो, जिन मारगके गौरवकी उत्पादनका कारणहो सो मनोज्ञ है वा असंयत सम्यग्दृष्टि भी मनोज्ञ है,

तेषाम्[1] व्याधि-परिषह-मिथ्यात्व-आदि- =तिन (दश प्रकारके पूर्वोक्त मुनियों)के रोग वेदना (=परिषह) मिथ्यात्व आदिकके

उपनिपाते[1] कायचेष्टया[1] द्रव्य-अन्तरेण[1] वा* =आपड़ने पर शरीरके प्रयत्नसे अथवा अन्य वस्तुओंकरि

तत्-प्रतिकारः[1] वैयावृत्यम्[1] समाधि- =उस (=व्याधि-परिषह-मिथ्यात्वादिका) उपाय वा उपचार सो वैयावृत्य है। समाधिका

आध्यान-विचिकित्सा-अभाव-प्रवचन- =धारण वा स्मरण (=आध्यान)ग्लानिका अभाव, आगममें

वात्सल्य-आदि-अभिव्यक्ति-अर्थम्[1]; =प्रीति आदि प्रगट वा प्रत्यक्ष प्रयोजन [इस वैयावृत्यके]हैं ॥

स्वाध्याय-विकल्प-विज्ञापन-अर्थम्[1] आह। =स्वाध्यायके भेद प्रदर्शन करनेके लिये (आचार्य अग्रिम वा उत्तर सूत्रमें) कहते हैं कि

दोनोंका अर्थ 'रोग' है, (देखोपद्मचन्द्रकोश पृष्ठ ३२३),इसलिये रुजादिका पदच्छेद रुज्+आदि अथवा रुजा+आदि,दोनों ही हो सकते हैं, तिससे ऊपर दोनों प्रकारके पदच्छेद दियेगये है। वृत्ति वा भाष्यका पाठ केवल "रुजादि" है। (२) सन्ततिका स्त्री लिङ्गबहुवचन "सन्ततयः" है

वाचनाप्रच्छनाऽनुप्रेक्षाऽऽम्नायधर्मोपदेशाः ॥ २५ ॥

निरवद्यग्रन्थार्थोभयप्रदानं वाचना। संशयच्छेदाय निश्चितबलाधानायवा परानुयोगः प्रच्छना। अधिगतार्थस्य मनसाऽभ्यासोऽनुप्रेक्षा । घोषशुद्धं परिवर्तनमाम्नायः ॥ धर्मकथाद्यनुष्ठानं धर्मोपदेशः । स एष पञ्चविधः स्वाध्यायः किमर्थः । ?

वाचनाप्रच्छनाऽनुप्रेक्षाऽऽम्नायधर्म्मोपदेशाः ॥ २५ ॥

पदच्छेदः—वाचना-प्रच्छना-अनुप्रेक्षा-आम्नाय-धर्मोपदेशाः [1] (इति*स्वाध्यायः[1] पञ्चविधः[1] उच्यते)

सूत्रार्थः—वाचना-प्रच्छना-अनुप्रेक्षा-आम्नाय- =[शास्त्रका] पढ़ाना वा अध्यापन, अर्थ वा पाठका पूछना, मनन करना, शुद्ध घोकना

धर्म्मोपदेशाः[1] इति*स्वाध्यायः[1] पञ्चविधः[1] उच्यते[1]=धर्मका उपदेश ऐसे स्वाध्याय (तप) पांच प्रकार कहागया है ॥

वृत्त्यनुवादः—निरवद्य-ग्रन्थ-अर्थ-उभय- =निर्दोष (=निरवद्य) शास्त्र और (उसके) अर्थ दोनों,(प्राणियों को)

प्रदानम्[1]''वाचना[1]', =पढ़ाना, सिखाना(=प्रदानं), सुनाना (=प्रदानं) सो वाचना (स्वाध्यायनामातप) है॥

संशय-च्छेदाय[1] निश्चित-बलाधानाय[1]वा* =संदेहके दूर करनेको अथवा (=वा)निश्चय कियेहुये समर्थन वा दृढ़ करनेके लिये

पर-अनुयोगः[1]प्रच्छना[1]', =दूसरेसे प्रश्न (=अनुयोग) करना सो प्रच्छना है, भावार्थ—यदि अपनीउच्चता प्रगट करनेकेलिए, अन्यको ठगनेके लिए, किसीको पराजय करनेके लिये दूसरेकी हास्य करनेके अर्थ इत्यादि खोटे परिणामोंसे प्रश्न किया जावै तो वह प्रच्छना स्वाध्याय नामा तप नहीं है वरन् अपने संशयके दूर करनेको ज्ञानीसे प्रश्नकरना सो प्रच्छना स्वाध्याय है॥

अधिगत-अर्थस्य[1] मनसा[1]''अभ्यासः[1]अनुप्रेक्षा[1]', =जानेहुये अर्थका वा पदार्थका मनकरि बारम्बार चिन्तवन सो अनुप्रेक्षा [स्वाध्यायतप है]

घोषशुद्धम्[1]''परिवर्तनम्[1]॥आम्नायः[1], =(शब्द वा पाठको) शुद्ध घोकना, बोलना, फेरना [=परिवर्तन] सो आम्नाय है।

धर्म-कथा-आदि-अनुष्ठानम्[1]''धर्मोपदेशः[1], =धर्मकी कथा आदिका करना अर्थात् उपदेश करना सो धर्मोपदेश[स्वाध्याय तप] है

सः[1]एषः[1]पञ्चविधः[1]स्वाध्यायः[1]किम्[1]॥अर्थः[1] ? =[प्रश्न] सो यह [=एषः] पांच प्रकार स्वाध्याय किस लिए है ? [उत्तर]

(१) इस सूत्रका पाठ, अर्थ दोनों आम्नायोंमें एक है। हमारी सम्प्रदायकी पुस्तकोंमें अधिकतर 'पृच्छना' पाठ है 'इसपाठसे गद्यभागमें कुछ हीन प्रच्छना है दोनों ठीक हैं क्योंकि पृच्छा(स्त्री०)पृच्छन (न०)वैद्यकोश पृष्ठ ४५१, और आंगलकोश पृष्ठ२१२,२१३,प्रच्छन(न०) प्रच्छना(स्त्री०)सब ठीक हैं॥

प्रज्ञातिशयः प्रशस्ताध्यवसायः परमसंवेगस्तपोवृद्धिरतिचारविशुद्धिरित्येवमाद्यर्थः॥व्युत्सर्ग-भेदनिर्ज्ञानार्थमाह—

बाह्याभ्यन्तरोपध्योः ॥ २६ ॥

प्रज्ञा–अतिशयः[1]'प्रशस्त–अध्यवसायः[1]'परम–संवेगः[1]', तपो–वृद्धिः[1]''अतिचार-विशुद्धिः[1]''एवम्*इत्यादि[1]''अर्थः[1]'' व्युत्सर्ग–भेद–निर्ज्ञान–अर्थ[1]'' आह T'

=बुद्धिकी अधिकाई, प्रशंसनीय अभिप्राय वा आशय, उत्कृष्ट उदासीनता, तपो–वृद्धिः[1]''अतिचार-विशुद्धिः[1]''एवम्*इत्यादि[1]''अर्थः[1]''=तपकी बढ़ती, अतीचार शोधने, इसप्रकार[=एवम्]इत्यादिके लिये [=अर्थः] है =व्युत्सर्ग [तप]के भेद निर्णयके लिये (आचार्य अग्रिम सूत्रमें) कहते हैं कि

(१)**बाह्याभ्यन्तरोपध्योः ॥ २६ ॥**

=बाह्याभ्यन्तरोपध्योः व्युत्सर्गो द्विविधः भवति ॥२६॥

सूत्रार्थः—बाह्य–अभ्यन्तर–उपध्योः[2]'व्युत्सर्गः[1]' द्विविध[1]' भवति T'

=बहिरङ्ग तथा अंतरंग परिग्रह(=उपधि)में व्युत्सर्ग वा त्याग[नामक अभ्यन्तरतप] =दो प्रकार है। अर्थात् दश प्रकार (क्षेत्र, वास्तु, हिरण्य, सुवर्ण, धन, धान्य, दासी दास, कुप्य, भांड) बहिरंग परिग्रहका त्याग (=व्युत्सर्ग) और चौदहप्रकार [मिथ्यात्व,स्त्री-पुरुष- नपुंसक-वेद,राग, द्वेष,हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा,मान,माया,लोभ,अन्तरंग परिग्रह वा उपधिका परित्याग (=व्युत्सर्ग) ऐसे दो प्रकार है॥ संक्षेपतः–बाह्य तथा अभ्यन्तर[परिग्रहका त्याग]सो व्युत्सर्ग तपहै

(१)दोनों जैन सम्प्रदायोंमें इस सूत्रका अर्थ तथा पाठ एक है। केवल इतना अन्तर है कि हमारे यहां बाह्य परिग्रहके दश भेद हैं (देखो इस सूत्रके अर्थको) परन्तु श्वेताम्बर सम्प्रदायके सभाष्यमें बाह्य "द्वादशरूपक उपधिसंबंधी है" ॥ देखो सभाष्यतत्त्वार्थाधिगम सूत्र पृष्ठ २१६। उत्सर्ग वा व्युत्सर्गका अर्थ त्याग, छोड़ना क्षेपण करना है और इन सर्व शब्दोंका अर्थ एकसा है। जहां कहीं किसी सूत्रमें ये शब्द आय हैं, वहां उसीप्रकरणसे संबंध रखने वाली किसीवस्तुका त्याग, छोड़नेके अर्थमें आते हैं। जैसा कि निम्नलिखित उदाहरणोंसे प्रगट है॥

(क) मोक्ष शास्त्रमें पहिले ही पहले "उत्सर्ग शब्द सातवें अध्यायके ३४वां सूत्रके प्रोषधोपवासके अतीचारोंमें आया है, वहांपर इस शब्दका अर्थ मल-मूत्र-खखार-थूक-नाक आदिके मैलका त्याग वा क्षेपण करना था फैंकना उत्सर्ग है॥(ख)दूसरी बार समितिके सम्बन्धमें अध्याय९ सूत्र ५में मल-मूत्र-खखार-थूक-नाक कान इत्यादिके मैलका क्षेपण करना, फैंकना वा त्यागना (=उत्सर्ग) इस अर्थमें उत्सर्ग है ॥

(ग) इस अध्यायके २०वें तथा २६वें सूत्रमें तपके संबंधमें आया है-२०में परिग्रहमें ममत्वका त्याग (=व्युत्सर्ग) सामान्य रीतिसे है तथा २६वें में बहिरंग उपधिका त्याग (=व्युत्सर्ग) और अंतरंग उपधि (=परिग्रह)का त्याग (=व्युत्सर्ग) अर्थमें आया है। (घ) इसी अध्यायके बाईसवां सूत्रमें (व्युत्सर्ग शब्द प्रायश्चित्तके नौ भेदोंमेंसे पांचवां भेद है, कायोत्सर्ग=काय+उत्सर्ग, वि जोड़नेसे=काय व्युत्सर्ग=शरीरमें ममत्वका त्याग, अतः सब स्थानोंमें उत्सर्ग वा व्युत्सर्ग=(किसी अधिकृत वस्तुके)त्याग, छोड़ना, परित्याग, क्षेपण अर्थोंमें आया है॥

व्युत्सर्जनं व्युत्सर्गस्त्यागः। स द्विविधः—बाह्योपधित्यागोऽभ्यन्तरोपधित्यागश्चेति॥ अनुपात्तं वास्तुधनधान्यादि बाह्योपधिः। क्रोधादिरात्मभावोऽभ्यन्तरोपधिः। कायत्यागश्च नियतकालो यावज्जीवं वा ऽभ्यन्तरोपधित्याग इत्युच्यते। स किमर्थः? निस्सङ्गत्वनिर्भयत्वजीविताशाव्युदासाद्यर्थः॥ यद्बहुवक्तव्यं ध्यानमिति पृथग्व्यवस्थापितं तस्येदानीं भेदाभिधानं प्राप्तकालं। तदुल्लंघ्य तस्य प्रयोक्तृस्वरूपकालनिर्द्धारणार्थमुच्यते—

वृत्त्यनुवादः—व्युत्सर्जन[1]''व्युत्सर्गः[1]त्यागः,[1]सः[1] = वृत्ति वा भाष्यका अनुवाद व्युत्सर्जन, व्युत्सर्ग है सो त्याग है, वह
द्विविधः[1]बाह्य-उपधि-त्यागः[1]अभ्यन्तर-उपधि-त्यागः[1]च*=दो प्रकार है, बहिरंग परिग्रह[=उपधि]का त्याग और अन्तरंग परिग्रहका त्याग
इति*। अनु-उपात्तम्[1]''वास्तु-धन-धान्य- =ऐसे है, अग्रहीत वा अप्राप्त अर्थात् आपसे पृथग् वास्तु, धन, धान्य,
आदि[1]''बाह्य-उपधिः[1],क्रोध- =क्षेत्र, हिरण्य, सुवर्ण, दासी, दास, कुप्य, भांड(=आदि) बहिरङ्ग परिग्रह हैं॥ क्रोध
आदिः[1] =मिथ्यात्व, स्त्री-पुरुष-नपुंसकवेद, राग, द्वेष, हास्य, रति, अरति, शोक, भय,
जुगुप्सा, मान, माया, लोभ (=आदि) [कर्मके निमित्तसे]
आत्म-भावः[1]अभ्यन्तर-उपधिः[1],काय-त्यागः[1]च* =आत्माके परिणाम अंतरङ्ग परिग्रह है। शरीरका त्याग भी (=च)जो
नियतकालः[1]याव ज्जीवम्*वा*अभ्यन्तर- =कालका नियमकरि अथवा [=वा] जीवन पर्यन्त होता है। अन्तरङ्ग
उपधि-त्यागः[1]इति*उच्यते। T सः[1]किम्[1]''अर्थः[1]? =परिग्रहका त्याग है ऐसा वर्णित है। वह व्युत्सर्ग किस लिए है?
निस्सङ्गत्व-निर्भयत्व-जीवित-आशा-व्युदास-आदि- =निस्सङ्गपना, निडरता, जीवितकी आशाका अभाव आदिक [प्रयोजनों]
अर्थः[1],यद्[1]''बहु-वक्तव्यम्[1]''ध्यानम्[1]''इति* =के लिये (व्युत्सर्ग) है॥ जो (=यद्) बहुत (भेद) कहे जाने योग्य ऐसा ध्यान
पृथग्-व्यवस्थापितं[1]''तस्य[1]''इदानीं*भेद-अभिधानं[1]'' =न्यारा रक्खा गया था, अब तिस (ध्यान)के भेदोंके कहनेका
प्राप्तकालम्[1]'',तद्-उल्लंघ्य-तस्य[1]॥' =समय प्राप्त है, तिस कालको उल्लंघकरि वा लांघकरि अर्थात् छोड़कर तिस(ध्यान)के
प्रयोक्तृ-[निर्द्धारण]स्वरूप-[निर्द्धारण]काल- =करने वालेका[निश्चय] तथा (ध्यानके) स्वरूपका (निर्द्धारण)और(ध्यानके) कालके
निर्द्धारण-अर्थम्[1]॥'उच्यतेT— =निश्चय (करने)के लिये (अग्रिम सूत्रमें) कहा जाता है कि

उत्तमसंहननस्यैकाग्रचिन्तानिरोधो ध्यानमान्तर्मुहूर्तात् ॥ २७ ॥

उत्तमसंहननस्यैकाग्रचिन्तानिरोधो ध्यानमान्तर्मुहूर्तात् ॥ २७ ॥

=उत्तम-संहननस्य-एकाग्-चिन्ता-निरोधः-ध्यानम्-(१)आ-अन्तर्मुहूर्तात् भवति ॥ २७ ॥

सूत्रार्थः-(२)उत्तमसंहननस्य[1] =उत्कृष्ट (वज्रवृषभनाराच, वज्रनाराच, नाराच) संहनन वालेका
आ-अन्तर्मुहूर्तात्[2] =अन्तर्मुहूर्त पर्यन्त अर्थात् मुहूर्त $\frac{8}{9}$ घंटेके समयसे न्यून समय तक
(३) एक-अग्र- =(अन्य क्रियाओंसे खींचकर वा हटाकर) एक (विषय वा पदार्थ) को अवलम्बन वा ग्रहण (=अग्र) करि
चिन्ता-निरोधः[4] =चित्तकी वृत्तिका (इस एकमें) निरोध वा ठहराव

(१) अन्तर्मुहूर्तात् तथा अन्तर्मुहूर्तात् (अवोरद्भ्याम् द्वेवा) (अष्टाध्यायी ८-४-४८)सूत्र से दोनों ही पाठ ठीक हैं ॥
(२) श्वेताम्बर आम्नायमें तथा हमारे यहां 'उत्तम'''ध्यानम्'तक एक पाठ है पश्चात् 'आन्तर्मुहूर्तात्' वाक्यके स्थानमें 'आमुहूर्तात्'है और समाप्य-तत्त्वार्थाधिगमसूत्रमें इस एक सूत्रके दोसूत्र करदिये हैं परन्तु आङ्(=आ)उपसर्गके अर्थकी विचित्रतासे दोनों आम्नायोंमें अभिप्राय एकसा है। आङ् अव्ययके संबंधमें हम पहले पृ० ७३,७४ पर देचुके हैं और विशेषरूपसे अध्याय ७ पृष्ठ ८३, ८४पर, उक्त टिप्पणियोंमें क्रमसे हमने 'आकुमारेभ्यो यशः सीतायाःआकुमारं यशः सीतायाः' =(मनुष्योंसे लेकर) छोकरों तक सीताका यश (प्रसिद्ध) है और आकुमारेभ्यो यशः पाणिनेः आकुमारं यशः पाणिनेः =(मनुष्योंसे लेकर) लड़कोंतक पाणिनिका यश (प्रसिद्ध) है दृष्टान्त दिये हैं उक्त उदाहरणोंमें 'आकुमार''का एक वचनमें क्यों प्रयोग है और 'आकुमारेभ्यः'में बहुवचन क्यों हैं ॥ निम्न सूत्रके अनुसार अपादान पंचमी विभक्तिको छोड़कर अव्ययीभाव समासके अन्तमें म् आता है('नाव्ययीभावादतोऽत्वपञ्चम्याः। २-४-८३ ।=न,अव्ययीभावात् अतः अम् तु अपञ्चम्याः (सुपः लुक्) =अत् (=अ) हो अन्तमें जिसके ऐसे अव्ययीभाव(समास)से परे सुप्का लुक् न हो और पञ्चमीभिन्न सुप्को अम्आदेशहो अब यहां पाठकोंको विशेष ध्यान आकर्षण करता हूं कि हमारे यहां आ+अन्तर्मुहूर्तात् वाक्यको लाये हैं उसमें आ शब्दको अभिविधि अर्थमें लिया है अर्थात् 'से'''तक' चिन्ताका निरोध करने (के आरम्भके समय)के अन्तर्मुहूर्त तक रहता है और श्वेताम्बर आम्नायके समाप्यतत्त्वार्थाधिगमसूत्रमें ''आमुहूर्तात्''जो २८वां सूत्र भिन्न किया है उसमें 'आङ्'को मर्यादा अर्थमें लिया है अर्थात् चिन्ताका निरोध मुहूर्तके इधर इधर न कि मुहूर्त पर्यन्त वा मुहूर्त तक और मुहूर्तसे परे भी नहीं ऐसा अर्थ हुआ और ऐसा ही अर्थ अनुवादक समाप्यतत्त्वार्थाधिगमसूत्रने किया है वह अक्षरशः यह है "वह ध्यान अन्तर्मुहूर्तके अभ्यन्तरमेंही होता है न कि परे" (समाप्य० पृष्ठ २८७) अतः दोनों आम्नायोंमें एकसा अर्थ हुआ।
(३)एकाग्रः—'स्वार्थेऽण्' ऐकाग्र्य इसी अर्थमें होता है (पद्मवन्द्रकोश पृष्ठ ८५) एकं अग्रं विषयो यस्य=जिसका विषय एक हो (पद्मवन्द्रकोश८५) =और विषयको छोड़कर एकही ओर मन वाले,एकाग्र शब्दमें उसी अर्थमें अण् (=अ)प्रत्यय लगादेवें अर्थात् एकाग्र+अण् करदें तो एकी वृद्धि होकर ऐकाग्र्य बन जाता है और अर्थ एकाग्रका ही देता है ॥ एकाग्र=एकाग्रतासे वा एकरूपसे (समाप्य०पृष्ठ २८७) एकको आगे [रख]करि, मुख्य वा प्रधानकरि अर्थात् एकको ग्रहणकरि भावार्थ एक विषयको ग्रहणकरि । अग्र=प्रधान, आश्रय, सहारा, ग्रहण, अवलम्बन, मुख्य, सन्मुख॥

आद्यं त्रितयं संहननमुत्तमं वज्रर्षभनाराचसंहननं वज्रनाराचसंहननं नाराचसंहननमिति ॥ तत्त्रितयमपि ध्यानस्य साधनं भवति॥ मोक्षस्य तु आद्यमेव॥तदुत्तमसंहननं यस्य सोऽयमुत्तमसंहननस्तस्योत्तमसंहननस्येत्यनेन प्रयोक्तृनिर्देशःकृतः॥

ध्यानम्=सो ध्यान है, संक्षेप तथा स्पष्टतया अर्थ यह है कि उत्तम संहनन वालेका $\frac{1}{2}$ घंटेसे कुछहीन काल तक एक (विषयको) आगे रखकर वा एक (विषय) को ग्रहण करि चित्तको (उस ही में) लगाना है सो ध्यान है ॥ भावार्थ—छह संहननोंमेसे पहिलेके वज्रवृषभनाराचसंहनन, वज्रनाराचसंहनन, और नाराचसंहनन ये तीन उत्तम वा श्रेष्ठ संहनन हैं, ये ही तीन संहनन ध्यानके कारण हैं। उत्तम संहनन वालोंके ही मुख्यपनाकरि चिन्ताका रुकना होसक्ता है,या संसारमें गमन,भोजन, शयन, अध्यायन (=अध्ययन), अध्यापन आदिक अनेक क्रिया हैं तिनमें नियम सहित वर्ते है तहां ध्याननहीं जानना, जहां एकके सन्मुख होय चिन्ताका रुकना वा चित्तकी वृत्तिको अन्य क्रियाओंसे खींचकर वा हटाकर एक विषयमें ही रोकना सो एकाग्र चिन्तानिरोध है, सो ही ध्यान है और जहां एकाग्रता नहीं तहां भावना है ऐसे ध्यान नामक अभ्यन्तर छठवां तप है सो उत्कृष्टपनेसे अन्तर्मुहूर्त तक ही रहता है और मोक्ष होनेके कारणभूत एक वज्र वृषभनाराच संहनन ही है, अन्य संहननसे मोक्ष प्राप्त नहीं होसक्ती है ॥ सूत्रमें ध्याता, ध्यान, ध्येय, ध्यानकाकाल चार वर्णित हैं ॥

वृत्यर्थः—आद्यं[१]त्रितयं[१]संहननं[१]उत्तमं[१]वज्रर्षभ-=आदिके वा प्रथमके (तीनों)संहनन उत्तम हैं। वज्रवृषभ नाराच-संहननं[१]वज्रनाराचसंहननं[१]नाराचसंहननं[१]इति*=नाराचसंहनन, वज्रनाराचसंहनन नाराचसंहनन ऐसे [ये तीन] हैं तत्[१]त्रितयम्[१]अपि*ध्यानस्य[१]साधनम्[१]भवति T ॥ =वह तीनों (=त्रितयम्)ही (=अपि) [संहनन] ध्यानके कारण होते हैं। मोक्षस्य[१]तु*आद्यम्[१]एव*, =परन्तु(=तु) मोक्षका(साधन) आदिका (वज्रर्षभनाराचसंहनन) ही होता है तद्[१]उत्तमसंहननम्[१]यस्य[१]सः[१]अयम्[१]उत्तमसंहननः[१] =वह उत्तम संहनन जिसके है सो यह (=अयम्) उत्तमसंहनन है ॥ तस्य[१]उत्तमसंहननस्य[१]इति*अनेन[१]प्रयोक्तृ- =तस्य उत्तम संहननस्य ऐसे इस [वाक्य] करि (ध्यानका) प्रयोग करने वालेका निर्देशः[१]कृतः[१] । =(अर्थात् ध्याता, ध्यानी, वा ध्यानकरने वालेका)उपदेश वा कथन कियागया है

(१) एक विषयको ग्रहणकरि (अन्यसे) चिन्ताका निरोध सो ध्यान है॥ एक पदार्थके सन्मुख चिन्तवनका रुकना सो ध्यान है, जो संसारमें गमन भोजन शयन अध्ययन अध्यापनआदि अनेक क्रिया है तिनमें नियम रहित वर्ते है तहां ध्यान नहीं जानना चाहिये। जहां एकके सन्मुख होय चिन्ताका रुकना, और जहां एकाग्रता नहीं तहां भावना होती है॥ एकाग्र चिन्तवनका रुकजाना अन्तर्मुहूर्ततें अधिक काल उत्तम संहनन वालेकेभी नहीं रहता है। उसके ही मुख्यपनाकरि चिन्ताका रुकना होता है॥ (अवशेष[illegible]

अग्रंमुखम् । एकमग्रमस्येत्येकाग्रः (ग्रं)। नानार्थावलम्बनेन चिन्ता परिस्पन्दवती, तस्या अन्याशेषमुखेभ्यो व्यावर्त्य एकस्मिन्नग्रे नियम एकाग्रचिन्तानिरोध इत्युच्यते । अनेन ध्यानस्वरूपमुक्तं भवति ॥ मुहूर्त इति कालपरिमाणम् । अन्तर्गतो मुहूर्तोऽन्तर्मुहूर्तः॥आ अन्तर्मुहूर्तादित्यनेन कालावधिः कृतः॥ ततःपरं दुर्धरत्वादेकाग्रचिन्तायाः॥ चिन्ताया निरोधो यदि ध्यानंनिरोधश्चाभावस्तेन ध्यानमसत्खरविषाणवत्स्यात् ॥ नैष दोषः—अन्यचिन्तानिवृत्यपेक्षयाऽसदिति

अग्रम् [1]॥ मुखम्[1]॥, =(इस सूत्रमें) अग्र है सो (ही) मुख है अर्थात् अग्र [शब्द] का मुख, सहारा, अवलंबन, आश्रय, प्रधान, वा सन्मुख अर्थ है ॥

एकम्[1]॥अग्रं[1]॥अस्य[1]इति*एकाग्रः[1](ग्रे)[1]॥, नाना-अर्थ--एक है अवलम्बनमें इसके ऐसा एकाग्र है, अनेक प्रकारके विषयोंको (=अर्थ) अवलम्बनेन [3] चिन्ता [1]॥ परिस्पन्दवती [1]॥ तस्याः [6]॥ =अवलम्बनकरि अथवा आश्रयकरि विचार चलायमान होता है। तिस(चिंता) का अन्य-अशेष-मुखेभ्यः[1]॥व्यावर्त्य÷ एकस्मिन् [7]॥ =इतर समस्त (=अशेष) अवलम्बनोंसे छुड़ाय कर एक (वस्तु, विषय वा पदार्थ) के अग्रे[7]॥नियमः[1]एक-अग्र-चिंता-निरोधः[1]इति*उच्यते T, =ग्रहणमें (=अग्रे) रोक [=नियम] सो एकाग्रचिन्ता निरोध ऐसा वर्णित है ॥ अनेन[3] ध्यान-स्वरूपम्[1]॥ उक्तम् [1]॥ भवति T। =इस [एकाग्र चिन्ता निरोध] करि ध्यानका स्वरूप कथन (=उक्तम्) होता है ॥ मुहूर्तः[1]इति*कालपरिमाणम्[1]॥ अन्तर्गतः[1] मुहूर्तः[1] =मुहूर्त ऐसा [शब्द] कालका परिमाण वा माप है। अधूरी मुहूर्त है सो अन्तर्मुहूर्तः [1]; =अन्तर्मुहूर्त है अर्थात् मुहूर्तके भीतर भीतर समय सो अन्तर्मुहूर्त है, आ-अन्तर्मुहूर्तात् [5] इति*अनेन [3]॥ काल- =अन्तर्मुहूर्त पर्यंत अथवा अंतर्मुहूर्ततक इस(वाक्य) करि कालकी अवधिः[1] कृतः [1]; ततः*परम् * =सीमा कीजाती है, क्यों कि उस [आ+अन्तर्मुहूर्तात्] से परे वा अधिक दुर्धरत्वात्[5]॥एकाग्र-चिन्तायाः[6]॥;चिन्तायाः[6]निरोधः[1]॥=एकाग्र चिन्ताका निरोध दुर्द्धर है अर्थात् नहीं हो सक्ताहै [प्रश्न] चिंताका रोकना यदि*ध्यानं[1]॥निरोधः[1]च*अभावः[1]तेन[3]ध्यानम्[1]॥ =जो ध्यान है और (=च) निरोध है सो अभाव है। तिस (अभाव) करि ध्यान असत्[1]खर-विषाणवत्*स्यात् T॥ न*एषः[1]दोषः[1] =असत् है गधे के सींग सदृश है ॥ [उत्तर] यह दूषण नहीं है, अन्य-चिन्ता-निवृत्ति-अपेक्षया[3]॥ असत्[1]॥ इति* =दूसरे विचारों की निवृत्ति वा उपरम की अपेक्षा से अभाव है, इस प्रकार

चोच्यते, स्वविषयाकारप्रवृत्तेः सदिति च । अभावस्य भावान्तरत्वाद्धेत्वङ्गत्वादिभिरभावस्य वस्तुधर्मत्वसिद्धेश्च ॥ अथवा, नायं भावसाधनः "निरोधनं निरोध इति" । किं तर्हि ? कर्मसाधनः "निरुध्यत इति निरोधः" ॥ चिन्ता चासौ निरोधश्च चिन्तानिरोध इति ॥ एतदुक्तं भवति—ज्ञानमेवापरिस्पन्दमानमपरिस्पन्दाग्निशिखावदवभासमानं ध्यानमिति ॥

च* उच्यते T, =भी (=च) कहा गया है। (यहां चकारका प्रयोग अकार अर्थमें किया गयाहै)।

च* स्व-विषय-आकार-प्रवृत्तेः सत् इति*, =बहुरि(=च)अपने (=स्व)विषयके आकार वा स्वरूपकी प्रवृत्तिसे सद्भाव रूपहै अर्थात् चितानेजिस विषयका अवलम्बन कियाहै तिसके स्वरूपकी अपेक्षासे ध्यान विद्यमानतारूपहै

अभावस्य भावान्तरत्वात् ॥ =अभावके प्रकारान्तरतासे वा अन्यभांतिपनसे

हेतु-अङ्गत्व-आदिभिः (१)-(१) अभावस्य च* =(विद्यमानता वा स्वभाव रूपता) हेतु के अंगादि करि है। क्योंकि अभावके भी (=च)

वस्तु-धर्मत्व-सिद्धेः ॥, =वस्तुका धर्मत्व सधता है ॥ संक्षेपतः—अभाव है सो प्रकारान्तर से स्वभावरूप है तिस से वस्तुका धर्म्म है, हेतु का अंग है, अभावसे भी वस्तु ही सधती है ॥

अथवा* 'निरोधनम् ॥ निरोधः इति*' अयम् ॥ =अथवा निरोध है सो निरोधन है ऐसा (=इति) यह (निरोध शब्द)

न* भावसाधनः, =भाव साधन न हो अर्थात् सूत्रमें निरोध शब्द जो आयाहै उसका प्रयोग भावमें न मानैं भावार्थ इस प्रकार है कि निरोध शब्दका अर्थ निरोधन न मानैं

किम्* तर्हि * ? कर्म-साधनः "निरुध्यते T =(प्रश्न) तौ क्या (मानैं वा मानना चाहिये) (उत्तर) कर्मपें प्रयोग (मानैं) निरोध्याजाय

इति* निरोधः", चिन्ता च* असौ निरोधः च* =ऐसा निरोध है, और (=च) वह (=असौ) चिन्ता ही (=च) निरोधी जाय

चिंतानिरोधः इति*। एतद् ॥ उक्तम् ॥ भवति T- =ऐसा चिंता निरोध (का कर्म प्रयोगमें- कर्मसाधनमें अर्थ)हुआ(अतः)यहअर्थ होताहै कि

ज्ञानम् ॥ एव* अ-परिस्पन्दमानम् ॥-अग्निशिखावत्*=ज्ञान ही चलाचलपनासे रहित (=अ) आगकी शिखाके समान

अपरिस्पन्द अवभासमानम् ॥ इति* ध्यानम् ॥; =अचल प्रकाश मान वा दैदीप्यमान (=अवभासमानम्) होता है ऐसा (=इति) ध्यानहै, ११८

(१) सपक्ष-सत्व-आदि-रूपैः विपक्ष- =(ध्यान है सो) समान पक्षमें सद्भावादिरूप करि है, विरुद्ध वा प्रतिकूल पक्षमें
असत्वादिभिः अभावैः =अविद्यमानता करि अभाव (रूप) से है अर्थात् चिंता वा विचार जिस पदार्थको ग्रहण करताहै उसकी अपेक्षासे सद्भावरूप है और अन्य समस्त अवशेष विषय वा पदार्थोंकी अपेक्षासे अभावरूप है क्योंकि ध्येयके अतिरिक्त अन्य समस्त पदार्थोंसे वा विषयोंसे ध्यान अवस्थामें निरोध किया जाता है ॥

तद्भेदप्रदर्शनार्थमाह— ॥ आर्त्तरौद्रधर्म्यशुक्लानि ॥ २८ ॥

ऋतं दुःखं, अर्दनमर्तिर्वा, तत्र भवमार्तम् । रुद्रः क्रूराशयस्तस्य कर्म तत्र भवं वा रौद्रम् ।

तद्-भेद-प्रदर्शन-अर्थम् ॥ आह । =उस (ध्यान) के भेद प्रगट करनेके लिये (आचार्य अग्रिम सूत्रमें) कहते हैं कि

(१)आर्त्तरौद्रधर्म्यशुक्लानि ॥२८॥ =आर्त-रौद्र-धर्म्य-शुक्लानि(चत्वारि विधानि)ध्यानानिभवन्ति।२८।

सूत्रार्थः--आर्त-रौद्र (२)धर्म्य-शुक्लानि ॥ =(इस सूत्रका हिंदी तात्पर्य) आर्त, रौद्र, धर्म्य, शुक्ल

चत्वारि ॥ विधानि ॥ ध्यानानि ॥ भवन्ति । =चार प्रकार ध्यान होते हैं अर्थात् (क) अर्ति जो दुःख, पीड़ा तासिष जो चिंतवन (=ध्यान) उपजे सो आर्त्त ध्यानहै, (ख) रुद्र जो निर्दय अभिप्राय तिसमें जो चिंतवन (=ध्यान) उत्पन्नहो सो रौद्र ध्यान है, (ग) धर्म सहित जो चिंतवन (ध्यान) सो धर्म्य ध्यान है (घ) कषाय मल रहित उज्ज्वल शुद्ध परिणाम रूप अथवा विशुद्ध भाव रूप चिंतवन (=ध्यान) सो शुक्ल ध्यानहै ॥

वृत्त्यनुवादः-ऋतं ॥ दुःखं ॥ वा ॥ अर्दनं ॥ =(सर्वार्थ सिद्धिके संस्कृत वृत्ति वा भाष्यका अनुवाद) ऋतहै सो दुःखहै अथवा (=वा) अर्दनहै

अर्तिः ॥, तत्र* भवम् ॥; =सो पीड़ा (=अर्ति) है । तिसमें (=तत्र) उत्पत्ति (=भवम्) वा होना (=भवम्) उपजना (=भवम्)

(३)आर्तम् ॥; =सो आर्तहै भावार्थ ऐसाहै कि ऋत-अर्ति जो पीड़ा तिसमें जो उत्पन्न हो सो आर्त है ॥

रुद्रः ॥ क्रूर-आशयः ॥ तस्य ॥ कर्म ॥ ॥ वा *तत्र* =रुद्र जो निर्दय (=क्रूर) अभिप्राय तिसकी क्रिया (=कर्म) अथवा (=वा) तिसमें

भवम् ॥ ॥ रौद्रम् ॥ ॥; =उत्पत्ति सो रौद्र है भावार्थ निर्दय (=क्रूर) अभिप्रायवाली क्रिया वा उक्तक्रियामें उत्पत्ति सो रौद्रहै

(१) इस सूत्रमें ध्यान शब्दकी अनुवृत्ति सत्ताईसवां सूत्र से आती है, और 'चत्वारि विधानि' तथा 'भवन्ति' वाक्योंका सूत्रमें अध्याहार किया गया है ॥ आर्त-आर्त्त, धर्म-धर्म्म पाठ "अचो रहाभ्याम् द्वे वा" पाणिनिकृता अष्टाध्यायी अध्याय ८, पाद ४, ४६ सूत्रसे शुद्ध हैं ।

(२) हमारे यहां प्रतियोंमें प्रायः 'धर्म्य' शब्द है कहीं कहीं धर्म, धर्म्म है, तीनों पाठ ठीक हैं ॥

(३) श्वेताम्बर आम्नायके संभाष्यतत्त्वार्थाधिगमसूत्रमें "आर्तरौद्रधर्मशुक्लानि" पाठ है उनकी भाष्यानुसारिणी तत्त्वार्थटीकामें "आर्त्त-रौद्रधर्म्यशुक्लानि पृष्ठ ७२८ पर पाठ है अतः दोनों समाजोंमें एकसा पाठ हुआ अर्थ भी एकसा है । "इष्टे स्थाने धत्ते इति धर्मः"(सर्वार्थ-सिद्धि अध्याय ६ सूत्र २) =(स्वर्ग-मोक्षादि) वांछित वा सुख स्थानमें आत्माको धरताहै ऐसा धर्महै । धर्म्यम् = " धर्मादनपेतं धर्म्यम् " (सर्वार्थसिद्धि अध्याय ६ सूत्र २८) = धर्मात् अनपेतम् धर्म्यम् = धर्मसे वर्जित (= अपेत) न (= अन्) हो अर्थात् "धर्म सहित होय" जय-चंदजी वचनिका मुद्रित पृष्ठ ७३६ भावार्थ धर्म वाला हो, सो धर्म्यम् है ॥

धर्मो व्याख्यातो धर्मादनपेतं धर्म्यम् । शुचिगुणयोगाच्छुक्लम् ॥ तदेतच्चतुर्विधं ध्यानं द्वैविध्यमश्नुते । कुतः? । प्रशस्ताप्रशस्तभेदात् ॥ अप्रशस्तमपुण्यास्रवकारणत्वात् । कर्मनिर्दहनसामर्थ्यात्प्रशस्तम् ॥ किं पुनस्तदिति चेदुच्यते— **॥ परे मोक्षहेतू ॥२९॥**

परमुत्तरमन्त्यं तत्सामीप्याद्धर्म्यमपि परमित्युपचर्यते ।

धर्मः-व्याख्यातः-धर्मात्-अन-अपेतम् ॥ =धर्म वर्णन किया गया (अध्याय ६ सूत्र २) धर्मसे वर्जित (=अपेत)न(=अन)हो, धर्मसहितहो

धर्म्यम् ॥ शुचि-गुण-योगात् शुक्लम् ॥ ; =सो धर्म्य है। शुद्ध पवित्र वा उज्ज्वल गुणके संयोगसे शुक्ल (कहा जाता) है अर्थात् कषाय मल रहित उज्ज्वल परिणाम संयुक्तको शुक्ल कहते हैं ॥

तद् ॥ एतद् ॥ चतुर्विधं ॥ ध्यानं ॥ द्वै-विध्यं ॥ =सो[=तद्] यह[एतद्] चार प्रकार ध्यान, दो विधको

अश्नुते । कुतः*? प्रशस्त-अप्रशस्त-भेदात् ॥, =प्राप्त होता है। [प्रश्न] क्योंकर ? [उत्तर] शुभ और अशुभ भेद से अर्थात् आर्त ध्यान और रौद्र ध्यान अप्रशस्त हैं तथा धर्म्य ध्यान और शुक्ल ध्यान प्रशस्त हैं।

अप्रशस्तम् ॥ अपुण्य-आस्रव-कारणत्वात् ॥, =पाप आस्रवका हेतुहोनेसे अप्रशस्त वा अशुभ [ध्यान] है,

कर्म-निर्दहन-सामर्थ्यात् ॥ प्रशस्तम् ॥ ; पुनः* =कर्मोंकी विनाशकी शक्ति होने (के निमित्त) से शुभ है। बहुरि [=पुनः]

किम् ॥ तद् ॥ इति* चेत्* उच्यते ।— =सो [=तद्] [प्रशस्त] क्या है, ऐसे प्रश्न वा शंका होने पर कहा जाता है कि

(१) परे मोक्षहेतू ॥ २९ ॥ **=परे (धर्म्यशुक्ले ध्याने) मोक्षहेतू (भवतः) ॥ २९ ॥**

सूत्रार्थः परे ॥ धर्म्यशुक्ले ॥ ध्याने ॥ मोक्षहेतू ॥ **सूत्रका अर्थ** अगले दो (=परे) धर्म्य ध्यान तथा शुक्लध्यान मोक्षके कारण हैं भावार्थ ऐसा है कि उक्त चार ध्यानोंमेंसे अगले दो धर्म्यध्यान तथा शुक्लध्यान मोक्षके कारण हैं और अवशेष प्रथम दो आर्त्त ध्यान और रौद्रध्यान संसारके कारण हैं।

वृत्त्यनुवादः परम् ॥ उत्तरम् ॥ अन्त्यम् ॥ =(संस्कृतवृत्ति वा भाष्यका अनुवाद) पर है सो अग्रिम वा अंतका (=अन्त्यम्) (एक) है

तत् ॥ सामीप्यात् ॥ धर्म्यं ॥ अपि परं इति उपचर्यते=उस [शुक्लध्यान]के निकट होनेसे धर्म्य (ध्यान) भी पर है ऐसी कल्पना की जाती है।

(१) श्वेताम्बरआम्नायके सभाष्यतत्त्वार्थाधिगमसूत्रमें, भाष्यानुसारिणीतत्त्वार्थटीकामें तथा हमारेयहां इससूत्रका सर्वत्र एकपाठ और एकसा अर्थ है॥

द्विवचनसामर्थ्याद्गौणमपि गृह्यते ॥ परे मोक्षहेतू इति वचनात्पूर्वे आर्तरौद्रे ससंारहेतू इत्युक्तं भवति॥ कुतः?। तृतीयस्य साध्यस्याभावात् ॥ तत्रार्तं चतुर्विधम् ॥ तत्रादिविकल्प-लक्षणनिर्देशार्थमाह—

आर्तममनोज्ञस्य सम्प्रयोगे तद्विप्रयोगायस्मृतिसमन्वाहारः ॥ ३०॥

द्वि–वचन–सामर्थ्यात्[१]''गौणम्[२]॥अपि*गृह्यते T=(इस सूत्रमें)दो वचनकी शक्तिसे गौण(जो धर्म्म ध्यान) भी ग्रहण कियागया है
परे[३]'मोक्ष–हेतू[४]'इति*वचनात्[५]॥' ="परे मोक्षहेतू"ऐसे वाक्यसे(=दो पीछेके अर्थात् धर्मध्यान,शुक्ल ध्यान मोक्षके कारणहैं)
पूर्वे[६]''आर्त्त–रौद्रे[७]॥संसार–हेतू[८]इति*उक्तम्[९]॥' =पहिले,आर्त्तध्यान तथा रौद्रध्यान संसारके कारण हैं। ऐसा कथन वा आशय वा अर्थ
भवति T । कुतः ? तृतीयस्य[१०]''साध्यस्य[११]''' =होता है । (प्रश्न) क्योंकर ? क्योंकि (संसार, मोक्षके बीचमें) तीसरा साधने योग्य
अभावात्[१२]', =(पदार्थ) नहीं है भावार्थ मोक्ष तथा संसारके अतिरिक्त कोई साधनीय तीसरा पदार्थ
नहीं है अतः 'परेमोक्षहेतू' ज्ञापक है कि शेष दो आर्त्त रौद्र ध्यान संसारके कारण हैं,
तत्र*आर्तम्[१]''चतुर्विधम्[२]'',तत्र*आदि- =जिसमें (=तत्र) आर्त्तध्यान चार प्रकार है । तहां आदिके अर्थात् आर्त्तध्यानके
विकल्प–लक्षण–निर्देश–अर्थम्[३]''आह T =भेदोंके स्वरूपके कहनेके (आचार्य अगले सूत्रमें)कहते हैं कि

आर्तममनोज्ञस्य सम्प्रयोगे तद्विप्रयोगाय स्मृति समन्वाहारः ॥ ३० ॥

(१) श्वेताम्बर आम्नायके सभाष्यतत्त्वार्थाधिगमसूत्रमें और भाष्यानुसारिणी तत्त्वार्थटीकामें"आर्तममनोज्ञस्य"के स्थानमें'आर्तममनोज्ञानाम्' है अर्थात् "अमनोज्ञस्य" षष्ठी एक वचनके स्थानमें 'अमनोज्ञानाम्' षष्ठी बहुवचन है शेष पाठ एक है,अर्थ भी सामान्य रूपसे दोनों समाजोंमें एक है ॥ आर्त, आर्त्त दोनों पाठअष्टा०८-४-४८ सूत्रसे शुद्ध हैं संप्रयोगे और सम्प्रयोगे दोनों पाठ ठीक हैं [देखो अध्याय १ पृष्ठ ५४०, ५४१)॥ सम्प्रयोगे वा संप्रयोगेके स्थानमें हमारे यहां किसी किसी पुस्तकमें [जैसे जयचन्दजीकृता वचनिका मुद्रित तथा हस्तलिखित]में सम्प्रयोगाय वा संप्रयोगाय है सो अशुद्ध है क्योंकि संप्रयोगायके पाठमें सूत्रका तात्पर्य नहीं निकलता जैसे आर्तम् अमनोज्ञस्य सम्प्रयोगाय तद्विप्रयोगाय स्मृतिसमन्वाहारः =अप्रिय (वस्तु)के संयोग होनेके लिये [वा संयोग होनेको] उसके अभावके लिये=बारम्बार चिन्तवन करना सो [अनिष्ट संयोगज प्रथम भेद] आर्त (ध्यानका] है ॥ 'विपरीतं मनोज्ञस्य" ३१वां सूत्रमें 'सम्प्रयोगाय' का ऐसे अध्याहार किया है 'मनोज्ञस्य विप्रयोगे तत्सम्प्रयोगाय स्मृतिसमन्वाहारः" ॥ सर्वार्थसिद्धिकी तीन हस्तलिखित प्राचीन प्रतियोंके पत्र १८८, १०४, ८६ पर क्रमसे और तत्त्वार्थराजवार्तिक मुद्रित तथा हस्तलिखित प्रतियोंमें तथा तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक मुद्रित तथा हस्तलिखित प्रतियोंमें संप्रयोगे (सम्प्रयोगे) पाठ है ॥

अमनोज्ञमप्रियं विषकण्टकशत्रुशस्त्रादि, तद्बाधाकारणत्वादमनोज्ञमित्युच्यते ।

पदच्छेदः—अमनोज्ञस्य सम्प्रयोगे तद्-विप्रयोगाय स्मृति-समन्वाहारः आर्तम् भवति ॥३०॥

सूत्रार्थः—(१)अमनोज्ञस्य[६]''' (२)सम्प्रयोगे[७]' =अप्रिय, अनिष्ट वा बुरी (वस्तु)के संयोग होजाने पर, आजानेपर

तद्—(३)विप्रयोगाय[८]'स्मृति— =उस(अप्रिय,असुहावने पदार्थ)के,पृथक् होजानेके लिये,अभावके लिये,चिन्ताका(=स्मृति)

सम्-अनु-आहारः[९]'(=समन्वाहारः) =एकसा (=सम्) बारम्बार (=अनु=बीप्सा) ग्रहण करना [=आहार]

आर्तम्[१]''' भवति T =सो(अनिष्टसंयोगज) आर्त (ध्यान) है भावार्थ अनिष्टके संयोगपर निवारणको बार२ चिंतन।

वृत्त्यनुवादः—अमनोज्ञम्[६]'''अप्रियम्[६]''' =(संस्कृतवृत्ति वा भाष्यका अनुवाद)अमनोज्ञ है सो अनिष्ट [=अप्रिय]

विष—कण्टक—शत्रु—शस्त्र—आदि[६]'''तद्— =हलाहल (=विष) कांटा, वैरी, आयुध और प्रहरण आदिक हैं उन(विष-कंटकआदि) की

बाधा-कारणत्वात्[६]'''अमनोज्ञम्[६]'''इति उच्यते T =पीड़ाके निमित्तपनासे अमनोज्ञ है ऐसा कथन किया गया है।[अमनोज्ञपु०न०]दोनोंहै

अमनोज्ञ = अप्रिय, अनिष्ट, अरमणीय, असुंदर, अप्यारी, अमनोहर, । सम्प्रयोगे = संयोग होनेपर, मिलजाने पर, आप्त होने पर आजाने पर ॥ (३) तद्विप्रयोगाय = उसके वियोग होनेके लिये उसके जाते रहनेके लिये, उसके अभावके लिये, उसके पृथक् होनेके लिये, उसके आनेके लिये "तस्य सम्प्रयोगे स कथं नाम मे न स्यादिति संकल्पश्चिन्ता प्रबन्धः स्मृति समन्वाहार" संस्कृत सर्वार्थसिद्धि वृत्ति (भाष्य)से उद्धृत ॥ तस्य सम्प्रयोगे सः कथम् नाम मे न स्यात् इति = तिस (अमनोज्ञ)के संयोग होने पर सो किसी प्रकार (= कथं) मेरे (= मे)नाम न हो ऐसा सङ्कल्पः चिन्ता प्रबन्धः स्मृति-समन्वाहारः = "संकल्प होय सो ही चिंताका प्रबन्ध ताकूं स्मृतिसमन्वाहार कहिये" जयचन्दजी वचनिका ॥ दृशमर्थान्तरचिंतनादाहरणं समन्वाहारः॥२॥अर्थान्तरचिंतनादाधिक्येनाहरणमेकत्रावरोधःसमन्वाहारः॥स्मृतेःसमन्वाहारः स्मृतिसमन्वाहारः। अमनोज्ञस्योपनिपाते स कथं नाम मे न स्यादिति संकल्पश्चिंता प्रबंधः आर्तमित्याख्यायते।(तत्त्वार्थराजवार्तिक तथा श्लोकवार्तिकसे उद्धृत) ॥ भृशम्=अर्थान्तर-चिन्तनात् आहरणम् समन्वाहारः॥२॥ = अन्य पदार्थका (= अर्थान्तर)चिन्तवनसे बहुतायतसे रोक, निरोधसो समन्वाहारहै।२

अर्थान्तर चिन्तनात् आधिक्येन आहरणम् एकत्र — =अन्य वस्तुके चिंतवनसे अधिकाईकरि पृथका और एक स्थानमें(= एकत्र)अर्थात्विषयमें

अवरोधः समन्वाहारः। स्मृतेः समन्वाहारः =रोकना, ठहराव, लगाव (=अवरोध) समन्वाहार है, चिन्ताका एकत्र अवरोध सो

स्मृतिसमन्वाहारः।अमनोज्ञस्य उपनिपाते सःकथं नाममे = स्मृति समन्वाहार है।अमनोज्ञ वस्तुके आजानेपर किसी प्रकारसे मेरे नाम (मात्रको)

न स्यात् इति संकल्पः चिंता प्रबन्धः आर्तम् =न हो ऐसा सङ्कल्प है सो चिन्ताका प्रबन्ध आर्त (ध्यानका अनिष्टसंयोगज भेद) है

इति आख्यायते =ऐसा कथित है॥ उपर्युक्त प्रगटहै कि स्मृतिसमन्वाहारका अर्थ चिन्ताका पुनि पुनि प्रबन्ध,

एकत्र अवरोध अर्थात् (विशेषरूपसे अन्य वस्तुओंसे चित्तको हटाकर) एक विषयमें (चित्तका) ठहराव वा लगाव है ॥ एकत्र अवरोध, एकाग्रता समानार्थक हैं, स्मृतिसमन्वाहारका अर्थ समाधान के समान है और तीन श्लोकोंमें (सिद्धान्तसार दीपक

तस्य सम्प्रयोगे स कथं नाम मे न स्यादिति सङ्कल्पश्चिन्ताप्रबन्धः स्मृतिसमन्वाहारःप्रथम-मार्तमित्याख्यायते॥द्वितीयस्य विकल्पस्य लक्षणनिर्देशार्थमाह **विपरीतं मनोज्ञस्य ३१**

कुतो विपरीतं? पूर्वोक्तात् ॥ तेनैतदुक्तं भवति-मनोज्ञस्येष्टस्य स्वपुत्रदारधनादेर्विप्रयोगे

तस्य॥सम्प्रयोगे॥सः॥कथम्*नाम॥मे॥न*स्यात्।=तिस [अमनोज्ञ]के संयोग होनेपर सो किसी प्रकार=कथम्) मेरे[=मे]नाम न हो
इति*संकल्पः॥चिन्ता-प्रबन्धः॥स्मृति-समन्वाहारः॥, =ऐसा संकल्प है सो चिन्ताका प्रबन्ध अर्थात्चित्तकी एकाग्रता स्मृतिसमन्वाहार
प्रथमम्॥॥आर्तम्॥॥इति*आख्यायते।— =पहिला(अनिष्ट संयोगज)आर्त[ध्यान]है, ऐसा विवरण कियागया है
द्वितीयस्य॥विकल्पस्य॥लक्षण-निर्देश-अर्थम्॥॥आह=[आर्तध्यानके]दूसरे पदके लक्षण कहनेके लिये[आचार्य अग्रिम सूत्रमें]कहते हैं कि

विपरीतं मनोज्ञस्य ॥ ३१ ॥ =मनोज्ञस्य (विप्रयोगे तत्सम्प्रयोगाय)स्मृतिसमन्वाहारः आर्तम्

सूत्रार्थः—पूर्वोक्तात्॥॥विपरीतम्॥॥ =पहिले (तीसवां सूत्रमें) कहे हुयेसे प्रतिकूल (अर्थात्)
मनोज्ञस्य॥विप्रयोगे॥तत्सम्प्रयोगाय॥ =मनोज्ञ पदार्थके चले जानेपर, उसके संयोगके लिये वा उसके मिलजानेके लिये
स्मृति-समन्वाहारः॥ आर्तम्॥ भवति। =चिन्ताका प्रबन्ध, चिन्ताका वारवार करना सो आर्त[दूसरा ध्यान इष्टवियोगज]

वृत्त्यनुवादः—कुतः*विपरीतम्॥॥? पूर्वोक्तात्॥॥ =(प्रश्न)कहांसे प्रतिकूल है वा क्योंकर विरुद्ध है?(उत्तर)प्रथम कहेहुयेसे[प्रतिकूल] है,
तेन॥॥एतत्॥॥उक्तम्॥॥भवति।— =तिस (पहिले कहे हुएसे विपरीत) करि यह कथन वा तात्पर्य वा अर्थ होता है कि
मनोज्ञस्य॥इष्टस्य॥स्वपुत्रदार-धनआदेः॥विप्रयोगे॥ =प्रिय इच्छित अपना पुत्र स्त्री धन आदिके वियोग होनेपर अर्थात् न रहनेपर

इससूत्रका पाठ हमारे यहांके ग्रन्थोंमें सर्वत्र एकहै।श्वेताम्बर आम्नायके समाप्य०में,भाष्यानुसारिणी०मेंहमारे यहांके तीसवां सूत्रमें(आर्तममनोज्ञस्य सम्प्रयोगे तद्धि प्रयोगाय स्मृतिसमन्वाहारः) और इकतीसवां [विपरीतं मनोज्ञस्य]सूत्रकेमध्यमें "वेदनायाश्च" सूत्र है इसके पश्चात् विपरीतं मनोज्ञानाम्"सूत्र है अर्थात् पाठ भेद केवल इतना है कि मनोज्ञस्य षष्ठी विभक्ति एक वचन पुंलिंगके स्थानमें षष्ठी विभक्ति बहुवचन पुंलिंग मनोज्ञानाम् शब्दकाप्रयोग है। इसप्रकार सूत्रक्रमसे उक्त समाजने यह लाभ समझा है कि वेदनायाः अर्थात् अप्रिय अमनोज्ञ वेदनाकी भी अनुवृत्ति विपरीतं 'मनोज्ञानाम्' सूत्रमेंआजाती है जैसाकि 'मनोज्ञानां विषयाणां मनोज्ञायाश्च वेदनाया विप्रयोगे तत्संप्रयोगायस्मृतिसमन्वाहार आर्तम्'से प्रगट है मनोज्ञानाम् विषयाणाम् मनोज्ञायाः च वेदनायाः =मनोज्ञ अर्थात् सुन्दर रमणीय तथा प्रिय विषयोंके मनोज्ञ प्रिय वेदनाके भी (च=) विप्रयोगे तत्सम्प्रयोगाय-स्मृतिसमन्वाहारः आर्तम् = वियोग होनेपर उनको संयोगकेलिये जो चित्तकीएकाग्रतारूप ध्यान है वह आर्त ध्यान है३३॥

तत्सम्प्रयोगाय सङ्कल्पश्चिन्ताप्रबन्धो द्वितीयमार्तमवगन्तव्यम् ॥ तृतीयस्य विकल्पस्य लक्षणप्रतिपादनार्थमाह—

वेदनायाश्च ॥ ३२ ॥

वेदनाशब्दः सुखे दुःखे च वर्तमानोऽपि, आर्तस्य प्रकृतत्वात् दुःखवेदनायां प्रवर्तते, तस्या वातादिविकारजनितवेदनाया उपनिपाते तस्या अपायः कथं नाम मे स्यादितिवि(सं)कल्पश्चिन्ताप्रबन्धस्तृतीयमार्तमुच्यते ॥ तुरीयस्यार्तस्य लक्षणनिर्देशार्थमाह—

तत्–सम्प्रयोगाय[2]'सङ्कल्पः[1]'चिन्ता-प्रबन्धः[1]'द्वितीयम्[2]॥ आर्तम्[1]''अवगन्तव्यम्[1]''; तृतीयस्य [2]' विकल्पस्य[2]'लक्षण–प्रतिपादन–अर्थम्[1]''आह T

=उस [मनोज्ञ वस्तु]के संयोगके लिये, संकल्प हो सो निरन्तर चिंता दूसरा =(इष्ट वियोगज) आर्त (ध्यान) जानना चाहिये ॥ तीसरे =भेदका लक्षण वा विशेषस्वरूप (=लक्षण) कहनेके लिये(अगले सूत्रमें)कहते हैंकि

वेदनायाश्च=वेदनायाश्च(अमनोज्ञायाः,सम्प्रयोगे तद्विप्रयोगायस्मृतिसमन्वाहारःआर्तम्)भवति

सूत्रार्थः–वेदनायाः[2]''च*अमनोज्ञायाः[2]''सम्प्रयोगे[2]'तत्–=और[=च]अप्रिय वेदनाके अर्थात् पीड़ाके संयोग होनेपर उस(अमनोज्ञ वेदना)के

विप्रयोगाय[2]'स्मृति–समन्वाहारः[2]'आर्तम्[1]''भवति T =अभावके लिये बारबार चिन्तवन सो (वेदना जनित) आर्त ध्यान है ॥

वृत्त्यर्थः वेदनाशब्दः[1]'सुखे[2]''दुःखे[2]''च*वर्तमानः[1]अपि* =वेदना शब्द सुख (अर्थ)में तथा दुःख अर्थमें विद्यमान होता है तौ भी [=अपि]

आर्तस्य[2]''प्रकृतत्वात्[2]''दुःख–वेदनायाम्[2]''प्रवर्तते T । =आर्त (ध्यान)का प्रकरण होनेसे दुःख रूप वेदना (अर्थ) में प्रवर्तता है ॥

तस्या[2]''वात-आदि-विकार-जनित-वेदनायाः[2]''उपनिपाते[2]' =तिस - वातादिक रोग (=विकार) जनित वेदनाके आजाने पर

